RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 94
लखनऊ, शनिवार, 23 जनवरी, 2021
पृष्ठ 20 मूल्य ₹ 3
लखनऊ

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



दर्शकों के समक्ष लाइव शूटिंग से विचलित हैं एलिजाबेथ ऑल्सेन
विविध-12

# सरकार व किसान वार्ता फिर बेनतीजा

## केंद्र के प्रस्ताव पर सहमत हुए किसान नेता अब तभी होगी अगले दौर की बातचीत, शनिवार तक का दिया समय

- कृषि कानूनों को निरस्त करने पर अड़े किसानों ने आंदोलन तेज करने की दी चेतावनी
- जब आंदोलन की पवित्रता नष्ट हो जाती है तो निर्णय नही होताः तोमर
- तय योजना के अनुसार गणतंत्र दिवस पर ही होगी ट्रैक्टर रैली



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कृषि** कानूनों को स्थगित रखने के संबंध में सरकार द्वारा दिए गए प्रस्ताव के दो दिन बाद शुक्रवार को केंद्र और किसान संगठनों के बीच मतभेद और गहरा गया।

11वें दौर की बैठक में किसान संगठनों ने सरकार के प्रस्ताव को ठुकरा दिया और तीनों कानूनों को पूरी तरह से निरस्त करने पर जोर दिया। दोनों पक्षों ने अपने रुख को कड़ा कर लिया और स्थिति यह बनी कि अगली बैठक की तिथि भी नहीं तय हो पाई। बैठक की शुरुआत में ही किसान नेताओं ने सरकार को बता दिया कि उन्होंने कृषि कानूनों को 18 महीने स्थगित करने के प्रस्ताव को खारिज करने का फैसला किया है। अपने रुख को कड़ा करते हुए सरकार ने किसान संगठनों से कहा कि यदि वे शनिवार तक प्रस्ताव को स्वीकार करने के लिए राजी होंगे तभी अगले दौर की बातचीत संभव हो पाएगी। केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि केंद्र ने किसानों से कृषि कानूनों पर अमल को अस्थायी रूप से टालने के उसके प्रस्ताव पर पुनर्विचार करने को कहा है।

इसके साथ ही किसान संगठनों ने कहा कि वे अब अपना आंदोलन तेज करेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि बैठक के दौरान सरकार का रवैया ठीक नहीं था। किसान नेताओं ने यह भी कहा कि 26 जनवरी को ट्रैक्टर रैली योजना के अनुरूप निकाली जाएगी और यूनियनों ने पुलिस से कहा है कि इस दौरान शांति बनाए रखने की जिम्मेदारी सरकार की है। केंद्र ने पिछले दौर की वार्ता में कानूनों को निलंबित रखने तथा समाधान ढूंढ़ने के लिए एक संयुक्त समिति बनाने की पेशकश की थी। किसान नेताओं ने आज की बैठक के बाद कहा कि भले ही बैठक पांच घंटे चली, लेकिन दोनों पक्ष मुश्किल से 30 मिनट के लिए ही आमने-सामने बैठे। कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर सहित तीनों केंद्रीय मंत्रियों ने किसान यूनियनों के प्रतिनिधियों से अपने रुख पर पुनर्विचार करने को कहा जिसके बाद दोनों पक्ष दोपहर भोज के लिए चले गए। किसान नेताओं ने अपने लंगर में भोजन किया जो तीन घंटे से अधिक समय तक चला। भोजन विराम के दौरान 41 किसान नेताओं ने छोटे-छोटे समूहों में आपस में चर्चा की, जबकि तीनों केंद्रीय मंत्रियों ने विज्ञान भवन में एक अलग कक्ष में प्रतीक्षा की। बैठक के बाद भारतीय किसान यूनियन (उग्राहां) के नेता जोगिंदर सिंह उग्राहां ने कहा कि वार्ता टूट गई है क्योंकि यूनियनों ने सरकार के प्रस्ताव को खारिज कर दिया है।

भारतीय किसान यूनियन के नेता राकेश टिकैत ने कहा कि सरकार ने कहा कि कानूनों को निलंबित रखने की अवधि दो साल तक विस्तारित की जा सकती है, लेकिन यूनियन तीनों कानूनों को पूरी तरह वापस लिए जाने तथा फसलों की खरीद पर एमएसपी की कानूनी गारंटी दिए जाने की अपनी मांगों पर अड़ी रहीं। मंत्रियों ने किसान यूनियनों से कहा कि उन्हें सभी संभव विकल्प दिए गए हैं और उन्हें कानूनों को निलंबित रखने के प्रस्ताव पर आपस में आंतरिक चर्चा करनी चाहिए। सूत्रों के अनुसार तोमर ने किसान नेताओं से कहा कि यदि वे प्रस्ताव पर चर्चा करना चाहते हैं तो सरकार एक और बैठक के लिए तैयार है।

# कांग्रेस ने देश को निर्भर बनाया और मोदी ने आत्मनिर्भरः नड्डा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बीजेपी** अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शुक्रवार को इंदिरा गाँधी प्रतिष्ठान में प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस ने देश को निर्भर रहने को मजबूर किया लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को आत्मनिर्भर बनाया है। आपदा को अवसर बनाने का काम किया है। इसी का नतीजा है कि कोविड से बचाए के लिए हम कई उपकरण और टीका स्वयं बना रहे हैं।

नड्डा ने कहा कि कोरोना से अमेरिका, इटली, ब्रिटेन, फ्रांस जैसे शक्तिशाली देश और पूरा यूरोप भी जहां अपने आप को असहाय महसूस कर रहे थे लेकिन पीएम मोदी जैसे कर्मयोद्धा नेता हैं जिन्होंने दुनिया को रास्ता दिखाया कि कोरोना को परास्त कैसे किया जा सकता है। श्रद्धेय लाल बहादुर शास्त्री के बाद देश ने मोदी को चुना और उनके एक अवाहन पर 130 करोड़ भारतीयों ने साथ मिल कर कोरोना के खिलाफ निर्णायक लड़ाई का बिगुल फूँका। कांग्रेस पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस की तो बात ही निराली थी। पहले तो लॉकडाउन पर सवाल उठाया कि लॉकडाउन क्यों लगाया? फिर कहने लगे कि लाकडाउन हटाया क्यों? उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत योजना के तहत किसानों के लिए एक लाख करोड़ रुपये की निधि आवंटित की गई। वोकल फार लोकल अभियान के तहत पीएम मोदी ने घरेलू उत्पादों के वर्ल्ड ब्रांडिंग की बात की। यूपी ओडीओपी की नीति पर चलते ( शेष पेज 9 )




## विपक्षी दलों के नेता क्वारंटीन कार्यकर्ता आइसोलेट हो गएः योगी

**लखनऊ।** बीजेपी के प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने विपक्षी दलों को आड़े हाथ लेते हुएह कहा कि कोरोना संक्रमण काल में लॉकडाउन के दौरान जब प्रदेश सरकार और भाजपा सेवा ही संगठन के संकल्प के साथ जरुरतमंदों की सेवा में जुटे थे। उस दौरान विपक्षी दलों के नेता क्वरंटीन और कार्यकर्ता आइसोलेट हो गए। विपक्षी दलों के नेताओं की जगह केवल उनके ट्वीट ही बाहर आते थे। अब वह अपनी राजनीति सिर्फ टिवीटर के जरिए ही कर रहे हैं। योगी ने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के जरिए विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहाकि पहले विपक्षी दलों के नेता अयोध्या में राम मंदिर निर्माण में बाधा डालने के लिए सर्वोच्च न्यायालय में शपथ पत्र पेश करते थे। विपक्षी दलों के नेता भगवान राम और कृष्ण को भी मिथक बताते थे। वह कहते थे कि ( शेष पेज 9 )

# मोदी ने कोविड-19 का टीका लगवा चुके स्वास्थ्यकर्मियों से किया संवाद



- भय व भ्रांतियां दूर करने की कोशिश की

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने कोविड-19 का टीका लगवा चुके अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी के स्वास्थ्यकर्मियों से संवाद किया और इस दौरान टीके को लेकर समाज के एक वर्ग में व्याप्त भय व भ्रांतियों को दूर करने की कोशिश की।

उन्होंने यह भी कहा कि कोविड-19 का टीका आज दुनिया की सबसे बड़ी जरूरत है और भारत इस मामले में पूरी तरह आत्मनिर्भर है। वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से स्वास्थ्यकर्मियों से संवाद करते हुए प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि टीकाकरण अभियान को लेकर भारत की तैयारी पूरी है और टीके देश के कोने-कोने में तेजी से पहुंच रहे हैं। संवाद के दौरान स्वास्थ्यकर्मियों ने टीके को लेकर अपने अनुभव साझा किए और बताया कि उन्हें इससे न तो कोई परेशानी हुई न ही उसका कोई दुष्प्रभाव हुआ।

स्वास्थ्यकर्मियों ने लोगों से आग्रह किया कि वे बढ़-चढ़कर टीकाकरण अभियान में हिस्सा लें और समाज को सुरक्षित बनाएं। मोदी ने संवाद के दौरान कहा, कई चरणों की प्रक्रिया से गुजरने के बाद तय हुआ है कि इसका कोई बड़ा साइड इफेक्ट नहीं है। इसलिए देशवासी अपने वैज्ञानिकों और चिकित्सकों पर भरोसा कर रहे हैं। जब चिकित्सा जगत के लोग यह कहते हैं तो लोगों को विश्वास होता है। प्रधानमंत्री ने 16 जनवरी को देशव्यापी टीकाकरण अभियान की शुरुआत की थी। टीकाकरण के पहले चरण में तीन करोड़ स्वास्थ्यकर्मियों और अग्रिम मोर्चे पर ( शेष पेज 9 )

# ममता के एक और मंत्री का इस्तीफा

**पायनियर समाचार सेवा।** कोलकाता/नई दिल्ली

**पश्चिम** बंगाल में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की मुश्किलें बढ़ती जा रही है। शुक्रवार को उनके एक और मंत्री राजीब बनर्जी ने पद से इस्तीफा दे दिया। बनर्जी प्रदेश के वन मंत्री थे। इससे पहले जनवरी की शुरुआत में खेल मंत्री लक्ष्मी रतन शुक्ला ने इस्तीफा दिया था। राज्य में अप्रैल-मई में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। इसके कुछ देर बाद ही पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप लगाते हुए तृणमूल कांग्रेस ने विधायक बैशाली डालमिया को बाहर का रास्ता दिखा दिया। बैशाली बल्ली विधानसभा सीट से विधायक हैं। उन्होंने हाल ही में कहा था कि पार्टी में ईमानदार और कर्मठ लोगों की कोई जगह नहीं है। राजीब बनर्जी ने ममता को लिखी चिट्ठी में कैबिनेट से इस्तीफे की कोई वजह नहीं बताई है। सिर्फ इतना लिखा है कि मुझे पश्चिम बंगाल के लोगों की सेवा करने का सौभाग्य मिला। मुझे मौका मिला, इसके लिए मैं बहुत आभारी हूं।' राजीब बनर्जी दोमजुर से विधायक हैं। उनके इस्तीफे को गवर्नर जगदीप धनखड़ ने मंजूर भी कर दिया है।

# सूबे में दूसरे राउंड में 65 फीसदी हेल्थवर्कर्स को लगी कोरोना वैक्सीन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

- सबसे कम इटावा में 39 फीसदी रहा टीकाकरण, सीएम ने खुद की अभियान की मानीटरिंग

**कोरोना** के खिलाफ चल रही निर्णायक जंग में शुक्रवार को प्रदेश में हेल्थवर्कर्स का दूसरा राउंड सम्पन्न हो गया। शाम तक 65 फीसदी यानी 101006 हेल्थवर्कर्स को कोवैक्सिन और कोविशील्ड की डोज लगी है। प्रदेश में सबसे कम टीकाकरण इटावा में हुआ। यहां महज 39 फीसदी हेल्थवर्कर्स को ही टीका लग सका। टीकाकरण अभियान की मॉनिटरिंग स्वयं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कर रहे थे।

उन्होंने डॉ राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में चल रहे टीकाकरण अभियान का निरीक्षण भी किया। मुख्यमंत्री के साथ स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह साथ मे थे।सुबह 9.30 बजे से शुरू हुए टीकाकरण अभियान की मॉनिटरिंग स्वयं मुख्यमंत्री ने की। लोहिया संस्थान पहुचे मुख्यमंत्री ने टीकाकरण के दौरान सावधानी बरतने की डाक्टरों को हिदायत भी दी। वहीं चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुरेश खन्ना ने पीजीआई और केजीएमयू का दौरा कर अभियान का जायजा लिया। प्रदेश के सभी जनपदों में 1508 सत्रों में 99094 हेल्थ वर्कर का टीकाकरण किया गया। साथ ही 7 जनपदों में शामिल आगरा, अंबेडकर नगर, बदायूं, लखनऊ, फिरोजाबाद, बहराइच एवं झांसी के लिए चयनित 29 टीकाकरण सत्रों पर 1592 हेल्थ केयर वर्कर को कोवैक्सीन लगाई गई। इस प्रकार कुल 155310 लक्ष्य के सापेक्ष 101006 हेल्थ वर्कर का टीकाकरण किया गया।

प्रदेश के 4 जनपदों में शामिल प्रतापगढ़ सिद्धार्थनगर श्रावस्ती एवं बलरामपुर में 95 फीसदी टीकाकरण दर्ज किया गया। इसके अलावा आठ जनपदों में शामिल इटावा, शाहजहांपुर, चंदौली, फिरोजाबाद, रामपुर, अमरोहा, बाँदा और गौतम बुद्ध नगर में टीकाकरण 50 फीसदी से भी ( शेष पेज 9 )

# उद्योगों को एनओसी 120 दिनों के बजाए 30 से 45 दिनों के भीतर दी जाएः मुख्य सचिव

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य सचिव राजेन्द्र कुमार तिवारी ने वन एवं पर्यावरण विभाग को निर्देशित किया है कि प्रदेश में उद्योगों को प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से संबंधित अनापत्ति प्रमाणपत्र एनओसी प्रदान करने की समय-सीमा को 120 दिनों से घटा कर अन्य राज्यों के सापेक्ष 30 से 45 दिन के भीतर किया जाए ताकि प्रदेश में स्थापित होने वाली औद्योगिक इकाइयों को एनओसी कम समय में प्राप्त हो सके। मुख्य सचिव ने निर्देशित किया कि समस्त संबंधित विभागों द्वारा सिंगल विण्डो पोर्टल, निवेश मित्र के माध्यम से ही उद्यमियों के आवेदन स्वीकार करने के लिए भी शासनादेश जारी किया जाए तथा अपर मुख्य सचिवों, प्रमुख सचिवों द्वारा निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त यूज़र फीडबैक की मासिक समीक्षा की जाए। मुख्य सचिव ने भारत सरकार के उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग द्वारा बिज़नेस रिफॉर्म एक्शन प्लान-2020 के अन्तर्गत राज्य में ईज़ ऑफ़ डूइंग बिज़नेस में सुधार के लिए ( शेष पेज 9 )

# जून में होगा कांग्रेस अध्यक्ष का चुनाव

- पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों के मद्देनजर कार्यक्रम में किया गया थोड़ा बदलाव

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** के अध्यक्ष पद का चुनाव अब जून में होगा। देष की सबसे पुरानी पार्टी में निर्णय लेने वाली सर्वोच्च इकाई कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक में शुक्रवार को यह फैसला लिया गया। अध्यक्ष का चुनाव पहले फरवरी-मार्च में होने वाला था लेकिन इसे जून तक इसलिए टाला गया, क्योंकि मई तक पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं और पार्टी नहीं चाहती कि यदि नतीजे विपरीत आए तो इनकी जिम्मेदारी नए अध्यक्ष पर डाली जाए। साढ़े तीन घंटे चली बैठक में पार्टी के आंतरिक चुनावों की तिथि तय करने की जिम्मेदारी अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी को दी गई। पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल के मुताबिक, कांग्रेस के केंद्रीय चुनाव प्राधिकरण ने मई में संगठन के चुनाव कराने की पेषकष की थी, लेकिन सीडब्ल्यूसी के सदस्यों ने पांच प्रदेषों के विधानसभा चुनाव के मद्देनजर इस कार्यक्रम में थोड़ा बदलाव का आग्रह किया। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि आगामी जून में कांग्रेस का निर्वाचित अध्यक्ष होगा। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने संवाददाताओं से कहा कि चुनाव कार्यक्रम के बारे में जल्द जानकारी दी जाएगी। सूत्रों का कहना है कि राजस्थान के मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत ने आनंद षर्मा और गुलाम नबी आजाद समेत उन नेताओं को आड़े हाथों लिया जो पिछले कई महीनों से कांग्रेस अध्यक्ष और सीडब्ल्यूसी का चुनाव कराने की मांग कर रहे हैं। गहलोत ने कहा कि इस समय कृशि कानून, कोरोना वैक्सीन, महंगाई जैसे कई मुद्दे हैं जिन पर ध्यान देने की जरूरत है। एक सूत्र ने बताया कि कांग्रेस महासचिव हरीश रावत और कुछ अन्य नेताओं ने राहुल गांधी को फिर से कांग्रेस अध्यक्ष बनाए जाने की पैरवी की।

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 48,878 | ↓ 746 | |
| निफ्टी | 14,371 | ↓ 218 | |
| सोना | 48,861 | ↓ 263 | /10g |
| चांदी | 66,032 | ↓ 806 | /kg |

## क्विक न्यूज

### अवैध डेटा एकत्र करने में कैम्ब्रिज एनालिटिका पर केस दर्ज

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने 18 महीने की शुरुआती जांच के बाद ब्रिटेन स्थित कैम्ब्रिज एनालिटिका और ग्लोबल साइंस रिसर्च (जीएसआर) के खिलाफ भारत में 5.62 लाख फेसबुक उपयोगकर्ताओं का डेटा चुनावों में हेरफेर करने तथा फायदा उठाने की खातिर गैरकानूनी तरीके से एकत्रित करने के आरोप में मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एजेंसी ने कैम्ब्रिज एनालिटिका और एलेक्जेंडर कोगन की ग्लोबल सांइस रिसर्च के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की आपराधिक षड्यंत्र से संबंधित धाराओं तथा सूचना प्रौद्योगिकी कानून के उल्लंघन करने और कंप्यूटर स्रोत चुराने तथा एकत्रित निजी डेटा को संभालने में लापरवाही बरतने का मामला दर्ज किया है।

# दावाः पहले चरण के ट्रायल में सुरक्षित पाई गई कोवैक्सीन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- लांसेट में प्रकाशित एक अध्ययन के मुताबिक स्वदेशी टीके का कोई गंभीर दुष्प्रभाव भी नहीं दिखा प्रतिरक्षा प्रक्रिया भी बढ़ी

**स्वास्थ्य** विशेषज्ञों द्वारा हैदराबाद स्थित भारत बायोटेक के कोविड-19 वैक्सीन की क्षमता पर सवाल उठाए जाने के बीच द लांसेट इंफेक्शियस डिजीज जर्नल में प्रकाशित एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि स्वदेशी टीके कोवैक्सीन के पहले चरण के ट्रायल में शामिल लोगों पर इसका कोई गंभीर दुष्प्रभाव नहीं पड़ने और इससे शरीर की प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया भी बढ़ने का पता चला है।

यह टीका भारत बायोटेक ने भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) और राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान, पुणे के सहयोग से विकसित किया है। इस टीके को भारत सरकार ने क्लीनिकल परीक्षण प्रारूप में आपात उपयोग में लाए जाने की मंजूरी दी है। कोवैक्सीन का अब तीसरे चरण का परीक्षण चल रहा है। इस टीके को भारत के औषधि नियामक द्वारा इस महीने की शुरूआत में आपात उपयोग की मंजूरी दिए जाने को लेकर विशेषज्ञों ने चिंता प्रकट की थी। कोवैक्सीन का कूट नाम बीबीवी152 है। भारत बायोटेक द्वारा वित्तपोषित अध्ययन के लेखकों ने कहा है कि प्रथम चरण के परीक्षण के दौरान इस टीके का कोई गंभीर प्रतिकूल प्रभाव देखने को नहीं मिला। इसी तरह के नतीजे, इससे पहले दिसंबर में प्रीपिंट सर्वर मेड-आर्काइव में भी प्रकाशित किए गए थे।

# यूपी के गोंडा से अपहृत छात्र नोएडा में बरामद

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

**उत्तर** प्रदेश पुलिस की विशेष यूनिट एसटीएफ और पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गोंडा से अगवा छात्र को सकुशल बरामद कर लिया। गोंडा पुलिस और एसटीएफ ने एक संयुक्त ऑपरेशन में तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। इनमें एक डॉक्टर भी शामिल है, जबकि एक अन्य आरोपी डॉक्टर की तलाश जारी है। यूपी एसटीएफके पश्चिम के एसपी कुलदीप नारायण सिंह और गोंडा के एसपी शैलेश पांडे ने एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में शुक्रवार की सुबह इस बारे में जानकारी दी। बहराइच के रहने वाले मेडिकल के छात्र गौरव हालदार का 18 जनवरी को गोंडा से अपहरण हो गया था। अपहरणकर्ताओं ने छात्र के पिता निखिल हालदार से 70 लाख रुपये की फिरौती मांगी थी। छात्र के पिता ने बहराइच के पयागपुर थाने में अपने बेटे के अपहरण का मामला दर्ज कराया ( शेष पेज 9 )

# गणतंत्र दिवस परेड में झलकेगी राम मंदिर की प्रतिकृति

**भाषा।** नई दिल्ली



**गणतंत्र** दिवस परेड में 26 जनवरी को यहां राजपथ पर इस साल उत्तर प्रदेश की झांकी में प्राचीन शहर अयोध्या की धरोहर, भव्य राम मंदिर की प्रतिकृति, दीपोत्सव की झलक और पौराणिक ग्रंथ रामायण की विभिन्न घटनाओं को प्रदर्शित किया जाएगा। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि झांकी के अग्रिम हिस्से में महर्षि वाल्मीकि की एक प्रतिमा विराजमान होगी और इसके पीछे मंदिर का प्रारूप मौजूद रहेगा।

उत्तर प्रदेश की टीम के साथ आए राज्य सरकार के एक अधिकारी ने कहा, अयोध्या हमारा पवित्र स्थान है और राम मंदिर मुद्दे से श्रद्धालुओं का भावनात्मक जुड़ाव रहा है। हमारी झांकी में (अयोध्या) नगर की प्राचीन धरोहर को दिखाया जाएगा। उप्र की झांकी में नृत्य करती दो महिलाओं सहित कलाकारों का एक समूह दिखेगा। भगवान राम की वेशभूषा में एक व्यक्ति भी झांकी में दिखेगा। शुक्रवार को दिल्ली छावनी स्थित गणतंत्र दिवस सांस्कृतिक शिविर में कुल 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की विभिन्न झांकियों से मीडिया को अवगत कराया गया। पीले रंग की रेशम की धोती और गले में रूद्राक्ष की माला पहने तथा हाथ में धनुष लिए चंदौली जिला निवासी अजय कुमार ने कहा, मैं बहुत उत्साहित और खुश हूं कि अयोध्या एवं इसकी धरोहर को झांकी में प्रदर्शित किया जाएगा और मुझे भगवान राम की भूमिका निभाने के लिए चुना गया है। उप्र की झांकी में एक ओर मिट्टी के बने दीए जगमगा रहे होंगे, जो अयोध्या के दीपोत्सव के प्रतीक होंगे। वहीं, अन्य भित्ति चित्रों में भगवान राम द्वारा निषादराज को गले लगाते और शबरी के जूठे बेर खाते, अहल्या का उद्धार, हनुमान द्वारा संजीवनी बूटी लाया जाना, जटायू-राम संवाद, लंका नरेश की अशोक वाटिका और अन्य दृश्यों को दिखाया जाएगा।

# संगठन की मजबूती को हर वर्ग के बीच जाएं: नड्डा

## सीएमएस गोमती नगर विस्तार में बूथ अध्यक्षों का सम्मेलन

● भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने योगी सरकार के कार्यों को सराहा, प्रवासी श्रमिकों की मदद को लेकर थपथपायी पीठ

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**बीजेपी** अध्यक्ष जय प्रकाश नड्डा ने सीएमएस गोमतीनगर विस्तार में बूथ अध्यक्षों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए पार्टी पदाधिकारियों को संगठन की मजबूती के लिए हर वर्ग के बीच जाने का मंत्र दिया है। उन्होंने योगी सरकार के कामकाज की प्रशंसा की। खासतौर पर लॉकडाउन में प्रवासी श्रमिकों की मदद करने को सराहा। इसके साथ ही बूथ की तरफ विशेष ध्यान देकर, राजनीतिक मुद्दों के साथ लोगों के बीच में जाने की नसीहत दी। उन्होंने भाजपा को औरों से अलग पार्टी बता सामान्य कार्यकर्ताओं के अहम ओहदे पर पहुंचने का जिक्र करते हुए उनमें जोश भरा और संगठन के कार्यक्रम आगे बढ़ाने को उद्देश्य बनाने की बात कही। भाजपा अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि यहां जोश, लगन और उमंग दिखायी देना उत्तर प्रदेश के भविष्य के विषय में स्पष्ट संदेश दे रहा है। देश में करीब 1500 राजनीतिक दल हैं, उसमें से कुछ दल राष्ट्रीय स्तर के हैं, कुछ क्षेत्रीय हैं लेकिन जिसको भाजपा के कार्यकर्ता के रूप में काम करने का मौका मिला है उसे खुद को भाग्यशाली मानना चाहिए। देश की राष्ट्रीय पार्टियां हों या क्षेत्रीय पार्टी, सभी परिवारवाद से ग्रसित हैं। भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जहां साधारण परिवार से आने वाला व्यक्ति देश का प्रधानमंत्री, रक्षामंत्री, गृहमंत्री या मुख्यमंत्री बनता है।

नड्डा ने कहा कि भाजपा के गठन के समय कांग्रेस और वामपंथी पार्टियां हमारा मजाक उड़ाती थी क्योंकि उस समय देश क्या, विधान सभा और जिला परिषद् में भी भाजपा के आने की दूर-दूर तक कोई संभावना नहीं बनती थी फिर भी हम विचारधारा के लिए लगातार लड़ते रहे क्योंकि हमारा मानना था कि विचारधारा से ही देश में परिवर्तन लाया जा सकता है। कांग्रेस और वामपंथी पार्टियां उस वक्त रिवॉल्यूशन की बात करती थी जबकि मैं इवॉल्यूशन की बात करता था क्योंकि हमारे संगठन एवं हमारे कार्यकर्ताओं की ताकत अमूल्य है। भाजपा अध्यक्ष ने योगी सरकार के कार्यों की तारीफ करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में लगभग 1.5 करोड़ शौचालय बने। यह सिर्फ शौचालय नहीं बल्कि महिलाओं के सम्मान के लिए इज्जत घर था। स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत उप्र और देश ओडीएफ घोषित हो चुका है। कोरोना संकट में जब प्रवासी श्रमिक अपने घर वापस जा रहे थे तब उप्र ने सिर्फ यहीं के मजदूरों की चिंता नहीं की, बल्कि प्रदेश से गुजरने वाले हर मजदूर की चिंता की। जेपी नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में लद्दाख और श्रीनगर से लेकर मणिपुर, बिहार, तेलंगाना, गुजरात, मध्य प्रदेश और बिहार तक भाजपा का परचम लहराया है। मेरा सभी बूथ अध्यक्षों से निवेदन है कि आप संयम, तर्क और सौम्यता के साथ-साथ मुद्दों को लेकर जन-जन के बीच जाएँ और उन्हें पार्टी के साथ जोड़ें। जब हमारे पास मोदी जैसे युगद्रष्टा व्यक्तित्व हों और योगी जैसे मुख्यमंत्री हों तो हमारे रुकने का कोई कारण नहीं है। हमारा बूथ, सबसे मजबूत का लक्ष्य लेकर हमें हर बूथ को सुदृढ़ करना है और हर बूथ पर कमल खिलाना है। उन्होंने कहा कि हर मंडल के पदाधिकारी को चिंता करनी होगी कि हर महीने एक बूथ पर जरूर जाएं और बूथ की समिति के साथ बैठकर अच्छे से बूथ की रचना करें। उन्होंने कहा कि मैं पन्ना प्रमुखों से निवेदन करता हूँ कि उन्हें अपने पेज के तीस लोगों के साथ उनके हर सुख-दु:ख में शामिल होना चाहिए। हर 15 दिन में पन्ना प्रमुख अपने तीस लोगों से कम से कम एक बार अवश्य मिलें। हमें हर घर तक पहुँचने के संकल्प के साथ काम करना है। इससे पहले शुक्रवार को सुबह घने कोहरे के बीच भी नड्डा जियामऊ पहुंचे और भाजपा के नए पार्टी मुख्यालय की जमीन का निरीक्षण करने के बाद विश्व संवाद केंद्र में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारकों के साथ परिचय बैठक की। चिनहट में उन्होंने मंडल कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया।

### दिया बूथ जीता तो चुनाव जीता का मंत्र

**लखनऊ।** बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पार्टी दफ्तर में भगवान श्रीराम की पूजा की और कार्यकर्ताओं से कहा कि अगर पार्टी कार्यकर्ता बूथ जीता तो चुनाव जीता का मंत्र लेकर काम करेंगे तो उन्हें सफलता अवश्य मिलेगी। उन्होंने शुक्रवार को आधा दर्जन से अधिक बैठकें की। नडडा ने कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों, सांसदों, विधायकों और योगी सरकार के मंत्रियों को माइक्रो मेनेजमेंट का मंत्र दिया और कहा कि किस प्रकार हम पन्ना प्रमुख से लेकर क्षेत्रीय अध्यक्ष तक बीजेपी के सिद्धांतों के अनुरूप काम करेंगे तो ही हम चुनाव में सफल हो पाएंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भाजपा ने अपने सिद्धांतों, राष्ट्रीय निष्ठा के बल पर राजनीतिक दलों के सामने नए मानक तय कर दिए हैं। लोकतंत्र में जहां भी वाद शब्द जुड़ता है, वह राष्ट्र को कमजोर करता है। प्रधानमंत्री हमेशा कहते हैं कि बूथ जीता तो चुनाव जीता। इसलिए बूथ हमेशा मजबूत रहना चाहिए। यूपी में 1.63 लाख बूथ है। यहां कार्यकर्ता सरकारी योजनाओं का लाभ हर वर्ग तक पहुंचाने का कार्य करे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि अपराध पर नकेल लगाने का काम योगी सरकार ने किया है। आज अपराधियों के अवैध मकानों पर बुलडोजर चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि संगठन की सक्रियता बढ़ी है। इस दौरान प्रदेश प्रभारी राधा मोहन सिंह व महामंत्री संगठन सुनील बंसल भी मौजूद रहे।

### पार्टी प्रत्याशियों को जिताएं, परिवार के लोगों को प्रत्याशी न बनाएं

● पंचायत चुनाव को लेकर नड्डा का विधायकों व सांसदों को निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बीजेपी** अध्यक्षा जेपी नड्डा ने अपने लखनऊ दौरे के दूसरे दिन विधायकों और सांसदों के साथ पार्टी मुख्यालय में पंचायत चुनाव को लेकर बैठक की और उन्हें टास्क दिया। उन्होंने कहा कि आमतौर पर पंचायत चुनाव में विधायक और सांसद पार्टी प्रत्याशी को चुनाव जीताने के बजाए अपने सगे रिश्तेदारों को चुनाव जितानें में जुट जाते हैं। इसलिए विधायक और सांसद पंचायत चुनाव में अपने रिश्तेदारों को प्रत्याशी न बनाएं जो भी प्रत्याशी पार्टी का हो उसे जितानें में जुटें, उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव भी पार्टी के लिए महत्वपूर्ण है कि क्योंकि गांव की सरकार जब चुनी जाएगी तो चुने हुए जन प्रतिनिधि अपने कार्यो से ही विधान सभा और लोकसभा चुनाव में बीजेपी के लिए जनमत तैयार करेंगे इसलिए सांसदों और विधायक कोई भी अपना निजी एजेंडा न चलाएं। देखें कि कैसे पार्टी की नीतियों को आम लोगों तक पहुंचाया जाए। उन्हें पंचायत चुनावों में भी सावधान रहना है। पार्टी पूरी मजबूती से पंचायत चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत सदस्य, प्रधानी या फिर जिला पंचायत सदस्य का चुनाव हो सब महत्वपूर्ण है। निचले स्तर पर जब आप लोग पार्टी की नीतियों और योजनाओं को लेकर जाएंगे तो उनसे प्रभावित होकर सदस्य पंचायत के भी चुनाव आप आसानी से जीतेंगे। हालांकि पार्टी सिर्फ जिला पंचाय अध्यक्ष को ही सिंबल देगी लेकिन गांव स्तर पर पार्टी समर्थन देगी। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता सर्वोपरि हैं। विधायक-सांसद उनका पूरा ध्यान रखें। अगर उन्हें अपना क्षेत्र में प्रतिनिधि बनाना है तो किसी कार्यकर्ता को बनाएं। उन्होंने कहा कि पार्टी पंचायत चुनाव पूरी ताकत से लड़ेगी। केंद्र व राज्य सरकार ने बूथ स्तर के लोगों के कल्याण के लिए काम किया है। विकास की योजनाएं ऐसे ही गरीब और मध्यम वर्गीय लोगों को ध्यान में रखकर बनाई गई हैं। सांसदों-विधायकों को चाहिए कि गांव-देहातों में लोगों को बताएं कि कैसे उनके कल्याण के काम केवल भाजपा ने किए हैं।

**पन्ना समितियों का किया जाएगा गठन:** नड्डा ने कहा कि हर पन्ने पर चार पांच लोगों की समिति बनाई जाए। पन्ना प्रमुख इसकी जिम्मेदारी उठाएं और हर बूथ स्तर पर पन्ने के लिए समिति बनाई जाए। इससे पन्ना प्रमुख से लोग जुड़ेंगे और उनकी टीम बन जाएगी। यह टीम ही लोगों को सरकार और संगठन की नीतियों-कामकाज के बारे में बताए। इससे ही पार्टी को आगामी विधानसभा चुनावों के साथ ही पंचायत चुनावों में भारी जीत हासिल होगी। इस समिति का जल्द से जल्द गठन कर लिया जाए।

# दस्तकारों-शिल्पकारों के स्वदेशी उत्पादों को मिलेगा बढ़ावा: नकवी




● हुनर हाट के लिए अवध शिल्प ग्राम सज-संवर कर तैयार, सीएम योगी आज करेंगे उद्घाटन

● दिखेंगे देश के 31 राज्यों के हुनरमंद शिल्पकारों के उत्पाद

● हाट में अपनी पूरी विविधता के साथ मौजूद हैं यूपी के ओडीओपी उत्पाद

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**शिल्प** ग्राम में हुनर हाट सज धजकर पूरी तरह तैयार है। देश के 31 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के दस्तकारों, शिल्पकारों के उत्पादों से सुसज्जित 24 वें हुनर हाट का उद्घाटन कल शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। केंद्रीय अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने शुक्रवार को हुनर हाट में पत्रकारों से बातचीत करते हुये यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मंत्रालय के तहत देश के दस्तकारों शिल्पकारों के स्वदेशी उत्पादों को प्रोत्साहन और बाज़ार उपलब्ध कराने की मुहिम को आगे बढ़ाते हुए 24 वें हुनर हाट का आयोजन वोकल फॉर लोकल थीम को केंद्र बनाकर यहां 22 जनवरी से 4 फरवरी तक किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि हुनर हाट में आंध्र, असम, बिहार, चंडीगढ़, छत्तीसगढ़, दिल्ली, गोवा, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर, झारखण्ड, कर्नाटक, केरल, लद्दाख, मध्य प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, नागालैंड, ओडिशा, पुडुचेरी, पंजाब, राजस्थान, सिक्किम, तमिलनाडु, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल सहित कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से लगभग 500 हुनरमंद अपने उत्पादों के साथ पूरे समय तक मौजूद रहेंगे। श्री नकवी ने कहा कि लखनऊ के हुनर हाट में देश के दस्तकारों-शिल्पकारों की कलाकृतियों के स्वदेशी हस्तनिर्मित एक से बढ़कर एक नायाब उत्पाद प्रदर्शन एवं बिक्री के लिए होंगे। उन्होंने बताया कि हुनर हाट में आने वाले लोग देश के पारम्परिक उत्पादों के साथ पारम्परिक लजीज़ पकवानों का लुत्फ भी उठाएंगे, वहीं शाम के समय जाने माने कलाकारों द्वारा आत्मनिर्भर भारत थीम पर गीत संगीत के कार्यक्रम होंगे। इन कार्यक्रमों में कैलाश खेर, विनोद राठौर, शिबानी कश्यप, सूफी गायक हमसर हयात आदि जाने माने कलाकार प्रस्तुति देंगे। श्री नकवी ने बताया कि हुनर हाट ई प्लेटफार्म पर भी देश विदेश के लोगों के लिए उपलब्ध है जहाँ लोग सीधे दस्तकारों, शिल्पकारों, कारीगरों के स्वदेशी सामानों को देख एवं खरीद रहे हैं। हुनर हाट दस्तकारों, शिल्पकारों के लिए बहुत उत्साहवर्धक और लाभदायक साबित हो रहे हैं। एक और जहाँ हुनर हाट में लाखों लोग आते हैं वहीं दूसरी और लोग करोड़ों रुपए के स्वदेशी उत्पादों की जमकर खरीददारी भी कर रहे हैं। पिछले लगभग 5 वर्षों में हुनर हाट के माध्यम से 5 लाख से ज्यादा दस्तकारों, शिल्पकारों, कारीगरों और उनसे जुड़े लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध हुए हैं। आने वाले समय में पुर्तगाल में हुनर हाट आयोजित किया जाएगा। प्रदेश में चल रहे ओडीओपी अभियान की तारीफ करते हुए नकवी ने कहा हमने राज्य सरकार की मदद से ओडीओपी उत्पादों को भी हुनर हाट से जोड़ा है।

# नए सृजित थानों में मिलेगी वीपीएन ओवर इन्टरनेट कनेक्टिविटी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्य** सचिव राजेन्द्र कुमार तिवारी की अध्यक्षता में सीसीटीएनएस की स्टेट एपेक्स कमेटी की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में क्राइम एण्ड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एण्ड सिस्टम्स (सीसीटीएनएस) के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा की गयी। बैठक में बताया गया कि सम्पूर्ण प्रदेश में सीसीटीएनएस नोड्स पर वीपीएन ओवर इन्टरनेट कनेक्टिविटी को चरणबद्ध रूप से जोनवार दो माह में लागू किया जाना प्रस्तावित है। बैठक में नए थाने सृजित होने पर प्रत्येक नए थाने पर उपरोक्त व्यवस्था के अनुसार कनेक्टिविटी प्रदान किए जाने के प्रस्ताव पर सैद्धांतिक सहमति प्रदान की गयी। सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार के एसडीसी परियोजना के अन्तर्गत एनआईसी ने 2 डाटा रैक डीआरसीए पुणे में प्रदान किए गए हैं। प्रदेश के सभी सीसीटीएनएस नोड्स पर वीपीएन ओवर इन्टरनेट कनेक्टिविटी होने पर सीसीटीएनएस का सम्पूर्ण डाय टैफिक वीपीएन क्लाउड से एनकेएन के माध्यम से एसडीसी पर उपलब्ध होगा।

पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

मेरे मकान नं. 1, चंदारी, कानपुर की मूल रजिस्ट्री के कागजात कहीं गिर गए है। जिस किसी व्यक्ति को मिले तो कृपया इस पते पर पहुंचाने का कष्ट करें- श्रीमती पार्वती दास पत्नी स्व. उमाशंकर दास, मकान नं. 314, हैरिसगंज, रेल बाजार, कैन्ट, कानपुर

**सूचना**

सूच्य हो कि मेरे यू0पी0 बोर्ड हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2010 अनुक्रमांक 2278969 एवं इण्टरमीडिएट परक्षा वर्ष 2012 अनुक्रमांक 1671961 के अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गये हैं। अंशू शुक्ला पत्नी श्री अभिषेक चतुर्वेदी पुत्री श्री सुधाकर शुक्ला निवासिनी-41, गोविन्दपुरी कालोनी, ईदगाह-1, लखीमपुर-खीरी (उ0प्र0)

**सूचना**

मेरे पति स्व0 अनिल कुमार झा एनटीपीसी कर्मचारी संख्या 057914 के विभागीय अभिलेखों में मेरा नाम सूरजमुखी व मेरी जन्मतिथि 10/06/1967 दर्ज है, जो गलत है। मेरा पूरा नाम सूरजमुखी झा है और मेरी जन्मतिथि 31/12/1967 है। जो सत्य है और अन्य सभी अभिलेखों में सत्य दर्ज है। सूरजमुखी झा पत्नी स्व0 अनिल कुमार झा टाईप- तृतीय- 43, एनटीपीसी कालोनी, ऊंचाहार- रायबरेली।

**सूचना**

**सार्वजनिक नोटिस आईडी कार्ड खो जाने**

यह आम जनता के ध्यान में लाना है कि श्री वरुण तिवारी का एक आईडी कार्ड ICICI बैंक लिमिटेड द्वारा जारी किया गया है। कार्ड नंबर: 30626 मिसिंग मिस हो गया है दिनांक 30.12.2020 खो गया है, कोई भी पक्ष को ढूंढता है। कार्ड के लिए अनुरोध किया गया है आईडी कार्ड ICICI बैंक लिमिटेड के प्रबंधक ऋण सेवा और प्रबंधन समूह के लिए आईडी कार्ड

**आवश्यकता**

**आवश्यकता है**

शिवशंकर सिंह महाविद्यालय, कनैला, करनहट, आजमगढ़ सम्बद्ध-वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत प्राचार्य-1 पद एवं स्नातक स्तर पर कला संकाय के मध्य कालीन इतिहास-1 तथा अतिरिक्त विषय गृहविज्ञान-1 एवं स्नातकोत्तर स्तर पर कला संकाय के शिक्षाशास्त्र-3, भूगोल-3 एवं समाजशास्त्र-2 पदों में प्रवक्ताओं की आवश्यकता है। योग्यता एवं वेतनमान यू0जी0सी0, एन0सी0टी0ई0, उ0प्र0 शासन/विश्वविद्यालय परिनियमावलीनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छाया प्रति, आधारकार्ड तथा नवीनतम पासपोर्ट साईज दो फोटो के साथ विज्ञापन तिथि से 21 दिनों के अन्दर महाविद्यालय के पते पर प्रबन्धक के पद नाम से आवेदन करें। साक्षात्कार की सूचना डाक/दूरभाष द्वारा दी जायेगी।
प्रबन्धक, मो0-9415845997

**आवश्यकता**

**आवश्यकता है**
**रामधन दामोदर महाविद्यालय, कसारा-मऊ**
सम्बद्ध-वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर कला संकाय के हिन्दी-1, संस्कृत-1, भूगोल-1, गृहविज्ञान-1, समाजशास्त्र-1 शिक्षाशास्त्र-1, राजनीति शास्त्र-1 पद में प्रवक्ताओं की आवश्यकता है। योग्यता एवं वेतनमान यू.जी.सी., एन.सी.टी.ई., उ0प्र0 शासन/विश्वविद्यालय परिनियमावलीनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छाया प्रति एवं पासपोर्ट साइज का 4 फोटो एवं आधार कार्ड के साथ विज्ञापन तिथि से 21 दिन के प्रबन्धक के पदनाम महाविद्यालय के पते पर आवेदन करें। साक्षात्कार की सूचना डाक अथवा दूरभाष द्वारा दी जायेगी।
प्रबन्धक, मो0-9415884513

# भाजपा से देश के किसान व नौजवान समेत सभी दुखी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अपने बयान में कहा है कि भाजपा ने झूठ और नफरत की राजनीति करके सत्ता हासिल की है। अमेरिका के नागरिकों ने राष्ट्रपति चुनाव में झूठ तथा नफरत की राजनीति को नकारा है। भारत में भी इसी तरह राजनीति को नकारे जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा रंग बदलने वाली भाजपा से देश के किसान और नौजवान समेत सभी दु:खी है। श्री यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार के कार्यकाल में यह राज्य अपराध, भ्रष्टाचार, साम्प्रदायिकता, बेरोजगारी, खराब शिक्षा, चौपट स्वास्थ्य व्यवस्था और महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराध के मामले में शीर्ष पर पहुंच गया है। खुद सरकारी आंकड़े बताते है कि नाबालिग बच्चियों से बलात्कार, हत्या और फर्जी एनकाउण्टर में यूपी सबसे आगे निकल गया है। भाजपा के इशारे पर प्रदेश में हत्याएं हो रही हैं। विकास का विनाश करने में भी भाजपा नम्बर एक पर पहुंच गई है। किसानों के फसल की लूट हो रही है पर भाजपा को कोई चिंता नहीं है।

प्रदेश में भाजपा राज में गन्ना किसानों को बकाया भुगतान तक नहीं मिल पाया है। अखिलेश यादव ने कहा कि कृषि कानून पर फिलहाल सरकार पीछे हटी है पर वह किसानों को धोखा देना है। नए कृषि कानूनों से खेती को कारपोरेट जगत के हाथों गिरवी रखने की साजिश है। केन्द्र सरकार को चाहिए कि वह किसान विरोधी तीनों बिल वापस ले और किसानों की सभी मांगे मान लें।

# सरकार पूंजीपतियों के हित में किसान विरोधी नीति लागू करने पर अड़ी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**जनेश्वर** मिश्र की पुण्य तिथि के उपलक्ष्य में प्रगतिशील समाजवाद पार्टी लोहिया ने समाजवाद के प्रगतिशील पक्ष पर शुक्रवार को तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। जनेश्वर मिश्र को समर्पित प्रथम दिन का शुभारंभ प्रसपा प्रमुख शिवपाल सिंह यादव ने महान चिंतक व लोकतंत्र सेनानी जनेश्वर मिश्र की प्रतिमा को माल्यार्पण कर किया । इस अवसर पर शिवपाल यादव ने छोटे लोहिया को याद करते हुए कहा कि जनेश्वर ने सिखाया है कि गरीबों के आँसू पोंछना ही असली व सच्चा समाजवाद है। समाजवाद एक प्रगतिशील अवधारणा है। जिनके आचरण में समाजवाद नहीं उन्हें लोहिया व जनेश्वर का नाम लेने का हक नही, समाजवाद के आंतरिक शत्रुओं से भी सावधान रहने की आवश्यकता है। जनेश्वर किसानों को न्याय दिलाने के लिए सदैव प्रयासरत रहे । श्री यादव ने कहा कि उनकी ही प्रेरणा से मैंने नई राजस्व संहिता लागू की थी। भाजपा की सरकार चंद पूंजीपतियों के हित के लिए किसान विरोधी नीतियों को लागू करने पर अड़ी हुई है। शिवपाल ने कहा प्रसपा पूरी प्रतिबद्धता से लोहिया व जनेश्वर की परंपरा व विरासत को आगे बढ़ाएगी। पूर्व मंत्री शारदा प्रताप शुक्ल ने जनेश्वर जी के साथ अपने संस्मरणों को साझा करते हुए कहा कि लोहिया व जनेश्वर के विचारों से भटकने की कीमत समाजवादियों को चुकाना पड़ा है।

# सीएम आज नोएडा इण्डोर स्टेडियम का वर्चुअल माध्यम से लोकार्पण करेंगे

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल नोएडा इण्डोर स्टेडियम का वर्चुअल माध्यम से लोकार्पण करेंगे। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि 101 करोड़ रुपए की लागत से नवनिर्मित इण्डोर स्टेडियम का क्षेत्रफल 8,040 वर्ग मीटर है। बहुउद्देशीय इण्डोर स्टेडियम में कुल 4,000 दर्शकों के बैठने की व्यवस्था है। प्रवक्ता ने बताया कि इस इण्डोर स्टेडियम में बैडमिण्टन, टेबल-टेनिस, बास्केटबाल, हैण्डबॉल, वॉलीबाल, जिमनास्टिक, जूडो, रेसलिंग, फेन्सिंग, बॉक्सिंग, वेट लिफ्टिंग, ताइक्वाण्डो आदि खेलों का आयोजन किया जा सकेगा। बहुउद्देशीय इण्डोर स्टेडियम में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा अन्य राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जा सकता है।

# यूपी दिवस पर अवध शिल्प ग्राम में लगेगी खादी एवं ग्रामोद्योग की प्रदर्शनी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर 24 जनवरी को अवध शिल्प ग्राम में आयोजित समारोह की शाम खास होने वाली है। इस अवसर पर देश के सुप्रसिद्ध फैशन डिजाइनर्स आशमा हुसैन, रूना बनेर्जी, रीना ढाका, रीतू बैरी, मनीष त्रिपाठी द्वारा डिजाइन किये गये खादी वस्त्रों पर आधारित वृहद फैशन शो का आयोजन होगा। इसके साथ ही खादी एवं ग्रामोद्योग क्षेत्र में पूंजी, निवेश, उत्पादन, बिक्री तथा रोजगार सृजन में उल्लेखनीय योगदान देने वाली सर्वश्रेष्ठ तीन इकाइयों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया जायेगा। यह जानकारी अपर मुख्य सचिव खादी एवं ग्रामोद्योग डा नवनीत सहगल ने दी। डा सहगल ने बताया कि यूपी दिवस के अवसर पर अवध शिल्प ग्राम में ही खादी एवं ग्रामोद्योग की प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जा रहा है। इसमें 119 स्टॉल लगाये जायेंगे। प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्यमंत्री द्वारा किया जायेगा। उन्होंने बताया कि गरीब महिलाओं में 336 सोलर चर्खों का वितरण होगा।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद-सीतापुर**

पत्राक-1014/सं0अनु0/न0पा0परि0सी0/2020, दिनांक-22.01.2021

**नीलामी सूचना**

मोहल्ला परेड जेलरोड बासुदेव गुप्ता के मकान के निकट लगा एक पेड़ पाकड जिसे वन विभाग द्वाराप प्राप्त मूल्यांकन के आधार पर दिनांक 29.01.21, समय 12.00 बजे पालिका प्रांगण में नीलाम किया जायेगा। इच्छुक व्यक्ति निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित होकर पालिका की शर्तों के अनुसार नीलामी में भाग ले सकते हैं। नियम-शर्तों की जानकारी संबंधित पटल से कार्यालय दिवसों में की जा सकती है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद-सीतापुर**

# काउंसिलिंग कर अपराधियों को समाज की मुख्यधारा में शामिल कराने की कवायद

**जीआरपी की अनूठी पहल**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**राजकीय** रेलवे पुलिस पूरे प्रदेश में इस समय एक अनूठा कार्यक्रम चला रही है। इसके तहत जेल में बंद अथवा जमानत पर चल रहे अपराधियों को काउंसिलिंग के जरिए अपराध के दलदल से बाहर निकालकर समाज की मुख्यधारा में शामिल कराने का प्रयास किया जा रहा है। अपर पुलिस महानिदेशक जीआरपी पीयूष आनन्द ने बताया कि बहुत से पूर्व के अपराधी जो जेल में निरूद्ध हैं, उनसे क्षेत्राधिकारी-थाना प्रभारी जेल में सीधे मिल कर उनकी समस्या का आंकलन कर रहे है तथा स्वयंसेवी संस्थाओं के साथ मिल कर उन्हें पुन: अपराध न करने की सीख दे रहे हैं । जो अपराधी जेल से बाहर हैं पुलिस अधिकारियों द्वारा स्वयंसेवी संस्थाओं व उनके परिजनों के साथ उनके गृह स्थान एवं थानों पर सम्पर्क कर उनकी काउन्सिलिंग की जा रही है ताकि वे अपराध की दुनिया से हट कर समाज की मुख्य धारा में शामिल हों। अब तक जेल में निरुद्ध लगभग 1006 अपराधियों एवं जेल से बाहर के लगभग 463 अपराधियों की थानों व इलाकों में राजपत्रित अधिकारियों थाना प्रभारियों द्वारा स्वयंसेवी संस्थाओं के अधिकारियों के साथ जाकर काउन्सिलिंग की गयी है। अपर पुलिस महानिदेशक ने बताया कि जीआरपी की कार्य कुशलता तथा आम जनता से जुड़ाव को बेहतर बनाने के लिए फेसबुक, व्हाट्सएप, ट्वीटर आदि सेवा का पूरा पूरा उपयोग किया जा रहा है। ई-एफआईआर के लिए पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है ताकि ई-एफआईआर होने पर कार्रवाई की जा सके। जिससे जहां एक ओर समान्य अपराध में कमी परिलक्षित हो रही है वहीं सनसनी खेज अपराध लगभग नगण्य हो गए हैं।

### बीते साल 215 के खिलाफ गैंगस्टर व अन्य धाराओं में हुई कार्रवाई

**जीआरपी** उप्र द्वारा विगत वर्ष रेलवे अपराध से जुड़े 215 अपराधियों के विरुद्ध गैंगस्टर तथा अन्य धाराओं के अन्तर्गत कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल से बाहर नहीं आने दिया गया। इसके साथ ही आम यात्रियों से बेहतर संवाद स्थापित करके रेल यात्रा को और अधिक सुखद तथा सुरक्षित बनाया गया। अपर मुख्य गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने बताया कि वर्ष 2020 में राजकीय रेलवे पुलिस के सभी 65 थानों में महिला हेल्प डेस्क की स्थापना करके इनपर महिला पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है। इसके माध्यम से महिला सम्बन्धी शिकायतों की समुचित ढंग से सुनवाई, उनकी समस्याओं का गुणात्मक समाधान तथा अनुश्रवण किया जा रहा है। रेल स्कोर्ट के सभी पुलिस कर्मी अब ट्रेन के गेट पर अपना मोबाइल नम्बर चस्पा कर रहे है रेल यात्रियों से अपना मोबाइल नम्बर शेयर कर रहे हैं, जिससे किसी भी आशंका या दुर्घटना पर आम यात्री स्कोर्ट कर्मियों से तत्काल सम्पर्क कर आवश्यक कार्रवाई करा सकते हैं।

**कार्यालय नगर पंचायत सिंगाही भेड़ोरा लखीमपुर-खीरी**

स्वच्छ भारत — एक कदम स्वच्छता की ओर | स्वच्छ सर्वेक्षण 2021

**सार्वजनिक सूचना**

पत्राक-50-55/न0पं0सि0भे0/2020-21 दिनाक-21.01.2021

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा, जनपद-खीरी द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत नगर के समस्त (13) वार्डों को पूर्व मे ही खुले में शौच से मुक्त (ओ0डी0एफ0) घोषित किया जा चुका है, अब नगर के सम्मानित सदस्यों एवं नागरिकों के बहुमूल्य प्रयासों से इस निकाय के समस्त 13 वार्डो को (ओ0डी0एफ0+) तथा गार्बेज फी सिटी के अन्तर्गत 03 स्टार रेटिंग घोषित किया जाता है। यदि किसी भी व्यक्ति/सामाजिक संस्थान को कोई आपत्ति/सुझाव है तो इस विज्ञप्ति के जारी होने के 15 दिवस के अन्दर नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा, जनपद-खीरी में किसी भी कार्य दिवस में लिखित रुप से अपनी आपत्ति/सुझाव दे सकते हैं। नियत समयावधि के उपरान्त प्राप्त किसी भी आपत्ति/सुझाव पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। इसके उपरान्त यदि कोई भी व्यक्ति खुले में शौच या पेशाब तथा खुले/सार्वजनिक स्थान पर गन्दगी/कूड़ा फेंकता हुआ पाया जाता है तो उससे 200/- रूपये अर्थदण्ड वसूला जायेगा।

**(श्री अवधेश मिश्र)** अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत सिंगाही भेडौरा, लखीमपुर-खीरी

**(श्री उत्तम मिश्र)** अध्यक्ष, नगर पंचायत सिंगाही भेडौरा, लखीमपुर-खीरी

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# राजधानी में 58 फीसदी स्वास्थ्यकर्मी हुए टीकाकरण में शामिल

## 8354 में से 4833 कर्मियों ने कराया टीकाकरण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**पहले** चरण के दूसरे राउंड में राजधानी में 57.85 प्रतिशत स्वास्थ्यकर्मियों ने टीकाकरण में भाग लिया। वैक्सीनेशन के लिए 8354 हेल्थवर्कर्स की सूची तैयार की गई थीए जिसमे 4833 हेल्थवर्कर्स ने ही टीकाकरण कराया। इस बार वैक्सीनेशन में कोविशील्ड के साथ को वैक्सीन का भी यूज किया गया।

राजधानी के 35 अस्पतालों में 85 बूथ बनाए गए थे। एक बूथ पर 100 लोगों का टीकाकरण होना था। कुछ बूथों पर यह संख्या कम भी थी। इस तरह कुल 8354 का लक्ष्य रखा गया था। सुबह नौ बजे से शाम 5 बजे तक चले टीकाकरण में सिर्फ 4833 लोग ही बूथ तक पहुंच पाए। स्वास्थ्य विभाग की तमाम तैयारियां हवाई साबित हुई। दोपहर बाद के आंकड़ों को देखकर विभागीय अधिकारी ग्राफ को लेकर सशंकित हो गए थे। लिहाजा ज्यादातर केंद्रों पर फोन करके स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को बुलाया गया। फिर भी पहले टीकाकरण का लक्ष्य हासिल नहीं हो पाया। वहीं लोकबंधु अस्पताल में पहली वैक्सीन डॉ. रूपेंद्र कुमार को लगाई गई। यहां आज जितने लोगों को वैक्सीन लगाई गई उनको वैक्सीन की दूसरी डोज 19 फरवरी को लगाई जाएगी। अस्पताल की सीएमएस डॉ अमिता जैन ने वैक्सीन लगवाने के बाद बताया कि दो बूथ पर वैक्सीनेशन की व्यवस्था की गई थी। कहीं किसी तरह की दिक्कत सामने नहीं आई। रानी लक्ष्मीबाई अस्पताल में भी लाभार्थियों को को-वैक्सीन लगाई गई। सबसे पहले वैक्सीन सिस्टर विमला शर्मा को लगाई गई। यहां सुबह ठीक 9 बजे वैक्सीन आई। अस्पताल के सीएमएस डॉ एके आर्या ने बताया कि वैक्सीनेशन का काम ठीक 10 बजे शुरू हो गया था। सभी लाभार्थी समय पर आ गए। पूरी जानकारी के बाद ही वैक्सीन लगाई गई। सिविल अस्पताल में बर्न और हड्डी वार्ड में बूथ बनाया गया था। सभी लाभार्थियों को को-वैक्सीन लगाई गई। यहां पहली वैक्सीन डॉ पंकज को लगाई गई। अस्पताल के निदेशक डॉ सुभाष चंद्र सुद्रियायल ने बताया कि वैक्सीन लगवाने की प्रक्रिया बिना किसी दिक्कत के पूरी हुई है। केजीएमयू में वैक्सीनेशन के लिए 7 बूथ बनाये गए थे। लाभार्थियों को मैन्युअल वेरीफिकेशन के बाद वेटिंग रूम में जाने दिया गया। वेटिंग रूम में सारी डिटेल मिलाने के बाद उन्हें वैक्सीनेशन रूम में भेज गया और वैक्सीन लगाई गई। संस्थान के एमएस ने बताया कि कही कोई दिक्कत नहीं आई है। हमारे यहां 7 बूथों पर वैक्सीनेशन प्रोग्राम किया गया है। सभी लाभार्थी पूरी तरह से ठीक हैं। पीजीआई में वैक्सीनेशन के लिए 18 बूथ बनाये गए थे। जिनमे आज दूसरे दिन 6 बूथ पर वैक्सीनेशन कार्य हुआ। डॉ विवेक आनंद, डॉ आदित्य कपूर समेत अन्य स्टॉफ के लोगों ने वैक्सीन लगवाई। लोहिया संस्थान के एकेडमिक ब्लॉक में वैक्सीनेशन प्रोग्राम रखा गया था। पांच बूथ पर लाभार्थियों को वैक्सीन लगाई गई। निर्धारित समय ठीक 10 बजे बिना किसी दिक्कत के वैक्सीनेशन प्रोग्राम शुरू हो गया था। संस्थान के प्रवक्ता डॉ श्रीकेश सिंह ने बताया कि सीएम ने निरीक्षण करने के बाद संतुष्टि जाहिर की।


लोहिया संस्थान में टीकाकरण का निरीक्षण करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ


एसएन शंखवार


अमिता जैन


डॉ. मनीष


डॉ. सुभाष


डॉ. विनय

### 32 अस्पतालों में कोविशील्ड, तीन अस्पताल में कोवैक्सीन

राजधानी में 22 जनवरी के वैक्सीनेशन बाद अब 28 और 29 जनवरी को वैक्सीन लगाई जाएगी। आज तीन सरकारी अस्पतालों में को-वैक्सीन और बाकि 32 अस्पतालों में कोविशील्ड लगाई गई। सिविल में 204, लोकबंधु में 343 और आरएलबी में 428 हेल्थ वर्करों को को-वैक्सीन की डोज दी गई। वहीं इस चरण में भी कई लाभार्थी वैक्सीन लगवाने नहीं पहुंचे।

### भरवाया गया सहमति पत्र

लाभार्थियों से स्क्रीनिंग एंड कंसेंट फॉर्म भी भरवाया गया। यह फॉर्म विशेष रूप से को.वैक्सीन लगवाने वाले लोगों से भरवाया गया। इस फॉर्म में लोगों से पूछा गया था कि वे रेडियो थेरेपी तो नहीं ले रहे हैं, प्रेग्नेंट तो नहीं है आदि जानकारियां मांगी गई।

### मोहनलालगंज में 200 के लक्ष्य के सापेक्ष महज 62 को लगा टीका

**मोहनलालगंज।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में शुक्रवार की सुबह दूसरी बार कोविड वैक्सीनेशन की शुरुआत हुई तो प्रस्तावित 200 लोगों के लक्ष्य के सापेक्ष महज 62 लाभार्थी ही वैक्सीनेशन कराने सीएचसी पहुंच सके। अनुपस्थित रहने वालों में सर्वाधिक तादात आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की रही। सीएचसी के आयुष चिकित्सक डॉ. मनीष अवस्थी ने वैक्सीन की पहली डोज लेकर वैक्सीनेशन का शुभारम्भ कराया। फिर फिजीशियन डॉ. विनय मिश्र और रेडियोलॉजिस्ट डॉ. सुभाष ने भी वैक्सीन की पहली डोज ली। वैक्सीनेशन कराने के बाद सीएचसी के इन डॉक्टरों ने बेहतर महसूस करते हुए इसे गर्व का पल बताया। वहीं वैक्सीनेशन कराने पहुंची कुछ आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का ब्योरा लाभार्थी सूची से मेल नहीं खाने की शिकायत पर एसडीएम विकास सिंह ने खुद सीएचसी पहुंचकर समाधान कराया। सीएचसी अधीक्षिका डॉ. ज्योति कामले ने बताया वैक्सीनेशन के लिए लाभार्थियों को लगातार जागरुक कर उनकी शंकाओं का समाधान कराया जा रहा है।

### बीकेटी सीएचसी में लगी 88 को वैक्सीन

**बख्शी का तालाब।** कोरोना महामारी से बचाव के लिये हो रहे वैक्सिनेशन के तहत बीकेटी सीएचसी व राम सागर मिश्र अस्पताल में वैक्सीन स्वास्थ्य कर्मियों को लगाई गयीं । बीकेटी सीएचसी में जहां पहली वैक्सीन मिश्रीपुर की आगनबाड़ी कार्यकर्ती रेनू सिंह को लगी । तो वही आर एस एम में पहली वैक्सीन वरिष्ठ फिजिसियन ग्रीश पांडे को लगाई गई । सीएचसी अधीक्षक जेपी सिंह ने बताया कि दो चरणों मे 200 आगनबाड़ी कार्यक्रतियो को वैक्सीन लगनी थी। लेकिन केंद्र से भेजी गई लिस्ट में नंबरों की गड़बड़ी के चलते। सभी से संपर्क नही हो सका।

---

## एमबीबीएस छात्रों ने कर्मियों के साथ की मारपीट

### डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान का मामला

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**डॉ. राम** मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में शुक्रवार को पर्चा बनवाने पहुंचे एक एमबीबीएस स्टूडेंट्स को कर्मी द्वारा आईकार्ड मांगने की बात इतनी नागवार गुजरी कि उसने हॉस्टल से साथियों को बुलाकर पर्चा काउंटर पर मारपीट करने के साथ ही तोड़फोड़ की। घटना के वक्त स्टूडेंट्स न तो एप्रेन पहना था और न ही उसके पास आईकार्ड था।

लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के हॉस्पिटल ब्लॉक में आज सुबह पर्चा बनवाने पहुंचे एमबीबीएस छात्र बिना लाइन के आगे पहुंच गया। कर्मी से उसने स्टाफ का होने का हवाला दिया। वहीं, छात्र के एप्रेन में न होने पर कर्मी ने आइकार्ड दिखाने को बोल दिया। यह बात एमबीबीएस छात्र को नागवार गुजरा। वह काउंटर से सीधे हॉस्टल पहुंचा। कुछ ही देर में साथियों संग काउंटर पर आ धमका। दोपहर 12 बजे के करीब काउंटर पर जुटे छात्रों व कर्मियों में नोकझोंक हुई। देखते ही देखते मारपीट शुरू हो गई। पर्चाकाउंटर का दरवाजा तोड़ डाला। चारों तरफ अफरा-तफरी मच गई। लाइन में लगे मरीज भाग खड़े हुए। ऐसे में कई मरीजों का पर्चा नहीं बन सका। करीब 100 से 150 मरीज बगैर इलाज के ही लौट गए।

हॉस्पिटल में बवाल की घटना की सूचना पर मौके पर जब तक पुलिस पहुंची तब तक मारपीट करने वाले छात्र फरार हो गए। संस्थान के प्रवक्ता डा. श्रीकेश के मुताबिक मामले की जांच चल रही है। कर्मियों व छात्रों में धक्का-मुक्की की सूचना मिली है, जो भी दोषी होगा। उस पर कार्रवाई होगी।

## जानकीपुरम में शोहदे से परेशान छात्रा ने फांसी लगाकर दी जान

### आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर परिवारीजनों ने ट्रॉमा सेंटर के बाहर शव रखकर किया प्रदर्शन

**लखनऊ।** जानकीपुरम इलाके में शोहदे से परेशान बीकॉम की छात्रा ने शुक्रवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से नाराज परिवारीजनों ने आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर ट्रॉमा सेंटर के बाहर शव रखकर प्रदर्शन किया। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने कार्रवाई का आश्वासन देकर आक्रोशित लोगों को शांत कराने के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश में छापे मार रही है। परिवारीजनों ने आरोपी को सत्ता पक्ष का नेता होने का दावा किया है। पुलिस के मुताबिक जानकीपुरम गार्डेन निवासी विजय कुमार की बेटी 19 वर्षीय मानसी गुप्ता महर्षि यूनिवर्सिटी में बीकॉम सेकंड ईयर की छात्रा थी। मां ने बताया कि शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे मानसी नहाने की बात कहकर कमरे से अटैच बाथरूम में चली गई। नल खुला छोड़ने के बाद उसने कमरे में लगे पंखे और दुपट्टे के सहारे फांसी लगा ली। काफी देर तक बाहर न निकलने पर मां कमरे के पास पहुंची। अंदर से नल चलने की आवाज आ रही थी, लेकिन कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। कई बार दरवाजा खटखटाने के बावजूद न खुलने पर उसने घर के अन्य लोगों से बताया। दरवाजा तोड़कर अंदर जाने पर मानसी को फंदे से लटकता देख सभी के होश उड़ गए। उसे फंदे से उतार कर सेंट मैरी अस्पताल ले जाया गया। जहां से डॉक्टरों ने उसे ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

छात्रा के भाई तेजस गुप्ता ने बताया कि आरोपी सेक्टर छह का रहने वाला आदर्श उर्फ शुभम है और वह खुद को सत्ता पक्ष का नेता बताता है। कॉलेज जाते समय छात्रा का पीछा कर परेशान करता था। मां ने बताया कि गुरुवार शाम को भी आरोपी ने छात्रा के मोबाइल पर कॉल कर उसे परेशान कर रहा था। इस पर मां ने उसे समझाने की कोशिश की थी लेकिन वह धमकी देने लगा था।

छात्रा के पिता विजय कुमार ने बताया कि आरोपी से परेशान होकर छात्रा ने करीब तीन महीने पर वूमेन पावर हेल्पलाइन नंबर 1090 पर भी शिकायत की थी। लेकिन कहीं उसकी सुनवाई नहीं हो सकी। पिता का कहना है कि यदि पुलिस पहले ही सुन लेती तो शायद आज उसकी बेटी जिंदा होती। इस संबंध में इंस्पेक्टर जानकीपुरम बृजेश सिंह का कहना है कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और आरोपी को पकड़ने के लिए उसके संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।

## कार पलटने से युवक की मौत

**लखनऊ।** राजधानी के गाजीपुर थाना क्षेत्र में गुरुवार देर रात कार पलटने से 26 वर्षीय युवक की मौत हो गई। गाजीपुर प्रभारी निरीक्षक प्रशांत कुमार मिश्रा का कहना है कि शुक्रवार सुबह 8.30 बजे डॉ राम मनोहर लोहिया अस्पताल विभूति खंड लखनऊ के द्वारा उन्हें सूचना मिली थी कि बीती रात समय करीब एक बजे रूमी कोठी पूर्णिया सीतापुर रोड थाना अलीगंज निवासी नीरज कुमार पुत्र राम नारायण सड़क दुर्घटना के दौरान अस्पताल आए थे। बताया गया कि अयोध्या मार्ग स्थित सुरेंद्रनगर के पास कार पलट गई थी जहां से इलाज के लिए उन्हें अस्पताल लाया गया था। इलाज के लिए लाए गए अस्पताल में चिकित्सकों ने जब जांच की तो उस समय घायल नीरज मृत अवस्था में मिले। एसआई राकेश कुमार ने बताया कि मृतक अपनी आई20 कार से अन्य तीन लोगों के साथ कहीं जा रहा था। उसी समय अज्ञात कारणों से मृतक की गाड़ी पलट गई जिससे नीरज कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए थे जिनको इलाज के लिए डॉक्टर राम मनोहर लोहिया अस्पताल लाया गया था। जहां पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था।

### प्रवेश को लेकर छात्रों के लिए कॉल सेंटर बनाएगा एलयू

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय ने सत्र 2021-22 की प्रवेश प्रक्रिया को देखते हुए प्रवेश के इच्छुक छात्रों की समस्याएं सुलझाने के लिए कॉल सेंटर स्थापित करेगा। इस काल सेंटर को विवि की कर्मयोगी योजना से भी जोड़ा जाएगा। जिससे छात्रों को काम करने का मौका मिल सके। विवि स्तर पर इस बार केन्द्रीकृत प्रवेश प्रक्रिया में व्यापक सुधार किया जा रहा है। दाखिले के लिए बनने वाली समिति में निजी कॉलेजों के प्रतिनिधियों को भी शामिल किया जाएगा।

## कोविड वारियर्स के सम्मान में लाइव बैंड कान्सर्ट का आयोजन

**लखनऊ।** गणतंत्र दिवस समारोह के एक भाग के रूप में सेना की मध्य कमान द्वारा कोविड वारियर्स को सम्मानित करने के उद्देश्य से लखनऊ छावनी स्थित ऐतिहासिक दिलकुशा कोठी में लाइव बैंड कॉन्सर्ट का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 11 गोरखा राइफल्स रेजिमेंटल सेंटर के सुसज्जित बैंड द्वारा बैंड कॉन्सर्ट का प्रदर्शन किया गया, जिसने प्रसिद्ध देशभक्ति और प्रेरक गीतों की धुन बजाकर अपने शानदार प्रदर्शन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। राज्य के स्वास्थ्य विभाग, उत्तर प्रदेश पुलिस, लखनऊ नगर निगम और सशस्त्र बलों की मेडिकल फ्रेटरनिटी से जुड़े कोविड वारियर्स के सम्मान में देशभक्ति की धुनें बजाई जा रही थी। यह कार्यक्रम कोविड 19 दिशानिर्देशों का अनुपालन करते हुये आयोजित किया गया।

## नसीमुद्दीन व राम अचल की जमानत अर्जी पर सुनवाई 27 को

**लखनऊ।** भाजपा के एक नेता के परिवार की महिलाओं व उनकी बेटी के लिए अमर्यादित शब्दों का इस्तेमाल करने के आपराधिक मामले में निरुद्ध बसपा के तत्कालीन राष्ट्रीय महासचिव नसीमुद्दीन सिद्दीकी व राम अचल राजभर की जमानत अर्जी पर अब 27 जनवरी को सुनवाई होगी। शुक्रवार को वकीलों के न्यायिक कार्यों से विरत रहने की वजह से जमानत अर्जी पर सुनवाई नहीं हो सकी। बीते 19 जनवरी को इन दोनों मुल्जिमों ने इस मामले में आत्मसमर्पण किया था। इसके बाद एमपीएमएलए की विशेष अदालत ने इन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया था। 22 जुलाई 2016 को इस मामले की नामजद एफआईआर भाजपा नेता की मां ने थाना हजरतगंज में दर्ज कराई थी। 12 जनवरी 2018 को विवेचना के बाद इस मामले में नसीमुद्दीन व राम अचल राजभर के साथ ही बसपा के तत्कालीन राष्ट्रीय सचिव मेवालाल गौतम तथा नौशाद अली व अतहर सिंह राव के खिलाफ भी आरोप पत्र दाखिल किया गया था।

## नमक घोटाले में मोंटी गुर्जर की जमानत अर्जी खारिज

**लखनऊ।** नमक घोटाला मामले में निरुद्ध मुल्जिम सुनील गुर्जर उर्फ मोंटी गुर्जर की जमानत अर्जी भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विशेष अदालत ने खारिज कर दी है। विशेष जज संदीप गुप्ता ने अपने आदेश में कहा है कि मामला गंभीर है। इस मामले में प्रथम दृष्टया मुल्जिम की संलिप्तता के मद्देनजर जमानत का आधार पर्याप्त नहीं है। सरकारी वकील प्रभा वैश्य के मुताबिक मोंटी पर इस मामले के अन्य मुल्जिमों के साथ मिलकर नमक सप्लाई का ठेका दिलाने के एवज में छः करोड़ छः लाख की ठगी का इल्जाम है। 11 अगस्त 2020 को इस मामले की एफआईआर नीलम नरेंद्र भाई पटेल ने थाना हजरतगंज में दर्ज कराई थी।

## मंडोली सेंट्रल जेल के चिकित्सा अधिकारी को नोटिस

**लखनऊ।** आम्रपाली ग्रुप्स के निदेशक अनिल शर्मा का स्वास्थ्य रिपोर्ट एम्स से भिन्न बताने पर हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने मंडोली सेंट्रल जेल, दिल्ली के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी को नोटिस जारी करने का आदेश दिया है। मामले की अगली सुनवाई पांच फरवरी को होगी। जस्टिस दिनेश कुमार सिंह की एकल पीठ ने यह आदेश अनिल शर्मा की जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दाखिल एक अर्जी पर दिया है। ईडी ने इस अर्जी के जरिए एम्सए नई दिल्ली के निदेशक द्वारा अनिल शर्मा का स्वास्थ्य रिपोर्ट दाखिल किया था। पीठ ने पाया कि मंडोली जेल की स्वास्थ्य रिपोर्ट में अनिल शर्मा को गंभीर रूप से बीमार बताया गया था। साथ ही उसके ऑपरेशन की आवश्यकता भी बताई गई थी। हाईकोर्ट ने इस रिपोर्ट के आधार पर अनिल शर्मा को अंतरिम जमानत दे दी थी।

## सैय्यद कल्बे सिब्तैन की दूसरी अग्रिम जमानत अर्जी सशर्त मंजूर

**लखनऊ ( वि.सं. )।** सीएए व एनआरसी के विरोध में तोड़फोड़ व आगजनी करने के एक आपराधिक मामले में डॉ. सैय्यद कल्बे सिब्तैन उर्फ नूरी की दूसरी अग्रिम जमानत अर्जी सत्र अदालत ने मंजूर कर ली है। एडीजे पीएम त्रिपाठी ने कुछ शर्तो के साथ 50 हजार की दो जमानतें व इनती ही धनराशि का निजी मुचलका दाखिल करने का आदेश दिया है। उन्होंने अपने आदेश में कहा है कि मुल्जिम विवेचना में सहयोग करेगा। इस मामले के किसी गवाह को प्रभावित नहीं करेगा और बगैर अदालत की इजाजत के भारत की सीमाओं से बाहर नहीं जाएगा। अदालत में उनकी अर्जी पर बहस करते हुए वकील प्रांशु अग्रवाल का कहना था कि मुल्जिम शिया चांद कमेटी का चेयरमैन है। उस पर लगाए गए आरोप गलत, अस्पष्ट और बेबुनियाद हैं। मुल्जिम का कोई आपराधिक इतिहास नहीं है। वह कानून का पालन करने वाला व्यक्ति है। 19 दिसंबर 2019 को इस मामले की एफआईआर एसआई अमरनाथ विश्वकर्मा ने चौक थाने में दर्ज कराई थी।

## मेट्रो में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाला सीआरपीएफ का सिपाही गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मेट्रो** में लोगों को नौकरी दिलाने के नाम पर सीआरपीएफ में तैनात सिपाही द्वारा की गई जालसाजी और लाखों की ठगी मामले में पुलिस ने सिपाही को गिरफ्तार कर लिया है। बताया गया है कि मेट्रो में नौकरी का झांसा देकर विजयपाल नाम का शख्स लोगों से अभी तक लाखों रुपये ऐंठ चुका है। वहीं पुलिस ने बताया है कि आरोपी विजयपाल सीआरपीएफ में सिपाही के पद पर झारखंड बटालियन में तैनात है। सीआरपीएफ सिपाही और उसके साथी अंनत पांडेय द्वारा अभी तक दर्जनों बेरोजगार युवकों को ठगा जा चुका है। चंदौली निवासी आरोपी सिपाही विजयपाल छुट्टी लेकर राजधानी लखनऊ आया हुआ था। जहां पर नाका इंस्पेक्टर मनोज मिश्रा ने शिकायत के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। नाका इंस्पेक्टर मनोज मिश्रा के अनुसार अपराधियों द्वारा सैकड़ों युवकों को आने वाली 25 और 27 तारीख को बुलाया गया था जिनसे लाखों रुपए की ठगी की जानी थी लेकिन पुलिस की सक्रियता के चलते उससे पहले ही सीआरपीएफ में तैनात सिपाही की गिरफ्तारी कर ली गई।

## पुनरीक्षण के बाद बढ़ गए राजधानी में 62489 नए वोटर

### अब आठ ब्लाक के 10 लाख 57702 हजार वोटर चुनेंगे 494 ग्राम प्रधान

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**ग्राम** पंचायत, क्षेत्र पंचायत और जिला पंचायत चुनाव के लिए मतदाता सूचियों का राजधानी के सभी 494 ग्राम पंचायतों में बने 626 मतदान केंद्रों को कर दिया गया। इसके साथ ही आगामी ग्राम पंचायत चुनावों में राजधानी के 494 ग्राम प्रधानों को चुनने के लिए कुल 10 लाख 57 हजार 702 वोटर अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इससे पहले 2015 में राजधनी में कुल 995213 वोटर थे। आठों ब्लाक में पुनरीक्षण के बाद कुल 62489 वोटर बढ़े हैं।

शुक्रवार को सहायक निर्वाचन अधिकारी एसके सिंह ने बताया कि 27 दिसंबर को ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया था, तब राजधानी में कुल 10 लाख 50 हजार वोटर थे। लगभग साढ़े छह हजार वोटर पुनरीक्षण के बाद और बढ़ गए हैं। 28 दिसंबर से 3 जनवरी तक ड्राफ्ट मतदाता सूची का निरीक्षण किया गया। 28 दिसंबर से 2 जनवरी तक मतदाता सूची के ड्राफ्ट पर दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की गईं। 4 से 11 जनवरी तक दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण किया गया। दावे और आपत्तियों का निस्तारण करने के बाद 12 से 21 जनवरी तक पूरक सूची प्रकाशित कर उन्हें मूल सूची में समायोजित किया गया और शुक्रवार को मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन किया गया। बताते चलें कि अगले साल होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए जिले की 494 ग्राम पंचायतों में मतदाता सूचियों का पुनरीक्षण कार्य सितंबर में शुरू हो गया था।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत एवं नगरीय निकाय बिपिन कुमार मिश्रा ने बताया कि अभियान 12 नवंबर तक चला है। पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 622 बीएलओ ने घर घर जाकर गणना और सर्वेक्षण कार्य किया। इस दौरान वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने को ऑनलाइन आवेदन भी किया गया। ड्राफ्ट मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 27 दिसंबर को किया गया है।

**पंचायत चुनाव का दायरा सिमटा:** अगले साल होने वाले पंचायत चुनाव का दायरा काफी हद तक सिमटा नजर आएगा। वर्ष 2015 में हुए पंचायत चुनाव में जहां जिले की 570 ग्राम पंचायतों में चुनाव हुए थे, वहीं अगले साल होने वाले चुनाव में ग्राम पंचायतों की संख्या घटकर 494 रह गई हैं। बीते चुनाव में शामिल 75 ग्राम पंचायतों के नगर निगम सीमा में शामिल हो जाने से अबकी वह पंचायत चुनाव से बाहर हो गई हैं।

### किस ब्लाक में कितनी ग्राम पंचायत

**सबसे** ज्यादा 26 गांव चिनहट ब्लॉक और 23 गांव सरोजनी नगर ब्लॉक से पंचायत चुनाव के घेरे से बाहर आए हैं। वर्ष 2015 में हुए पंचायत चुनाव के दौरान आठ ब्लॉक की 570 ग्राम पंचायतों में 31 जिला पंचायत सदस्य, 787 बीडीसी व 7256 ग्राम पंचायत सदस्यों के निर्वाचन को मतदान हुआ था। पांच साल के दौरान शहरीकरण के कारण इनमें से 75 ग्राम पंचायतें पूरी तरह और चार आंशिक तौर पर नगर निगम के दायरे में आने से पंचायत चुनाव से हो गई हैं। इससे जिला पंचायत सदस्य के दोए बीडीसी के 75 और ग्राम पंचायत सदस्य के करीब 800 पदों पर अगले चुनाव नहीं हो सकेंगे। ग्राम पंचायत पंचायत चुनाव का दायरा सिमटने का सबसे ज्यादा नुकसान शहरी इलाके से जुड़े चिनहट व सरोजनी नगर ब्लॉक के गांवों को हुआ है।

ARYAVART BANK आर्यावर्त बैंक
(A Joint Undertaking of Govt. of India, U.P. Govt. & Bank of India) (भारत सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार एवं बैंक ऑफ इण्डिया का संयुक्त उपकम)
प्रधान कार्यालयः ए-2/46, विजय खंड, गोमती नगर, लखनऊ-226010

**(अचल सम्पत्तियों का कब्जा नोटिस) (अचल सम्पत्तियों हेतु धारा 8(1) के अन्तर्गत)**

यद्यपि वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण व पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम-3 के साथ पठित धारा-13 (12) के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने निम्नलिखित बकायेदार ऋणियों एवं गारन्टरों को नोटिस में वर्णित राशि, नोटिस प्राप्ति के 60 (साठ) दिनों के अन्दर अदा करने हेतु मांग नोटिस जारी की थी। ऋणियों एवं गारन्टरों के द्वारा इस राशि की अदायगी में विफल रहने पर एतद्द्वारा आम जनता को एवं ऋणियों एवं गारन्टरों को विशेष रूप से सूचना दी जाती है कि नीचे वर्णित सम्पत्तियों का उपरोक्त अधिनियम की धारा-13 (4) एवं नियमों के उपनियम-8 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी द्वारा आधिपत्य उनके सम्मुख अंकित तिथि को कर लिया गया है। उधारकर्ताओं का ध्यान सुरक्षित परिसम्पत्तियों को मुक्त कराने में उपलब्ध समय के संबन्ध में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधान की ओर आकर्षित किया जाता है। एतद्द्वारा ऋणियों/गारन्टरों को विशेषतः और जनसाधारण को सामान्यतः सूचित किया जाता है कि चूंकि निम्न सम्पत्तियों का प्रतीकात्मक अधिग्रहण कर लिया गया है, अतः इस सम्बन्ध में किसी प्रकार का कोई भी सौदा/व्यवहार बैंक के अतिरिक्त अन्य किसी से न करें एवं ऐसा कोई भी सौदा/व्यवहार आर्यावर्त बैंक को देय राशि व तत्सम्बन्धित ब्याज हेतु जैसा कि नीचे खाते के सम्मुख उल्लेखित किया गया है, के अध्याधीन होगा।

| ऋणियों/गारन्टरों/ शाखा का नाम | बंधक सम्पत्ति का विवरण | मांग नोटिस के अनुसार बकाया राशि / मांग सूचना की तिथि / कब्जे की तिथि |
| --- | --- | --- |
| **ऋणीः** श्री अवधेश कुमार सिंह पुत्र श्री राम बहादुर निवासीः-प्लॉट नं0 23-ए-4, कौशलपुरी कॉलोनी, खरगापुर, गोमती नगर एक्सटेंशन लखनऊ-226010 जिला लखनऊ। **शाखाः गोमती नगर, लखनऊ।** | आवासीय सम्पत्ति मकान निर्मित प्लॉट नं0 23-ए-3, खसरा नं0 42 मिन का भाग स्थित ग्राम-खरगापुर, परगना, तहसील एवं जिला- लखनऊ। सम्पत्ति श्री अवधेश कुमार सिंह पुत्र स्व0 श्री राम बहादुर के नाम। एरियाः 139.50 वर्ग मी., **चौहद्दी** : पूर्व- 25 फीट चौड़ा रोड, पश्चिम- अन्य प्लॉट, उत्तर- प्लाट नं0 23-ए-4, दक्षिण- प्लॉट नं0 23-ए-2 | रू0 24,95,562.00 + ब्याज एवं अन्य खर्चे / 18.08.2020 / 22.01.2021 |

दिनांक : 23.01.2021 स्थान : लखनऊ प्राधिकृत अधिकारी

# ग्राम रोजगार सेवक निभा रहे विकास में महत्वपूर्ण भूमिका

## मानदेय बढ़ाकर 10000 रुपये प्रतिमाह करने पर विचार किया जाएगा: मोती सिंह

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**ग्राम्य** विकास मंत्री राजेन्द्र प्रताप सिंह मोती सिंह ने कहा है कि कोरोना महामारी के समय ग्राम रोजगार सेवकों द्वारा विपरीत परिस्थितियों में भी सराहनीय तरीके से कार्य किया गया है। ग्राम रोजगार सेवक प्रदेश के विकास में अपनी महत्वपूर्ण सहभागिता निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मनरेगा के तहत संविदा पर कार्यरत ग्राम रोजगार सेवकों का पारिश्रमिक 6000 रूपये से बढ़ाकर 10,000 रूपये प्रतिमाह करने की पूरी कोशिश की जायेगी। उन्होंने कहा कि ग्राम रोजगार सेवकों को चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में विचार किये जाने के साथ ही उनकी अन्य समस्याओं का भी शीघ्र निराकरण करने का पूरा प्रयास किया जायेगा। ग्राम्य विकास मंत्री राजेन्द्र प्रताप सिंह मोती सिंह ने यह बात शुक्रवार को उत्तर प्रदेश ग्राम रोजगार सेवक संघ के बेगरिया, दुबग्गा, लखनऊ में आयोजित प्रादेशिक महासम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि ग्राम रोजगार सेवकों की मेहनत से मानव दिवस सृजन के मामले में उल्लेखनीय कार्य हुआ है। उन्होंने कहा कि मनरेगा कर्मियों के भविष्य को उज्ज्वल करने के लिए वह कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि इसके अलावा एचआरपॉलिसी बनाने पर भी विचार किया जायेगा। और पूर्व से निर्गत शासनादेशों को कड़ाई से लागू कराया जाएगा। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष एसपी तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में संगठन के प्रदेश प्रभारी कमलेश कुमार गुप्ता ने ग्राम विकास मंत्री को संगठन की मांगों के सम्बन्ध में मांग-पत्र दिया।

कार्यक्रम के संयोजक और संगठन के प्रदेश अध्यक्ष भूपेश कुमार सिंह ने सभी अतिथियों को आभार प्रकट किया। इस अवसर पर सांसद कौशल किशोर, विधायक जय देवी कौशल, एमएलसी अवनीश कुमार सिंह, अपर आयुक्त मनरेगा योगेश कुमार, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश के महामंत्री आरके निगम, अखिल भारतीय मनरेगा कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु प्रताप सिंह सहित सभी जनपदों के जिलाध्यक्ष पदाधिकारी मौजूद रहे।

# ई-मतदाता पहचान पत्र का शुभारम्भ 25 जनवरी को

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्य** निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा 25 जनवरी को ग्यारहवें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन के अवसर पर मतदाताओं की सुविधा हेतु इलक्ट्रानिक इलेक्टर्स फोटो आइडेन्टिटी कार्ड (ई-ईपिक) की शुरूआत की जा रही है।

उन्होंने बताया कि यह ई-ईपिक सामान्य ईपिक का पोर्टेबल डाक्यूमेन्ट फार्मेट है, जिसे प्रमाणिक और सुरक्षित क्यू आर कोड रीडर एप्लिकेशन का उपयोग करके सत्यापित किया जा सकता है। इसे मोबाइल पर अथवा कम्प्यूटर पर स्व मुद्रण योग्य रूप में डाउनलोड किया जा सकता है। इसे मतदाता अपने मोबाइल पर स्टोर कर सकता है, डिजी लॉकर पर अपलोड कर सकता है या इसे प्रिन्ट करते हुए लैमिनेट भी कर सकता है। यह नये पंजीकृत हुए मतदाताओं को जारी किए गए पीवीसी ईपिक के



अतिरिक्त है। उन्होंने बताया कि आयोग द्वारा इस ई-ईपिक के शुभारम्भ पर देशव्यापी जागरूकता अभियान प्रारम्भ किया जा रहा है। इस अभियान को आईटी डिवीजन के साथ समन्वय स्थापित करते हुए दो चरणों में विभाजित किया गया है। जिसमें प्रथम चरण में 25 जनवरी से 31 जनवरी 2021 तक की अवधि में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2021 के दौरान यूनिक मोबाइल नम्बर केवल एक एप्लिकेशन हेतु दिया गया। द्वितीय चरण में एक फरवरी से सभी मतदाताओं द्वारा ई-ईपिक डाउनलोड किए जा सकेगें, जिनका मोबाइल नम्बर ई.रोल में हैए अन्यथा ई.केवाईसी के पश्चात् सम्बन्धित मतदाता ई.ईपिक डाउनलोड कर सकता है। अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि इस सम्बन्ध में भारत निर्वाचन आयोग द्वार प्रथम चरण के अभियान का प्रचार प्रसार विभिन्न माध्यमों से किया जाएगा।

# एसबीआई ने किया सखियों का सम्मान




**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**भारतीय** स्टेट बैंक द्वारा 1 जुलाई 2020 को बैंक में शामिल होने वाली सभी महिला कर्मचारियों को मार्गदर्शन और सहायता प्रदान करने के लिए शुरू की गई एक पहल ने तारावाली कोठी लखनऊ में महिला ऑफिसर्स जिन्हे सखी की उपाधि दी गई हैं उनके प्रयासों को एक समारोह के दौरान सम्मानित किया।

यह सखी बैंक में नए महिला कर्मचारियों को बैंक के तौर तरीकों से शिक्षित करने में मदद करती हैं। भारतीय स्टेट बैंक लखनऊ मंडल के मुख्य महा प्रबंधक अजय कुमार खन्ना ने समारोह के दौरान अपने विचार साझा करते हुए बताया कि श्हर साल भारतीय स्टेट बैंक प्रोबेशनरी ऑफिसर्स और जूनियर एसोसिएट्स के रूप में नई प्रतिभाओं को शामिल करता है जो बैंक के भविष्य बनते हैं। हमने बैंक में शामिल होने वाली सभी महिला कर्मचारियों के मेंटरशिप मार्गदर्शन और सहायता प्रदान करने के लिए 1 जुलाई 2020 को भारतीय स्टेट बैंक में एक मजबूत प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरआत की जिसके अंतर्गत बैंक नैतिकता प्रणाली संस्कृति और पर्यावरण में उनके सुचारु परिवर्तन और आत्मसात को सुनिश्चित कर सके। हमारा मानना है कि लखनऊ मंडल में महिला कर्मचारियों के अनुपात को बढ़ाने के लिए सखी जैसी पहल निश्चित रूप से सकारात्मक रहेगी। सखी नई महिला कर्मचारियों को सुरक्षित प्रेरित और सशक्त महसूस करने में मदद करेगी ताकि उनके परिवार के सदस्य माता पिता अभिभावक भी अपने बच्चों के प्रति सुरक्षित महसूस करें।


# कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी पलिया-खीरी

पत्रांक : 1771/पंचम राज्य वित्त/पन्द्रहवा वित्त टाइट/अनटाइट/2020–21 दिनांक–21–01–2021

## अल्पकालीन निविदा सूचना

समस्त पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि विकास खण्ड पलिया में वित्तीय वर्ष 2021 के अन्तर्गत पंचम राज्य वित्त/पन्द्रहवा वित्त टाइड/अनटाइड आयोग से प्राप्त धनराशि से निम्नलिखित कार्यों को कराया जाना है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत | योजना का नाम | धरोहर राशि | टेण्डर मूल्य जी.एस.टी. सहित | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम पंचायत पलिया कला में अजीत नगर में पटिहन रोड सम्पर्क मार्ग से ग्राम निराला नगर सम्पर्क मार्ग तक खडन्जा निर्माण कार्य | 390000.00 | पंचम राज्य वित्त | 19500.00 | 560.00 | 03 माह |
| 2. | ग्राम पंचायत फरसहिया में सम्पर्क मार्ग से बसन्तापुर कलां मे तारा सिंह के घर तक खडन्जा निर्माण कार्य | 999700.00 | पंचम राज्य वित्त | 49985.00 | 560.00 | 03 माह |
| 3 | ग्राम पंचायत पलिया कलां के कृष्णानगर में सिल्लू के घर से कौशल के घर तक खडन्जा निर्माण कार्य | 683000.00 | पंचम राज्य वित्त | 34150.00 | 560.00 | 03 माह |
| 4 | ग्राम पंचायत पलिया देहात में निघासन रोड से नागेश लोधी के घर के आगे तक इन्टर लाकिंग निर्माण कार्य | 98000.00 | पंचम राज्य वित्त | 49000.00 | 560.00 | 03 माह |
| 5 | ग्राम पंचायत रानीनगर मे छठ घाट निर्माण कार्य | 996000.00 | पंचम राज्य वित्त | 49800.00 | 560.00 | 03 माह |
| 6 | विकास खण्ड परिसर में सहायक विकास अधिकारी(पं0) कार्यालय मरम्मत कार्य | 353400.00 | पंचम राज्य वित्त | 17670.00 | 560.00 | 03 माह |
| 7 | विकास खण्ड परिसर के पूरब साइड एवं दक्षिण साइड बाउड्रीवाल का मरम्मत कार्य | 780600.00 | पंचम राज्य वित्त | 39030.00 | 560.00 | 03 माह |
| 8 | ग्राम पढुआ से बरेली फार्म सम्पर्क मार्ग के बीच कंचनपुर में पुलिया निर्माण कार्य | 798000.00 | 15वॉ वित्त टाइड फण्ड | 39900.00 | 560.00 | 03 माह |
| 9 | ग्राम पंचायत पलिया कलां निघासन रोड दून स्कूल के पास से ग्राम टेहरा में दौलत राम के घर तक नाली निर्माण कार्य | 945000.00 | 15वॉ वित्त टाइड फण्ड | 47250.00 | 560.00 | 03 माह |
| 10 | ग्राम पंचायत पलिया कलां में जल निगम के पास से रिख्खी पुरवा में रामनरेश (मन्दिर) के घर तक नाली निर्माण कार्य | 923000.00 | 15वॉ वित्त टाइड फण्ड | 46150.00 | 560.00 | 03 माह |
| 11 | ग्राम पंचायत पलिया कलां निहाली पुरवा में काशी के घर से तालाब तक नाली निर्माण कार्य | 532600.00 | 15वॉ वित्त टाइड फण्ड | 26630.00 | 560.00 | 03 माह |
| 12 | ग्राम पंचायत पलिया कलां के ग्राम निहाली पुरवा में श्रीपाल के घर के पास से लालता के घर तक नाली निर्माण कार्य | 581400.00 | 15वॉ वित्त टाइड फण्ड | 29070.00 | 560.00 | 03 माह |
| 13 | ग्राम पलिया कलां में कृष्णानगर में निराला नगर सम्पर्क मार्ग से मुन्नी घर तक नाली निर्माण कार्य | 630000.00 | 15वॉ वित्त टाइड फण्ड | 31500.00 | 560.00 | 03 माह |
| 14 | ग्राम पंचायत मकनपुर में मकनपुर से फरसहिया नाले पर पुलिया निर्माण कार्य | 902500.00 | 15वॉ वित्त टाइड फण्ड | 45125.00 | 560.00 | 03 माह |
| 15 | ग्राम पंचायत पलिया कला में पशु अस्पातल के पास से विक्रम के घर तक इन्टर लांकिग निर्माण कार्य | 618000.00 | 15वॉ वित्त अनटाइड फण्ड | 30900.00 | 560.00 | 03 माह |
| 16 | ग्राम पंचायत पलिया कलां टेहरा में दून स्कूल से एकता के घर तक इन्टर लांकिग निर्माण कार्य | 893000.00 | 15वॉ वित्त अनटाइड फण्ड | 44650.00 | 560.00 | 03 माह |
| 17 | ग्राम महगापुर में बहादुर नगर विशेनुपरी रोड से दर्शन सिंह के घर तक मिटटी एवं खडन्जा निर्माण कार्य | 792000.00 | 15वॉ वित्त अनटाइड फण्ड | 39600.00 | 560.00 | 03 माह |
| 18 | ग्राम सिगाहीखुर्द खजुरिया रोड से रानीनगर रोड रामेश्वर राणा के घर के पास तक इन्टर लांकिग कार्य | 999000.00 | 15वॉ वित्त अनटाइड फण्ड | 49950.00 | 560.00 | 03 माह |
| 19 | ग्राम पलिया कलां में पंचायत भवन के पास से ग्राम गुडियाना मे जगदीश के घर तक खडन्जा निर्माण कार्य | 750000.00 | 15वॉ वित्त अनटाइड फण्ड | 37500.00 | 560.00 | 03 माह |
| 20 | ग्राम पंचायत मकनपुर में हवाई पटटी रोड से थारू पुरवा तक खडन्जा निर्माण कार्य | 900000.00 | 15वॉ वित्त अनटाइड फण्ड | 45000.00 | 560.00 | 03 माह |
| 21 | ग्राम पंचायत पलिया कलां मे नगला सम्पर्क मार्ग से निहाली पुरवा सम्पर्क मार्ग खडन्जा निर्माण कार्य | 906000.00 | 15वॉ वित्त अनटाइड फण्ड | 45300.00 | 560.00 | 03 माह |

उपरोक्त कार्यों में व्यय के अतिरिक्त जी0एस0टी0 12 प्रतिशत एवं नियमानुसार शेष की धनराशि देय होगी।

अतः आपेक्षा की जाती है कि विज्ञप्ति में प्रकाशित निविदा निविदानुसार मैटेरियल निर्धारित मानक गुणवत्ता सहित कार्य करने हेतु निविदाये आमत्रित की जाती है। निविदादाता कार्यालय कार्य दिवस में दिनांक 22.01.2021 से 04.02.2021 पूर्वान्ह 11:00 बजे तक कार्य दिवस में निविदा मूल्य देकर मूल्य/जी0एस0टी0 सहित निविदा प्रपत्र कैशियर से प्राप्त की जा सकती है निविदा दिनांक 04.02.2021 की अपरान्ह 2:00 बजे तक सील बन्द लिफाफे में कार्यालय में नियमानुसार टेण्डर बाक्स में स्वीकार होगी। दिनांक 05.02.2021 को पूर्वान्ह 11:00 बजे अधोहस्ताक्षरी द्वारा गठित कमेटी की उपस्थित में सील बन्द निविदाये खोली जायेगी।

**मुख्य शर्तें :–**

1. ठेकेदार को 5 प्रतिशत जमानत राशि जमा करनी होगी जो निविदा के साथ धरोहर धनराशि के रूप में एफ0डी0आर0/एन०एस०सी० जो खण्ड विकास अधिकारी के नाम से बंधक जमा करना होगा। न्यूनतम निविदाधारक को भुगतान से पूर्व 5 प्रतिशत की कटौती बिल में की जायेगी।
2. ठेकेदारो को आयकर जी0एस0टी0 हैसियत प्रमाण पत्र जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रदत्त चरित्र प्रमाणपत्र श्रम विभाग का प्रमाणपत्र कार्य अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।
3. ठेकेदार को कार्य प्रारम्भ के पूर्व की कार्य प्रारम्भ के समय तथा कार्य पूर्ण होने के पश्चात की फोटो ग्राफी कराकर कार्यालय में उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
4. अन्य विस्तृत जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।
5. एक अथवा समस्त निविदाओ को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार खण्ड विकास अधिकारी पलिया को निहित होगा।
6. सशर्त निविदा/ओवर राइटिंग कंटिग निविदा मान्य नही होगी।
7. निविदा स्वीकृत के उपरान्त समस्त औपचारिकताए पूर्ण करनी होगी।
8. कार्य की गुणवत्ता के साथ नियत अवधि में पूर्ण कराना अनिवार्य होगा।
9. गुणवत्ता के सत्यापन के उपरान्त कार्य संतोषजनक पाये जाने पर ही ठेकेदार को भुगतान किया जायेगा।
11. निविदा स्वीकृत होने के बाद 100/रु0 के स्टाम्प पेपर पर अनुबन्ध पत्र निष्पादित करना होगा।
12. ब्लैक लिस्टेड तथा अन्य कारणो से स्वीकृत ठेकेदारो को निविदा मान्य नहीं होगी।
13. समय–समय पर शासन द्वारा निर्गत आदेश/शर्ते ठेकेदारो को मान्य होगी।
14. निविदादाता द्वारा उक्त कार्य के निर्मित लगे मजदूरों/मिस्त्रीयो/श्रमिको को सम्बधित ई०पी०एफ०/श्रम विभाग/अन्य किसी भी विभाग से सम्बधित दावे आपत्तियों का निस्तारण स्वंय के व्यय पर किया जायेगा।
15. समस्त निविदादाता निविदा खोलने हेतु निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित रहे अन्यथा की स्थिति में किसी भी प्रकर की आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

अवर अभियन्ता (ग्रा0अ0स0)
पलिया–खीरी

खण्ड विकास अधिकारी
पलिया–खीरी


## शहर में 25 जनवरी को मतदाता दिवस, निकलेंगी प्रभात फेरी

**लखनऊ।** शहर में 25 जनवरी को मतदाता दिवस मनाया जाएगा। जिलाधिकारी द्वारा भारत निर्वाचन आयोग ग्यारवें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर 25 जनवरी को सुबह 11 बजे जिले के सभी कार्यालयों में मतदाता दिवस मनाने का निर्देश दिया है। साथ ही विद्यालयों में छात्र, छात्राओं को मतदाता शपथ दिलाने के साथ-साथ स्कूल कालेजों में प्रभात फेरी, स्लोगन राइटिंग, निबन्ध लेखन प्रतियोगिता, गीत प्रतियोगिता, स्किट्स प्रतियोगिता, ऑनलाइन प्रतियोगिता गतिविधियों आदि का आयोजन भी किया जायेगा। शुक्रवार को जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी लखनऊ अभिषेक प्रकाश ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ग्यारवें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर 25 जनवरी को सुबह 11 बजे जनपद लखनऊ में अवस्थित सभी कार्यालयों में सबन्धित कार्यालयाध्यक्ष द्वारा अपने-अपने कार्यालयों में राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया जायेगा।

## सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाला गिरफ्तार

**लखनऊ।** गुड़म्बा पुलिस ने शुक्रवार को सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने के आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित के पास से फर्जी नम्बर प्लेट लगी एक इन्डिगो कार बरामद हुई है। इंस्पेक्टर गुड़म्बा फरीद अहमद ने बताया कि उपनिरीक्षक गणेश सिंह, हेड कॉन्स्टेबल मोहम्मद नदीम, संजय कुमार रावत, अब्दुल कलाम खान ने टीम के साथ आरोपित गल्ला मंडी, काशी राम कालोनी, नैनी प्रयागराज निवासी संदीप गुप्ता उर्फ एस के अग्रहरी को गिरफ्तार किया है। आरोपित के खिलाफ जाग्रति बिहार, कल्याणपुर निवासी राजमोहन भारती ने नौकरी के नाम पर ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपित अपने को पीडब्लूडी का अधिकारी बताता था और सफेद इण्डिगो कार पर उत्तर प्रदेश शाशन व प्रेस लिखा कर लोगों से ठगी करता था। आरोपित ने राजमोहन भारती के लड़के को पावर कारपोरेशन में सरकारी नौकरी लगवाने का झांसा देकर 47400 रुपये ऐंठ लिए थे।

## मकान की कच्ची दिवार गिरी, दबकर युवती की मौत

**लखनऊ।** आलमबाग थाना क्षेत्र में गुरुवार रात मकान का कच्चा दिवार गिरने से कमरे में सो रही युवती दबकर गंभीर रुप से घायल हो गई। परिजन घायल युवती को निजी अस्पताल ले गए। अस्पताल में डॉक्टरों ने युवती को मृत घोषित कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया। एक दिन पूर्व ही मृतका की माँ की मृत्यु हुई थी। मिली जानकारी के अनुसार आलमबाग भिल्लावां में अनिल अपने परिवार संग रहते है। अनिल के मुताबिक एक दिन पूर्व उनकी पत्नी का देहांत हुआ था। पूरा परिवार शोकाकुल था। गुरुवार रात सभी लोग घर के आंगन में बैठे थे। बड़ी बेटी नेहा 22वर्ष घर के कमरे में सो रही थी। इसी दौरान कमरे में मिट्टी का कच्ची दिवार गिर पड़ी। जिसमें नेहा दबकर गंभीर रुप से लहूलुहान होकर घायल हो गई। मोहल्ले वालो की मदद से किसी तरह मलबा हटा युवती को बाहर निकाल परिजन निजी अस्पताल ले गए। अस्पताल में डॉक्टरों ने युवती को मृत घोषित कर दिया।

## एलयू कार्यपरिषद के तीन सदस्य नामित

**लखनऊ।** प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति राज्य विश्वविद्यालय आनंदीबेन पटेल द्वारा लखनऊ विश्वविद्यालय के कार्य परिषद में तीन सदस्य नामित किये गए हैं। इनमें प्रो कृपा शंकर (पूर्व कुलपति, वाराणसी) अंशु टंडन (कैमिकल एवं एन्वायरनमेंटल इंजीनियरिंग, निर्माता एवं निर्देशक, लखनऊ), धर्मेन्द्र सिंह पत्रकार एवं समाजसेवी, वाराणसी हैं। उक्त नामांकन दो वर्षों की अवधि के लिए होगा।

## अधिवक्ता पर हमला करने वाला बस चालक गिरफ्तार

**लखनऊ ।** वजीरगंज थाना क्षेत्र में स्थित सिविल कोर्ट के पास दो अधिवक्ताओं पर गुरुवार की रात लोहे की राड से प्राण घातक हमला करने वाले रोडवेज के चालक ग्राम गणेशपुर सीतापुर के रहने वाले अमित यादव को वज़ीरगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है । पुलिस द्वारा दूसरे अज्ञात अभियुक्त की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। गुरुवार की रात गोलागंज वजीरगंज के रहने वाले अधिवक्ता सैफी मिर्जा पर नशे में धुत रोडवेज के ड्राइवर व क्लीनर के द्वारा उस समय सिविल कोर्ट के गेट नंबर 3 के पास बने रोडवेज वर्कशॉप के करीब हमला किया गया था जब वो अपने सहयोगी अधिवक्ता उमाकांत मिश्रा के साथ कार से सवार होकर कहीं जा रहे थे। अधिवक्ता सैफी मिर्जा के अनुसार उन्होंने बीच में खड़ी रोडवेज की बस को चालक से किनारे करने की बात कहीं तो नशे में धुत चालक ने उन पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया।

## सीएमएस छात्रा ने जीती चैम्पियनशिप ट्राफी



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, इन्दिरा नगर कैम्पस की कक्षा-5 की प्रतिभाशाली छात्रा निष्ठा पटेल ने ऑनलाइन आयोजित नेशनल एबाकस कम्पटीशन में चैम्पियनशिप ट्राफी जीतकर लखनऊ का नाम गौरवान्वित किया है। यह प्रतियोगिता शैक्षिक संस्था ब्रेनोब्रेन के तत्वावधान में आयोजित हुई। इस प्रतियोगिता में 4500 से अधिक मेधावी छात्रों ने प्रतिभाग किया, जिनमें कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सीएमएस की इस मेधावी छात्रा ने अपनी गणितीय प्रतिभा एवं विभिन्न विषयों में अपनी दक्षता का प्रदर्शन कर चैम्पियनशिप ट्राफी अर्जित की। सीएमएस संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गाँधी ने निष्ठा को आशीर्वाद देते हुए विद्यालय के शिक्षकों व प्रधानाचार्या के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## तिरंगा यात्रा की तैयारी रोके जाने पर लगाया सड़क पर जाम

**लखनऊ।** किसान बिल के विरोध में 23 जनवरी को भारतीय किसान यूनियन द्वारा निकलने वाली तिरंगा यात्रा की तैयारी को पुलिस द्वारा रोके जाने पर आक्रोशित किसानों ने गोसाईंगंज के बिरूहा गांव के पास सुल्तानपुर हाइवे के एक लेन पर ट्रैक्टर ट्राली खड़ी कर जाम लगा दिया। मौके पर पहुँचे डीसीपी साउथ रविकुमार ने किसानों को काफी समझने का प्रयास किया लेकिन देर शाम तक बात बेनतीजा रही। किसानो का कहना था कि वो 23 जनवरी को किसान बिल के विरोध में तिरंगा यात्रा निकाल कर राज्यपाल का घेराव कर विरोध प्रकट करेंगे। जिसके लिए किसान यूनियन के नेता अपनी तैयारी कर रहे थे।

## तेज आवाज में लाउडस्पीकर बजाना पड़ा महंगा, ट्रेक्टर सीज

**निगोहा।** शुक्रवार को तेज आवाज में लाउडस्पीकर बजाते हुए निगोहां कस्बे से गुजर रही ईंट लदी एक ट्रैक्टर ट्राली को निगोहां पुलिस ने सीज कर दिया। परवर पश्चिम लखनऊ निवासी ट्रैक्टर मालिक लक्ष्मन के ट्रैक्टर चालक अशोक कुमार शुक्रवार दोपहर रायबरेली जिले के गुरुबक्स गंज से ईंट लादकर लखनऊ की ओर तेज रफ्तार से जा रहा था, ट्रैक्टर में तेज आवाज से लाउडस्पीकर बज रहा था इनका ट्रैक्टर जैसे ही निगोहां थाने के पास से गुजरा की निगोहां इंस्पेक्टर ने ट्रैक्टर का पीछा कर उसे पकड़ा और मय चालक थाने लेकर आ गए और लाउडस्पीकर बजाने के आरोप में ट्रक्टर को सीज कर दिया।

# कायस्थ समाज ने किया सम्मान



**लखनऊ।** नेता जी सुभाष चंद्र बोस जयंती की पूर्व संध्या पर कायस्थ संघ अंतर्राष्ट्रीय ने कायस्थ समाज के गणमान्य लोगों को सम्मानित किया। संस्था के दिनेश खरे ने बताया कि सम्मानित होने वाले में प्रमुख रुप से पूर्व मुख्य सचिव आलोक रंजन, न्यायमूर्ति सुधीर सक्सेना, पदमश्री योगेश प्रवीन, डा सुशील सिन्हा, कुमार नारायण व नरेन्द्र श्रीवास्तव शामिल रहे। इस अवसर पर कवि सर्वेश सक्सेना, गिरधर खरे, नितिन खरे, अंजली खरे, विकास श्रीवास्तव, अतुल श्रीवास्तव, कंचन श्रीवास्त समेत कायस्थ समाज के सैकड़ो लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य वक्ताओं ने नेता जी के बारे में भी चर्चा की।

## शातिर गिरफ्तार, नकली कापर वायर बरामद

**लखनऊ।** राजधानी के दो अलग-अलग इलाको में पुलिस ने दो शातिरों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। बाजारखाला पुलिस ने 71 बंडल कॉपर बिजली का नकली केवल बांड के साथ रविंद्र को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने नकली आरआर केबल ब्रांड के डुप्लीकेट बिजली कॉपर वॉयर बरामद किये है। वहीं प्रभारी निरीक्षक अलीगंज पन्ने लाल यादव ने बताया कि शिवम सक्सेना पुत्र विजय प्रकाश सक्सेना को गिरफ्तार किया गया है। 5000 रुपये नगद एक मोबाइल फोन और एक स्कूटी बरामद हुई है। छानबीन के दौरान पता चला कि कम्पनी में नियुक्त कराने के बाद इसकी चोरी करवाते थे और चोरी के पैसे को बांट लेते थे।


**उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड**
**अति अल्पकालीन ई–निविदा सूचना संख्या 10/मुख्य अभियन्ता (जा0)पारे–द्वि०/अधि0 अभि0(मु0)/श०भ०वि०/ल0/2020–21** अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा शक्ति भवन, लखनऊ में निम्नलिखित आपूर्ति हेतु निविदाए दिनांक 29.01.2021 तक आमंत्रित की जाती है, जिसका भाग–1 (तकनीकी एवं वाणिज्यक विवरण) उसी दिन अपरान्ह 16.00 बजे खोला जायेगा। निविदा का विस्तृत विवरण, नियम एवं शर्तें तथा निविदा प्रपत्र http://etender. up.nic.in से प्राप्त किया जा सकता है। 1. उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लिमिटेड वित्तीय वर्ष 2017–2018, 2018–2019 एवं 2019–2020 की वार्षिक लेखा रिर्पोटों के मुद्रण, प्रकाशन, अनुवाद एवं आपूर्ति के सम्बन्ध में। धरोहर धनराशि रू0. 6000.00 मात्र, निविदा प्रपत्र मूल्य रू0, 590.00 (कर सहित)। **मुख्य अभियन्ता (जानपद) पारेषण –द्वितीय उ0 प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 9वां तल, शक्ति भवन विस्तार 14–अशोक मार्ग, लखनऊ** पत्रांक–417 दिनांक 21.01.2021 ''राष्ट्रहित में बिजली बचायें''


# कड़ाके की ठंड में लोगों का आसरा बन रहा रैन बसेरा

**संवाददाता।** मोहनलालगंज

**कड़ाके** की ठण्ड में सैकड़ों किलोमीटर दूर गैर जिलों से लखनऊ आ रहे लोगों के लिए मोहनलालगंज में जिला प्रशासन का रैन बसेरा रात गुजारने का सहारा बन रहा है। सितम ढ़ा रही सर्दी में जब शाम ढ़लते ही कोहरे की धुन्ध में सड़कों पर सन्नाटा पसर जा रहा है आसरे के लिए भटकते लोगों को रैन बसेरे में शरण देने के साथ ही पेट भरने की सुविधा भी दी जा रही है। पिछले बीस दिनों में दो दर्जन से अधिक लोगों को आसरा दिया जा चुका है। रैन बसेरे में शरण ले रहे लोगों को किसी भी तरह की परेशानी न हो इसके लिए चौबीस घण्टे कर्मचारियों की ड्यूटी लगा रखी गई है।

मोहनलालगंज के कालेबीर बाबा मन्दिर में प्रशासन की ओर से बनाया गया रैन बसेरा ठिठुरन भरी सर्दी में आसरे की तलाश में भटकने वाले लोगों के लिए बेहद मददगार साबित हो रहा है। एसजीपीजीआई से इलाज कराने और जेल में बन्दियों से



मिलने आने वाले मुलाकाती रात में यहां आकर शरण ले रहे हैं। यही नहीं कई बार तहसील में रजिस्ट्री कराने आने वाले लोग भी रैन बसेरे में रुककर रात गुजार चुके हैं। रैन बसेरे के विजिट रजिस्टर पर नजर डालें तो पिछले बीस दिनों में जौनपुर, शाहजहांपुर ,रायबरेली और संतकबीरनगर से तकरीबन पच्चीस लोग रैन बसेरे में आसरा ले चुके हैं। एसडीएम विकास सिंह ने बताया वह खुद औचक निरीक्षण रैन बसेरे में साफ-सफाई समेत अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहते हैं। विजिट रजिस्टर बनवाकर शरण लेने वाले प्रत्येक व्यक्ति का ब्योरा दर्ज करने के साथ उसका पहचान पत्र भी लिया जाता है। अधिकारियों के नंबर भी लिखवाए गए हैं जिससे किसी भी तरह की परेशानी पर लोग सीधे फोन मिलाकर शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

### भटककर पहुंची बुजुर्ग को दिलवाया आसरा

**हाल** ही में प्रतापगढ़ की एक बुजुर्ग महिला भटककर मोहनलालगंज में बस से उतर पड़ी। शाम ढ़लते ही ठण्ड बढ़ी तो बुजुर्ग आसरा तलाशते हुए मोहनलालगंज के कालेबीर मन्दिर पहुंच गईं। इतने में एसडीएम भी वहां पहुंच गए। मन्दिर के पुजारियों ने बुजुर्ग की परेशानी के बारे में बताया तो एसडीएम ने उन्हें अपने साथ ले जाकर रैन बसेरे में शरण दिला दी। फिर उनके खाने-पीने का इंतजाम कर घरवालों से फोन पर बात कर अगले दिन सुबह आकर उन्हें अपने साथ ले जाने के लिए कहा। महिला की मौजूदगी को देखते हुए पुलिस को रात भर गश्त करते रहने के भी निर्देश दिए। अगली सुबह घर के लिए निकली बुजुर्ग ने तहसील अधिकारियों को तमाम दुआएं दीं।

# 'महिलाओं को रोजगार प्रदान कर स्वावलंबी बनाने में मददगार हैं स्वयं सहायता समूह'

● सरकार समूहों को मजबूत बनाने का कर रही है प्रयास: उपमा पांडे

● गिरैया बाजार में मां वैष्णो फाउंडेशन ट्रस्ट की ओर आयोजित किया गया कार्यक्रम

संवाददाता। अम्बेडकरनगर

**स्वयं सहायता** समूह के माध्यम से सरकार महिलाओं को स्वावलंबी बनाने व रोजगार देने का काम कर रही है, इसके माध्यम से महिलाओं के उत्थान के लिए सरकार कृत संकल्पित है । उक्त बातें भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की जिला सहसंयोजक उपमा पांडे ने गिरैया बाजार में मां वैष्णो फाउंडेशन ट्रस्ट के तत्वावधान मे आयोजित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किया ।उन्होंने कहा कि समूह के माध्यम से सरकार ने महिलाओं को रोजगार देने तथा उन्हें स्वावलंबी बनाने के लिए तमाम योजनाएं चला रखा है जिससे गांव घर की गरीब महिलाएं रोजगार पा सकें। उन्होंने कहा कि सरकार ने होम टू टेक राशन व्यवस्था आंगनबाड़ी केंद्र पर वितरित करने के लिए स्वयं सहायता समूह को जिम्मेदारी सौंपी है अब इसके माध्यम से महिलाएं अपने गांव में ही रोजगार पा सकेंगी, राष्ट्रीय आजीविका मिशन के डिप्टी कमिश्नर आरबी यादव ने कहा कि स्वयं सहायता समूह को और बृहद बनाने की जरूरत है इसके तहत गांव की महिलाएं रोजगार पा सकेंगी। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूह की महिलाएं टेक्निकल खेती के माध्यम से तथा स्वयं सहायता समूह द्वारा छोटे-छोटे सामान बनाकर उसे बाजार में बेचकर अच्छी आय कर सकती हैं शासन की मंशा है कि हर महिला के हाथ में रोजगार हो सके छोटे-छोटे कुटीर उद्योग के माध्यम से महिलाएं स्वावलंबी बन सकती हैं, उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि अगर महिलाएं जागरूक रहें तो उन्हें आय के लिए भटकना नहीं पड़ेगा और उनके परिवार का भरण पोषण भी आसानी से हो सकेगा । स्वयं सहायता समूह महिलाओं के मजबूती प्रदान करने का एक सशक्त माध्यम है इस माध्यम से महिलाएं स्वावलंबी भी बनेंगी। कार्यक्रम को भाजपा नेत्री अंजू पांडे ,मीरा पांडे ,संगीता, शर्मिला, कुसुम लता ,बंदना आदि स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने संबोधित किया उक्त मौके पर आजीविका मिशन के ब्लॉक प्रबंधक कृष्ण लाल चौहान ,दीपक द्विवेदी ,अजीत सिंह आदि लोग मौजूद रहे।



स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को सम्बोधित करती उपमा पांडेय पायनियर

## मंडलायुक्त ने दिया धन्यवाद

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**मण्डलायुक्त** जयन्त नार्लिकर ने गोरखपुर महोत्सव के आयोजन से जुडे लोगो का धन्यवाद ज्ञापित करते हुये कहा कि गोरखपुर महोत्सव का आयोजन गोरखपुर के जनमानस के लिये है। हम लोग मात्र एक माध्यम है इस लिये यह सभी सम्मान जनता को समर्पित है, इस समय गोरखपुर महोत्सव को आयोजन एक कठिन कार्य था। जिससे यहां की जनता के सहयोग से पूर्ण किया गया। उन्होने कहा कि गोरखपुर महोत्सव समानता स्वालम्बन स्वच्छता का सन्देश देता है। उक्त बातें उन्होने एनेक्सी भवन मे गोरखपुर महोत्सव मे कार्य करने वालो के सम्मानित करने के लिये आयोजित कार्यक्रम के दौरान कही। उन्होने इस अवसर पर मीडिया के सहयोग के लिये धन्यवाद देते हुये कहा कि महोत्सव के इस सफल आयोजन मे मीडिया की अहम भूमिका है। इस अवसर पर मण्डलायुक्त ने नगर मजिस्ट्रेट, अपर जिलाधिकारी नगर, अपर जिलाधिकारी वित, उप जिलाधिकारी सदर, उपजिलाधिकारी खजनी, उप निदेशक अर्थ एवं संख्या, तहसीलदार सदर सहित विभिन्न समितियों के सदस्यो एवं राकेश श्रीवास्तव, हरी प्रसाद, प्रो. राजवन्त राव, प्रो. प्रदीप राव, प्रो. अजय शुक्ला, प्रो. उषा सिह सहित अन्य अधिकारियो. कर्मचारियों को सम्मानित किया।

# एनटीपीसी टांडा में परियोजना प्रमुख के साथ ग्रामीण हितधारकों की बैठक का आयोजन

संवाददाता। अम्बेडकरनगर

**एनटीपीसी-टाण्डा** में परियोजना प्रमुख के. श्रीनिवास राव की अध्यक्षता में ग्रामीण हितधारकों की बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक में महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) एसके सिंह, महाप्रबंधक (चिकित्सा सेवाएं) डॉ. उदयन तिवारी, अपर महाप्रबंधक (मासं) एसएन पाणिग्राही के साथ परियोजना प्रभावित गाँवों एवं आसपास के गाँवों के ग्राम प्रधान एवं विद्यालयों के प्रधानाध्यापक एवं शिक्षक उपस्थित रहे। बैठक के दौरान एनटीपीसी टांडा द्वारा सीएसआर के तहत आसपास के गाँवों के लिए किये गये विविध कार्यों एवं विद्यालयों में उपलब्ध कराई गयी सुविधाओं पर निर्मित एक लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। इसके उपरान्त एक-एक करके सभी गाँवों के प्रधानों एवं प्रधानाध्यापकों से गाँवों एवं विद्यालयों के समुचित विकास के लिए सुझाव आमंत्रित किये गये। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीण हितधारकों के साथ संवाद स्थापित करते हुए परियोजना प्रमुख श्री राव ने कहा कि एनटीपीसी अपनी परियोजनाओं के आसपास अवस्थित गाँवों के चतुर्दिक विकास एवं ग्रामवासियों की खशहाली में विश्वास रखती है।

उन्होंने कहा कि वे ग्रामवासियों को साथ में लेकर गाँवों में आधारभूत संरचना का विकास करने एवं सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए हरसंभव प्रयास करते रहेंगे। इस क्रम में सभी ग्राम प्रधानों एवं विद्यालयों के शिक्षकों ने एनटीपीसी टांडा द्वारा किये गये विकास के कार्यों एवं प्रदत्त सुविधाओं के लिए टांडा प्रबंधन की भूरि-भूरि प्रशंसा की। कार्यक्रम में उप महाप्रबंधक (मा0सं0) मृणालिनी, उप महाप्रबंधक (पुनर्वास एवं पुनर्स्थापना) परवेज खान, उप महाप्रबंधक (तकनीकी सेवाएं) शैलेष श्रीवास्तव, प्रबंधक (मासं) राजीव त्रिपाठी, पी.वी.जनार्दन, उप प्रबंधक (पुनर्वास एवं पुनर्स्थापना), सीएसआर अधिकारी सुश्री इशिता पोहूजा, नैगम संचार अधिकारी सुश्री शिखा प्रसून सहित अनेक अधिकारी भी उपस्थित रहे।



## जीआईसी में आयोजित हुआ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

**अम्बेडकरनगर।** राजकीय इंटर कालेज अकबरपुर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम विद्यार्थियों द्वारा धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के बारे में प्रधानाचार्य द्वारा बताया गया कि विद्यालय के छात्र -छात्राओं द्वारा विविध कार्यक्रम मनाया गया। मेंहदी प्रतियोगिता में पायल शर्मा, शीलू , सुप्रिया सोनी व अंजली विश्वकर्मा, रीतू तथा निबन्ध प्रतियोगिता में पायल शर्मा, सना, अंजली विश्वकर्मा, साहिबा खातून, शीलू, अनामिका वर्मा, रोली पाल, धर्मेश विश्वकर्मा की प्रतिभागिता रही। रंगोली में स्नेहा पाण्डेय, आकांक्षा शर्मा, प्रतिमा, अन्नू व पूजा चौहान की प्रतिभागिता रही। शनिवार को क्विज प्रतियोगिता तथा वाद -विवाद प्रतियोगिता नेताजी सुभाषचन्द्र बोस की जयन्ती अवसर पर आयोजित होगी। रंगोली में स्नेहा पाण्डेय तथा मेंहदी में शीलू प्रथम स्थान पर रही जबकि निबन्ध प्रतियोगिता में स्नेहा पाण्डेय प्रथम व पायल शर्मा द्वितीय स्थान पर रहीं।

## सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर मिनी मैराथन आज

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**नेता जी** सुभाष चन्द बोस के 125वीं जयंती पर 23 जनवरी को युवा कल्याण विभाग द्वारा मिनी मैराथन (नौकायन से सुभाष चन्द प्रतिमा पैडलेगंज तक) का आयोजन किया जायेगा। जिसका शुभारम्भ 23 जनवरी का प्रात: 9 बजे से विधायक सहजनवां शीतल पाण्डेय द्वारा हरी झण्डी दिखाकर किया जायेगा। प्रतिभागियो को पुरस्कार वितरण पुलिस महानिरीक्षक गोरखपुर परिक्षेत्र राजेश मोदक एवं राज्य युवा कल्याण परिषद उपाध्यक्ष राज्य मंत्री डा. विभ्राट चन्द कौशिक द्वारा किया जायेगा। उक्त जानकारी जिला युवा कल्याण एवं प्रा.वि.द. अधिकारी ने दी है।

# मालीपुर बाजार में चोरों का आतंक

● सेंध काटकर लाखों का सामान किया पार

**अम्बेडकरनगर।** पुलिस की निष्क्रियता के चलते चोरों के हौसले बुलंद है जिन पर पुलिस लगाम लगाने में असफल साबित हो रही है। मालीपुर थाना क्षेत्र में इन दिनों चोरों की ताबड़तोड़ घटनाओं से क्षेत्रवासियों की नीद हराम हो गयी है। आए दिन हो रही चोरी की घटना से लोग काफी परेशान हैं और इन पर पुलिस अंकुश नहीं लगा पा रही है । दो दिन पूर्व जहां चोरों ने मालीपुर चौराहे पर स्थित साहू क्लॉथ स्टोर में सेंध काटकर चोरी करने का असफल प्रयास किया वहीं उसी ही रात में जलालपुर मालीपुर रोड पर स्थित अंग्रेजी व शराब की दुकानों में शटर का ताला तोड़कर दुकान में घुसकर नगदी तो नहीं थी परंतु दो चार बोतल ले जाने में जरूर सफल रहे। उन चोरों ने गुरुवार की रात में मालीपुर जलालपुर रोड पर स्थित आढती वा खाद व्यापारी मुन्ना जायसवाल के आवासीय परिसर में नकाब लगाकर एक लाख नगदी ले जाने में सफल रहे। शुक्रवार की सुबह जब दुकानदार उठा तो घर में सेंध कटा देख हैरान हो गया और पुलिस को सूचना दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। थानाध्यक्ष विवेक वर्मा ने बताया मामले की जांच पड़ताल कर चोरों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई की जाएगी।



## क्विक न्यूज

### चेंबर ऑफ इंडस्ट्रीज की बैठक आज

**गोरखपुर।** उद्योग विभाग की वर्तमान योजनाओं के साथ साथ विभाग के दीर्घकालीन विकास योजनाओं के बारे में आमजन को जानकारी देने के संबंध में 23 जनवरी को अपरान्ह 2 बजे चेम्बर आफइण्डस्ट्रीज में संगोष्ठी आयोजित होगी। यह जानकारी उपायुक्त उद्योग ने दी है।

### मंडलायुक्त ने किया निरीक्षण

**गोरखपुर।** मण्डलायुक्त जयन्त नार्लिकर ने पुरूष जिला अस्पताल एवं जिला अस्पताल महिला में बने कोविड वैक्सीनेशन सेन्टर का निरीक्षण कर वैक्सीनेशन के कार्यों को देखा। निरीक्षण के दौरान मण्डलायुक्त ने टीका लग रहे कार्मिकों से टीकाकरण की प्रक्रिया की जानकारी लेते हुए टीका लग चुके व्यक्तियों से उनके स्वास्थ्य और अनुभवों की जानकारी भी ली। निरीक्षण के दौरान वहां उपस्थित मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि आज जनपद के 41 केन्द्रों पर 4100 लोगों को टीका लगाया जा रहा है। इस अवसर पर सम्बंधित अधिकारी गण उपस्थित रहें।

### नाविक सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

**गोरखपुर।** जिलाधिकारी के. विजयेन्द्र पाण्डियन के निर्देशानुसार कलेक्ट्रेट सभागार में नाव सुरक्षा एवं नाविक कल्याण समिति की बैठक सम्पन्न हुई जिसकी अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी नगर आर.के. श्रीवास्तव ने की। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि जीर्ण शीर्ण, क्षतिग्रस्त व पुरानी नौकाओं द्वारा अपनी भारवाही क्षमता से अधिक भार का नौवाहन किये जाने, नौका की भौतिक दशाओं, संरचनाओं व उनके परिचालन गतिविधियों के समुचित सत्यापन का अभाव, नौका संचालकों का खराब या शून्य प्रशिक्षण, उनकी खतरनांक कार्यशैली, नौपरिवहन संबंधी कानूनों का वास्तविक रूप से पालन न किये जाने आदि के कारण नौका दुर्घटनाएं घटित होती है। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि शासन द्वारा नौका दुर्घटनाओं के प्रबंधन न्यूनीकरण व सुरक्षा तथा नाविकों के विकास व कल्याण हेतु जिला स्तरीय एवं तहसील स्तरीय नाव सुरक्षा एवं नागरिक कल्याण समिति गठित करने के निर्देश दिये गये है। जिसके क्रम में जिला स्तरीय समिति जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 13 सदस्यीय एवं उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 6 सदस्यीय तहसील स्तरीय समिति गठित की गयी है। उन्होंने कहा कि नावों पर भारवाही क्षमता का अंकन किया जाये और उससे अधिक भार डालने पर संबंधित नाविक के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। नाविकों का प्रशिक्षण कराया जाये। बैठक में तहसील, पुलिस एवं विभिन्न विभागों के संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे। बैठक का संचालन जिला समन्वयक गौतम गुप्ता ने किया।

### समय का करें सदुपयोग

**गोरखपुर।** दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय के महिला उत्पीड़न निवारण समिति एवं शिक्षा शास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम नारी सशक्तिकरण (मिशन शक्ति) कार्यक्रम में बोलते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शैलेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि जब भी कोई कार्य करें, समय का सदुपयोग करें ताकि हमारे भावी जीवन सुसज्जित हो। छात्राओं को संबोधित करते हुए नारी उत्पीड़न निवारण समिति की संयोजक डॉ. गीता सिंह ने कहा कि स्त्री एवं पुरुष दोनों ही समाज के आवश्यक अंग हैं। महिलायें धरती ही नहीं आकाश में भी अपनी साहस, विद्वता एवं शक्ति का परचम लहरा रही हैं। हमें अपनी छात्राओं से भी इसी प्रकार की आशा है। शिक्षा शास्त्र विभाग की प्रभारी श्रीमती निधि राय ने कहा की नारी शक्ति का स्वरुप है। इसे बस अपना स्वरूप पहचानने की आवश्यकता है, इस अवसर पर सृष्टि, उपासना, निशा, आदि ने अपनी समस्याओं की चर्चा की जिनका उत्तर डॉ रूक्मिणी चौधरी, श्रीमती जागृति विश्वकर्मा आदि ने किया। इस अवसर पर डॉ. प्रतिमा सिंह, डॉ. अखंड प्रताप सिंह, डॉ. अनुपमा मिश्रा, डॉ. सरिता सिंह, सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।

### कोविड-19 के विरुद्ध टीकाकरण अभियान का शुभारंभ

**गोरखपुर।** जिला स्वास्थ्य समिति के द्वारा गुरु श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय, गोरखनाथ में कोविड-19 के विरुद्ध टीकाकरण बूथ पर टीकाकरण प्रारम्भ हो गया। इस अवसर पर चिकित्सालय के निदेशक मेजर जनरल डॉक्टर अतुल बाजपेई ने पहला टीका लगवाकर बूथ का शुभारंभ किया । इस अवसर पर उन्होंने बताया कि गुरु गोरक्षनाथ चिकित्सालय में कोरोना के खिलाफ निर्णायक लड़ाई के लिए वैक्सीनेशन प्रारम्भ हुआ। इस लड़ाई में चिकित्सालय के चिकित्सक तथा कर्मचारियों ने जोश के साथ टीका लगवाया। उन्होंने प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। आज के वैक्सीनेशन में अपर निदेशक डॉक्टर कामेश्वर सिंह, अधीक्षक डॉ. सी. एम. सिन्हा, ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. अवधेश अग्रवाल, डॉ. कुमकुम अग्रवाल, ए.सी.एम.एस. डॉ. देवी प्रसाद श्रीवास्तव, डॉ.आर. पी. पान्डेय, डॉ. राकेश तिवारी, डॉ. दिवाकर मिश्रा, छाती रोग विशेषज्ञ डॉ. शशांक ओझा, यूरोलोजिस्ट डॉ. अरविन्द तिवारी, परामर्श चिकित्सक डॉ. आशीष गोयल, डॉ. संजीव गुप्ता, जनसंपर्क अधिकारी देवेश पाण्डेय, डॉ. ए. पी. त्रिपाठी, डॉ. अशोक सिंह, डॉ. वी. के. सिंह, डॉ. आलोक सिंह, डॉ. सुनील सिंह, डॉ कुलदीप सिंह, डॉ.अभिषेक पाण्डेय सहित दो सौ चिकित्सालय के टेक्नीशियन तथा अन्य मेडिकल वर्कर्स ने टीका लगवाया।

### कोटे का चयन सम्पन्न

**अम्बेडकरनगर।** अकबरपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम हरकपुर कौढ़ा में कोटे का चुनाव शांति पूर्वक सम्पन्न हो गया। उपजिलाधिकारी अकबरपुर मोइनुल इस्लाम ने भी मौके पर पंहुच कर प्रक्रिया का जायजा लिया। चुनाव के दौरान विजय कुमार को 60, पूनम देवी को 265 तथा राजेश कुमार दूबें के पक्ष में 279 लोगों ने समर्थन व्यक्त किया। इस प्रकार राजेश कुमार दूबे का चयन किया गया। इस दौरान खण्ड विकास अधिकारी अकबरपुर अनुराग सिंह, थानाध्यक्ष मालीपुर विवेक वर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# परमहंस का 16 जनवरी से चल रहा आमरण अनशन समाप्त

● अयोध्या के मेयर ऋषिकेश उपाध्याय ने परमहंस को जूस पिलाकर अनशन समाप्त कराया और 14 कोसी में परिक्रमा के अंदर मांस मदिरा बिक्री पर प्रतिबंध का आश्वासन दिया

संवाददाता। अयोध्या

**अयोध्या** के सांस्कृतिक सीमा में मांस मदिरा की बिक्री को लेकर 16 जनवरी से आमरण अनशन पर बैठे तपस्वी छावनी के जगत गुरु परमहंस आचार्य काा 6 दिनों अयोध्या के मेयर ऋषिकेश उपाध्याय ने जूस पिलाकर अनशन खत्म कराया। श्री रामलला के पक्ष में फैसला आने के पूर्व राम मंदिर निर्माण की मांग को लेकर अनवरत 16 दिन अन्न और जल त्याग करके चर्चा में आए महंत परमहंस दास ने कई सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ अनशन किया। और अयोध्या से मांस मदिरा की दुकानों को हटाए जाने की मांग को लेकर 16 जनवरी से आमरण अनशन पर बैठे महंत परमहंस दास का अनशन आज समाप्त हो गया अयोध्या नगर निगम के महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने जूस पिलाकर के परमहंस दास के अनशन को समाप्त कराया है और साथ ही आश्वासन दिया है कि अयोध्या के पंचकोशी परिक्रमा मार्ग से अभिलंब दुकानों को हटाए जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और जल्द ही 14 कोसी परिक्रमा मार्ग के बाहर शराब और मांस की दुकानों को किया जाएगा जिससे कि अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को असुविधा ना हो महापौर के आश्वासन के बाद और प्रधानमंत्री को संबोधित पत्र महापौर को सौंपने के पश्चात तपस्वी छावनी के महंत परमहंस दास ने जूस पी करके अपना अनशन समाप्त किया है। महंत परमहंस दास ने कहा कि अयोध्या की शास्त्रीय सीमा चौरासी कोस के अंदर से मांस और मदिरा की दुकानें हटाने की मेरी मांग थी जिस पर नगर निगम के महापौर ऋषिकेश उपाध्याय जी के आश्वासन दिया है कि 5 कोसी परिक्रमा मार्ग से मांस की बिक्री और दुकाने तत्काल बंद कराई जाएंगी और 14 कोसी परिक्रमा मार्ग के बाहर इनको किया जाएगा अयोध्या तीर्थ क्षेत्र को नशा मुक्त और शाकाहारी घोषित किया जाएगा साथी परमहंस दास ने कहा कि तीर्थ क्षेत्रों से अंडा मांस और मदिरा को समाप्त किया जाना चाहिए हमारी इच्छा है कि राम मंदिर निर्माण तक अयोध्या का स्वरूप त्रेता युग की अयोध्या के रूप में सामने आए हमारी भावनाओं का सम्मान हुआ हम इससे उत्साहित है।



# सामूहिक विवाह समारोह में एक दूजे के हुए 15 जोड़े

संवाददाता। अम्बेडकरनगर

**जलालपुर** ब्लाक परिसर में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत 15 जोड़े एक दूजे के हुए। वही इस सामूहिक विवाह में इक्का-दुक्का सत्ता पक्ष के नेताओं को छोड़कर कोई नही पहुचा और ना ही जिले के अधिकारी पहुंचे । जो चर्चा का विषय बना हुआ है। खंड विकास अधिकारी अरुण कुमार पांडे की मौजूदगी में सुष्मिता, महिमा, विनीता, आरती समेत 15 जोड़ों की शादी धूमधाम के साथ व विधि विधान के साथ संपन्न हुई ।उन जोड़ों को कुकर, बर्तन ,बाल्टी, मिष्ठान उपहार स्वरूप दिए गए। इस कार्यक्रम में सहायक विकास अधिकारी प्रियंका मिश्रा, विशाल यादव, भाजपा नेता राजेश सिंह ,राणा रणधीर सिंह, मीसम राज, संजीव मिश्रा, कृष्ण गोपाल कसौधन, सोनू गौड़ समेत कई नेता गण मौजूद रहे परंतु चर्चा का विषय तब बन गया जब उक्त कार्यक्रम में जिले व तहसील का कोई भी अधिकारी मौके पर मौजूद नहीं रहे। सभी कार्यक्रम ब्लॉक के अधिकारियों की मौजूदगी में संपन्न हुआ। वहीं कई भाजपा नेताओं ने बताया कि हम लोगों को कोई सूचना नहीं दी गई ।इसलिए हम लोग कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके। मौके पर मौजूद सभी अधिकारियों व नेताओं ने नव दम्पतियों को आशीर्वाद दिया।



कार्यक्रम में मौजूद वर-वधू के जोड़े पायनियर

# आला अधिकारियों ने किया निरीक्षण

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**चार फरवरी** को चौरीचौरा कांड के शताब्दी वर्ष समारोह मनाने की तैयारी को लेकर शुक्रवार को डीएम के विजयेंद्र पांडियन, सीडीओ इंद्रजीत सिंह, एडीएम राजेश कुमार सिंह, एसडीएम पवन कुमार, तहसीलदार लालजी विश्वकर्मा व सीओ दिनेश कुमार सिंह ने शहीद स्मारक, जनसभा स्थल, हेलीपैड स्थल का निरीक्षण किया। डीएम ने लो.नि.वि. को सड़क को शानदार बनाने, शहीद स्मारक के सड़क व रेलवे के बीच स्थित विद्युत पोल को हटाने, रेलवे के सामने स्थित भूमि पर समतलीकरण करने के बाद जल निकासी की व्यवस्था करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने संग्रहालय में टूटे मूर्तियों को ठीक कराने का भी निर्देश दिया। मुंडेरा बाजार जाने वाले मार्ग पर स्थित नालियों के अतिक्रमण को हटवाने और नाला को सुचारू रूप से ठीक कराने का निर्देश संबंधित विभाग को दिया। डीएम ने स्मारक में बड़ा राष्ट्रीय ध्वज, शहीद स्थल पर अखंड ज्योति लगाने का निर्देश दिया। इसके बाद डीएम व अन्य अधिकारी स्मारक से चार किमी दूर स्थित माइधिया पोखर रामलीला मैदान का भी निरीक्षण किया। इस मैदान में ही हेलीपैड बनाने का निर्णय लिया गया। उन्होंने सीडीओ से कहा कि हेलिपैड स्थल से लेकर स्मारक स्थल तक सड़क के किनारे के अतिक्रमण को हटवाना है और स्वच्छता कार्यक्रम चलाया जाएगा। सीडीओ ने डीपीआरओ हिमांशु शेखर ठाकुर को हेलीपैड से लेकर स्मारक तक सफाईकर्मी लगाकर व्यवस्था को बेहतर बनाने का निर्देश दिया।

इस दौरान नगर पंचायत चेयरमैन प्रतिनिधि ज्योतिप्रकाश गुप्ता, पूर्व प्रमुख ईश्वरचंद जायसवाल, दीपक कुमार जायसवाल, राजकुमार व्यास, प्रकाशचंद्र नंहे, अवधनारायण जायसवाल, राजकुमार जायसवाल, राजकुमार गुप्ता, जिला कोआर्डिनेटर बच्चा सिंह, अधिशासी अभियंता लोनिवि एसपी भारतीय, सहायक अभियंता पंकज सिंह, जेई सीपी यादव सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# नैक तैयारियों के संबंध में कुलपति ने परिसर के कार्यालयों का किया औचक निरीक्षण

● कुलपति ने शीघ्र कार्य सम्पन्न कराने के लिए अधिकारियों को दिशा-निर्देश प्रदान किया

संवाददाता। अयोध्या

**डॉ. राममनोहर** लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 रविशंकर सिंह ने नैक मूल्यांकन की तैयारियों के सम्बन्ध में आज 22 जनवरीए 2021 को प्रात: 11:30 बजे मुख्य परिसर के विभिन्न कार्यालयों को औचक निरीक्षण किया। विश्वविद्यालय में मार्च माह के प्रथम सप्ताह में नैक टीम द्वारा मूल्यांकन होना है। नैक तैयारियों के सम्बन्ध में कुलपति प्रो0 सिंह ने बारीकी से निरीक्षण किया। कुलपति ने निरीक्षण कार्य का प्रारम्भ कुलपति कार्यालय से ही किया। इसके उपरांत आईक्यूएसी एवं सीडीसी कार्यालय एवं ईडीपी सेल में नैक की तैयारियों एवं फाईलों के रखरखाव की जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक निर्देश प्रदान किये। कुलपति प्रो0 रविशंकर ने मुख्य परिसर के प्रशासनिक भवन के विभिन्न कार्यालयों का सघन निरीक्षण किया। जिसमें लेखा विभाग में कुलपति प्रो0 सिंह ने वित्त अधिकारी धनजंय सिंह के साथ नैक टीम के आने पर कार्यालय द्वारा किये जाने वाले प्रेजेटेशन पर चर्चा की। इसके साथ ही परीक्षा विभाग कुलसचिव कार्यालयए गोपनीय विभाग का भी औचक निरीक्षण किया। उन विभागों फाईलों के व्यवस्थित रखने का निर्देश प्रदान किया। निरीक्षण के समय कुलपति प्रो. सिंह ने परिसर स्थित डीएसडब्ल्यू कार्यालयए नैक सेलए डीन ब्लाक एवं मीडिया लैब का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय प्रभारियों को दिशा.निर्देश देते हुए कहा कि शीघ्र ही कमियों को दूर कर कार्यों में तेजी लाये। निरीक्षण के समय कुलसचिव उमानाथए वित्त अधिकारी धनंजय सिंह, मुख्य नियंता प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो. आरके सिंह, प्रो. फारूख जमाल, प्रो. नीलम पाठक, प्रो. शैलेन्द्र कुमार वमा, उपकुलसचिव विनय कुमार सिंह, सहायक कुलसचिव मो. सहील डॉ. नरेश चैधरी, डॉ. गीतिका श्रीवास्तव, डॉ. विनोद चैधरी, डॉ. डीएन वर्मा, डॉ. विजयेन्दु चतुर्वेदी, डॉ. अभिषेक सिंह, इंजीनियर आरके सिंह, शिवेन्द्र तिवारी उपस्थित रहे।



पायनियर
लखनऊ, शनिवार, 23 जनवरी, 2021



# शेयर बाजार में उछाल

## विश्लेषण की जरूरत

**मुंबई** शेयर बाजार का सूचकांक बीएसई सेंसेक्स इस गुरुवार पहली बार 50,000 का आंकड़ा पार कर गया। भारत की सर्वोच्च 30 कंपनियों के शेयरों के इस मनोवैज्ञानिक स्तर से पार जाने पर कुछ लोग शेयर बाजारों के इतने बेहतर प्रदर्शन पर आश्चर्यचकित हैं, जबकि इस वर्ष अर्थव्यवस्था में गिरावट है तथा लाखों भारतीयों का रोजगार समाप्त हुआ है जिसमें ब्लू कालर व व्हाइट कालर वर्कर शामिल हैं। शेयर बाजार और आर्थिक यथार्थ के बीच इस प्रकार का संबंध विच्छेद वास्तव में केवल भारतीय परिघटना नहीं है। आर्थिक समस्याओं के बावजूद सारी दुनिया में शेयर बाजार उछले हैं। उड्डयन क्षेत्र में कुछ शेयर तो सबसे ऊंचे हैं और यही हालत कुछ आटोमोबाइल शेयरों की भी है। शोधकर्ता इसे कार्पोरेट के उम्मीद से अधिक मुनाफे तथा विदेशी संस्थागत निवेशकों द्वारा भारी खरीद से जोड़ रहे हैं। पिछले कुछ दिनों में तीन घटनाओं से शेयर बाजार में उछाल की भावना है। इनमें बिना किसी दुर्घटना के जो बाइडेन का अमेरिका का 46वां राष्ट्रपति बनना, अनेक देशों के राष्ट्राध्यक्षों की उनसे उम्मीद तथा भारत के लिए इसे अच्छी खबर होने के साथ ही केन्द्र सरकार द्वारा आंदोलनकारी किसानों को तीन विवादास्पद कानूनों को 18 महीने स्थगित रखने का प्रस्ताव भी शामिल है जिससे गणतंत्र दिवस के पहले सरकार को राहत की उम्मीद थी। यह शेयर बाजार के लिए संभवत: वैसी ही खुशी है जैसी टीम इंडिया द्वारा ब्रिसबेन में शक्तिशाली आस्ट्रेलिया टीम को अप्रत्याशित ढंग से हराने और बार्डर-गावस्कर ट्राफी अपने पास बनाए रखने से क्रिकेट प्रशंसकों को मिली है। बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि वर्ष 2025 तक




सेंसेक्स 1,00,000 आंकड़े तक पहुंच सकता है। यह 2003 में शेयर सूचकांकों द्वारा आसमान छूने जैसी स्थिति है। ऐसे में शेयर बाजार में सूचकांकों को आसमान पर पहुंचाने वाले शेयरों पर नजर रखना जरूरी है। इन बड़े समूहों में रिलायंस, आईटीसी, इन्फोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज़ व मारुति शामिल हैं जिनका बाजार में प्रदर्शन आश्चर्यजनक है। वैसे कुछ लोगों के अनुसार बाजार व्यापक रूप से थोड़ा कमजोर है तथा अनेक छोटे शेयर, खासकर सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों के शेयर अब भी बेहतर प्रदर्शन नहीं कर रहे हैं, हालांकि उनकी मांग भी अब संभवत: बढ़ रही है।

ऐसे में क्या शेयर बाजार को अगले साल आर्थिक बहाली का पूर्वानुमान माना जाना चाहिए? शायद ऐसा ही हो। निराशावादियों के अनुमानों के उलट, टीकाकरण अभियान के गति पकड़ने से सेवाओं व वस्तुओं की मांग बढ़ेगी और 2021 का प्रदर्शन बेहतर हो सकता है। इसके साथ ही वास्तविक स्थिति व शेयर बाजारों के उछाल के बीच शायद कोई संबंध नहीं है, तेजड़िये अब भी मुनाफा कमा रहे हैं, पर आम जनता को सतर्क रहना चाहिए। बाजार लहर से प्रभावित होते हैं और लहरें उनके ध्वस्त होने की आशंका भी प्रकट करती हैं। निवेशकों को वर्तमान स्थिति में बाजार में पैसा लगाते समय बहुत सावधान रहना चाहिए क्योंकि अर्थव्यवस्था के अनेक क्षेत्रों में अभी बहाली के कोई संकेत नहीं हैं। इनमें रियल इस्टेट क्षेत्र भी शामिल है। यदि कोई शेयर बाजार में पैसा लगाना चाहता है तो उसके लिए म्यूचुअल फंड का रास्ता ज्यादा अच्छा है। इसके साथ ही उनको बाजार में पैसा लगाते समय घाटे की आशंका के लिए तैयार रहना चाहिए। शेयरों के लिए 50,000 का आंकड़ा बहुत ऊंचा है, लेकिन समय से पहले इसका उत्सव मनाने की सोच से बचना अच्छा रहेगा। कुछ लोगों को शेयर बाजारों से भारी मुनाफा हुआ है, पर आम जनता को इसमें अपना पैसा लगाने से पहले सावधान रहना चाहिए।

# असाधारण साहस के प्रतीक नेताजी

हम नेताजी सुभाष चंद्र की 125वीं जयंती 23 जनवरी को मना रहे हैं। यह समय आईएनए को उसका स्वतंत्रता संघर्ष के इतिहास में उचित स्थान देने के लिए उपयुक्त है।

**जेएस राजपूत**
(लेखक शिक्षा व सामाजिक एकजुटता हेतु कार्यरत हैं)





भारत 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस का 125वां जन्म जयंती वर्ष मनाने की शुरुआत कर रहा है जो असाधारण साहस व प्रतिबद्धता के प्रतीक थे। नेताजी स्वतंत्रता संग्राम के दौरान असाधारण व्यक्तित्व के रूप में उभरे। वे 1921-1940 तक कांग्रेस पार्टी में थे और वृद्धों व नौजवानों में समान लोकप्रियता के चलते दो बार कांग्रेस अध्यक्ष बने थे। वे 1921 में आईसीएस परीक्षा में सफल हुए, पर उन्होंने मातृभूमि की सेवा का प्रण लिया। मुंबई के मणि भवन में पहली बार महात्मा गांधी से मिलने के समय उनका दृष्टिकोण अलग था। उस समय गांधीजी ने एक साल के भीतर स्वराज प्राप्ति की घोषणा कर दी थी और 20 लाख चरखे चलने को स्वराज की शुरुआत बताया था। हालांकि, सुभाष चंद्र बोस को इसमें आशंका थी। इसके बाद बोस की मुलाकात देशबंधु चितरंजन दास से हुई जो उनके राजनीतिक गुरु बने। बोस शुरुआत से ही पूर्ण स्वतंत्रता चाहते थे जिसमें डोमीनियन दर्जे का कोई स्थान नहीं था। लाहौर अधिवेशन में नागरिक नाफरमानी व नमक सत्याग्रह का प्रस्ताव पास होने पर केवल एक व्यक्ति, नेताजी ने इसमें संशोधन की मांग की थी। उन्होंने कहा था कि इसे नागरिक नाफरमानी के बजाय समानान्तर सरकार होना चाहिए। नारायण देसाई के अनुसार, 'सुभाष बाबू की महानता थी कि संशोधन प्रस्ताव पेश करने के बावजूद नमक सत्याग्रह में उन्होंने अपनी पूरी ताकत से भाग लिया।' इससे उनके व्यक्तित्व की महानता तथा गांधीजी व पार्टी अनुशासन के प्रति उनका प्रेम प्रकट होता है। इसी असाधारण साहस व मतभेदों के कारण उन्होंने रास्ता अलग किया। लेकिन राजनीतिक परिपक्वता तथा अपने 'लक्ष्य' पर ध्यान केन्द्रित करने के कारण उन्होंने संभावित राजनीतिक कड़वाहट से बचने का प्रयास किया।

दो साल बाद बोस व विठ्ठलभाई पटेल ने जेनेवा से संयुक्त बयान जारी कर कहा कि हमारा देश अहिंसा के रास्ते से काफी आगे बढ़ा था, पर अब वह थम गया है तथा 'नेतृत्व में परिवर्तन की आवश्यकता है।' स्पष्ट रूप से इसका इशारा गांधीजी की ओर था। गांधीजी की अनुमति से विठ्ठल नगर अधिवेशन में बोस को कांग्रेस अध्यक्ष बनाया गया। लेकिन कांग्रेस कार्यसमिति ने उनको काम नहीं करने दिया। अगले साल चीजें काफी बदलीं, जब वे पट्टाभि सीतारमैया को हरा कर चुनाव जीतने में सफल हुए। यह स्वतंत्रता संग्राम के लिए दु:खद क्षण था जब गांधीजी ने कहा कि 'पट्टाभि की हार मेरी हार है।' इस पर बोस ने कांग्रेस अध्यक्ष पद छोड़ दिया। बोस के घर से भागने, अफगानिस्तान में गिरफ्तार होने तथा बाद में रूस, जर्मनी व जापान जाने के बाद वरिष्ठ नेताओं से उनके मतभेद के अन्य आयाम उजागर हुए। दक्षिण पूर्व एशिया में भारतीयों में देशभक्ति की ज्वाला जगा कर नेताजी ने आजाद हिंद फौज-आईएनए की स्थापना की तथा निर्वासित सरकार का गठन किया। आईएनए कमांडर इन चीफ के रूप में उन्होंने बर्मा सीमा से भारत में प्रवेश किया। यह कदम न केवल अंग्रेजों, बल्कि धुरी शक्तियों से भारत की स्वतंत्रता के लिए था।

आधिकारिक रिकार्ड के अनुसार, आईएनए के 60,000 सैनिकों में से 26,000 मारे गए। मौलाना आजाद ने अपनी पुस्तक 'इंडिया विन्स फ्रीडम' में बताया कि बोस से अलग राय रखने के बावजूद गांधीजी पर नेताजी के भारत से पलायन और संगठनात्मक क्षमता का बहुत प्रभाव था। 'गांधीजी ने युद्ध के परिणाम पर कुछ नहीं कहा, पर उनसे चर्चा के समय मुझे लगा कि उनको धुरी शक्तियों की विजय पर अविश्वास था। सुभाष चंद्र बोस के जर्मनी जाने का गांधीजी पर बहुत प्रभाव था। उन्होंने औपचारिक रूप से उनके कृत्यों का समर्थन भले ही न किया हो, पर मुझे उनके दृष्टिकोण में अंतर दिखाई दिया। उनकी अनेक टिप्पणियों से स्पष्ट था कि वे सुभाष चंद्र बोस के असाधारण साहस से प्रभावित थे। लेकिन युद्ध के बारे में उनकी राय ने सुभाष चंद्र बोस के बारे में उनके विचार बदले।' मौलाना ने गांधीजी द्वारा नेताजी के निधन पर 'सुभाष बोस की मां को एक शोक संदेश भेजने तथा उसमें सुभाष बोस की भूरि-भूरि प्रशंसा करने' की खबर का उल्लेख किया, हालांकि बाद में यह खबर गलत पाई गई। लेकिन पूरा भारत सुभाष बोस से प्रेम करता था, उन पर उसे पूरा विश्वास था और वह उनकी रणनीति तथा गठबंधन बनाने के विवेक के साथ था।

बोस की मां को गांधीजी के संदेश को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मीडिया ने जानबूझ कर उछाला। लुई फिशर ने गांधीजी से कहा, 'सारी दुनिया में आपने यह समझ पैदा की जैसे आप जापानियों के साथ हों'। इस पर गांधीजी का जवाब उनके निकटस्थ लोगों के लिए आश्चर्यजनक था-'क्या आप मुझे उनसे बड़ा कोई देशभक्त बता सकते हैं?' परस्पर प्रेम का इससे बड़ा कोई उदाहरण नहीं हो सकता है। आज के नेताओं को इससे सबक सीखना चाहिए कि मतभेदों के बावजूद एक-दूसरे का विरोध न करें। स्वतंत्रता संग्राम के दोनों सर्वोच्च नेताओं के बीच संबंध समझना जरूरी है जिनका दृष्टिकोण एक दूसरे से अलग था, पर वे देश के लिए दूसरे का महत्व समझते थे। बोस के निर्वासन के समय जब उनका कोई परिचित भारत आया तो उन्होंने उसे सलाह दी, 'यदि तुम्हें कोई समस्या या किसी चीज के बारे में भ्रम हो तो मेरी केवल एक सलाह है कि तुमको जाकर गांधीजी से मिलना चाहिए।' बोस ने गांधीजी को 'उन्ही आमादेर जातेर जनक', यानी राष्ट्रपिता के रूप में संबोधित किया है।

हाल ही में भारत ने गांधीजी की 150वीं जयंती मनाई ओर अब वह सुभाष चंद्र बोस की 126वीं जयंती मनाएगा। यह समय बोस और आईएनए के भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में योगदान के बारे में चर्चा का है। गांधीजी की विरासत का दावा करने तथा स्वतंत्रता के बाद देश की सत्ता में आने वाले स्पष्ट रूप से गांधीजी की तरह उदार नहीं थे। नौजवानों व वयस्कों को पेश किया जा रहा स्वतंत्रता संग्राम का इतिहास 'एकपक्षीय' तथा वैचारिक रूप से संकुचित है। सभी जानते हैं कि पिछले पांच दशकों में इतिहास लेखन के साथ क्या हुआ। भारत में सर्वोच्च ब्रिटिश अधिकारियों के आधिकारिक दस्तावेज अब आसानी से उपलब्ध हैं। उनकी जांच करने से नए तथ्य व विस्तृत विवरण सामने आ सकते हैं जिनसे सुभाष चंद्र बोस तथा उनकी आईएनए की भूमिका सही परिदृश्य में देखी जा सकती है। क्या केवल अहिंसा, नागरिक नाफरमानी व सत्याग्रह का महत्व है? क्या क्रांतिकारियों, नौजवान शहीदों व आईएनए की भूमिका महत्वपूर्ण नहीं है? अनेक लोगों ने इतिहास को वैचारिक संकीर्णताओं से मुक्त करने का प्रयास किया है। सेवानिवृत्त मेजर जनरल जी.डी.बख्शी की पुस्तक 'बोस: ऐन इंडियन समुराई' में एक घटना का उल्लेख है। भारत से ब्रिटिश शासन समाप्त करने का अंतिम निर्णय ब्रिटिश प्रधानमंत्री क्लीमेंट एटली ने लिया था। पद छोड़ने के बाद एटली 1956 में भारत आए और पश्चिम बंगाल के तत्कालीन राज्यपाल जस्टिस पी.बी. चक्रवर्ती के अतिथि बने। उन्होंने एटली से पूछा कि जब 1944 में भारत छोड़ो आंदोलन कमजोर पड़ गया था तो अंग्रेजों ने युद्ध के बार भारत क्यों छोड़ा? एटली का जवाब था, 'इसका कारण बोस की आईएनए थी जिसने ब्रिटिश भारतीय सशस्त्र बलों में विद्रोह की स्थिति पैदा कर दी थी।' भारत छोड़ो आंदोलन की भूमिका के बारे में पूछे जाने पर एटली ने व्यंग्यात्मक ढंग से मुस्कराते हुए कहा 'बहुत कम'। क्या इसके बाद भारत को आजाद कराने में नेताजी सुभाष चंद्र बोस और आजाद हिंद फौज के शहीदों की भूमिका के बारे में और कुछ कहना बाकी रह जाता है?

एक ऐतिहासिक प्रतीक के रूप में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कोलकाता में नेताजी तथा आईएनए की स्मृति में एक राष्ट्रीय संग्रहालय का उद्घाटन कर रहे हैं। यह हम सबके लिए गौरव का क्षण है। भावी पीढ़ियों में नेताजी सुभाष चंद्र बोस, उनकी प्रतिबद्धता तथा साहस का संदेश फैलाने में प्रमुख राष्ट्रीय संगठन के रूप में नेताजी सुभाष बोस-आईएनए ट्रस्ट का महत्वपूर्ण योगदान है। नेताजी की 125वीं जन्म जयंती मनाने की उसकी व्यापक योजना है। इसके अध्यक्ष सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर आर.एस. छिकारा बार-बार एक सवाल उठाते हैं, 'नई दिल्ली में नेताजी और आईएनए की स्मृति में उचित स्थान पर कोई उपयुक्त स्मारक क्यों नहीं है जहां पूरे भारत और दुनिया भर के आगंतुक भारत के इस महान और साहसी पुत्र तथा उनके शहीद साथियों के प्रति अपनी श्रृद्धांजलि व्यक्त कर सकें जिन्होंने उनके आह्वान पर अपने प्राणों की बलि चढ़ा दी?' फिलहाल हमारे पास इसका जवाब नहीं है, पर इसे तलाशने का प्रयास होना चाहिए।

# नए दशक के लिए होगा नया बजट

"देश की कोविड पश्चात आकांक्षाओं के साथ वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण फरवरी में अपने कार्यकाल का तीसरा बजट पेश करेंगी।"

**कुमारदीप बनर्जी**
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)



2020 में, वर्ष के इस समय के दौरान, केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण एक ऐसा बजट तैयार करने में व्यस्त हैं जो भारत को 5 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था में जाने योग्य बल प्रदान करेगा। पिछले वर्ष फरवरी पश्चात जो हुआ वह यहां से मानव सभ्यता का के एक नाजुक परिवर्तन बिंदु के तौर पर संदर्भित किया जाएगा, जो पूर्व कोविड काल की सामाजिक, राजनीतिक एवं आर्थिक संविदाओं में परिवर्तन लाया है। देश की कोविड पश्चात वृहत आकांक्षाओं के साथ वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण फरवरी में अपने कार्यकाल का तीसरा बजट पेश करेंगी। यद्यपि विविध औद्योगिक निकायों, राज्यों एवं अन्य हिस्सेदारों की मांगों का आम समुच्चय पहले ही दस्तावेजीकृत किया जा चुका है, यहां पर नए दशक के पहले वर्ष को देश की अर्थव्यवस्था के लिए सफल बनाने हेतु कुछ पहलकदमियां की गई हैं।

विदित हो कि पिछले वर्ष के बजट ने अधिकतर करदाताओं के समक्ष मानक थाली के साथ सूची में से वस्तु चुनने के विकल्प पेश किए थे। विचार था नागरिकों के हाथों में कुछ पैसा रखने का, जिसको वे वस्तुओं एवं सेवाओं पर खर्च करके देश की अर्थव्यवस्था को वापस दे सकें। महामारी की मार से जूझता देश संकट में आया क्योंकि बिजनेस धराशायी होने लगे और परिवार गरीबी के दलदल में चले गए। इसलिए, सीतारमण के लिए पहला महत्वपूर्ण कदम होना चाहिए आयकर कानूनों में नौकरशाही बाधाओं को दूर करना और उन्हें नागरिकों के लिए सच्चे अर्थों में सरल बनाना, साथ में कर की दरें घटाना और मूलभूत आय स्लैबों अथवा बचतों पर अधिक रियायतें देना। कर प्रणाली का दूसरा महत्वपूर्ण आयाम एक सुधरी हुई, निम्न-स्लैब वस्तु एवं सेवा कर प्रणाली सुनिश्चित करना। खुदरा, पर्यटन, आतिथ्य एवं उड्डयन आदि कुछ क्षेत्र हैं जिन पर तत्काल ध्यान देने तथा जीएसटी दरों में कटौती के द्वारा अथवा ऐसा करने का इरादा जाहिर करके अस्थायी समयबद्ध राहत देने की आवश्यकता है।

अपेक्षित राजस्व हानि की दमदार विनिवेश प्रक्रिया के द्वारा भरपाई की जा सकती है जो लंबे समय से रुकी हुई है। यदि सरकार का इरादा आईडीबीआई में अपनी हिस्सेदारी छोड़ने का है और 2020 में सबसे बड़े सार्वजनिक क्षेत्र बीमाकर्ता को सूचीबद्ध करना है, बजट 21-22 की तैयारी में एयर इंडिया, बीपीसीएल, भारतीय जहाजरानी निगम एवं भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड को रुचि की अवस्था की शुरुआती अभिव्यक्ति में लाएं। ये सभी, "बाजार जाओ" लक्ष्यों के लिए संभावित ब्लॉकबस्टर हैं जो सरकार का खजाना भर सकते हैं यदि सफलतापूर्वक लागू किए जाएं। केंद्र राजनीतिक शक्तियों द्वारा प्रक्रिया को अवरुद्ध करने की संभावनाओं के प्रति जागरूक हैं। इसलिए, इन विनिवेशों के लाभों एवं आवश्यकता के बारे में नागरिकों को शिक्षित करने के लिए मास मीडिया में अपनी दक्षता का उपयोग प्रारम्भ करने की आवश्यकता है।

इन बड़े सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों के कर्मचारियों को दायरे में रखकर लौह निर्णय लेना पड़ेगा, साथ में 21वीं सदी के लिए तैयार उद्यम के संचालन हेतु बेहतर निधियां एवं श्रेष्ठ कारपोरेटों को आकर्षित करने के लिए वैश्विक रोड शो करने होंगे। एंतिहासिक रूप से, प्रत्येक देश जो समृद्ध हुआ है उसने अस्तित्वमान संसाधनों की संपदा का उपयोग करके तथा नए जगत से अनुकूलन करने के लिए अपनी दक्षताओं का पुन: इस्तेमाल करके ऐसा किया है। अब सरकार के लिए बिजनेस से बाहर निकलने एवं दृढ़ संकल्प के साथ ऐसा करने का समय आ गया है।

सीतारमण की सूची में तीसरा आइटम होना चाहिए नौकरियों का सृजन, जिसके लिए लक्ष्य अब कोविड-19 के कारण अर्थव्यवस्था पर पड़े दबाव के चलते कठिन हो गए हैं। निर्माण, अवसंरचना एवं स्वास्थ्यरक्षा कुछ ऐसे क्षेत्र हैं जिन्हें अधिक नौकरियों हेतु प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है। वित्तमंत्री एक टिकाऊ नौकरी सृजन का रोडमैप स्वास्थ्यरक्षा क्षेत्र के लिए तैयार कर सकती हैं, जो 2020 में ध्यान का केंद्र बना था और उसके इस वर्ष भी बने रहने की उम्मीद है। यह स्वास्थ्यरक्षा प्रशिक्षण सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए अथवा सरकार की वर्तमान में अस्तित्वमान डिस्पेंसरियां तथा देशभर में स्वास्थ्यरक्षा केंद्रों का इस्तेमाल करके कर प्रोत्साहन एवं अन्य रियायतें मुहैया करा सकता है। यह काम निजी निवेशों एवं सामुदायिक सहभागिता के साथ करना होगा जिससे कि होने वाली प्रगति पर निगाह रखी जा सके।

सरकार के प्रत्येक स्वास्थ्यरक्षा केंद्र को सहयोग एवं बेहतर प्रदर्शन के एक डिजिटल राजमार्ग पर लाया जा सकता है। मगर आंकड़ा सुरक्षा के मुद्दों के साथ अलग से निबटना होगा।

टेलीमेडिसिन तथा टेलीपरामर्श भारत में लाखों लोगों के लिए अवसर के चमकदार क्षेत्रों के तौर पर उभरे हैं। इसमें दूर रहने वाले मरीजों को फोन पर बेहतर गुणवत्ता वाली स्वास्थ्यरक्षा मुहैया कराने योग्य कौशल की आवश्यकता होती है। टेलीपरामर्श एवं विनियामक कार्यतंत्र हेतु आवश्यक प्रशिक्षण को जल्द विकसित करने की आवश्यकता है जिससे कि नौकरी सृजन के विशाल अवसर को लाभ उठाने योग्य सामर्थ्य प्राप्त हो सके। वित्तमंत्री को बजट भाषण में इस क्षेत्र में निवेशों की मदद करने हेतु स्पष्ट नीति ध्येय तय करने चाहिए। सभी राज्य स्वामित्व वाले स्वास्थ्यरक्षा ढांचे को डिजिटल रूप से जुड़े राजमार्गों पर लाने के लिए सूचना तकनीक बैकहाल खर्च की आवश्यकता होगी जो निजी उपक्रमों से आएगा। स्वास्थ्यरक्षा के लिए डिजिटल ढांचा सृजित करने हेतु सूचना तकनीक क्षेत्र को उपलब्ध प्रोत्साहन पश्च कोविड दौर में इस सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि बन सकते हैं। यह भारत के विश्व की फार्मेसी बनने संबंधी प्रधानमंत्री के दावे के अनुरूप है और साथ में भारतीय स्थितियों के लिए उपयुक्त स्वास्थ्य उपकरणों हेतु कुशल इंजीनियरिंग का विचार अहम होगा। वित्तमंत्री की आलोचनाओं में से एक यह है कि जबकि उनके बहुत से सहयोगियों का झुकाव डिजिटल मीडिया के प्रति कहे गए नीतिगत अभियानों के प्रति है, सीतारमण आमतौर से कुछ अलग रही हैं। अब समय आ गया है कि वित्तमंत्री तकनीक को उसका अभीष्ट श्रेय दें तथा बजट का एक बड़ा हिस्सा उन तकनीकों के प्रति समर्पित करें जो भारत को अगले दशक में ले जाएगा।

## आप की बात

### पराक्रम दिवस

**तुम** मुझे खून दो, मैं तुम्हे आजादी दूंगा और जय हिंद का नारा देने वाले सुभाषचंद्र बोस की 125 जन्मदिन को भारत देश के प्रधानमंत्री ने पराक्रम दिवस मनाने की घोषणा किया है। देश की आजादी के लिये प्रतिबद्ध बोस और महात्मागांधी के विचारों में मतभेद थे। लेकिन लक्ष्य गांधी और बोस के एक ही थे।दोनो भारत देश को आजाद बनाना चाहते थे। गांधी के विचारो में मतभेद के चलते बोस ने कांग्रेस के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया। सुभाष चंद ने देश से बाहर रहकर जो टुकड़ी बनाई। उसका नाम महात्मा ब्रिगेड रखा। जर्मनी में बोस ने सर्वप्रथम गांधीजी को राष्ट्रपिता कह कर सम्बोधित किया। भारत देश की आजादी मिलने से पहले ही कालकवलित होने वाले बोस अखण्ड भारत मे दस वर्ष तक सैनिक शासन लगाने के पक्षधर थे। लोगों में अनुशासन और राष्ट्रवाद की भावना जागृत करना ही बोस जी का उद्देश्य था। आज सुभाष चन्द्र बोस के विचार हमारे देश के नेताओं के लिये प्रेरक है। जो देश मे अराजकता, अव्यवस्था और अलगाववाद की भावना को बढ़ाने वाले कार्य करके सत्ता सुख भोगने के दिवासपना देख रहे हैं। एक भारत,श्रेष्ठ भारत बनाने के लिये तत्पर प्रधानमंत्री का सहयोग न कर केवल विरोध कर जनता के नायक बनना चाहते है।

– **कुलदीप मोहन,** जरगांव, उन्नाव

### धर्म और आस्था से खिलवाड़

**वेब** सीरीज तांडव में धार्मिक भावनाओं का आहत करना , देवी देवताओं का मजाक बनाना, और आमजनो ,दर्शको की भावनाओं , धर्म आस्था के साथ खिलवाड़ करना , ठेस पहचाना कंहा तक उचित है... ? समझ से परे लगता है कि कलाकारों , निर्माता निदेशकों के पास अब ऐसे कोई विषय नही बचे जिससे समाज और जनाधार को कोई नया सन्देश दे सके.. ? सामाजिक संरचना और भारतीय संस्कृति सभ्यताओं के कोई पहलू नही बचे जिससे लोगो को प्रेरणादायक साबित हो। पूर्व वर्षों में भी इस तरह के विवाद रहे हैं। चन्द पैसों की लालच में इन लोगों को इतना भी भान नही होता कि लोगों की भावनाओं के साथ कितना बड़ा खिलवाड़ कर रहे... ? तांडव वेबसिरिज में हिन्दू धर्म के साथ खिलवाड़ और भावनाओं को आहत करने की आहट से पूरे देश मे विरोध स्वर गुजना स्वाभाविक है। बिल्कुल ऐसे धर्म आस्थाओं को ठेस पहुंचाने वाले दोषियो पर सख्ती जरूरी है। भारत एक ऐसा देश है यंहा सभी धर्मों को समानता के भाव से देखा जाता है। और सभी धर्म , सम्प्रदाय , का सम्मान किया जाता है। फिर इस विशेषता भरे देश मे इस तरह की विसंगतियों से निश्चित ही कुठाराघात होता है।

– **योगेश जोशी**, बड़वाह, मप्र


### सहयोग की पहल

**अभी** हाल ही में भारत ने विश्व का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान शुरू किया था और लगातार प्रगति कर रहा है। भारत में बहुत सारे हैल्थवर्कर्स को टीका लग चुका है धीरे धीरे जनमानस को टीका पहुंचाने की तैयारी है। भारत ने अपने पड़ोसी देशों को भी कोविड का टीका उपलब्ध कराया है। भारत ने भूटान, मालदीव, बांग्लादेश, नेपाल, म्यांमार और सेशेल्श को कोविड 19 के टीके की खेप दी है। इसके साथ साथ भारत श्री लंका ,अफ़ग़ानिस्तान, मॉरीशस से टिके की आपूर्ति के लिये जरूरी नियामक मंजूरी की प्रतीक्षा कर रहा है। भारत की यह एक बहुत अच्छी और सराहनीय मदद है। इससे भारत को अनेको फायदे होंगे । साथ ही साथ भारत का दक्षिण एशिया में वर्चस्व बढ़ेगा और मदद की भावना के साथ भारत हर संभव मदद के लिए इन देशों को तैयार रहेगा। इससे भारत के अपने पड़ोसी देशों के साथ रिश्ते और मजबूत होंगे। दक्षिण एशियाई अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य के साथ साथ निर्यात से भारत को अर्थव्यवस्था में भी मजबूती मिलेगी। बतातें चले कि भारत दुनिया के बड़े टीका निर्माताओं में एक है।

– **सुदर्शन सोराड़ी,** नैनीताल


**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



"**सूरत** में हुई ट्रक दुर्घटना में हुई मौतें अत्यंत त्रासदीपूर्ण हैं। मृतकों के पीड़ित परिवारों के साथ मेरी संवेदनाएं हैं।

– **नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**कृषि** कानून कियान्वयन स्थगित कर देने से वे परिणाम बदल नहीं जाएंगे जो कानून लागू होने के बाद होने वाले हैं।

– **अखिलेश यादव**
सपा प्रमुख



**इस** दुर्घटना से हमारी आंखें खुल जानी चाहिए। प्रधानमंत्री गरीबी के यथार्थ को लेकर जाग जाएं और शौचालय, आवास संबंधी बयान दोहराना बंद करें।

– **पी चिदंबरम**
कांग्रेस नेता"

# पीएम मोदी ने संसदीय क्षेत्र के तीन केंद्रों पर छह लोगों से किया वर्चुअल संवाद

● राजकीय महिला अस्पताल के मैट्रन पुष्पा देवी, सीएमएस वी. शुक्ला और वैक्सिनेटर रानी कुंवर श्रीवास्तव से की बातचीत





पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**देश व्यापी** कोरोना वैक्सीनेशन को लेकर चल रहे अभियान के बीच दोपहर 1:15 बजे टीकाकरण सत्र के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी के तीन केंद्रों पर छह लोगों से वर्चुअल संवाद किया। इनमें महिला अस्पताल में मैट्रन पुष्पा देवी और वैक्सिनेटर रानी कुंवर श्रीवास्तव, जिला अस्पताल में सीएमएस डा. वी शुक्ला, एसएलटी रमेश चंद्र, सफाई कर्मी अप्सरी बेगम, सीएचसी हाथी पर एएनएम श्रृंखला चौहान वर्चुअल संवाद में शामिल रहे।

पीएम ने कहा कि दुनिया में सबसे बड़ा टीकाकरण कार्यक्रम हमारे देश में चल रहा है। आज राष्ट्र के पास अपने स्वयं के टीके का निर्माण करने की इच्छाशक्ति है। एक नहीं बल्कि दो मेड इन इंडिया टीके उपलब्ध हैं। देश के हर कोने में टीके आज पहुंच रहे हैं। भारत इस मामले में पूरी तरह आत्मनिर्भर है। पीएम ने फ्रंट लाइन वर्कर्स की सेवा और संघर्ष के बीच सभी स्वास्थ्य कर्मियों को आधुनिक ऋषि का नाम देकर उनका मान भी बढ़ाया। 2021 की शुरुआत बहुत ही शुभ संकल्पों से हुई है और काशी के बारे में तो ये कहते हैं कि काशी के स्पर्श से ही शुभता सिद्धि में बदल जाती है।

कहा कि कोई भी वैक्सीन की एक पूरी वैज्ञानिक प्रक्रिया होती है। पूरी जांच-पड़ताल के बाद और वैज्ञानिकों की मंजूरी के बाद ही वैक्सीन लगाने का काम शुरू किया गया है और सबसे पहले स्वास्थ्यकर्मियों को वैक्सीन लगाना तय किया गया। पहले चरण में वाराणसी में करीब.करीब 20,000 से ज्यादा हेल्थ प्रोफेशनल्स को वैक्सीन लगाई जाएगी। इसके 15 टीकाकरण केंद्र बनाए गए हैं। मैं इस पूरे अभियान के लिए सभी डॉक्टर, नर्स और मेडिकल स्टाफ का अभिनंदन करता हूं। आज दुनिया का सबसे बड़ा वैक्सीनेशन प्रोग्राम दुनिया में चल रहा है। इसके पहले दो चरणों में 30 करोड़ देशवासियों के टीका लगाया जा रहा है। आज देश में ऐसी इच्छाशक्ति है कि देश खुद अपनी वैक्सीन बना रहा है हर हर महादेव के संबोधन के साथ पीएम ने कहा कि आप सबका अभिनंदन करता हूंए ऐसे समय में आपके बीच होना चाहिए थाए मगर कुछ ऐसे हालात बन गए हैं कि वर्चुअली मिलना पड़ रहा है। कहा कि कोरोना वायरस की तैयारियों और अमली जामा पहनाने के लिए चल रही तैयारियों का जायजा लेने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इसके बाद पीएम ने महिला अस्पताल की मैट्रन पुष्?पा देवी से बातचीत की। बातचीत के दौरान डॉण् वीण् शुक्ला ने बताया कि टीके को लेकर सभी उत्साहित हैं। हमें गर्व है कि भारत ने स्वदेशी कोविड वैक्सीन बनाने में विकसित देशों को भी पीछे छोड़ दिया है। वरिष्ठ लैब तकनीशियन रमेश चंद्र राय ने बताया कि पहले चरण में वैक्सीन मिलने से व गौरवान्वित हैं और कहा कि लोग उत्साह से अस्पतालों में टीका लगवा रहे हैं।

## कैंट के छावनी क्षेत्र में माल में बम रखे जाने की सूचना पर पुलिस हुई हलकान

**वाराणसी।** वाराणसी के छावनी क्षेत्र और प्रयागराज के मुट्ठीगंज में स्थित के एक मॉल में शुक्रवार को बम रखे जाने की सूचना मिलने पर पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। आनन.फानन कैंट सहित अन्य थानों की पुलिस डॉग स्क्वॉड और बम निरोधक दस्ते के साथ मॉल पहुंचीं।

मॉल का चप्पा.चप्पा खंगाला गयाए लेकिन कोई संदिग्ध सामग्री नहीं बरामद हुई। इस बीच भारी.भरकम पुलिस बल देख मॉल में मौजूद लोग सकते में आ गए थे। मॉल में मौजूद लोगों की जुबान पर एक ही बात थी कि आखिर क्या हो गया जो इतने पुलिसकर्मी आए हैं।

उधर इस संबंध में वाराणसी के एएसपी कैंट अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि समय.समय पर पुलिस बल की सक्रियता को परखने के लिए मॉक ड्रिल की जाती हैए यह भी उसी का एक हिस्सा है। गणतंत्र दिवस नजदीक हैए इसलिए देखा.समझा जा रहा है कि गंभीर किस्म की कोई सूचना मिलते ही हमारे पुलिस बल का रिस्पांस टाइम क्या है और हमारी तैयारियां कैसी हैं। बहरहालए सब कुछ सामान्य है और कहीं से किसी प्रकार की शिकायत या खामी सामने नहीं आई है।

# मण्डल के स्टेशनों के पुनर्विकास की बनी योजना

● प्रयागराज जंक्शन और कानपुर सेंट्रल स्टेशन को पुनर्विकास करने पर हुई चर्चा



पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

**रेल मंत्रालय** ने भारतीय रेलवे स्टेशनों विकास निगम लिमिटेड आईआरएसडीसी रेल भूमि विकास प्राधिकरण और अन्य केंद्र सरकार की एजेंसियों के माध्यम से रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास के लिए योजना बनाई है। स्टेशनों के तकनीकी आर्थिक व्यवहार्यता अध्ययन का कार्य शुरू हो गया है। व्यवहार्यता अध्ययन के परिणाम के आधार पर स्टेशनों का पुनर्विकास चरणों में किये जाने की योजना है।

स्टेशनों को पुनर्विकसित करने को लेकर प्रयागराज मंडल के संकल्प सभागार में डीआरएम मोहित चंद्रा की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें मण्डल के प्रयागराज जंक्शन एवं कानपुर सेंट्रल स्टेशन को पुनर्विकास करने की योजना पर चर्चा की गई। डीआरएम ने कहा कि स्टेशनों को पुनर्विकसित किये जाने के क्रम में यात्री केंद्र बिंदु होने चाहिए। उन्होंने कहा कि रेलवे का प्रयोग सभी वर्गों के यात्रियों द्वारा किया जाता है। किसी एक विशेष वर्ग को लक्षित करते हुए स्टेशनों का विकास किया जाना संभव नहीं है। पुनर्विकास के समय असामान्य स्थितियों जैसे कोहरे भारी बरसात गर्मी आदि को भी ध्यान में रखना आवश्यक है। प्रयागराज में कुम्भ जैसे विश्व के सबसे बड़े मानव समागमों का भी आयोजन होता है। जिस अवसर पर लाखों लाख श्रद्धालुओं की भीड़ शहर में होती है। इन स्टेशनों का विकास इस प्रकार की स्थिति को भी ध्यान में रख कर किया जाना होगा। कहा कि आगामी 40 से 50 साल की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए स्टेशन के पुनर्विकास के कार्यों को किया जाना चाहिए। अधिकारियों को निर्देशित किया कि भविष्य के अनुरूप आवश्यकताओं को चिन्हित कर भारतीय रेल स्टेशन विकास निगम लिमिटेड को दिया जाये। जिससे कि कार्ययोजना बनाते समय सभी आवश्यक पहलुओं पर ध्यान दिया जा सके। स्टेशन के पुनर्विकास के कार्य को सुनियोजित तरीके से किया जा सके। कहा कि स्टेशनों को विकसित करने के क्रम में भविष्य में परिचालन आवश्यकताओं को भी प्रमुखता से ध्यान में रखा जाना चाहिए। इस अवसर पर भारतीय रेल स्टेशन विकास निगम लिमिटेड की ओर से सीजीएम वी बी सूद ने प्रयागराज स्टेशन एवं कानपुर स्टेशन को विकसित किये जाने के क्रम में पावर प्वाइंट प्रस्तुतीकरण किया। बताया कि स्टेशन को विकसित करने में यात्री सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया है। चर्चा के दौरान स्टेशन को विकसित करने के क्रम में आने वाले विभिन्न मुख्य बिंदुओं जैसे स्टेशन के डिजाइन सुरक्षा व्यवस्था टिकटिंग की व्यवस्था सहित यात्रियों के आगमन प्रस्थान जैसे विभिन्न बिंदुओं की जानकारी साझा की गई। श्री सूद ने बताया कि आरक्षित एवं अनारक्षित यात्रियों विभिन्न अवसरों पर यात्रिओं की अत्यधिक भीड़ तथा भविष्य की परिचालनिक आवश्यकताओं के अनुरूप तथ्यों को भी ध्यान में रखकर स्टेशन विकास के प्लान को बनाया जा रहा है। इस अवसर पर अपर मण्डल रेल प्रबंधक सामान्य अनुराग अग्रवाल अपर मण्डल रेल प्रबंधकन इंफ्रा अतुल कुमार गुप्ता सहित मण्डल के सम्बंधित शाखाधिकारी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर पीयूष कुमार मिश्र द्वारा किया गया।

# बालिका वाटिका में जन्मी बालिका के नाम पर जिलाधिकारी ने किया पौधरोपण

● माता-पिता को बेबी केयर किट कन्या गौरव सम्मान पत्र प्रदान किया गया



**उन्नाव।** 21 जनवरी से 26 जनवरी के मध्य मनाये जाने वाले राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में जनपद के विभिन्न स्थानों पर राष्ट्रीय बालिका दिवस सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है।

जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत चलाये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में बताया कि केन्द्र सरकार की महात्वाकांक्षी योजना के तहत जनपद में सभी महिला एवं बालिकाओं का उचित सम्मान एवं उनको समाज में एक अच्छा दर्जा प्राप्त हो उसके तहत बेटी बचाओं बेटी पढाओं कार्यक्रम वृहद स्तर पर जन-जागरूकता अभियान के तहत सन्देश देने का कार्य किया जा रहा है। बालिकाओं के प्रति समाज में सकारात्मक सोच विकसित करने हेतु आवास विकास बाई पास पर बनायी गयी बालिका वाटिका में एक घण्टे पूर्व जन्मी बालिका के नाम पर जिलाधिकारी द्वारा वृक्षारोपण किया गया। जिला चिकित्सालय में कन्या जन्मोत्सव मनाया गया, जिसमें जिला चिकित्सालय में 21 एवं 22 जनवरी को जन्मी बालिकाओं के माता-पिता को बेबी केयर किट, कन्या गौरव सम्मान पत्र जिलाधिकारी द्वारा प्रदान कर सम्मानित किया गया।

जिला प्रोबेशन अधिकारी रेनू यादव ने बताया जनपद के कई स्थानों पर चल रहे कार्यक्रम के तहत जिला चिकित्सालय में 26 बालिकाओं के माता-पिता को बेबी केयर किट का वितरण किया गया। इसके अतिरिक्त विकास खण्ड सिकन्दरपुर सरोसी के ग्राम रामसिंह खेड़ा व रऊकरना एवं विकास खण्ड सिकन्दरपुर कर्ण के ग्राम पीपरखेड़ा, सुपासी, बदरका, ब्रह्म नगर व टिकरी गनेश में बालिकाओं के नाम से वृक्षारोपण कर कन्या जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 आशुतोष कुमार, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 आर0के गौतम, सीएमएस जिला चिकित्सालय (महिला एवं पुरूष), जिला प्रोबेशन अधिकारी अधिकारी आदि लोग उपस्थित रहे।

# 1708 लोगों को लगा कोविड-19 का टीका

**उन्नाव।** कोविड वैक्सीनेशन को दूसरे चरण में शुक्रवार को जिला चिकित्सालय पुरुष, जिला महिला चिकित्सालय, सरस्वती मेडिकल कॉलेज नवाबगंज, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अचलगंज, बांगरमऊ, हसनगंज, नवाबगंज, पुरवा, सफीपुर एवं औरास में लाभार्थियों का टीकाकरण किया गया। प्रतिरक्षित लोगों को कोविड 19 की दूसरी डोज 28 दिन बाद दी जाएगी। यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी कैप्टन डा. आशुतोष कुमार ने दी।

सीएमओ ने बताया कि टीका लगने के बाद लाभार्थियों को आधे घंटे तक टीकाकरण केंद्र पर बनाए गए ऑब्जरवेशन कक्ष मे रोक कर एईएफआई मेडिकल टीम द्वारा निगरानी की जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रतिरक्षित व्यक्ति को यदि बेचौनी या किसी भी तरह की समस्या होती है तो निकटतम स्वास्थ्य अधिकारियों, एएनएम और आशा को इसकी सूचना दी जाए। इसके लिए एंबुलेंस सेवा 108 भी उपलब्ध रहेगी। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को सभी केन्द्रो पर मिलाकर 1984 लोगों को टीका लगाने का लक्ष्य था। जिसके सापेक्ष सांय 6 बजे तक 1708 लोगों ने टीका लगवाया।

### 151 लोगों को लगाया गया कोविड-19 टीका

बांगरमऊ उन्नाव। स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आज चिकित्सा अधीक्षक डॉ मुकेश कुमार द्वारा 2 सेक्टरों में बांटकर कोविड-19 टीकाकरण किया गया। प्रथम सेक्टर में कुल 72 स्वास्थ्य कर्मियों और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं तथा आशाबहू को टीका लगाया गया। जबकि द्वितीय सेक्टर में 79 लोगों का टीकाकरण किया गया।एक कर्मचारी ने टीका लगवाने से मना कर दिया। टीकाकरण अभियान के अन्तर्गत आज पहला टीका आशा बहू आनन्द कुमारी के लगाया गया।

# त्रिवेणी स्नान करने से मिलता है मोक्षः सरजू दास



**प्रयागराज।** बीकानेर राजस्थान से संगम नगरी पहुंचे दिगम्बर अखाड़ा के महामंडलेश्वर सरजू दास महात्यागी ने कहा कि चारो स्थानों में लगने वाले कुम्भ में प्रयागराज तीर्थ को ही तीर्थों का राजा कहा जाता है। यहाँ त्रिवेणी स्नान करने से जन्म जन्मान्तर के पापों से मुक्ति मिल जाती है। मानव को मोक्ष की प्राप्ति भी होती है। सरजू दास महात्यागी ने बताया कि उनके जीवन का एकमात्र उद्देश्य मानव सेवा और युवाओं में संस्कार का सन्देश देना है। सरजू दास महाराज ने कहा कि आज का युवा दिशा विहीन होता जा रहा है। जिसका कारण संस्कारों की कमी है। जिसके लिए महाराज समय समय पर युवा सम्मलेन और सद्बुद्धि यज्ञ का आयोजन करते रहते हैं। अप्रैल में होने वाले हरिद्वार महाकुम्भ में सरजूदास महाराज विश्व शान्ति और सर्वबाधा निवारण यज्ञ के माध्यम से सम्पूर्ण विश्व में फैली कोरोना महामारी और प्राकृतिक आपदा के निवारण के निमित्त यज्ञ करेंगे।

## बैंक मित्र पर धोखा देकर रुपए हड़पने का आरोप

**बांगरमऊ उन्नाव।** एक महिला किसान ने गांव के ही बैंक मित्र पर धोखा देकर उसके बचत खाते से दो हजार रुपए आहरित कर लेने का आरोप लगाया है। पुलिस को सौंपी गई तहरीर में महिला ने बैंक मित्र के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करने की मांग उठाई है।

थाना बेहटा मुजावर के ग्राम अटवा बैक निवासी महिला किसान फूलमती पत्नी मितान द्वारा दी गई तहरीर के अनुसार उसका बचत खाता नगर स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा में संचालित है। इसी खाते में सरकार किसान सम्मान निधि तथा वृद्धावस्था पेंशन का धन भी भेजती है। दौड़ भाग से बचने के लिए वह गांव के ही बैंक मित्र से मशीन के जरिए आवश्यकता अनुसार धन आहरित करती रही है। गत 7 जनवरी को उसने बैंक मित्र के जरिए अंगूठा लगाकर दो हजार रुपए आहरित किया था। लेकिन जब उसने अपनी पासबुक बैंक में प्रिंट कराई, तो पता चला कि अगले दिन ही 8 जनवरी को बैंक मित्र ने उसे धोखा देकर दो हजार रुपए और आहरित कर हड़प लिये।

# पूर्व छात्रनेता रवि पाण्डेय के हत्यारों को फांसी देने की मांग



**वाराणसी।** हरिश्चन्द्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय का पूर्व छात्रनेता रवि पाण्डेय की गत दिनों अहरौरा के पहाड़ी में जला हुआ शव बरामद हुआ। पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष अभिषेक यादव के नेतृत्व में छात्रों ने शुक्रवार को कालेज के मुख्य द्वारा स्व0 रवि पाण्डेय की प्रतिमा का रखकर हत्यारों को जल्द से जल्द सजा दिलायी जाए एवं दोषियों को फांसी की सजा सुनायी जाए। पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष अभिषेक यादव ने प्रशासन से मांग किया कि छात्रनेता रवि पाण्डेय के हत्यारों को फांसी दी जाए बरना छात्र सड़क पर उतरकर धरना-प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होगें।प्रदर्शन में छात्रसंघ अध्यक्ष नागेश्वर चौरसिया, पूर्व अध्यक्ष अभिषेक यादव, समन यादव, पवन कुमार यादव, नितिश कुमार यादव, सौरभ कुमार यादव आदि उपस्थित रहे।

## क्विक न्यूज

### इंटरमीडिएट की प्रायोगिक परीक्षा 3 फरवरी से

**प्रयागराज।** माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश प्रयागराज यूपी बोर्ड इंटरमीडिएट की प्रायोगिक परीक्षा 3 फरवरी से आयोजित होगी। यूपी बोर्ड के सचिव दिव्यकान्त शुक्ल ने बताया कि सत्र 2021 की इंटरमीडिएट की प्रैक्टिकल परीक्षा दो चरणों में होगी। पहले चरण की परीक्षा तीन फरवरी से 12 फरवरी तक आयोजित होगी। दूसरे चरण की परीक्षा 13 फरवरी से 22 फरवरी तक होगी। पहले चरण में आगरा सहारनपुर बरेली लखनऊ झांसी चित्रकूट फैजाबाद आजमगढ़ देवीपाटन तथा बस्ती मण्डल की प्रैक्टिकल परीक्षाएं होंगी। दूसरे चरण में अलीगढ़ मेरठ मुरादाबाद कानपुर प्रयागराज मिर्जापुर वाराणसी और गोरखपुर मण्डल की प्रैक्टिकल परीक्षा होगी। प्रैक्टिकल परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य किये गए हैं। परीक्षा की रिकॉर्डिंग भी परीक्षा केंद्र के प्रधानाचार्यों को सुरक्षित रखना होगा। हाईस्कूल की प्रैक्टिकल परीक्षाएं आंतरिक मूल्यांकन प्रोजेक्ट कार्य के आधार पर आयोजित होंगी।

### किशोरियों को दी गई माहवारी चक्र की जानकारी

**वाराणसी।** किशोरियों को माहवारीए पोषणए स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए शुक्रवार को प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम नागेपुर में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नागेपुरए बेनीपुरएहरसोसएबीरभानपुर हरपुर आदि गाँव से आयी करीब 60 किशोरी लड़कियाँ शामिल हुई। कार्यशाला में किशोरी लड़कियों को संतुलित भोजन एवं उनके पोषक तत्वोंए माहवारी (मासिक चक्र) में स्वच्छता एवं पोषण व्यवहारए हैंड वाशिंग प्रक्रियाए किशोरावस्था में किशोरी का सही वजनए आदि की जानकारी दी गयी। साथ ही रक्षण शिक्षण पोषण प्यार सेनेट्री पैड का ध्यान रखने ए लौह तत्व बढ़ानेए हर साग.सब्जी खानेए माहवारी पर खुलकर बात करने के प्रति सचेत किया गया। लड़कियों को बताया गया कि माहावारी कोई बीमारी नही है। लेकिन किशोरियों को खुशहाल रहने के लिए शरीर में आयरन की कमी को दूर करने की जरूरत हैए इसके लिए आयरन की गोली जरूर खानी चाहिए। इस मौके पर किशोरियों को माहवारी के सन्दर्भ में व्याप्त भ्रांतियों को दूर करने के उद्देश्य से लघु फिल्मों दिखाकर माहवारी विषय पर विस्तृत जानकारी दी।

### रोटरी क्लब उन्नाव का निःशुल्क नेत्र शिविर आज

**उन्नाव।** रोटरी क्लब की स्थानीय बड़ा चौराहा स्थित सोहनलाल धर्मशाला में शनिवार को होने वाले निःशुल्क नेत्र शिविर के आयोजन को लेकर बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक में रोटरी के पूर्व मंडलाध्यक्ष अरविंद कमल, उपमंडलाध्यक्ष ए.आर.खान, सचिव अजीत पाल सिंघ व पूर्व अध्यक्ष संजय राठी व हरि मोहन निगम उपस्थित रहे। क्लब सचिव अजीत पाल सिंघ ने जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार प्रातः 10 बजे से सोहनलाल धर्मशाला में मरीजों के रजिस्ट्रेशन प्रारम्भ कर दिये जायेंगे। जिनका जवाहर लाल रोहतगी, कानपुर के नेत्र चिकित्सक परीक्षण करेंगे। सर्जरी होने वाले सभी मरीजों को अपरान्ह 3 बजे बस के द्वारा कानपुर लेकर जाया जाएगा। जहां रात्रि में सभी मरीजों का ऑपरेशन किया जाएगा।

### निराला प्रेक्षागृह में तीन दिवसीय उत्तर प्रदेश दिवस का होगा भव्य आयोजन

**उन्नाव।** सीडीओ डॉ0 राजेश कुमार प्रजापति ने बताया 24 जनवरी से 26 जनवरी की अवधि में उत्तर प्रदेश दिवस का आयोजन किया जाएगा। आयोजन में जिला स्तरीय विभागों को अपनी-अपनी योजनाओं के बारे में कार्यक्रम और स्टॉलों का आयोजन कराया जाना सुनिश्चित किया गया है। उन्होने कहा कि इस वर्ष उत्तर प्रदेश दिवस आयोजन की थीम आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेशः महिला-युवा-किसान, सबका विकास सबका सम्मान विषय पर आयोजित की जायेगी। उन्होंने प्रतिभाग करने वाले विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने-अपने विभाग से संबंधित कार्यक्रमों आयोजन पूरी निष्ठा एवं लगन से सुव्यवस्थित रूप से सम्पन्न कराना सुनिश्चित करें।

### एसपी ने महिला हेल्प डेस्क भवन का किया शुभारम्भ

**चकलवंशी उन्नाव।** आसीवन थाना परिसर में बनाये गये महिला हेल्प डेस्क भवन का शुभारम्भ पुलिस अधीक्षक आनन्द कुलकर्णी ने फीता काटकर किया। उन्होंने थाना परिसर में बैरेक, मेस, प्रभारी निरीक्षक आवास,उपनिरीक्षक आवास का निरीक्षण करते हुवे आवश्यक दिशा निर्देश प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह को दिया। श्री कुलकर्णी ने बताया की ये महिला हेल्प डेस्क से थाने में आने वाली महिलाओं एवं सभी फरियादियों की समस्या सुनी जाएगी और उन्हें एक रिसीविंग उपलब्ध करायी जायेगी। फिर सम्बंधित कर्मचारी को कार्यवाही के लिऐ अवगत कराया जायेगा। थाने पहुँचे पुलिस अधीक्षक समाजसेवी शुजाउर रहमान सफवी ने स्वागत कर गुलदस्ता भेंट किया। इस अवसर पर व्यापार मण्डल अध्यक्ष महेन्द्र गुप्ता बब्लू, रसूलाबाद चेयरमैन नईमुद्दीन अंसारी, अमित अवस्थी अब्बू, कुरसठ चेयरमैन पुत्र मोहम्मद अहमद, प्रधान सरोज सैनी, समाजसेवी शीबू अहमद सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### धूमधाम से गणतंत्र दिवस मनाये जाने की तैयारी शुरू

**प्रयागराज।** इस गणतंत्र दिवस को देशवासी पूरे उत्साह और जोश के साथ मनाएंगे। 72 वें दिवस के लिए तैयारियां शुरू हो गईं हैं। इसकी खुशियों को दोगुना करते हुए वीवो ने आज अपने लोगों के लिए सभी प्लेटफार्म पर विशेष ऑफर्स की घोषणा की है। आकर्षक ऑफर हाल ही में लांच किए गए वी बीस वी बीस एसई वाई इक्यावन ए और वाई तीस पर उपलब्ध है। निदेशक ब्रांड स्ट्रेटेजी निपुण मार्य ने कहा कि 72वें गणतंत्र दिवस का जश्न मना रहे हैं। इस दौरान वाई सीरीज़ रेंज और हाल ही में लांच किए गए वी बीस और वी बीस यसई पर विभिन्न ऑफर्स की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। मेक इन इंडिया मिशन के प्रति इसकी प्रतिबद्धता को जारी रखते हुए व्यवस्था की गई है। परफॉरमेंस देने के लिए शक्तिशाली क्वालकॉम स्नैपड्रैगन मोबाइल प्लेटफॉर्म दिया गया है। यह डिवाइस तीन खूबसूरत रंगों मिडनाइट जैज़ सनसेट मेलोडी और मूनलाइट सोनाटा में उपलब्ध होगी।

### ऑनलाइन भुगतान में धोखाधड़ी की बढ़ रहीं शिकायतें

**प्रयागराज।** केंद्र सरकार के डिजिटल इंडिया और वित्तीय समावेशन के विजन में भी योगदान करना है। एयरटेल पेमेंट्स बैंक का सुदूर ग्रामीण अंचल में प्रत्येक भारतीय की दहलीज पर बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराना है। ऑनलाइन भुगतान धोखाधड़ी की बढ़ती घटनाओं से बचाने के लिए एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने एयरटेल सेफपे लांच किया है। डिजिटल भुगतान करने के लिए सबसे सुरक्षित तरीका है। बैंक के माध्यम से यूपीआई या नेटबैंकिंग आधारित भुगतान कर सकते हैं। इससे उन्हें बिल्कुल भी चिंता नहीं होगी कि उनकी स्पष्ट सहमति के बिना उनके खाते से पैसों का लेनदेन किया जा रहा है। नेटवर्क इंटेलिजेंस की शक्ति का लाभ उठाता है ताकि भुगतान सत्यापन की एक अतिरिक्त सुरक्षा मुहैया कराई जा सके। फोन क्लोनिंग से बचाने के लिए उच्च स्तर की सुरक्षा प्रदान करता है। एमडी और सीईओ अनुब्रत बिस्वास कहते हैं खासकर महामारी के बाद की दुनिया में वैसे ही हमें उन धोखाधड़ी की चुनौतियों को भी हल करना होगा। जो तेज़ी से बढ़ रही हैं।

### 22 हजार से अधिक लोगों के बीमा का लक्ष्य तय

**प्रयागराज।** कोविड 19 महामारी की वजह से बढ़ते खतरे और इलाज के बढ़ते खर्च के कारण स्वास्थ्य बीमा लोगों की प्राथमिकता बन गई है। स्वास्थ्य बीमा लेने से लोग अचानक इलाज या योजना बना कर इलाज के खर्चों के बोझ से बचते हैं। देश की स्टैंड अलोन स्वास्थ्य बीमा कंपनियों में से एक मैक्स बूपा ने अगले चरण में प्रयागराज और उत्तर प्रदेश के अन्य बाजारों में विस्तार की घोषणा की है। कंपनी प्रयागराज में कारोबार मजबूत कर रही है। अगले पांच वर्षों में 22 हजार से अधिक लोगों का स्वास्थ्य बीमा करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। निदेशक रिटेल अंकुर खरबंदा ने पत्रकारों को बताया कि नई मैक्स बूपा के लोग शहर के लगभग 25 अस्पतालों में भर्ती होने पर कैशलेस इलाज का लाभ उठा सकते हैं। उन्हें तीस मिनट के भीतर कैशलेस क्लेम का लाभ मिल सकेगा। जिससे गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा अधिक सुलभ होगी। कहा कि कोविड 19 महामारी ने लोगों को स्वास्थ्य बीमा की अहमियत का अहसास करा दिया है। जो बीमा अस्पताल में इलाज की महंगाई से बचा कर उचित उपचार का लाभ देता है।

### बुद्ध की निर्वाण स्थली में कथागान

**वाराणसी।** प्रदेश प्रशासन की पूर्व मंजूरी सेए सरकार की कोरोना संबंधित मार्गदर्शिका के पूर्ण परिपालन के साथ कुशीनगर में पूज्य मोरारी बापू के श्रीमुख से कथाक्रम की 854वीं मानस कथा का गान का होगा।कुशीनगर को हिंदुस्तान की धर्म परंपरा का त्रिवेणी.तीर्थ कहा जा सकता है। क्योंकि यह स्थान तीन धर्मों से जुड़ा है! हिंदू धर्म के भगवान श्री रामए बौद्ध धर्म के भगवान गौतम बुद्ध और जैन धर्म के तीर्थंकर महावीर स्वामी की स्मृति इस भूमि से जुड़ी है।

### सीएचसी प्रभारी के कारनामे से लोग परेशान, डीएम से की शिकायत

**सफीपुर उन्नाव।** सीएचसी पर अधीक्षक के कारनामें से लोग परेशान हो रहे है। ऐसे ही एक मामले में क्षेत्र के प्रधान ने जिलाधिकारी से अधीक्षक की शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है। क्षेत्र की रायपुर के निवर्तमान प्रधान जितेन्द्र सिंह ने बताया कि गांव के मरीज को लेकर सीएचसी आए थे। मरीज को डाक्टर को दिखाकर बाहर निकले तो चारो पहियों की हवा निकली देखा। जानकारी पर पता चल सी एच सी अधीक्षक शरद विष्ट ने स्वयं खड़े होकर अपने कर्मचारी से हवा निकलवाई है। इस घटना के बाद निवर्तमान प्रधान ने अपने अन्य प्रधान साथियो के साथ अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा काटा। साथ ही जिलाधिकारी से फोन पर बात कर पूरी घटना बता शिकायत दर्ज कराई है। निवर्तमान प्रधान के अनुसार जिलाधिकारी ने जांच कराकर कार्यवाही का आश्वासन दिया है। इसी तरहएक सप्ताह पूर्व भी फतेहपुर चौरासी के पट्टी हमीद के ग्राम प्रधान सीएचसी अपनी पत्नी का इलाज कराने आए थे। तब भी सीएचसी प्रभारी ने उनकी कार के चारो पहियो की हवा निकलवा दी थी। जिसका प्रधान द्वारा विरोध करने पर वह आग बबूला होते हुए प्रधान को जेल भेजने की धमकी दी थी।

## चुनाव आयोग ने फिर किया आगाह

# धनबल-बाहुबल बर्दाश्त नहीं

**भाषा।** कोलकाता

**पश्चिम बंगाल** में आगामी चुनाव में हिंसा एवं अशांति की राजनीतिक दलों द्वारा आशंका जताए जाने के बीच मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) सुनील अरोड़ा ने शुक्रवार को कहा कि चुनाव आयोग धनबल एवं बाहुबल के साथ ही सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं करता है। सीईसी ने यह भी कहा कि चुनाव में किसी भी नागरिक पुलिस स्वयंसेवक की तैनाती नहीं की जाएगी। सीईसी ने यहां संवाददाताओं से कहा, आयोग धनबल और बाहुबल और सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं करता।

चुनाव आयोग की पूर्ण पीठ वर्तमान समय में विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा करने के लिए राज्य में है जो अप्रैल-मई में होने की संभावना है। आयोग ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों और पुलिस अधिकारियों के साथ बैठकें कीं। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के व्यय पर्यवेक्षक धनबल के दुरुपयोग को रोकने के लिए कदम उठाएंगे।

विपक्षी दलों ने पश्चिम बंगाल में चुनाव से पहले राजनीतिक हिंसा होने का दावा करते हुए चुनाव आयोग की पूर्ण पीठ से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया है कि राज्य में चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष हों। अरोड़ा ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के खिलाफ एक राजनीतिक दल द्वारा लगाए गए आरोपों को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि यह देश के सबसे बेहतरीन बलों में से एक है। उन्होंने कहा कि संबंधित राजनीतिक दल को अपने आरोपों का समर्थन करने के लिए तथ्यों के साथ आना चाहिए।

सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि बीएसएफ राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों में लोगों को एक विशेष राजनीतिक दल के पक्ष में वोट डालने के लिए धमका रहा है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग की पूर्ण पीठ ने राज्य के मुख्य सचिव और गृह सचिव को राजनीतिक दलों द्वारा सोशल मीडिया में फर्जी सूचना फैलाने के मुद्दों पर ध्यान देने के लिए कहा। सीईसी ने कहा कि राज्य के मुख्य सचिव और गृह सचिव ने कहा कि वे चुनाव आयोग के निर्देशों का अक्षरशः पालन कर रहे हैं।

## प्रमुख विषयों पर केंद्र एकपक्षीय तरीके से काम कर रहा, सहकारी संघवाद की भावना कायम रखी जाए: सोरेन

**नई दिल्ली।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने केंद्र सरकार पर कई महत्वपूर्ण विषयों पर एकपक्षीय तरीके से काम करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि सहकारी संघवाद की भावना को कायम रखने के लिए राज्यों के साथ अवश्य ही परामर्श किया जाना चाहिए। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के बकाए जैसे कई मुद्दों पर उनकी केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के साथ तकरार रही है। सोरेन इस हफ्ते की शुरूआत में दिल्ली की यात्रा पर थे। उन्होंने केंद्रीय मंत्रियों- -गृह मंत्री अमित शाह, कोयला एवं खान मंत्री प्रह्लाद जोशी और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से अलग-अलग मुलाकात की। उनकी इन मुलाकातों को कई मुद्दों पर सिलसिलेवार तकरार चलने के बाद केंद्र के साथ संबंधों में सुधार लाने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है।



कोलकाता में गणतंत्र दिवस परेड की तैयारी के तहत मार्च पास्ट की रिहर्सल करते इण्डियन एयर फोर्स के जवान।

## पीएमसी बैंक घोटाला मामला : प्रवर्तन निदेशालय ने महाराष्ट्र के विधायक से जुड़े परिसरों पर छापा मारा

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने पीएमसी बैंक के 4,300 करोड़ रुपए के कथित घोटाले से संबंधित धन शोधन के मामले में महाराष्ट्र के एक विधायक से जुड़े कुछ परिसरों पर शुक्रवार को छापा मारा। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि बहुजन विकास अघाड़ी (बीवीए) प्रमुख और विधायक हितेन्द्र ठाकुर द्वारा प्रोमोटेड विवा ग्रुप के पालघर जिले के वसई-विरार इलाके में स्थित पांच परिसरों की तलाशी ली जा रही है। सूत्रों ने बताया कि मुंबई में भी कुछ परिसरों की तलाशी ली जा रही है। उन्होंने बताया कि मामले में आरोपी कंपनी एचडीआईएल और कुछ अन्य द्वारा विवा ग्रुप को दिया गया धन एजेंसी की जांच के दायरे में है और इस कथित संबंध को साबित करने के लक्ष्य से साक्ष्य एकत्र करने के लिए छापा मारा गया है। ठाकुर की पार्टी में तीन विधायक हैं और उन्होंने शिवसेना प्रमुख व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे नीत महा विकास अघाड़ी सरकार को अपना समर्थन दिया हुआ है। ठाकुर के अलावा उनके बेटे क्षितिज ठाकुर नालासोपोरा से और राजेश पाटिल बोईसर सीट से विधायक हैं। महा विकास अघाड़ी गठबंधन में राकांपा और कांग्रेस भी शामिल हैं। ईडी इससे पहले शिवसेना सांसद संजय राउत की पत्नी वर्षा राउत से भी पूछताछ कर चुका है। वर्षा राउत पर मामले के एक अन्य आरोपी प्रवीण राउत की पत्नी माधुरी राउत से बिना ब्याज के 55 लाख रुपए का कथित ऋण लेने का संदेह है।

## आंदोलनकारी किसानों के समर्थन में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे पवार

**भाषा।** मुंबई

**राकांपा अध्यक्ष** शरद पवार ने शुक्रवार को कहा कि वह केंद्र सरकार के नए कृषि-विपणन कानूनों के खिलाफ आंदोलनरत किसानों को समर्थन जताने के लिए मुंबई में आयोजित एक विरोध प्रदर्शन में शामिल होंगे। पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री पवार ने यहां से लगभग 375 किलोमीटर दूर कोल्हापुर में पत्रकारों के समक्ष उल्लेख किया कि आंदोलनकारी किसानों ने नए कृषि कानूनों को 18 महीने के लिए निलंबित करने की केंद्र की पेशकश को अस्वीकार कर दिया है। उन्होंने कहा, सरकार ने कानूनों को 18 महीने के लिए निलंबित करने का प्रस्ताव दिया था लेकिन किसानों ने उसे खारिज कर दिया है। उन्होंने (किसान) सरकार से कानूनों को निरस्त करने और फिर चर्चा के लिए बैठने को कहा है।

उन्होंने कहा, प्रदर्शनकारी किसानों के महाराष्ट्र के शुभचिंतकों ने मुझसे, मुख्यमंत्री से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि वे 24 जनवरी को या 25 जनवरी को उन सभी को एकजुट करेंगे जो आंदोलनकारी किसानों का समर्थन कर रहे हैं। पवार ने कहा, उन्होंने हमें इसके लिए आमंत्रित किया। हमने कहा कि ठीक है, हम आएंगे। दिल्ली के बाहर लगभग दो महीने से आंदोलन कर रहे किसान कृषि कानूनों को निरस्त करने की मांग कर रहे हैं।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुशील कुमार शिंदे का नाम पार्टी अध्यक्ष पद की दौड़ में शामिल होने की खबरों के बारे में पूछे जाने पर राकांपा प्रमुख ने कहा कि उनकी शुभकामनाएं पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री के साथ हैं। उन्होंने कहा, वह हमारे एक सहयोगी हैं। हम खुश हैं और हमारी शुभकामनाएं हैं, आप (पत्रकार) खबर दे रहे हैं कि महाराष्ट्र का कोई व्यक्ति (कांग्रेस अध्यक्ष) बनेगा। महाराष्ट्र सरकार ने राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी को पिछले साल नवंबर में विधान परिषद में उनके कोटे से नामित होने वाले 12 सदस्यों की सूची सौंपी थी। इस सवाल पर कि राज्यपाल द्वारा अभी उस पर फैसला करना बाकी है, पवार ने कहा, मेरा इसका 50 साल का अनुभव है कि राज्यपाल ने कभी भी उस प्रस्ताव को खारिज नहीं किया है जो मुख्यमंत्री ने मंत्रिमंडल की मंजूरी के बाद उन्हें भेजा है। उन्होंने कहा, (अब) यहां कुछ अलग हुआ है। देखते हैं क्या होता है।

## आयकर विभागों के छापों में 1400 करोड़ रुपए के बेनामी लेनदेन का खुलासा

**जयपुर।** आयकर विभाग की, जयपुर के तीन कारोबारी समूहों के प्रतिष्ठानों पर छापमारी के दौरान 1400 करोड़ रुपए से अधिक के अनधिकृत और बेनामी लेन-देन का खुलासा हुआ है। विभाग के एक प्रवक्ता ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। प्रवक्ता के अनुसार, तलाशी अभियान जारी है और आगे की जांच की जा रही है। आयकर विभाग ने जयपुर में तीन कारोबारी समूहों के यहां तलाशी ली और सर्वे किया। इनमें एक प्रमुख जौहरी फर्म और दो रियल एस्टेट फर्म हैं। विभाग की टीमों ने इन फर्मों के 20 परिसरों में तलाशी ली जबकि 11 परिसरों में सर्वे का काम किया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, इस दौरान विभाग की टीमों को बड़ी संख्या में दस्तावेज और बेहिसाबी रसीदें, विकास कार्य मद में बिना ब्यौरे के खर्च, बिना ब्यौरे की संपत्तियां, नकदी कर्ज व अग्रिम से जुड़ा डिजिटल आंकड़ा मिला। उन्होंने बताया कि सबसे बड़ी बात है कि इस कारोबारी समूह ने पिछले 6-7 साल के सारा बेहिसाब लेन-देन का पूरा ब्यौरा कई रजिस्टरों, स्लिप पैड, दिन-प्रतिदिन की कच्ची कैश बुक आदि के रूप में बेसमेंट में छुपा रखा था जिसे जब्त किया गया है। इस समूह में अब तक 650 करोड़ रुपए के बेनामी लेनदेन का पता चला है। वहीं जौहरी फर्म के परिसरों की तलाशी से 525 करोड़ रुपए के बेनामी लेनदेन का खुलासा हुआ है तो अन्य रियल इस्टेट डेवलपर फर्म के यहां तलाशी से लगभग 225 करोड़ रुपए के बेहिसाबी बेनामी लेनदेन का खुलासा हुआ है।

## क्विक न्यूज

### झारखंड में खदान धंसी, दो लोगों की मौत, दो को बचाया गया, चार लापता

**कोडरमा (झारखंड)।** झारखंड में कोडरमा के फुलवरिया इलाके में बृहस्पतिवार को एक खदान धंसने से वहां अभ्रक के टुकड़े चुन रहे आठ लोग दब गए, जिनमें से दो को बचा लिया गया, जबकि दो के शव शुक्रवार को बरामद किए गए। चार लोग अभी भी लापता हैं। पुलिस ने यह जानकारी दी। कोडरमा के पुलिस अधीक्षक (एसपी) एहतेशाम वकारिब ने बताया कि दो लोगों को कल बचा लिया गया था और शुक्रवार को दो लोगों के शव बरामद किए गए। अन्य चार लोगों की अब भी तलाश जारी है। एसपी के अनुसर बृहस्पतिवार शाम अभ्रक के टुकड़े चुनने के दौरान कोडरमा जिला मुख्यालय से सटे फुलवरिया के पास खदान धंसने से आठ लोग उसमें दब गए। उन्होंने बताया कि खदान धंसने के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने दो लोगों को बाहर निकाल लिया था। बाहर निकाले गए राजेश सिंह घटवार और संजय सिंह घटवार की हालत गंभीर है, उनका स्थानीय अस्पताल में इलाज चल रहा है। उन्होंने बताया कि पुलिसकर्मी खदान में फंसे बाकी लोगों की तलाश कर रहे हैं।

### सिक्किम सरकार ने विदेशियों के प्रवेश के लिए रामम जांच चौकी खोलने का फैसला किया

**गंगटोक।** सिक्किम में ग्रामीण, धार्मिक और रोमांचक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार ने विदेशी पर्यटकों के प्रवेश के लिए एक मार्च से रामम जांच चौकी खोलने का फैसला किया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पश्चिम सिक्किम जिले में रामम जांच चौकी से विदेशियों के लिए प्रतिबंधित क्षेत्र परमिट (आरएपी) तथा संरक्षित क्षेत्र परमिट (पीएपी) जारी किए जाएंगे। फिलहाल ए दोनों तरह के परमिट विदेशियों को केवल मेली और रांगपो में ही जारी किए जाते हैं। राज्य सरकार ने बुधवार को एक अधिसूचना जारी की थी जिसमें विदेशी पर्यटकों को पश्चिम सिक्किम में रामम जांच चौकी के रास्ते राज्य में प्रवेश की इजाजत दी गई थी। सिक्किम पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष लुकेंद्र रासैली ने रामम में विदेशियों के लिए नया प्रवेश मार्ग खोलने के लिए मुख्यमंत्री पी एस तमांग का आभार जताया।

### दिग्विजय सिंह की जुबान ही उनकी दुश्मनः उमा भारती

**भोपाल।** पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता उमा भारती ने शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह की जुबान ही उनकी दुश्मन है और इस वजह से अपनी पार्टी कांग्रेस में बड़े नेता नहीं बन सके। उमा भारती ने दिग्विजय सिंह के बारे में पूछे जाने पर कहा, वह पढ़े लिखे नेता हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हैं। वह कांग्रेस में वो जगह नहीं बना सके, जिसे वो बना सकते थे। क्योंकि उनका मुंह उनके नियंत्रण में नहीं है। वह अभी जहां हैं इससे अधिक बेहतर हो सकते थे। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह द्वारा राम मंदिर निर्माण के लिए एक लाख रुपए से अधिक दान देने तथा विश्व हिन्दू परिषद से मंदिर निर्माण के लिए प्राप्त राशि का हिसाब सार्वजनिक करने की मांग पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उमा भारती ने उपरोक्त टिप्पणी की। उमा ने कहा कि वह दिग्विजय को तब से जानती हैं जब वह (उमा) मात्र आठ साल की थीं और दिग्विजय सिंह के परिवार के साथ उनके बेहतर रिश्ते हैं।

### तमिलनाडु के स्वास्थ्य मंत्री ने कोविड-19 टीका लगवाया

**चेन्नई।** तमिलनाडु के स्वास्थ्य मंत्री सी विजयभास्कर ने यहां शुक्रवार को कोविड-19 का टीका लगवाया। उन्होंने यहां एक सरकारी अस्पताल में टीका लगवाने के बाद संवाददाताओं से कहा, मेडिकल समुदाय का सदस्य होने के नाते और स्वास्थ्य कर्मियों में इसके प्रति विश्वास बढ़ाने के लिए मैंने आज टीका लगवाया। मैंने यह टीका मंत्री के तौर पर नहीं लगवाया है। उल्लेखनीय है कि विजयभास्कर पेशे से चिकित्सक हैं। हाल ही में, स्वास्थ्य सचिव जे राधाकृष्णन ने भी कोविड-19 का टीका लगवाया था।



चिकमंगलूर में पहचान पत्र के साथ आशा कार्यकर्ता कोविड-19 वैक्सीन के साथ टीका लगवाने के लिए अपनी बारी का इन्तजार करती हुईं।

## ड्रग्स के बदले किशोरी का यौन शोषण दो मुख्य आरोपियों समेत चार गिरफ्तार

**भाषा।** इंदौर (मध्यप्रदेश)

**ड्रग्स** के बदले यहां 15 वर्षीय लड़की के यौन शोषण का खुलासा करते हुए दो मुख्य आरोपियों समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) राजेश रघुवंशी ने संवाददाताओं को बताया कि आरोपियों की पहचान अमन वर्मा और आकाश उर्फ गजनी के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि पीड़ति लड़की फिलहाल शहर के एक नशामुक्ति केंद्र में है और ड्रग्स के बदले उसका कथित यौन शोषण करने वाले दोनों आरोपी उसके परिचित हैं।

रघुवंशी ने बताया कि दोनों आरोपियों ने नाबालिग लड़की को करीब छह महीने पहले ब्राउन शुगर तथा शराब का नशा कराया और उसके साथ कथित तौर पर दुष्कर्म किया। एएसपी ने बताया कि किशोरी को ड्रग्स की लत लगाने के बाद अमन और गजनी ने पिछले छह महीने के दौरान शहर के एक होटल में भी उसका कथित तौर पर यौन शोषण किया। लेकिन ड्रग्स की जरूरत और शर्म के कारण वह परिजनों को आपबीती सुनाने की हिम्मत नहीं जुटा सकी। उन्होंने बताया, नशामुक्ति केंद्र में पुलिस की काउंसलिंग के दौरान लड़की ने ड्रग्स के बदले अपने यौन शोषण की बात बताई। एएसपी ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ लैंगिक अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो एक्ट) के साथ ही भारतीय दंड विधान के संबद्ध प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि अमन और गजनी को ड्रग्स उपलब्ध कराने वाले एक व्यक्ति और एक महिला को भी गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से पूछताछ के साथ ही मामले की विस्तृत जांच जारी है।

## असली उम्मीदवार के बदले पीएमटी में बैठने वाले जालसाज को सश्रम कारावास

**इंदौर।** मध्यप्रदेश के कुख्यात व्यापमं घोटाले से जुड़े पीएमटी फर्जीवाड़े के मामले में यहां विशेष अदालत ने 39 वर्षीय व्यक्ति को शुक्रवार को पांच साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। व्यापमं घोटाले के मामलों के लिए गठित विशेष अदालत के न्यायाधीश यतीन्द्र कुमार गुरु ने मनीष कुमार सिन्हा (39) को मध्यप्रदेश मान्यताप्राप्त परीक्षा अधि. की सम्बद्ध धाराओं के साथ ही भादंवि की धारा 420 (धोखाधड़ी), 467 (दस्तावेजों की जालसाजी) और अन्य प्रावधानों के तहत दोषी करार दिया। मुजरिम, बिहार की राजधानी पटना से ताल्लुक रखता है।

सीबीआई ने विशेष अदालत में सिन्हा पर आरोप साबित किया कि वह व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापमं) द्वारा वर्ष 2004 में आयोजित प्री-मेडिकल टेस्ट (पीएमटी) के दौरान खंडवा स्थित परीक्षा केंद्र में संत कुमार त्रिवेदिया नाम के मूल उम्मीदवार के स्थान पर बैठा था। त्रिवेदिया, मध्यप्रदेश के ग्वालियर जिले का रहने वाला है।

विशेष लोक अभियोजक रंजन शर्मा ने सीबीआई की ओर से पैरवी करते हुए सिन्हा पर जुर्म साबित करने के लिए अदालत में 21 गवाह पेश किए। अभियोजन के मुताबिक फर्जीवाड़े का खुलासा तब हुआ, जब परीक्षा केंद्र में एक पर्यवेक्षक ने पाया कि सिन्हा के पास मिले प्रवेश पत्र पर नाम तो त्रिवेदिया का ही लिखा हुआ है। लेकिन इस दस्तावेज पर चस्पा फोटो सिन्हा के चेहरे से मेल नहीं खा रहा है। अभियोजन के मुताबिक सिन्हा कथित रूप से धन के बदले मध्यप्रदेश के पीएमटी फर्जीवाड़े में शामिल हुआ था। उच्चतम न्यायालय के वर्ष 2015 में दिए गए आदेश के तहत व्यापमं घोटाले से जुड़े मामलों की जांच सीबीआई कर रही है। व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापमं) की आयोजित प्रवेश और भर्ती परीक्षाओं में बड़े पैमाने पर धांधली सामने आने के बाद राज्य सरकार ने इसका आधिकारिक नाम बदलकर प्रोफेशनल एक्जामिनेशन बोर्ड कर दिया था।

## पवार ने जयंत पाटिल की सीएम बनने की इच्छा वाली टिप्पणी को अधिक तवज्जो नहीं दी

**मंबई।** राकांपा अध्यक्ष शरद पवार ने पार्टी नेता जयंत पाटिल की उस टिप्पणी को शुक्रवार को अधिक तवज्जो नहीं दी जिसमें उन्होंने कहा था कि मैं महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री बनने की आकांक्षा रखता हूं। शिवसेना नीत एमवीए सरकार में एक कैबिनेट मंत्री एवं प्रदेश राकांपा अध्यक्ष पाटिल ने हाल ही में कहा था कि जिस किसी ने भी राजनीति में एक लंबा समय गुजारा है, वह मुख्यमंत्री बनना चाहेगा। शीर्ष पद की आकांक्षा रखना उनके लिए भी स्वाभाविक है। पाटिल द्वारा मुख्यमंत्री बनने की आकांक्षा व्यक्त किए जाने के बारे में पूछे जाने पर पवार ने कोल्हापुर में संवाददाताओं से हल्के फुल्के अंदाज में कहा, यदि मुझे भी कल यही महसूस हो तो मुझे क्या करना चाहिए ? कोई भी मुझे मुख्यमंत्री नहीं बनाएगा, इसलिए मैं इसके बारे में नहीं सोचता। पाटिल से उनके गृह जिले सांगली के एक स्थानीय मीडिया घराने के साथ बातचीत के दौरान सवाल किया गया था कि क्या वह सीएम बनने की इच्छा रखते हैं।

## आपत्तिजनक सोशल मीडिया पोस्ट को साइबर अपराध माना जाएगा

**पटना।** बिहार में एक शीर्ष पुलिस अधिकारी की ओर से एक पत्र जारी किया गया है, जिसमें कहा गया है कि मंत्रियों, सांसदों, विधायकों , अन्य निर्वाचित प्रतिनिधियों और सरकारी अधिकारियों के खिलाफ आपत्तिजनक सोशल मीडिया पोस्ट को साइबर अपराध माना जाएगा। यह पत्र बृहस्पतिवार को आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) के एडीजी नैयर हसनैन खान ने जारी किया, जो साइबर अपराधों के लिए पुलिस का नोडल निकाय भी है। पत्र में राज्य के सभी प्रमुख सचिवों और विभिन्न विभागों के सचिवों को संबोधित करते हुए व्यक्तियों या संगठनों की ऐसी किसी भी गतिविधि की सूचना देने को कहा गया है ताकि ईओडब्ल्यू कानून के अनुसार कार्वाई कर सके। विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने इस पत्र की तस्वीर को ट्विटर पर साझा करते हुए नाराजगी व्यक्त की है।

यादव ने ट्वीट किया, मुख्यमंत्री (नीतीश कुमार) के कार्यों को देखिए, जो हिटलर के पदचिह्नों पर चल रहे हैं। उन्होंने कहा, नीतीश जी हम समझ सकते हैं कि आप पूरी तरह से थक चुके हैं, लेकिन कुछ तो शर्म कीजिए। इस पर सत्तारूढ़ एनडीए ने पत्र का समर्थन किया है और कहा है कि सोशल मीडिया पर जहर उगलने वालों पर लगाम लगाना जरूरी था।

जद (यू) के प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने एक बयान जारी करके कहा, यह एक स्वागत योग्य कदम है। सोशल मीडिया को एक माध्यम समझा जाता था जो सूचना का प्रसार करके व्यापक पैमाने पर लोगों के बौद्धिक स्तर पर सुधार में मदद करेगा। लेकिन हम इन मंचों पर आए दिन ऐसी बातें देख रहे हैं, जो घृणित अपशब्दों से भरी पड़ी हैं। भाजपा प्रवक्ता निखिल आनंद ने भी इससे सहमति जताई है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का यह अर्थ नहीं है कि कोई सीमा नहीं है। सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर कोई दिशानिर्देश और नियमन होना चाहिए।




कन्याकुमारी में नेशनल मतदाता दिवस के अवसर पर बनाई गई रंगोली।

# पराक्रम दिवस पर गुजरात के हरिपुरा में आयोजित कार्यक्रम होगा बेहद खास: मोदी

भाषा। नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि 23 जनवरी को स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर शनिवार को यूं तो देश भर में कई कार्यक्रम होंगे लेकिन गुजरात के हरिपुरा में होने वाला आयोजन बहुत खास होगा। उन्होंने लोगों से इस कार्यक्रम में जुड़ने की अपील की।

नेताजी की 125वीं जयंती को इस बार सरकार ने पराक्रम दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया है और देश भर में व्यापक स्तर पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। ऐसे ही एक कार्यक्रम का आयोजन हरिपुरा में किया गया है। हरिपुरा का नेताजी के साथ गहरा नाता है। वर्ष 1938 में यहां हुए कांग्रेस के ऐतिहासिक अधिवेशन में नेताजी को कांग्रेस का अध्यक्ष चुना गया था। मोदी ने सिलसिलेवार ट्वीट कर कहा, कल भारत नेताजी की जयंती पर पराक्रम दिवस मनाएगा।



देश भर में आयोजित कार्यक्रमों में एक विशेष कार्यक्रम गुजरात के हरिपुरा में भी होगा।

आप सभी इससे जुड़े। उन्होंने कहा कि हरिपुरा में होने वाला कार्यक्रम नेताजी के योगदान के प्रति देश की श्रद्धांजली होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि नेताजी की जयंती पर उन्हें 23 जनवरी 2009 का वह दिन याद आ गया जब उन्होंने हरिपुरा से ई-ग्राम विश्वग्राम परियोजना की शुरुआत की थी। उन्होंने कहा कि इस योजना ने गुजरात में सूचना और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में क्रांति ला दी और इसका लाभ राज्य के दू-सुदूर गांवों को भी मिला। उन्होंने कहा कि मैं हरिपुरा के लोगों का प्यार कभी नहीं भूल सकता, जिन्होंने मोदी उस सड़क पर यात्रा निकालने का सौभाग्य प्रदान किया जिस पर 1938 में नेताजी को ले जाया गया था। उनकी यात्रा में एक सजा हुआ रथ भी शामिल था जिसे 51 बैल खींच रहे थे। मैंने उस स्थान का भी दौरा किया था जहां नेताजी ठहरे थे। उन्होंने अपने हरिपुरा दौरा से जुड़ी कुछ तस्वीरें भी साझा की। मोदी ने कहा कि नेताजी के आदर्श एक मजबूत, दृढ़ और आत्मनिर्भर भारत बनाने की दिशा में देशवासियों को प्रेरित करते रहेंगे। प्रधानमंत्री 23 जनवरी को कोलकाता में आयोजित पराक्रम दिवस समारोह को संबोधित करेंगे।

प्रधानमंत्री नेताजी की याद में एक स्मारक सिक्का और डाक टिकट भी जारी करेंगे। बंगाल दौरे पर प्रधानमंत्री नेताजी के जीवन पर आधारित एक स्थाई प्रदर्शनी और एक प्रोजेक्शन मैपिंग शो का भी उद्घाटन करेंगे। गौरतलब है कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125वीं जयंती मनाने के लिए सरकार ने प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में 85 सदर्स्ईय एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है जो साल भर के कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करेगी।

# जीएलए का नौवां दीक्षांत समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न

● 2924 उपाधियां, 18 गोल्ड और 18 सिल्वर मेडल प्रदान किए



जीएलए विश्वविद्यालय मथुरा के नौवें दीक्षांत समारोह का दीप प्रज्जवलन कर शुभारंभ करते कुलाधिपति नारायण दास अग्रवाल, प्रतिकुलाधिपति प्रो. दुर्ग सिंह चौहान, कुलपति प्रो. फाल्गुनी गुप्ता, कुलसचिव अशोक कुमार व अन्य।

संवाददाता। मथुरा

**जीएलए** विश्वविद्यालय मथुरा का नौवां दीक्षांत समारोह अत्यन्त गरिमा एवं उल्लास के साथ गुरूवार को संपन्न हुआ। दीक्षांत समारोह में स्नातक व स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की कुल 18 गोल्ड और 18 सिल्वर मेडलिस्ट के साथ 2924 उपाधियां प्रदान की गईं। इसके अलावा 54 छात्रों को मेरिट सर्टिफिकेट प्रदान किए गए।

समारोह का शुभारम्भ जीएलए कुलाधिपति नारायणदास अग्रवाल प्रतिकुलाधिपति प्रो. दुर्ग सिंह चौहान एवं कुलपति प्रो. फाल्गुनी गुप्ता ने मां सरस्वती एवं प्रेरणास्त्रोत गणेशीलाल अग्रवाल के चित्रपट के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत शैक्षिक शोभायात्रा के आगमन से हुई, जिसमें कुलाधिपति, प्रतिकुलाधिपति, कुलपति एवं डीन एकेडमिक के साथ ही विश्वविद्यालय के कोर्ट, एग्जीक्यूटिव काउंसिल एवं एकेडमिक काउंसिल के सदस्य की अगवानी मुख्य सभागार में हुई। तत्पश्चात कुलाधिपति ने दीक्षांत समारोह के प्रारम्भ की उद्घोषणा की। समारोह में मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी)के चेयरमैन प्रो. धीरेन्द्र पाल सिंह ने दीक्षांत संबोधन की शुरुआत सभी उपाधि प्राप्त करने वाले नवस्नातकों का उत्साहवर्धन, सभी शिक्षकों एवं छात्रों को बधाई देते हुए की। इससे पूर्व विश्वविद्यालय के कुलसचिव अशोक कुमार सिंह ने सभी का स्वागत किया। प्रतिकुलपति प्रो. आनंद मोहन अग्रवाल ने सभी स्वागत करते हुए मुख्य अतिथि का परिचय प्रस्तुत किया।

कुलाधिपति नारायण दास अग्रवाल ने 18 छात्रों को गोल्ड मेडल से नवाजा। इसके बाद प्रतिकुलाधिपति ने भी 18 छात्रों को सिल्वर मेडल से नवाजा। कुलपति प्रो. फाल्गुनी गुप्ता द्वारा विश्वविद्यालय की वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। समारोह के अन्त में धन्यवाद ज्ञापन डीन एकेडमिक प्रो. अनूप कुमार गुप्ता ने किया। कुलाधिपति नारायणदास अग्रवाल ने मुख्य अतिथि प्रो. डीपी सिंह को स्मृति चिन्ह् भेंट किया, जिसे मुख्य अतिथि की ओर से कुलपति प्रो. फाल्गुनी गुप्ता के द्वारा ग्रहण किया गया।

इसके बाद कुलपति ने कुलाधिपति एवं प्रतिकुलाधिपति को स्मृति चिन्ह् भेंटकर सम्मानित किया। तत्पश्चात् कुलाधिपति द्वारा दीक्षांत समारोह के संपन्न होने की उद्घोषणा की गयी एवं शैक्षिक शोभायात्रा के प्रस्थान से कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

## देश के समग्र विकास में छात्रों का योगदान जरूरी: प्रो डीपी सिंह

संवाददाता। मथुरा

**जीएलए** विश्वविद्यालय, मथुरा के नौंवे दीक्षांत समारोह में दीक्षांत संबोधन के दौरान मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) नई दिल्ली के चेयरमैन प्रो. धीरेन्द्र पाल सिंह ने कहा कि भारतीय शिक्षा ने हमेशा दुनिया को रास्ता दिखाया है।

छात्रों द्वारा ग्रहण की गई शिक्षा छात्रों की विरासत है। यह आगे चलकर पहचान बनाएगी। हमेशा उत्साह के साथ इसका उपयोग करें और देश के समग्र विकास में अपना योगदान देना सुनिश्चित करें। प्रो. सिंह ने कहा कि हम कोविड-19 के कठिन दौर से गुजर रहे हैं, लेकिन ऐसा लगता है कि हमारे नए ऑनलाइन मिश्रित शिक्षण और अध्ययन ने हमें शिक्षा में परिवर्तन के नए डिजिटल युग में ला दिया है।

छात्रों ने भी यह कठिन दौर आशावादी रूप से पार कर लिया है, क्योंकि हमारे यहां दुनिया में सबसे बड़ी संख्या में युवा विद्यार्थी हैं। उन्होंने डिग्री धारकों और पदक हासिल करने वाले छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों के जीवन में दीक्षांत समारोह एक महत्वपूर्ण दिवस है और आपके विकास लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। उन्होंने नई शिक्षा नीति पर जोर देते हुए कहा कि आप सभी जानते हैं, आखिरकार नई शिक्षा नीति पेश की गई है।

एनईपी 2020, 1986 की पिछली नई शिक्षा नीति की जगह लेता है। यह नीति पूर्व-विद्यालय से माध्यमिक स्तर तक शिक्षा को सार्वभौमिक बनाने का इरादा रखती है। यही नहीं बल्कि यह नीति उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा के पदचिह्नों के लिए रोडमैप तैयार करती है। उन्होंने स्वामी विवेकानंद पर भी अपने विचार प्रकट किए।

# देहरादून में बनेगा उत्तराखंड का सैन्यधाम

● रावत ने कहा कि मोदी ने उत्तराखंड के पांचवे धाम के रूप में सैन्यधाम का नाम लिया था

भाषा। देहरादून

**उत्तराखंड** के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत शनिवार को यहां पुरकुल गांव में राज्य स्तरीय सैन्यधाम का शिलान्यास करेंगे जहां देश की आजादी के बाद से देश की रक्षा में अपना सर्वस्व बलिदान करने वाले वीर सपूतों का विवरण अंकित होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तराखंड के पांचवे धाम के रूप में सैन्यधाम का नाम लिया था और अब देहरादून में सैन्यधाम बनने जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसके लिए पर्याप्त भूमि तथा धन की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि



सैन्यधाम में राज्य की गौरवशाली सैन्य परम्परा के साथ ही इससे संबंधित सभी जानकारी भी आम जनता को उपलब्ध होगी। यहां जारी एक सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार, रावत ने सैनिकों के हित को सर्वोपरि बताते हुए कहा कि सैनिकों और पूर्व सैनिकों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रदेश स्तर पर अपर मुख्य सचिव और जिला स्तर पर अपर जिलाधिकारी को नोडल अधिकारी तैनात किया गया है।

उन्होंने बताया कि इसके अलावा, राज्य सरकार द्वारा देश की रक्षा में मारे गए सैनिकों व अर्ध सैनिकों के एक परिजन को योग्यता के अनुसार सरकारी नौकरी में समायोजित करने की व्यवस्था भी की गई है। इस संबंध में उन्होंने बताया कि अब तक 14 आश्रितों को सेवायोजित किया जा चुका है जबकि छह अन्य की नियुक्ति प्रक्रिया गतिमान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड वीरता पदक से अलंकृत सैनिकों के अनुदान में सबसे अधिक वृद्धि करने वाला राज्य हैं।

उन्होंने कहा कि वीरता पदक प्राप्तकर्ता सैनिकों एवं उनकी विधवाओं को दी जाने वाली वार्षिकी राशि 30 वर्ष के स्थान पर अब आजीवन दिए जाने की व्यवस्था की गई है तथा विभिन्न युद्धों, सीमान्त झडपों तथा आन्तरिक सुरक्षा में मारे गए सैनिकों व अर्द्ध सैनिकों की विधवाआ या आश्रितों को एकमुश्त रुपये 10,000,00 अनुदान दिए जाने की व्यवस्था की गई हैं। रावत ने कहा कि युद्ध अपंगता के कारण सेवामुक्त हुए सैनिकों को आवासीय सहायता अनुदान दो लाख रू दिया जा रहा है।

## आईआरसीटीसी अगले महीने से ई-खानपान सेवाओं को फिर से शुरू करेगा

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) अगले महीने से अपनी ई-खानपान सेवाओं को फिर से शुरू करेगा, जो यात्रियों के लिए एक बड़ी राहत की बात है। आईआरसीटीसी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। कोविड-19 महामारी से निपटने के लिए लगाए गए लॉकडाउन के कारण 22 मार्च, 2020 को ई-खानपान सेवाओं को स्थगित कर दिया गया था। भारतीय रेलवे की खानपान व्यवस्था, पर्यटन और ऑनलाइन टिकट संबंधी गतिविधियों का कार्यभार सम्भालने वाली आईआरसीटीसी विशेष रेलगाड़ियों में यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए ई-खानपान सेवाओं को फिर से शुरू करने जा रहा है। एक बयान में कहा गया है कि रेल मंत्रालय की अनुमति से आईआरसीटीसी फरवरी से चरणबद्ध तरीके से ई-खानपान सेवाओं को फिर से शुरू करने के लिए तैयार है।

## एनआईए ने प्रतिबंधित संगठन भाकपा (माओवाद) के सदस्य को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण एजेंसी (एनआईए) ने गैरकानूनी गतिविधियों का षड़यंत्र रचने और उन्हें अंजाम देने में कथित भूमिका के लिए प्रतिबंधित संगठन भाकपा (माओवाद) के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एनआईए के प्रवक्ता ने कहा कि केरल के वायनाड जिले के निवासी विजित विजयन (26) को कोझीकोड़ माओवादी मामले के संबंध में बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया गया। प्रवक्ता ने कहा कि केरल के कोझीकोड़ जिले के पंथीरनकावू पुलिस थाने में एक नवंबर 2019 को तीन लोगों के खिलाफ गैर-कानूनी गतिविधियां (निवारण) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था। उन्होंने कहा कि ऐलन शुएब और ताहा फजल को गिरफ्तार कर उनके पास से भाकपा (माओवाद) संगठन से संबंधित अपराध में इस्तेमाल होनी सामग्री मिली थी। एनआईए ने दिसंबर 2019 में दोबारा मामला दर्ज किया था। प्रवक्ता ने कहा कि शुएब और फजल ने फरार आरोपी सी पी उस्मान ने केरल में भाकपा (माओवाद) की हिंसक चरमपंथी गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए इसकी विभिन्न गुप्त बैठकें आयोजित की थीं। अधिकारी ने कहा कि उन्होंने संगठन की विचारधारा के प्रसार और उसके मंसूबों को पूरा करने के प्रयासों के तहत गैर-कानूनी गतिविधियों का षड़यंत्र रचा और उन्हें अंजाम दिया। अधिकारी ने कहा कि विजयन को एर्नाकुलम की विशेष एनआईए अदालत में पेश किया गया, जिसने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

# ठाणे में बायोटेक कंपनी में आग लगी, कोई हताहत नहीं



ठाणे में बायोसेंस कंपनी में लगी आग को बुझाते दमकल कर्मचारी।

भाषा। ठाणे

**महाराष्ट्र** में ठाणे शहर के वागले एस्टेट क्षेत्र में एक बायोटेक कंपनी में शुक्रवार की अपराह्न आग लग गई।

इस हादसे में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। ठाणे नगर निगम के क्षेत्रीय आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख संतोष कदम ने बताया कि शाम लगभग पांच बजे बायोसेंस कंपनी में आग लग गई और इस पर काबू पाने के लिए दमकल की दो गाड़ियों को लगाया गया।

उन्होंने बताया कि हादसे में अब तक किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है और आग लगने के कारण का अभी पता नहीं लगा है।

## टीएमसी ने असंतुष्ट विधायक वैशाली डालमिया को निष्कासित किया

भाषा। कोलकाता

**पश्चिम** बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने असंतुष्ट विधायक वैशाली डालमिया को पार्टी विरोधी गतिविधियों के लिए शुक्रवार को निष्कासित कर दिया। बेल्ली से विधायक डालमिया टीएमसी नेतृत्व के एक वर्ग के खिलाफ सार्वजनिक रूप से अपनी बात रख चुकी हैं। साथ ही उन्होंने दावा किया था कि पार्टी में ईमानदार लोगों के लिए कोई जगह नहीं है। टीएमसी ने एक बयान में कहा कि शुक्रवार को उसकी अनुशासन समिति की बैठक हुई, जिसमें डालमिया को पार्टी से निष्कासित करने का फैसला लिया गया। इससे कुछ ही घंटे पहले टीएमसी के ही वरिष्ठ नेता राजीव बनर्जी ने ममता बनर्जी मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया था। डालमिया ने बनर्जी के इस्तीफे के लिए भी पार्टी नेतृत्व की आलोचना की।

# एनसीबी को बड़ी कामयाबी, एक हजार करोड़ की हेरोइन बरामद

पायनियर समाचार सेवा। दिल्ली

**नारकोटिक्स** कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने ड्रग तस्करों के अंतरराष्ट्रीय गैंग के दो सदस्यों को चेन्नई से गिरफ्तार किया है। उनसे एक हजार करोड़ रुपये की हेरोइन बरामद की गई है। श्रीलंकाई नागरिक दोनों तस्कर अपनी पहचान छुपाकर रह रहे थे। गैंग का जाल भारत के अलावा पाकिस्तान, अफ़ग़ानिस्तान, ईरान, श्रीलंका मालद्वीव और ऑस्ट्रेलिया तक फैला है।

अंतरराष्ट्रीय ड्रग तस्करी गैंग के प्रमुख सदस्य इन दोनों श्रीलंकाई तमिल नागरिकों तक एनसीबी बीते 26 नवंबर में पकड़े गए छह श्रीलंकाई तस्करों के जरिए पहुंची जो मछुआरों के भेश में समुद्री जहाज में ड्रग ले जा रहे थे। भारतीय तटरक्षक बल के साथ संयुक्त अभियान में एनसीबी ने षेनाया दुआ नाम के श्रीलंकाई मछली पकड़ने वाले जहाज को तूतीकोरिन पोर्ट के पास भारत के जल क्षेत्र में पकड़ा था।



### दो श्रीलंकाई नागरिक चेन्नई से गिरफ्तार पाक से भी जुड़े हैं तार

इसके चालक दल से 95.875 किलोग्राम हेरोइन और 18.325 किलोग्राम मेथामफेटामाइन जब्त किया था। साथ ही पांच पिस्तौल भी मिले थे। जहाज से पकड़े गए छह तस्करों से पूछताछ में पता चला कि गैंग के दो प्रमुख सदस्य चेन्नई मे रह रहे हैं। दो महीने की जांच-पड़ताल के बाद दोनों श्रीलंकाई नागरिकों एमएमएम नवास और मोहम्मद अफ़्नास को चेन्नई से पकड़ लिया गया। ये दोनों ही अंतरराष्ट्रीय गैंग की प्रमुख कड़ी हैं और समुद्र के बीच ड्रग की खेप को जहाजों के जरिए अलग-अलग देषों खासकर अफ़ग़ानिस्तान, ईरान और पाकिस्तान भेजने या लाने और वितरण की व्यवस्था का काम संभालते थे। ऐसा माना जा रहा है कि नवास के खिलाफ श्रीलंका सरकार ने भी एक इंटरपोल रेड कार्नर नोटिस जारी किया है।

अफगानिस्तान, पाकिस्तान और ईरान दुनिया का सबसे बड़ा ड्रग उत्पादन करने वाला क्षेत्र हैं। श्रीलंका और मालदीव जैसे द्वीपीय देश इस क्षेत्र की हेरोइन को दुनिया के अन्य हिस्सों में ले जाने के प्रमुख केंद्र के रूप में इस्तेमाल होते हैं। ड्रग तस्करी के लिए मछली पकड़ने वाले जहाजों का प्रयोग किया जाता है। एनसीबी के षीर्श अधिकारी केपीएस मल्होत्रा ने बताया कि ड्रग का यह काला कारोबार श्रीलंका की जेल में बंद पाकिस्तानी तस्करों के हाथ में है।

## केरल विधानसभा ने कैग की रिपोर्ट के खिलाफ प्रस्ताव पारित किया

भाषा। तिरूवनंतपुरम

**केरल** विधानसभा ने शुक्रवार को भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (कैग) की रिपोर्ट के खिलाफ एक प्रस्ताव पारित किया जबकि कांग्रेस नीत यूडीएफ ने सदन में पेश रिपोर्ट के हिस्से को हटाने पर कड़ा विरोध जताया। रिपोर्ट में केआईआईएफबी के बारे में कड़ी टिप्पणियां हैं।

यूडीएफ और भाजपा के एकमात्र विधायक ने प्रस्ताव का यह कहते हुए विरोध किया कि यह संवैधानिक मूल्यों के खिलाफ है। प्रस्ताव को पेश करते हुए मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने कहा कि कैग ने संबंधित विभागों को सुने बगैर अंतिम रिपोर्ट में कुछ बदलाव किए और इससे कार्यपालिका एवं विधायिका के बीच संतुलन प्रभावित हो सकता है। प्रस्ताव को आम सहमति से पारित किया गया और विधानसभा अध्यक्ष पी. श्रीरामकृष्णन ने कहा कि संबंधित पन्नों को हटाने के बाद कैग की रिपोर्ट को विचार के लिए लोक लेखा समिति (पीएसी) के पास भेजा जाएगा। इन पन्नों में केरल आधारभूत निवेश वित्त बोर्ड (केआईआईएफबी) के खिलाफ टिप्पणी की गई हैं। बहरहाल, इस बारे में अंतिम फैसला लंबित है क्योंकि कांग्रेस विधायक वी. डी. सतीशन ने इस पहल का विरोध करते हुए कहा कि सदन रिपोर्ट को नहीं बदल सकता है जिस पर राज्यपाल के हस्ताक्षर हैं।

सतीशन पीएसी के अध्यक्ष भी हैं। सतीशन ने कहा कि राज्य विधायिका राज्यपाल द्वारा हस्ताक्षरित रिपोर्ट के कुछ हिस्सों को कैसे हटा सकता है? अगर यह परंपरा बन गई तो अन्य राज्य भी इसी राह पर चल पड़ेंगे। इससे संवैधानिक संकट पैदा होगा। प्रस्ताव में कैग के राज्य वित्तीय ऑडिट रिपोर्ट के केआईआईएफबी से संबद्ध पन्ना संख्या 41 से 43 तक की टिप्पणियों को खारिज करने की बात कही गई है। विजयन ने कहा कि सरकार से विचार-विमर्श किए बगैर रिपोर्ट तैयार की गई है। कैग के निष्कर्ष में बताया गया है कि केआईआईएफबी ने बजट के इतर ऋण लिए हैं जो पूरी तरह निराधार है।

# पेज 1 का शेष

## कांग्रेस ने...

हुए इस दिशा में काफी अच्छे तरीके से काम कर रहा है। यह उत्तर प्रदेश की तस्वीर और तकदीर, दोनों को बदलने में सहायक होगा। कांग्रेस ने आत्मनिर्भर भारत पर भी सवाल उठाए। उन्होंने तो देश को निर्भर रहने को मजबूर कर दियाए उन्हें क्या पता कि आत्मनिर्भरता क्या होती है? उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति एवं गृहमंत्री अमित शाह की कुशल रणनीति के बल पर धारा 370 धाराशायी हुआ। कांग्रेस ने माहौल को बिगाड़ने की भरपूर कोशिश की, गुपकर ने भी मिल कर चुनाव लड़ा लेकिन जम्मू-कश्मीर में पहली बार हुए डिस्ट्रिक्ट डेवलपमेंट काउंसिल के चुनाव में भाजपा न केवल सबसे बड़ी पार्टी बन कर उभरी बल्कि सबसे ज्यादा वोट भी भाजपा को ही मिला। कहाँ गए जम्मू-कश्मीर में खून-खराबे की बात करने वाले? नड्डा ने कहा कि अभी कल ही एक प्रतिष्ठित न्यूज चैनल का सर्वे मूड ऑफ द नेशन आया जिसमें पीएम मोदी आज तक के सबसे लोकप्रिय प्रधानमंत्री के रूप में प्रतिष्ठित हुए हैं। दूसरे स्थान पर अटल बिहारी वाजपेयी का नाम आया है। सर्वे में कहीं नीचे इंदिरा गाँधी और सबसे अंत में पंडित जवाहरलाल नेहरू का नाम आया है। ध्यान देने वाली बात यह है कि पंडित नेहरू ने 17 साल तक शासन किया, इंदिरा गाँधी 14 वर्ष तक पीएम रहीं लेकिन अटल जी को टुकड़ों में 6 वर्ष का वक्त मिला और मोदी जी के कालखंड के तो अभी साढ़े छः वर्ष ही अभी पूरे हुए हैं। इसी सर्वे में देश के सर्वश्रेष्ठ मुख्यमंत्री के रूप में योगी आदित्यनाथ जी चुने गए हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि हमें यह ध्यान देना चाहिए कि देश की जनता बीजेपी और हमारे प्रधानमंत्री को लगातार आशीर्वाद क्यों देती है क्योंकि हमारे प्रधानमंत्री दिन-रात देश के गाँव, गरीब और किसान के प्रति समर्पित रहते हैं। चुनाव तो बहुत लोग जीतते हैं, सरकारें बहुत बनती है, मंत्री एवं सांसद बहुत से लोग बनते हैं लेकिन जो जनता के साथ जुड़ कर उनके सुख दुःख में काम करते हैं। वही देश को आगे लेकर जाते हैं। यह केवल सर्वे नहीं, चुनाव परिणाम भी बताते हैं। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शासन में विकास की कहानी के साथ साथ उप्र की कानून व्यवस्था में भी आमूलचूल परिवर्तन आया है। इससे पहले जब सपा-बसपा की सरकार आती थी तो इन दोनों के शासन में गुंडागर्दी चरम पर हुआ करती थी। आज हम गर्व के साथ कह सकते हैं कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यूपी में लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति में काफी सकारात्मक बदलाव आया है। अब तो नेताओं को भी समझ में आ गया है कि लॉ एंड ऑर्डर होता क्या है। भ्रष्टाचार के खिलाफ मोदी की ही तरह योगी ने भी यूपी में जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रखी है। उत्तर प्रदेश पर्यटन के क्षेत्र में भी लगातार आगे बढ़ रहा है। कहीं दीपोत्सव मनाया जा रहा है तो कहीं कुंभ का सफलतापूर्वक आयोजन हो रहा है और इन सभी कार्यक्रमों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मान भी मिल रहा है। नड्डा ने बुद्धिजीवियों का अवाहन करते हुए कहा कि जिंदा समाज वह होता है जो अच्छे लोगों को समाज के बुद्धिजीवियों से अपील करता हूं कि वह अच्छे काम करने वाले लोगों को चुनने के लिए लोगों को प्रेरित करें और जो विकास कार्यों में बाधा उत्पन्न करते हैं, उन्हें लगातार क्वारंटाइन और आइसोलेशन में ही रखें।

## विपक्षी दलों...

अयोध्या में मंदिर निर्माण के लिए परिंदा भी पर नहीं मार सकता। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 5 अगस्त 2020 को अयोध्या में राम मंदिर का शिलान्यास कर दिया है तो वही विपक्षी नेता कह रहे हैं कि राम तो हमारे भी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में कोरोना संक्रमण को नियंत्रित करने और लॉकडाउन में जन सेवा का अभूतपूर्व काम हुआ है। सेवा ही संगठन के संकल्प के साथ एक-एक भाजपा कार्यकता के सहयोग से ही कोरोना पर नियंत्रण और सेवा कार्यों में सफलता हासिल की जा सकी है। 2003 से 2017 के बीच उत्तर प्रदेश में रही सरकारों के कार्यकाल की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने प्रदेश में मूल्यों और आदर्श की राजनीति कर चुनावी वादों को हकीकत में बदलने का काम किया है। तमाम दुष्प्रचार के बाद भी देश की जनता को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भरोसा है तब ही उनके एक संदेश पर पूरा देश थाली बजाकर और दीपक जलाकर एकता का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि भाजपा केवल सत्ता प्राप्त करने के लिए राजनीति नहीं करती बल्कि राष्ट्र निर्माण और देश के उज्जवल भविष्य के लिए राजनीति करती है।

## मोदी ने...

तैनात कर्मियों को टीका लगाया जाना है। मोदी का यह संवाद ऐसे समय हुआ है जब टीके को लेकर कुछ स्वास्थ्यकर्मी भयभीत दिखे और टीकाकरण के लिए निर्धारित केंद्रों पर नहीं पहुंचे। टीकाकरण में देरी को लेकर सवाल उठाने वालों पर निशाना साधते मोदी ने कहा कि कोई भी वैक्सीन बनाने के पीछे वैज्ञानिकों की कड़ी मेहनत और एक पूरी वैज्ञानिक प्रक्रिया होती है।

## दूसरे राउंड...

कम रहा। अपर मुख्य सचिव चिकित्सा अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि टीकाकरण में स्वास्थ्यकर्मियों को प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने बताया आज के बाद 28 वे 29 जनवरी को टीकाकरण अभियान सम्पन्न कराया जाएगा। इन तीन दिनों में 445000 स्वास्थ्यकर्मियों का टीकाकरण होगा। अगले सप्ताह से प्रत्येक गुरुवार व शुक्रवार को वैक्सीन लगाई जाएगी। आज 1537 स्थानों पर टीकाकरण सम्पन्न हुआ। इसमे 16 जनवरी को छूटे हुए स्वास्थ्यकर्मियों को भी शामिल किया गया।

## उद्योगों को...

उद्योगों व उद्यमों की स्थापना व संचालन के लिए आवश्यक विनियामक अनुपालनों के भार को कम करने के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में श्रम, गृह, नगर विकास, आबकारी, बेसिक शिक्षा, वन, पर्यावरण तथा न्याय आदि विभिन्न विभागों से संबंधित अनावश्यक नियमों व विनियमों आदि पर तथा ऐसे कानूनों पर जिनको प्रतिस्थापित कर दिया गया है पर विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने निर्देशित किया गया कि औद्योगीकरण के लिए अनुकूल वातावरण के सृजन के लिए आवश्यक अप्रासंगिक कानूनों व नियमों को समाप्त करने, विलय करने अथवा संख्या कम करने की कार्यवाही 31 मार्च तक पूर्ण कर ली जाए। एसीएस अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग आलोक कुमार ने बताया कि विभिन्न विभागों में उद्योगों से संबंधित 1300 अन्य अनुपालनों की संख्या को कम करने की कार्यवाही भी विभागीय स्तर पर की जा रही है। इससे भविष्य में उद्योगों की स्थापना एवं संचालन से संबंधित अधिनियमों व नियमों का शिथिलीकरण सम्भव हो सकेगा तथा निवेशोन्मुखी वातावरण के सृजन को गति मिलेगी।

## यूपी के...

था। इसके बाद से गोंडा और बहराइच पुलिस अगवा छात्र को तलाशने में जुट गई थी। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि अपराधी एनसीआर में छिपे हुए हैं। गोंडा पुलिस ने इसकी सूचना नोएडा एसटीएफ के एसपी राजकुमार मिश्रा को दी। इसके बाद एक संयुक्त ऑपरेशन में गोंडा पुलिस ने छात्र को सुरक्षित बरामद कर लिया। इसके बाद अपहरण करने वालों की तलाश शुरू हुई। अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार सुबह नोएडा एक्सप्रेसवे पर मुठभेड़ के बाद एसटीएफ तथा गोंडा पुलिस ने डॉ अभिषेक सिंह, नितेश और मोहित सिंह को गिरफ्तार किया। इनके पास से पुलिस ने अपहरण के लिए इस्तेमाल की गई एक कार, देसी तमंचा, कारतूस, छात्र को बेहोश करने में इस्तेमाल किए गए इंजेक्शन और दूसरी चीजें बरामद की हैं। इनकी एक अन्य साथी और आरोपी डॉ प्रीति मेहरा की तलाश जारी है। गोंडा पुलिस ने मामले में शामिल अन्य दो आरोपियों रोहित और सतीश को गोंडा से गिरफ्तार किया है।

## आस्ट्रेलिया में श्रृंखला जीतने के बाद स्वदेश लौटे अश्विन, वाशिंगटन सुंदर

**चेन्नई।** आस्ट्रेलिया में टेस्ट श्रृंखला जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य रहे सीनियर आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और उभरते हुए आलराउंडर वाशिंगटन सुंदर शुक्रवार को स्वदेश लौट आए। राज्य सरकार के नियमों के अनुसार तमिलनाडु के ए दोनों खिलाड़ी अगले दो दिन तक पृथकवास में रहेंगे।

## रीयाल मैड्रिड के कोच जिनेदीन जिदान कोरोना पॉजिटिव

**मैड्रिड।** रीयाल मैड्रिड के कोच जिनेदीन जिदान कोरोना वायरस जांच में पॉजिटिव पाए गए है। स्पेन के इस क्लब ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे दो दिन पहले जिदान की टीम कोपा डेल रे में तीसरे दर्जे की अलकोयानो से हार गई थी। क्लब ने उनके स्वास्थ्य के बारे में कोई सूचना नहीं दी है। मैड्रिड को अब शनिवार को स्पेनिश लीग में अलावेस से खेलना है। जिदान की जगह अब सहायक कोच डेविड बेटोनी इस मैच में कोच होंगे।

## क्रिकेट के ढांचे में निवेश का भारत को मिल रहा फल : जहीर अब्बास

**कराची।** पाकिस्तान के महान बल्लेबाज जहीर अब्बास का मानना है कि पिछले एक दशक में क्रिकेट के ढांचे मे निवेश का फल भारत को मिल रहा है और इसकी बानगी आस्ट्रेलिया में टेस्ट श्रृंखला में ऐतिहासिक जीत से मिली। देखो भारतीय टीम कहां तक आ गई। उन्होंने आस्ट्रेलिया मे तीन साल मे दूसरी बार श्रृंखला जीती। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि भारत ने अपने क्रिकेट के ढांचे में पिछले एक दशक मे काफी निवेश किया। उस कड़ी मेहनत का फल अब मिल रहा है।

## आईटीबीपी ने आईस हॉकी चैंपियनशिप जीती

**नई दिल्ली।** भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) ने जम्मू एवं कश्मीर के गुलमर्ग में हुई 10वी राष्ट्रीय आईस हॉकी चैंपियनशिप का खिताब जीता। आईटीबीपी के अधिकारी ने यह जानकारी दी। आईटीबीपी की टीम ने 8,694 फुट की ऊंचाई पर स्थित गुलमर्ग आईस रिंक मे लद्दाख को 5-1 से हराकर खिताब जीता। राष्ट्रीय चैंपियनशिप का आयोजन भारतीय आईस हॉकी संघ (आईएचएआई) ने 16 से 22 जनवरी तक किया। टूर्नामेंट मे आठ टीमो ने हिस्सा लिया।

## दो पेनल्टी पर चूकने के बावजूद बार्सीलोना जीता

**मैड्रिड।** ओसमाने डेम्बेले ने नियमित समय में पेनल्टी पर चूकने के बाद अतिरिक्त समय मे गोल दागा जिससे बार्सीलोना ने कोपा डेल रे फुटबॉल टूर्नामेंट के राउंड आफ 32 मुकाबले मे तीसरे डिविजन के क्लब कोरनेला को 2-0 से हराया। बार्सीलोना के लिए गुरुवार को हुए मुकाबले में दूसरा गोल मार्टिन ब्रेथवेट ने दागा। टीम के लिए मिरालेम जानिच भी पहले हाफ मे पेनल्टी को गोल मे बदलने से चूक गए थे।

# थाईलैंड ओपनः सिंधु और समीर बाहर

### ● सात्विक ने युगल में दो जीत दर्ज की

भाषा। बैंकॉक





विश्व चैम्पियन पीवी सिंधु को अपनी गलतियों के कारण शुक्रवार को यहां टोयोटा थाईलैंड ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के एकतरफा क्वार्टरफाइनल में हार का सामना करना पड़ा जबकि समीर वर्मा चुनौतीपूर्ण मुकाबले में पराजित हो गए। सात्विक साइराज रंकीरेड्डी ने हालांकि मिश्रित और पुरुष युगल क्वार्टरफाइनल में अश्विनी पोनप्पा और चिराग शेट्टी के साथ मिलकर दो जीत दर्ज की। ओलंपिक की रजत पदकधारी सिंधु में मुकाबले के दौरान उस खिलाड़ी की झलक नहीं दिखी जिसने 2019 में विश्व चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। सिंधु ने घरेलू प्रबल दावेदार रतचानोक इंतानोन के खिलाफ काफी अनफोर्स्ड गलतियां की जिससे वह 13-21 9-21 से आसानी से हार गईं। सिंधु ने कहा, मैंने काफी अनफोर्स्ड गलतियां कीं और मुझे लगता है कि मैंने आसानी से अंक दे दिए। मैं आज अपना बेहतरीन प्रदर्शन नहीं कर सकी। यह मेरा दिन नहीं था। पुरूष एकल में समीर को विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज एंडर्स एंटोनसेन से करीबी क्वार्टर फाइनल में हार का सामना करना पड़ा। डेनमार्क के खिलाड़ी ने 21-13 19-21 22-20 से जीत दर्ज की। सिंधु और समीर के हारने से टूर्नामेंट के एकल वर्ग में भारतीय चुनौती समाप्त हो गई। युगल खिलाड़ियों ने हालांकि प्रशंसकों को मुस्कुराने का मौका दिया जिसमें सात्विक और अश्विनी की गैर वरीयता प्राप्त जोड़ी ने मिश्रित युगल के क्वार्टर फाइनल में मलेशिया की पेंग सून चान और लियू यिंग गोह की जोड़ी को एक घंटा 15 मिनट में 18-21, 24-22, 22-20 से शिकस्त देकर उलटफेर किया। विश्व रैंकिंग में 22वें स्थान पर काबिज भारतीय जोड़ी का सेमीफाइनल में सामना शीर्ष वरीय थाईलैंड के दक्षपॉल पुवारानुकरोह और सपसिरि तेरतनचै से होगा। सात्विक ने कहा, हम तीन बार उनसे खेल चुके हैं। दो बार जीते और एक बार हारे। हम आत्मविश्वास से भरे थे। हम जानते थे कि हमारी ताकत आक्रमण है। वे दबाव में थे। हम डटे रहे। हमें मौके मिले और हमने फायदा उठाया। बाद में सात्विक और चिराग ने एक अन्य मलेशियाई जोड़ी को शिकस्त दी। इस भारतीय युगल जोड़ी ने ओंग यियू सिन और टियो ए यि को 37 मिनट में 21-18 24-22 से पराजित किया। इससे पहले तोक्यो ओलंपिक में पदक की दावेदार सिंधु पूर्व विश्व चैम्पियन रतचानोक के खिलाफ फार्म से बाहर दिखीं। उन्होंने कहा, मेरे कुछ शॉट नियंत्रण से बाहर रहे। मैं कई बार बहुत ज्यादा ताकत से हिट कर रही थी। मुझे इससे बेहतर तरीके से शॉट पर नियंत्रण करना चाहिए था। अगर मैं पहला गेम जीत जाती तो चीजें काफी अलग हो सकती थीं। रतचानोक को सिंधु के खिलाफ पिछली तीन भिड़ंत में हार मिली थी। लेकिन उन्होंने काफी सकारात्मक खेल दिखाते हुए शुरू में ही तीन अंक की बढ़त बना ली जबकि सिंधु लेंथ पर नियंत्रण नहीं बना सकीं। पहले गेम के ब्रेक तक थाईलैंड की खिलाड़ी ने चार अंक की बढ़त बना ली। सिंधु ने ब्रेक के बाद वापसी की कोशिश में स्कोर 13-13 से बराबर कर दिया। पर वह ज्यादा देर तक इसे कायम नहीं रख सकी और रतचानोक ने लगातार आठ प्वाइंट जीतकर बिना किसी परेशानी से पहला गेम अपनी झोली में डाला। दूसरे गेम में भी कोई ज्यादा बदलाव नहीं हुआ सिंधु एक समय 1-7 से पिछड़ रही थीं और ब्रेक तक वह सात प्वाइंट से पीछे ही रहीं। ब्रेक के बाद रतचानोक ने 12 मैच प्वाइंट हासिल कर इस गेम को भी आसानी से जीत लिया। वहीं पुरूष एकल में शुरूआती गेम में एंटोनसेन ने 5-0 से बढ़त बना ली थी और समीर अपनी लेंथ से जूझ रहे थे जिससे उनके शॉट लंबे और वाइड जा रहे थे। एंटोनसेन ने अच्छी लय जारी रखते हुए ब्रेक तक छह अंक की बढ़त बना ली।

## मैथ्यूज की नाबाद शतकीय पारी से श्रीलंका को संभाला



**गॉल।** पूर्व कप्तान एंजेलो मैथ्यूज की नाबाद 107 रन की पारी के दम श्रीलंका ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन शुक्रवार को शुरूआती झटकों से उबरने के बाद चार विकेट पर 229 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत की ली। इस मैच में स्टुअर्ट ब्रॉड की जगह टीम में शामिल हुए अनुभवी जेम्स एंडरसन ने 19 ओवर में 10 मेडन के साथ महज 24 रन देकर तीन विकेट लिए। दिन का खेल खत्म होते समय मैथ्यूज के साथ विकेटकीपर निरोशन डिकवेला (नाबाद 19) क्रीज पर मौजूद थे। दोनों ने पांचवें विकेट के लिए अब तक 36 रन की साझेदारी कर ली है। मैथ्यूज को इस दौरान लाहिरु तिरिमाने (43) और कप्तान दिनेश चांदीमल (52) का अच्छा साथ मिला। उन्होंने तीसरे विकेट के लिए तिरिमाने के साथ 69 जबकि चांदीमल के साथ चौथे विकेट के लिए 117 रन की शानदार साझेदारी की। इससे पहले टॉस जीत कर बल्लेबाजी के उतरी श्रीलंका के मैच की शुरुआत में ही एंडरसन ने दो झटके दिए। उन्होंने अपने तीसरे ओवर की पहली गेंद पर सलामी बल्लेबाज कुशल परेरा (06) को स्लिप पर खड़े कप्तान जो रूट के हाथों कैच कराकर पवेलियन भेजा। इसके चार गेंद बाद ओशादा फर्नांडो (00) उनकी बाहर जाती गेंद को स्टंप्स पर खेल बैठे।

## बांग्लादेश ने श्रृंखला जीती

**ढाका।** अपने कैरियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले आफ स्पिनर मेहदी हसन के चार विकेट के दम पर बांग्लादेश ने वेस्टइंडीज को दूसरे एक दिवसीय क्रिकेट मैच में सात विकेट से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की विजई बढ़त बना ली। बांग्लादेश ने पहला मैच छह विकेट से जीता था। वेस्टइंडीज की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 43 . 4 ओवर में 148 रन पर आउट हो गई। जवाब में कप्तान तामिम इकबाल के 50 रन की मदद से बांग्लदेश ने 33 . 2 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। वेस्टइंडीज पर बांग्लादेश की श्रृंखला की यह लगातार तीसरी और अब तक की पांचवीं जीत है। तेज गेंदबाज मुस्ताफिजूर रहमान और बाएं हाथ के स्पिनर शाकिब अल हसन ने दो दो विकेट लिए। वेस्टइंडीज के लिए रोवमैन पॉवेल ने 66 गेंद में दो चौकों और एक छक्के की मदद से 41 रन बनाए। मुस्ताफिजूर ने सुनील अंबरीश (छह) का विकेट लिया जबकि मेहदी ने जोर्न ओटले को 24 के स्कोर पर आउट किया। उन्होंने इसी ओवर में जोशुआ डा सिल्वा को पवेलियन भेजा। हसन महमूद ने एन बोनेर (20) को आउट किया।

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला की खोज है सिराज : शास्त्री



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच रवि शास्त्री ने नए तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को ऑस्ट्रेलिया दौरे की खोज करार देते हुए शुक्रवार को कहा कि निजी क्षति और दर्शकों से नस्लीय दुर्व्यवहार का सामना करने के बाद भी उन्होंने टेस्ट श्रृंखला की ऐतिहासिक जीत में अहम भूमिका निभाई। शास्त्री ने 26 साल के इस गेंदबाज की तारीफ करते हुए ट्वीट किया, गेंदबाजी आक्रमण के स्तर को उंचा करने वाले मोहम्मद सिराज इस दौरे की खोज है। उन्होंने व्यक्तिगत क्षति, नस्लीय टिप्पणियों का सामना करते हुए अच्छे प्रदर्शन के लिए इसे प्रेरणा की तरह लिया। श्रृंखला के दूसरे टेस्ट मेलबर्न में पदार्पण करने वाले सिराज ने अनुभवी तेज गेंदबाजों के चोटिल होने के बाद उनकी कमी को बखूबी पूरा किया।

## चेन्नई में भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट मैच दर्शकों के बिना खेले जाएंगे



**चेन्नई।** भारत और इंग्लैंड के बीच आगामी श्रृंखला के दो टेस्ट एम ए चिदम्बरम स्टेडियम में दर्शकों के बिना खेले जाएंगे। मेजबान संघ टीएनसीए के एक शीर्ष अधिकारी ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। तमिलनाडु क्रिकेट संघ (टीएनसीए) के सचिव आर एस रामास्वामी के अनुसार दो टेस्ट मैच कोविड-19 हालातों को देखते हुए भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के निर्देश के मुताबिक दर्शकों के बिना खेले जाएंगे। उन्होंने पीटीआई-भाषा से कहा, हां, वायरस से उत्पन्न हालात को देखते हुए बचाव के उपाय के तहत दर्शकों को दो टेस्ट मैचों में स्टेडियम में जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। साथ ही 20 जनवरी की तारीख को एक सर्कुलर टीएनसीए सदस्यों को भेजा गया है जिसमें कहा गया है कि मैचों को दर्शकों के बिना खेलने का फैसला बीसीसीआई के साथ लिया गया है। सर्कुलर के अनुसार, कोविड-19 महामारी की मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए बीसीसीआई ने भारत-इंग्लैंड टेस्ट श्रृंखला के दौरान खिलाडयों की सुरक्षा के साथ किसी भी तरह का जोखिम नहीं उठाने का फैसला किया है।

## आईपीएल के लिए 18 फरवरी को हो सकती है खिलाड़ियों की नीलामीः बीसीसीआई अधिकारी

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2021 सत्र के लिए खिलाड़ियों की नीलामी 18 फरवरी को हो सकती है। बीसीसीआई के अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। नीलामी 18 फरवरी को हो सकता है। इसके लिए स्थल पर अभी फैसला होना है। बीसीसीआई को अभी यह तय करना है कि आगामी आईपीएल का आयोजन भारत में होगा या नहीं। बोर्ड अध्यक्ष सौरव गांगुली ने हालांकि बार-बार जोर देकर कहा है कि इसका आयोजन घरेलू मैदान पर करने के लिए हर संभव कोशिश की जाएगी।

## भारत की जूनियर महिला हॉकी टीम ने चिली की सीनियर टीम को 2-2 से ड्रा पर रोका

भाषा। सेंटियागो

भारत की जूनियर महिला हॉकी टीम ने दो बार पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए यहां दौरे के अपने चौथे मैच में चिली की सीनियर टीम को 2-2 से बराबरी पर रोक दिया। चिली ने मारियाना डेल जीसस लागोस (21वें मिनट) और फर्नांडा विलाग्रेन (51वें मिनट) के गोल की बदौलत प्रिंस आफ वेल्स कंट्री क्लब में दो बार बढ़त बनाई लेकिन दीपिका (40वें मिनट) और गगनदीप कौर (55वें मिनट) ने भारत को वापसी दिलाते हुए मैच ड्रॉ करा दिया। दौरे के शुरुआती तीन मैचों में तीन जीत के साथ आत्मविश्वास के साथ भरी भारतीय टीम ने मैच में तेज शुरुआत की लेकिन पहले 15 मिनट में चिली के डिफेंस को भेदकर कोई बड़ा मौका बनाने में विफल रही। दूसरी तरफ चिली ने पलटवार की रणनीति अपनाई और उसे इसका फायदा दूसरे क्वार्टर में मिला। चिली की मारियाना को भारत के गोल के सामने करार शॉट खेलने का पर्याप्त समय मिला जिससे उन्होंने अपनी टीम को बढ़त दिला दी।

## लेग-साइड गेंदबाजी करने की योजना जुलाई में बननी शुरू हो गई थीः भरत

भाषा। नई दिल्ली



ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज हाल ही में खत्म हुई चार मैचों की टेस्ट श्रृंखला में भारतीय गेंदबाजों द्वारा की गई लेग-साइड (शरीर के आस-पास) गेंदबाजी के जाल में फंस गए, जिसकी योजना पिछले साल जुलाई में ही बननी शुरू हो गई थी। भारतीय गेंदबाजी कोच भरत अरूण ने शुक्रवार को बताया कि यह योजना टीम के मुख्य कोच रवि शास्त्री के दिमाग की उपज थी जिस पर दौरा शुरू होने के चार महीने पहले ही काम शुरू हो गया था। तेज गेंदबाजों के साथ स्पिनरों ने भी ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजी की धुरी स्टीव स्मिथ और मार्नुस लाबुशेन को लेग में कैच पकड़ने के लिए क्षेत्ररक्षकों को लगाकर गेंदबाजी की और यह योजना काफी सफल रही। अरूण ने यहां ऑनलाइन संवाददाता सम्मेलन में कहा, रवि (शास्त्री) ने जुलाई में मुझ से बात की थी और हमने ऑस्ट्रेलिया दौरे को लेकर चर्चा कर रहे थे कि हमें ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को ऑफ साइड (चेहरे के सामने की तरफ) की ओर गेंदबाजी नहीं करनी होगी।

## मुझे गेंदबाजी आलराउंडर कहा जा सकता है, मैं बल्लेबाजी कर सकता हूं : शारदुल

भाषा। मुंबई



शारदुल ठाकुर ने दो साल पहले पदार्पण के बाद अब असली पदार्पण किया और इस क्रिकेटर ने कहा कि ब्रिसबेन में आस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट जीत में अपने प्रभावी प्रदर्शन से उन्होंने सिर्फ एक तेज गेंदबाज से गेंदबाजी आलराउंडर का सफर तय किया। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में सात अर्धशतक जड़ने वाले शारदुल ने पालघर जिले में अपने गृहनगर से कहा, हां, मुझे गेंदबाजी आलराउंडर कहा जा सकता है, मेरे पास बल्लेबाजी करने की क्षमता है और यहां तक कि भविष्य में मुझे जब भी बल्लेबाजी का मौका मिलेगा तो मैं टीम के स्कोर में उपयोगी योगदान दूंगा। शारदुल के पास ब्रिसबेन में दूसरी पारी में पांच विकेट चटकार इस प्रदर्शन को और यादगार बनाने का मौका था लेकिन उन्हें इससे चूकने का मलाल नहीं है बल्कि साथी तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज के लिए खुशी है जिन्होंने असल में पारी में पांच विकेट चटकाए। नहीं, मुझे दूसरी पारी में पांच विकेट हासिल करने से चूकने का कोई मलाल नहीं है। मेरे कहने का मतलब है कि अगर मैं पांच विकेट चटकाता तो अच्छा होता लेकिन मुझे सिराज के लिए खुशी है और मैंने प्रार्थना की थी कि उसे पांच विकेट मिले।

### पहली कक्षा में कोई बीजगणित नहीं सीखता, पंत विकेटकीपर के रूप में धीरे-धीरे सुधार करेंगेः साहा

**कोलकाता।** ऋषभ पंत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ब्रिसबेन में खेले गए चौथे टेस्ट के आखिरी दिन ऐतिहासिक पारी खेल कर भारत को मैच और टेस्ट श्रृंखला (2-1) का विजेता बनाने मे अहम भूमिका निभाई लेकिन उनके विकेटकीपिंग कौशल पर अब भी सवाल उठ रहे हैं, जिस पर अनुभवी विकेटकीपर रिद्धिमान साहा ने शुक्रवार को कहा कि यह युवा खिलाड़ी धीरे-धीरे इसमे वैसे ही सुधार करेगा जैसे कोई बीजगणित सीखता है। राष्ट्रीय टीम के शीर्ष विकेटकीपर माने जाने वाले साहा ने कहा कि उन्हें नही लगता कि पंत की साहसिक पारी के बाद उनके लिए टीम के दरवाजे बंद हो जाएंगे। वह अपना सर्वश्रेष्ठ करना जारी रखेंगे और चयन की माथापच्ची टीम प्रबंधन पर छोड़ देना चहते है।

## जियो प्लेटफार्म्स का तीसरी तिमाही का शुद्ध लाभ 15.5 प्रतिशत बढ़कर 3,489 करोड़ पर

**नई दिल्ली।** जियो प्लेटफार्म्स का चालू वित्त वर्ष की दिसंबर, 2020 में समाप्त तीसरी तिमाही का शुद्ध लाभ तिमाही-दर-तिमाही आधार पर 15.5 प्रतिशत बढ़कर 3,489 करोड़ रुपए रहा है। जियो की मूल कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। जियो प्लेटफार्म्स डिजिटल और दूरसंचार सेवाएं उपलब्ध कराती है। इससे पिछली तिमाही में जियो प्लेटफार्म्स ने 3,020 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया था। अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में कंपनी की आमदनी 22,858 करोड़ रुपए रही। 31 दिसंबर, 2020 तक जियो प्लेटफार्म्स के कुल ग्राहकों की संख्या 41 करोड़ थी। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने बयान में कहा कि जियो प्लेटफार्म्स ने तिमाही के दौरान एक उपलब्धि हासिल की और सालाना आधार पर उसका राजस्व का रन-रेट 10 अरब डॉलर या 7,300 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। तिमाही के दौरान रिलायंस जियो इन्फोकॉम का परिचालन लाभ या ईबीआईडीटीए 8,166 करोड़ रुपए रहा, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 5,601 करोड़ रुपए रहा था। रिलायंस जियो इन्फोकॉम की परिचालन आय सालाना आधार पर 32.4 प्रतिशत बढ़कर 18,492 करोड़ रुपए पर पहुंच गई, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 13,968 करोड़ रुपए रही थी। कंपनी की मासिक प्रति ग्राहक औसत कमाई (एआरपीयू) तिमाही के दौरान 151 रुपए रही, जो इससे पिछली तिमाही जुलाई-सितंबर में 145 रुपए रही थी।

## रिलायंस इंडस्ट्रीज का तीसरी तिमाही का शुद्ध लाभ 12 प्रतिशत बढ़कर 13,101 करोड़ रुपए पर

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लि. के चालू वित्त वर्ष की दिसंबर, 2020 में समाप्त तीसरी तिमाही के शुद्ध लाभ में 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। तेल-से-लेकर रसायन कारोबार में सुधार तथा खुदरा क्षेत्र में लगातार वृद्धि तथा दूरसंचार इकाई जियो के कारोबार में सतत वृद्धि से कंपनी के शुद्ध लाभ में बढ़ोतरी हुई है। अरबपति उद्योगपति मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली कंपनी ने शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कहा कि तिमाही के दौरान उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 12 प्रतिशत बढ़कर 13,101 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 11,640 करोड़ रुपए रहा था। तिमाही के दौरान कंपनी की परिचालन आय घटकर1,28,450 करोड़ रुपए रह गई, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में1,57,165 करोड़ रुपए थी।

## सीएसआर के नए नियमः कंपनियों को कई वर्ष की परियोजनाएं शुरु करने की अनुमति


**नई दिल्ली।** सरकार ने शुक्रवार को कंपनी के सामाजिक दायित्व (सीएसआर) की व्यवस्था से संबंधित विभिन्न नियमों में संशोधन किया है, जिससे कंपनियों को बहु-वर्षीय परियोजनाएं शुरू करने और कंपनी की ओर से सीएसआर कार्य करने वाली एजेंसियों के लिए पंजीकरण अनिवार्य होगा है। इसके अलावा, कंपनियों को सीएसआर के तहत खर्च की गई अतिरिक्त राशि को आगे के तीन वित्तीय वर्षों में समायोजन करने की अनुमति दी गई है और उन्हें लाभार्थियों या एक सार्वजनिक प्राधिकरण या पंजीकृत ट्रस्ट के नाम पर सीएसआर के माध्यम से पूंजीगत संपत्ति बनाने या हासिल करने की अनुमति दी गई है। कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय के अनुसार, सीएसआर प्रावधानों के अनुपालन में चूक को संगठीन अपराध की व्याख्या से बाहर कर दिया गया।

# मुनाफा वसूली से सेंसेक्स में 746 अंक की बड़ी गिरावट

### ● साप्ताहिक आधार पर भी नुकसान में

भाषा। मुंबई




व्यापक स्तर पर मुनाफावसूली के बीच शुक्रवार को शेयर बाजारों में लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में नुकसान दर्ज हुआ। वैश्विक बाजारों के कमजोर रुख के बीच जहां सेंसेक्स में 746 अंक की बड़ी गिरावट आई, वहीं निफ्टी भी फिसलकर 14,400 अंक के स्तर से नीचे आ गया।

एक दिन पहले ही सेंसेक्स ने 50,000 अंक के ऐतिहासिक स्तर को छुआ था। रिलायंस इंडस्ट्रीज के तिमाही नतीजों से पहले कंपनी के शेयरों में बिकवाली से बाजार उच्चस्तर पर टिक नहीं पाया। कमजोर वैश्विक रुख के बीच बैंकिंग और वित्तीय कंपनियों के शेयरों में भी बिकवाली का सिलसिला चला। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 746.22 अंक या 1.50 प्रतिशत के नुकसान से 48,878.54 अंक पर आ गया। एक महीने में किसी एक कारोबारी सत्र में सेंसेक्स की सबसे बड़ी गिरावट है। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 218.45 अंक या 1.5 प्रतिशत के नुकसान से 14,371.90 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में एक्सिस बैंक का शेयर सबसे अधिक 4.63 प्रतिशत टूट गया। एशियन पेंट्स, एसबीआई, इंडसइंड बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फाइनेंस, एचडीएफसी और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में भी गिरावट दर्ज हुई। वहीं दूसरी ओर बजाज ऑटो का शेयर चमक में रहा और 10.45 प्रतिशत चढ़ गया। कंपनी का दिसंबर, 2020 में समाप्त तिमाही का शुद्ध लाभ 23 प्रतिशत बढ़कर1,556 करोड़ रुपए पर पहुंच गया है। हिंदुस्तान यूनिलीवर, अल्ट्राटेक सीमेंट, टीसीएस, बजाज फिनसर्व और इन्फोसिस के शेयर भी 1.76 प्रतिशत तक चढ़ गए। साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स में 156.13 अंक या 0.31 प्रतिशत की गिरावट आई है। वहीं निफ्टी साप्ताहिक आधार पर 61.8 अंक या 0.42 प्रतिशत टूटा है। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, कमजोर वैश्विक रुख से भारतीय बाजार दोपहर के कारोबार में नीचे आए। धातु और बैंकिंग शेयरों में बिकवाली से बाजार टूट गए। हालांकि, वाहन और आईटी शेयरों में सकारात्मक रुख से आज के करेक्शन के दौरान भी बाजार रफ्तार कायम रखने में कामयाब रहा। नायर ने कहा कि ब्रिटेन के कमजोर खुदरा बिक्री आंकड़ों तथा यूरो क्षेत्र में अंकुश बढ़ने से यूरोपीय बाजारों में गिरावट आई। एशियाई बाजारों का रुख भी कुछ इसी तरह का रहा। बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप में 2.02 प्रतिशत तक का नुकसान रहा। अन्य एशियाई बाजारों में चीन के शंघाई कम्पोजिट, हांगकांग के हैंगसेंग, दक्षिण कोरिया के कॉस्पी और जापान के निक्की में गिरावट आई। शुरुआती कारोबार में यूरोपी शेयर बाजारों के अस्थाई आंकड़ों के अनुसार विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बृहस्पतिवार को शुद्ध रूप से1,614.66 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे। वैश्विक बाजार में ब्रेंट कच्चा तेल 1.80 प्रतिशत के नुकसान से 55.09 डॉलर प्रति बैरल पर चल रहा था। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया मामूली दो पैसे की बढ़त के साथ 72.97 प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

## देश का विदेशीमुद्रा भंडार 1.839 अरब डॉलर घटकर 584.242 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 15 जनवरी को समाप्त सप्ताह में 1.839 अरब डॉलर घटकर 584.242 अरब डॉलर रह गया। रिजर्व बैंक के शुक्रवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। इससे पहले आठ जनवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 75.8 करोड़ डॉलर बढ़कर 586.082 अरब डॉलर की सर्वकालिक ऊंचाई को छू गया था। भारतीय रिजर्व बैंक के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार समीक्षाधीन अवधि में विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों के घटने की वजह से मुद्रा भंडार में गिरावट आई। विदेशीमुद्रा परिसंपत्तियां, कुल विदेशी मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा होती है। रिजर्व बैंक के साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार समीक्षाधीन अवधि में एफसीए 28.4 करोड़ डॉलर घटकर 541.507 अरब डॉलर रह गई। एफसीए को दर्शाया डॉलर में जाता है, लेकिन इसमें यूरो, पौंड और एन जैसी अन्य विदेशी मुद्रा सम्पत्ति भी शामिल होती हैं।

## ग्रासिम ने 5,000 करोड़ रुपए के निवेश के साथ पेन्ट व्यवसाय में प्रवेश किया

**मुंबई।** आदित्य बिड़ला समूह की प्रमुख कंपनी, ग्रासिम इंडस्ट्रीज ने पेंट्स के कारोबार मे प्रवेश की शुक्रवार को घोषणा की, जिसमें अगले तीन वर्षों में 5,000 करोड़ रुपए का पूंजीगत व्यय होगा। घरेलू पेंट कारोबार में फिलहाल तीन कंपनियां - एशियन पेंट्स, कंसाई नेरोलैक और बर्जर पेंट्स हावी हैं। आदित्य बिड़ला समूह के अध्यक्ष कुमार मंगलम बिड़ला ने बोर्ड की बैठक के बाद कहा, पेंट्स के कारोबार में प्रवेश करने का फैसला कर के ग्रासिम ने एक रणनीतिक-उत्पाद चुना है। कंपनी कारोबार के विस्तार के नए रास्ते खोजती रहती है।

## स्टरलाइट कॉपर इकाई मामले की जल्द सुनवाई से न्यायालय का इनकार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने वेदांता लि. के स्टरलाइट कॉपर इकाई मामले की सुनवाई जल्द करने के अनुरोध को ठुकरा दिया है। यह इकाई तमिलनाडु के तूतीकोरिन में स्थित है। प्रदूषण संबंधी चिंताओं की वजह से यह इकाई मई, 2018 से बंद है। इससे पहले शीर्ष न्यायालय ने दो दिसंबर को वेदांता लि. की अंतरिम याचिका को खारिज कर दिया था। इसमें वेदांता ने अपील की थी कि उसे स्टरलाइट कॉपर संयंत्र के निरीक्षण करने तथा उसके एक माह के लिए परिचालन की अनुमति दी जाए, जिससे वह प्रदूषण के स्तर का आकलन कर सके। वेदांता ने अपील की थी कि तीन महीने के लिए उसे यह संयंत्र सौंपा जाए।

## जीएसटी व्यवस्था में दूरसंचार संरचना कंपनियों को नुकसान : ताइपा

**नई दिल्ली।** दूरसंचार संरचना या टावर कंपनियों को मौजूदा माल एवं सेवा कर (जीएसटी) नियमों की वजह से 625 करोड़ रुपए का और नुकसान होने का अनुमान है। ताइपा ने कहा कि इस क्षेत्र की कंपनियों को मौजूदा जीएसटी व्यवस्था में इनपुट कर क्रेडिट (आईटीसी) नहीं मिलता है। दूरसंचार विभाग को लिखे पत्र में ताइपा ने अनुमान साझा करते हुए कहा है कि उद्योग को प्रति टावर 1.25 लाख से 1.5 लाख रुपए का नुकसान उठाना पड़ेगा।

# अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया मामूली तेजी के साथ 72.97 रुपए पर बंद हुआ

भाषा। मुंबई




कच्चेतेल की घटती कीमतों के समर्थन से रुपए की आरंभिक हानि के दबाव से उबर गया और कारोबारी सत्र के अंतिम दौर में शुक्रवार को रुपया अमेरिकी डालर के मुकाबले दो पैसे की मामूली तेजी के साथ 72.97 पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजार में भारी बिकवाली से रुपया दबाव में आ गया था पर वैश्विक बाजार में कच्चे तेल कीमतों में आई गिरावट से रुपए को संभलने का मौका मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया कमजोर खुला। घरेलू शेयरों में भारी बिकवाली को देखते हुए अधिकांश समय यह नीचे बना रहा। कारोबार के दौरान रुपया 72.96 के उच्च स्तर और 73.09 के निम्न स्तर तक गया। अंत में रुपया दो पैसे की तेजी लिए 72.97 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। रुपए में लगातार चौथे सत्र में तेजी बनी रही। बृहस्पतिवार को रुपया 72.99 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। पिछले चार कारोबारी सत्रों के दौरान रुपए में 31 पैसे की मजबूती आई है। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं वाला डॉलर सूचकांक 0.05 प्रतिशत बढ़कर 90.17 हो गया।

## अडाणी टोटल गैस, टोरेंट गैस दोनों ने आईजीएक्स की पांच-पांच प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी

**नई दिल्ली।** अडाणी टोटल गैस और टोरेंट गैस दोनों भारतीय गैस एक्सचेंज (आईजीएक्स) के पहले रणनीति निवेशक बन गए हैं। दोनों ने आईजीएक्स में पांच-पांच प्रतिशत हिस्सेदारी की खरीद की है। भारतीय ऊर्जा एक्सचेंज (आईईएक्स) ने इसकी जानकारी दी। आईजीएक्स देश का पहला प्राधिकृत गैस एक्सचेंज है और आईईएक्स का हिस्सा है। दो अग्रणी गैस कंपनियों के साथ आईजीएक्स की साझेदारी भारत के गैस बाजार के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## बायोकॉन का शुद्ध लाभ 19 प्रतिशत गिरा

**नई दिल्ली।** जैव प्रौद्योगिकी कंपनी बायोकॉन का एकीकृत शुद्ध लाभ 31 दिसंबर 2020 को समाप्त तिमाही में 18.97 प्रतिशत कम होकर 186.6 करोड़ रुपए पर आ गया।कंपनी को पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 230.3 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ हुआ था। इस दौरान परिचालन से प्राप्त राजस्व साल भर पहले के1,716.8 करोड़ रुपए से 7.81 प्रतिशत बढ़कर1,851 करोड़ रुपए पर पहुंच गया।

व्हाइट हाउस ने दी सफाई

# ‘बाइडन की ट्रंप को फोन करने की कोई योजना नहीं’



**भाषा। वाशिंगटन**

**अमेरिका** के राष्ट्रपति जो बाइडन की पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को फोन करने की कोई योजना नहीं है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव जेन साकी ने बृहस्पतिवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, फोन करने की कोई योजना नहीं है।

दरअसल बाइडन ने कहा था कि ट्रंप ने व्हाइट हाउस से रवाना होने से पहले ओवल ऑफिस में उनके लिए बेहद उदार पत्र छोड़ा है। इस संदर्भ में साकी से सवाल किया गया था।

ट्रंप बाइडन के शपथ ग्रहण सामरोह में शामिल नहीं हुए थे,जैसा कि आम तौर पर निवर्तमान राष्ट्रपति नहीं करते हैं। साकी ने कहा, वह यह कहना चाहते थे कि पूर्व राष्ट्रपति की सहमति के बिना वह निजी पत्र सार्वजनिक नहीं करना चाहते। लेकिन मैं यह नहीं कहूंगी कि वह फोन करके उनकी मंजूरी लेंगे, वह बस उस निजी पत्र के प्रति सम्मान व्यक्त करने की कोशिश कर रहे थे।

ऐसी परंपरा है कि निवर्तमान राष्ट्रपति ओवल ऑफिस में नए राष्ट्रपति के लिए रिजॉल्यूट डेस्क पर पत्र छोड़ते हैं। ट्रंप ने अपने कार्यकाल के अंत तक कई स्थापित परंपराओं को तोड़ा था, इसलिए बुधवार तक इस पर अनिश्चितता थी की क्या वह राष्ट्रपति कार्यालय में अपने उत्तराधिकारी के लिए पत्र छोड़ने की परंपरा को निभाएंगे। ट्रंप ने बाइडन की जीत पर औपचारिक रूप से उन्हें बधाई भी नहीं दी थी।गौरतलब है कि राष्ट्रपति जो बाइडन ने बुधवार को व्हाइट हाउस के ओवल ऑफिस में पत्रकारों से कहा था, ट्रंप ने बहुत उदार पत्र लिखा है। चूंकि यह बेहद निजी है इसलिए जब तक मैं उनसे बात नहीं कर लूं तब तक इस बारे में बात नहीं कर सकता। लेकिन वह बहुत उदार है।

## कमला के उपराष्ट्रपति बनने से भारत-अमेरिका के रिश्ते होंगे मजबूत

**भाषा। वाशिंगटन**

**व्हाइट** हाउस की एक शीर्ष अधिकारी ने कहा है कि कमला देवी हैरिस के अमेरिकी उपराष्ट्रपति बनने से भारत और अमेरिका के बीच संबंध और भी मजबूत होंगे। कमला हैरिस (56) के पिता जमैका के हैं और उनकी मां भारतीय हैं। उन्होंने बुधवार को पहली महिला, पहली अश्वेत और पहली एशियाई मूल की अमेरिकी उपराष्ट्रपति के तौर पर शपथ लेकर इतिहास रच दिया। कैलिफोर्निया से पूर्व सीनेटर ने अमेरिका के 46वें राष्ट्रपति के तौर पर जो बाइडन के शपथ ग्रहण से पहले शपथ ली थी। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव जेन साकी ने बृहस्पतिवार को दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि राष्ट्रपति जो बाइडन दोनों देशों के बीच लंबे समय से चले आ रहे द्विदलीय सफल संबंधों का सम्मान करते हैं। बाइडन प्रशासन के तहत भारत-अमेरिका संबंध पर एक सवाल के जवाब में साकी ने कहा, राष्ट्रपति बाइडन कई बार भारत की यात्रा कर चुके हैं। वह भारत और अमेरिका के नेताओं के बीच लंबे समय से चले आ रहे सफल द्विदलीय संबंध का सम्मान करते हैं, उसका महत्व समझते हैं। बाइडन प्रशासन इसे आगे बढ़ाने की दिशा में आशान्वित है। उन्होंने कहा कि भारतीय मूल की कमला हैरिस के उपराष्ट्रपति बनने से यह संबंध और मजबूत होगा। साकी ने कहा, बाइडन ने उनका (हैरिस का) चुनाव किया है और वह भारतीय मूल की पहली अमेरिकी हैं जो अमेरिका की उपराष्ट्रपति बनी हैं। निश्चित रूप से यह इस देश में हम सभी के लिए न सिर्फ एक ऐतिहासिक लम्हा है बल्कि इससे हमारे रिश्ते भी और प्रगाढ़ होंगे। हैरिस ने बुधवार को इस उपलब्धि के लिए अपनी मां को श्रेय दिया और कहा कि उनकी मां ने उनमें हमेशा भरोसा जताया और दोनों बेटियों को हमेशा यही सीख दी कि हम पहले शख्स हो सकते हैं, लेकिन हमें आखिरी नहीं होना चाहिए। हैरिस ने अपनी दिवंगत मां श्यामला गोपालन को याद करते हुए कहा कि उन्हें अपनी मां से हमेशा यही सीख मिली और यही वजह रही कि वह अपने पूरे कॅरियर में उन्होंने सान फ्रांसिस्को की पहली महिला डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी जनरल, कैलिफोर्निया की पहली महिला अटॉर्नी जनरल और सीनेट में कैलिफोर्निया का प्रतिनिधित्व करने वाली पहली अश्वेत महिला के तौर पर सेवा दी। हैरिस की मां श्यामला गोपालन एक कैंसर अनुसंधानकर्ता और नागरिक अधिकार कार्यकर्ता थीं। उन्होंने कहा, मेरी कहानी हर अमेरिकी की कहानी है। मेरी मां श्यामला गोपालन भारत से आई थीं। उन्होंने मेरी और मेरी बहन माया की परवरिश की। उन्होंने हमें यही सीख दी कि हम पहले शख्स हो सकते हैं, लेकिन हमें आखिरी नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा, मुझमें आपने हमेशा जो भरोसा दिखाया, उसी की वजह से आज इस क्षण मैं यहां हूं।

## मध्य अफ्रीकी गणराज्य में विद्रोहियों का खतरा

**संयुक्त राष्ट्र।** मध्य अफ्रीकी गणराज्य (सीएआर) में संयुक्त राष्ट्र के शांतिरक्षण मिशन के प्रमुख ने बृहस्पतिवार को चेतावनी दी कि विद्रोहियों के हमलों के कारण शांति बहाल करने के देश के प्रयासों को झटका लग सकता है। उन्होंने नागरिकों की रक्षा के लिए संरा के शांतिरक्षकों की संख्या बढ़ाने तथा मानवीय सहायता की आपूर्ति सुनिश्चित करने का भी आह्वान किया।मानकेयूर नदियाए ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से कहा कि विद्रोहियों के नए गठबंधन कोएलिशन ऑफ पेट्रिओट फॉर चेंज ने सरकार द्वारा राज्यशक्ति के किसी भी तरह के प्रदर्शन, चाहे ए उसके अधिकारी हों या भी सुरक्षा बलों के सदस्य उनके खिलाफ हमले शुरू किए हैं।उन्होंने कहा कि गठबंधन के लड़ाकों ने हाल के हफ्तों में संरा के सात शांतिरक्षकों की हत्या की है तथा जमीनी स्तर पर हालात तनावपूर्ण हैं। दरसअल यहां पर 27 दिसंबर को राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव हुए थे।

# संरा में पाकिस्तान पर भड़का भारत

**भाषा। संयुक्त राष्ट्र**

**शांति** की संस्कृति विषय पर संयुक्त राष्ट्र के एक प्रस्ताव को सह-प्रायोजित करने को लेकर पाकिस्तान को भारत ने आड़े हाथों लेते हुए कहा कि उस देश में अल्पसंख्यकों के अधिकारों को कमजोर कर दिया गया और एक ऐतिहासिक मंदिर पर हुए हमले के दौरान वहां की कानून प्रवर्तन एजेंसियां मूक दर्शक बनी रहीं।

पिछले वर्ष दिसंबर में, पाकिस्तान में खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के कारक जिले के टेंरी गांव में, कुछ स्थानीय मौलानाओं तथा कट्टरपंथी इस्लामी पार्टी जमीयत उलेमा ए इस्लाम के सदस्यों के नेतृत्व में भीड़ ने एक मंदिर में आग लगा दी थी।इस हमले की मानवाधिकार कार्यकर्ताओं तथा अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के नेताओं ने कड़ी आलोचना की थी, जिसके बाद पाकिस्तान के उच्चतम न्यायालय ने मंदिर के पुनर्निर्माण का आदेश दिया था।भारत ने इस पड़ोसी देश में धार्मिक स्थलों की सुरक्षा के लिए शांति और सहिष्णुता की संस्कृति को बढ़ावा देने के प्रस्ताव को स्वीकार करने के संबंध में अपने वक्तव्य में बृहस्पतिवार को कहा, यह बहुत बड़ी विडंबना है कि वह देश, जहां हाल ही में मंदिर पर हमला हुआ और उसे ध्वस्त कर दिया गया तथा जहां इस तरह के हमले सिलसिलेवार रूप से होते रहते हैं और जहां अल्पसंख्यकों के अधिकारों को कमजोर कर दिया जाता है, वह देश शांति की संस्कृति विषय के तहत प्रस्ताव का एक सह-प्रायोजक है। भारत ने कहा, इस प्रस्ताव की आड़ लेकर पाकिस्तान जैसे देश छिप नहीं सकते हैं।

गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा ने बृहस्पतिवार को प्रस्ताव पारित किया, जिसमें ऐसे धार्मिक स्थलों को विश्व में लक्षित तरीके से निशाना बनाए जाने, उनका विध्वंस करने, उन्हें क्षतिग्रस्त करने या उन्हें खतरे में डालने जैसे सभी कृत्यों की निंदा की गई है। प्रस्ताव में किसी धार्मिक स्थल को दूसरे धर्म के लिए उपासना स्थल में जबरन तब्दील करने के भी किसी कदम की निंदा की गई है।प्रस्ताव के सह-प्रायोजक में पाकिस्तान और 21 अन्य देश हैं।भारत ने प्रस्ताव पर अपनी स्थिति की व्याख्या करते हुए पाकिस्तान के कारक कस्बे में एक मंदिर पर हुए हमले का, एक सिख गुरुद्वारे पर हुए हमले का तथा अफगानिस्तान में बामयान बुद्ध प्रतिमा को नुकसान पहुंचाने का जिक्र किया है।

भारत ने कहा कि बढ़ते आतंकवाद, हिंसक उग्रवाद, चरमपंथ और असहिष्णुता के दौर में धार्मिक स्थल और सांस्कृतिक धरोहरों को आतंकी कृत्यों, हिंसा एवं विनाश का खतरा है।भारत ने विशेष रूप से धर्म के मुद्दे पर संयुक्त राष्ट्र में चर्चा का आधार तैयार करने के लिए उद्देश्यपरकता और निष्पक्षता के सिद्धांतों के अनुपालन का आह्वान किया। बयान में कहा गया, हमें उन ताकतों के खिलाफ एकजुट होना चाहिए जो संवाद और शांति की जगह हिंसा और नफरत को स्थान देती हैं।

## यूरोपीय संघ ने की रूस से अपील

**ब्रसेल्स।** यूरोपीय संघ के 27 नेताओं ने डिजिटल सम्मेलन आयोजित कर रूस से कहा कि वह विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी को तुरंत रिहा करे तथा यह भी सुनिश्चित करे कि उनके अधिकारों का पूरा सम्मान हो।

उल्लेखनीय है कि नवलनी को अगस्त में नर्व एजेंट (जहर) दिया गया था, जिसके चलते वह गंभीर रूप से बीमार पड़ गए थे और उनका जर्मनी में उपचार हुआ था। वह करीब पांच महीने बाद जब रविवार शाम को बर्लिन से मॉस्को के शेरेमेत्एवो हवाई अड्डे लौटे तो उन्हें हिरासत में ले लिया गया और उनका पासपोर्ट जब्त कर लिया गया। नवलनी ने उन्हें जहर देने की घटना के लिए क्रेमलिन (रूस के राष्ट्रपति का कार्यालय) को जिम्मेदार ठहराया था। ईयू के सम्मेलन के मेजबान चार्ल्स माइकल ने कहा कि नेताओं को यह उम्मीद है कि नवलनी की जान लेने की जो कोशिश हुई है उस बारे में रूस तुरंत एक स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच करेगा।



इराक के नजफ में आत्मघाती बम हमले में मृतक के लिए प्रार्थना करते लोग

# अब बाइडन प्रशासन पर टिकी हैं किम की निगाहें

**एपी। सियोल**

**उत्तर** कोरिया के नेता किम जोंग उन के लिए पिछला वर्ष काफी खराब रहा। कोरोना वायरस महामारी के कारण जहां सीमाएं बंद हुई और अर्थव्यवस्था की हालत खराब हो गई, वहीं अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ असफल वार्ता के चलते देश से प्रतिबंध भी नहीं हटे।

अब उन्हें राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ नए सिरे से शुरुआत करनी होगी जो पहले ही किम को ठग कहकर संबोधित कर चुके हैं और ट्रंप पर आरोप लगा चुके हैं कि वह किम के परमाणु हथियारों में कमी लाने के लिए प्रयास नहीं कर रहे।अपने हालिया राजनीतिक भाषणों में किम अपने परमाणु कार्यक्रम को मजबूत करने का संकल्प लेते दिखे हैं हालांकि उन्होंने कहा है कि बाइडन के साथ उनके संबंध इस बात पर निर्भर करेंगे कि वाशिंगटन उन नीतियों से दूरी बनाता है या नहीं जो उनके मुताबिक अमेरिका की शत्रुतापूर्ण नीतियां हैं।यह अभी अस्पष्ट है कि किम कितना संयम रख पाते हैं। उत्तर कोरिया मिसाइल प्रक्षेपण तथा अन्य तरह से अमेरिकी प्रशासन की थाह लेने की कोशिश करता रहा है और इनसे उसका उद्देश्य अमेरिका को वार्ता के मंच तक लाने का दबाव बनाना होता है। ऐसा लगता नहीं है कि बाइडन के लिए उत्तर कोरिया शीर्ष प्राथमिकता होगा। सियोल में इवाह विश्वविद्यालय में प्रोफेसर लीफ एरिक एस्ले ने कहा कि बाइडन प्रशासन की प्राथमिकता में सबसे पहले होगा अमेरिका में हालात बेहतर करना, अमेरिका के सहयोगियों को मजबूत करना और चीन तथा रूस के लिहाज से रणनीतियों को एक सीध में रखना।

# अमेरिका आने वालों के लिए कोरोना जांच अनिवार्य

**भाषा। वाशिंगटन**

**कोविड**-19 चुनौती से निपटने के लिए अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने अनेक कार्यकारी आदेशों पर हस्ताक्षर किए हैं। इनमें विदेशों से अमेरिका में आने वाले लोगों के लिए कोरोना वायरस जांच तथा पृथक-वास को अनिवार्य कर दिया गया है।

बाइडन ने आदेशों पर हस्ताक्षर करने के बाद व्हाइट हाउस में एक कार्यक्रम में कहा, मास्क पहनना होगा, इसके अलावा जो भी दूसरे देशों से अमेरिका आ रहे हैं उन लोगों को विमान पर सवार होने से पहले, अमेरिका के लिए रवाना होने से पहले जांच करवानी होगी तथा अमेरिका आने पर पृथक-वास में रहना होगा।

उन्होंने कहा, हमारी राष्ट्रीय योजना में युद्धस्तर पर काम शुरू किया जा रहा है जिससे कि उत्पादन बढ़ाकर आपूर्ति में कमी को दूर किया जा सके चाहे यह रक्षात्मक उपकरण की हो, सीरिंज, सुईयां आदि किसी की भी हो। जब मैं युद्धकाल कहता हूं तो लोग हैरानी से देखते हैं। कल रात तक 4,00,000 अमेरिकियों की जान चली गई और यह दूसरे विश्व युद्ध से ज्यादा है। उन्होंने कहा कि अगले महीने मृतकों की संख्या 5,00,000 से भी अधिक होने की आशंका है ,तथा कोरोना वायरस के मामले भी बढ़ते रहेंगे।बाइडन ने कहा, हम इससे रातोरात नहीं निपट सकते, चीजों को बदलने में कई महीनों का वक्त लगेगा लेकिन हम इससे उबर जाएंगे, इस महामारी को हरा देंगे और कार्वाई का इंतजार कर रहे राष्ट्र से मैं साफ कर देना चाहता हूं कि मदद इस दिशा में बढ़ रही है।

कोविड-19 पर राष्ट्रीय रणनीति तथा महामारी को हराने के लिए कार्यकारी कदमों के बारे में जानकारी देते हुए बाइडन ने कहा कि यह योजना उनके उन विचारों को प्रतिबंबित करती है जो उन्होंने प्रचार अभियान के दौरान सामने रखे थे और बीते तीन महीने में इनमें और भी बदलाव किए गए हैं।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय रणनीति व्यापक एवं विस्तृत है और यह राजनीति और इनकार पर नहीं बल्कि विज्ञान और सच्चाई पर आधारित है। बाइडन ने कहा कि योजना की शुरुआत में सुरक्षित एवं प्रभावी टीकाकरण अभियान को आक्रामक तरीके आगे बढ़ाना है और प्रशासन के पहले 100 दिन में 10 करोड़ लोगों के टीकाकरण का लक्ष्य हासिल करना है।

उन्होंने एक अन्य आदेश पर भी हस्ताक्षर किए हैं जिसमें रक्षा उत्पादन अधिनियम तथा अन्य उपलब्ध प्राधिकारियों का इस्तेमाल करते हुए सभी संघीय एजेंसियों एवं निजी उद्योगों को यह निर्देश दिया जाएगा कि वे सुरक्षा, जांच और टीकाकरण के लिए जो कुछ भी जरूरी है उसके उत्पादन को बढ़ाएं।

## बाइडन ने लगाई रोक

**सान डिएगो।** राष्ट्रपति जो बाइडन के पदभार संभालने के बाद प्रशासन ने अमेरिका और मैक्सिको की सीमा पर बनने वाली दीवार के काम पर रोक लगा दी है। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने एक प्रतिष्ठित सीमा-पार पार्क में दीवार बनाने के काम को मंजूरी दी थी और जो बाइडन के राष्ट्रपति बनने से पहले निर्माण कार्य में लगे लोगों ने इसे पूरा करने के लिए तेजी से काम किया था।बाइडन ने राष्ट्रपति पद संभालने के बाद अपने कार्यकाल के पहले दिन 17 शासनादेशों पर हस्ताक्षर किए थे। बाइडन ने बुधवार को एक सप्ताह के भीतर दीवार के निर्माण पर रोक लगाने का आदेश दिया।इस आदेश से अरबों डॉलर का काम अधूरा रह गया है लेकिन अभी यह अनुबंध के तहत है। ट्रंप प्रशासन ने पिछले साल 450 मील (720 किलोमीटर) तक दीवार निर्माण की दिशा में तेजी से काम किया था।

# ईयू के नेता सीमा खोलने पर सहमत यात्राएं सीमित रखने पर दिया जोर

**एपी। ब्रसेल्स**

**यूरोपीय** संघ (ईयू) के नेता वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से हुए सम्मेलन में सीमाएं खुली रखने पर सहमत हुए, हालांकि उन्होंने कोरोना वायरस के नए स्वरूपों के प्रसार पर रोकथाम के लिए और उपाय करने पर जोर दिया।

ईयू के शीर्ष रोग नियंत्रण अधिकारी ने कहा कि अस्पतालों में कोविड मरीजों की बढ़ती संख्या और मौतों को रोकने के लिए तत्काल कदम उठाने की आवश्यकता है।

वायरस में बदलाव के बाद इसके नए स्वरूपों पर गंभीर चिंता जताते हुए ईयू के 27 नेताओं ने गैर-जरूरी यात्राओं को सीमित करने, वायरस में बदलाव पर नजर रखने और लॉकडाउन जैसी पाबंदियों पर जोर दिया।

इन नेताओं ने समूचे ईयू में संक्रमण से हो रही मौत पर चिंता जताई, हालांकि गैर जरूरी यात्रा पर प्रतिबंध लगाई जाए या नहीं इस पर वे तत्काल सहमत नहीं हुए।

नीदरलैंड के प्रधानमंत्री मार्क रट ने कहा, यह महत्वपूर्ण है कि यात्रा से बचा जाए लेकिन इसे तुरंत लागू नहीं किया जा सकता है। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वोन देर लेएन ने सीमाएं खोले रखने पर जोर दिया ताकि पाबंदियां लगाए जाने के दौरान भी सामान की आवाजाही सुगमता से हो।कोविड-19 महामारी से ईयू के देशों में करीब चार लाख लोगों की मौत हुई है। यूरोपीय रोग निवारण एवं नियंत्रण केंद्र (ईसीडीसी) की प्रमुख एंड्रिया एम्मॉन ने कहा, संक्रमण के बढ़ते मामलों से अस्पतालों पर बोझ बढ़ेगा और सभी आयुवर्ग के लोगों विशेषकर बजुर्गों में मौत का खतरा भी बढ़ेगा। सम्मेलन से पहले प्रकाशित एक अध्ययन में ईसीडीसी ने ब्रिटेन, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका से वायरस के नए स्वरूपों के उभरने को लेकर चिंता जताई।




मनीला में प्रदर्शनकारियों ने 1987 में किसानों की हुई हत्याओं के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया

# परमाणु हथियारों को प्रतिबंधित करने की पहली संधि लागू

**एपी। संयुक्त राष्ट्र**

**परमाणु** हथियारों पर प्रतिबंध लगाने वाली अब तक की पहली संधि शुक्रवार को प्रभावी हो गई। दुनिया को सर्वाधिक घातक हथियारों से निजात दिलाने के लिए इसे एक ऐतिहासिक कदम बताया जा रहा है। हालांकि, परमाणु आयुध से लैस देशों ने इसका सख्त विरोध किया है। परमाणु हथियार निषेध संधि अब अंतरराष्ट्रीय कानून का हिस्सा है। इसके साथ ही, द्वितीय विश्व युद्ध के अंतिम चरण में 1945 में जापान के हिरोशिमा और नागासाकी शहरों पर अमेरिका के परमाणु बम गिराने की घटना की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए दशकों लंबा अभियान सफल होता प्रतीत हो रहा है। हालांकि, इस तरह के हथियार नहीं रखने के लिए सभी देशों द्वारा इस संधि का अनुमोदन करने की जरूरत मौजूदा वैश्विक माहौल में असंभव नहीं, लेकिन बहुत मुश्किल नजर आ रही है।इस संधि को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने जुलाई 2017 में मंजूरी दी थी और 120 से अधिक देशों ने इसे स्वीकृति प्रदान की थी। लेकिन परमाणु हथियारों से लैस या जिनके पास इसके होने की संभावना है, उन नौ देशों--अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, चीन, फ्रांस, भारत, पाकिस्तान, उत्तर कोरिया और इजराइल ने इस संधि का कभी समर्थन नहीं किया और न ही 30 राष्ट्रों के नाटो गठबंधन ने इसका समर्थन किया।परमाणु हमले की विभीषिका झेल चुके दुनिया के एकमात्र देश जापान ने भी इस संधि का समर्थन नहीं किया। परमाणु हथियारों का उन्मूलन करने के अंतरराष्ट्रीय अभियान के कार्यकारी निदेशक बीट्रीस फिन ने इसे अंतरराष्ट्रीय कानून, संयुक्त राष्ट्र और हिरोशिमा एवं नागासाकी के पीड़ितों के लिए एक ऐतिहासिक दिन बताया है। संधि को 24 अक्टूबर 2020 को 50वां अनुमोदन प्राप्त हुआ था और यह 22 जनवरी से प्रभावी हुआ। फिन ने बृहस्पतिवार को कहा था कि 61 देशों ने संधि का अनुमोदन किया है तथा शुक्रवार को एक और अनुमोदन होने की संभावना है।

# रूस के साथ परमाणु समझौते में पांच साल विस्तार देना चाहता है अमेरिका

**भाषा। वाशिंगटन**

**अमेरिका** रूस के साथ परमाणु हथियार एवं रोकथाम से संबंधित न्यू स्टार्ट समझौते को पांच वर्ष के लिए बढ़ाना चाहता है। राष्ट्रपति जो बाइडन का लंबे समय से यह मानना है कि यह अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में होगा।



व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव जेन साकी ने अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, अमेरिका न्यू स्टार्ट समझौते में पांच साल का विस्तार चाहता है। राष्ट्रपति लंबे समय से यह मानते आए हैं कि न्यू स्टार्ट समझौता अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में है। उन्होंने कहा कि ऐसे वक्त में इस विस्तार का और अधिक महत्व हो जाता है जब रूस के साथ अमेरिका के प्रतिकूल संबंध हैं। न्यू स्टार्ट समझौता अमेरिका और रूस के बीच अब कायम एकमात्र समझौता है। यह समझौता रूस के परमाणु बलों पर लगाम लगाने वाला और दोनों देशों के बीच रणनीतिक स्थिरता में महत्वपूर्ण रहा है।साकी ने कहा, हमलोग अमेरिका के हित में रूस के साथ काम करेंगे और उसके दुस्साहसी एवं प्रतिकूल कार्वाइयों पर उसे जिम्मेदार ठहराने के लिए भी काम करेंगे।

प्रेस सचिव ने कहा कि राष्ट्रपति जो बाइडन खुफिया विभाग को सोलर विंड्स साइबर घुसपैठ, 2020 के चुनाव में रूसी दखल और अपने विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी के खिलाफ रासायनिक हथियारों के इस्तेमाल आदि मामलों की जांच का जिम्मा सौंप रहे हैं।

पेंटागन के नए प्रवक्ता जॉन किर्बी ने कहा कि रूस के साथ इस संधि से अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा के हित बेहतर हुए हैं और न्यू स्टार्ट समझौता तथा इसमें विस्तार अमेरिकी लोगों की सुरक्षा से जुड़ा है।

सीनेटर डायने फीनस्टीन ने इस फैसले का स्वागत किया है।उन्होंने कहा, मुझे खुशी है कि राष्ट्रपति न्यू स्टार्ट समझौते में पांच साल का विस्तार चाहते हैं। यह रूस के साथ परमाणु हथियार एवं नियंत्रण से संबंधित हमारा मौजूदा एकमात्र द्विपक्षीय समझौता है।

# वैक्सीन लगने के बाद भी रखनी होंगी सावधानियां

कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने के लिए टीका लगवाने के साथ ही तथा उच्च स्तर की स्वच्छता तथा मास्क पहनना सुनिश्चित करना परम आवश्यक है। प्रस्तुत है इस ज्वलंत विषय की पड़ताल करती पायनियर संवाददाता **साक्षी शर्मा** की ये रिपोर्ट-



**कोरोना** वायरस संक्रमण के समय से ही सभी लोगों का जीवन उपरोक्त मूल बातों का ध्यान रखने पर टिका हुआ था। लेकिन अब इसका टीका विकसित होने और लगने के बाद क्या लोगों को उपरोक्त व्यवस्था का ध्यान रखने की कोई आवष्यकता नहीं रहेगी? या फिर टीका लगने के बाद भी स्वयं तथा परिवार को सुरक्षित रखने के लिए उपरोक्त निर्देषों का सख्ती से पालन करना आवष्यक होगा?

ये सही है कि टीका लगने के बाद ये सही दिषा में उठाया गया कदम तो होगा ही लेकिन इसका ये अर्थ बिलकुल नहीं निकाला जाना चाहिये कि महामारी का अंत हो गया है। कई ऐसे कारण हैं जिनके चलते मास्क पहनना तथा व्यक्तिगत स्वच्छता का महत्व बना रहेगा।

डा. सुरंजीत चटर्जी, इंद्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल के इंटरनल मेडिसिन विभाग के वरिष्ठ परामर्शदाता, का कहना है कि 'जिन लोगों को टीका लग चुका है वे अब इस संक्रमण के प्रति रोगप्रतिरोधक शक्ति विकसित कर लेंगे लेकिन वे इसके बाद भी संक्रमण को दूसरों में प्रसारित तो कर ही सकते हैं। उदाहरण के लिए यदि किसी व्यक्ति को वायरस संबंधी टीका लग चुका है तो ये वायरस उसे तो संक्रमित नहीं करेगा लेकिन चूंकि वो वायरस का वाहक बन जाएगा तो उसके संपर्क में आने वाले उस व्यक्ति को छींक, खांसी या अस्वच्छ हाथों के चलते संक्रमण तो हो ही सकता है जिसे ये टीका न लगा हो।

अत: जिस व्यक्ति को टीका लग चुका है तो उसमें वायरस के विरुद्ध प्रतिरोधक शक्ति विकसित हो जाएगी लेकिन वो वायरस का वाहक तो रहेगा ही, ऐसे में उससे संपर्क में आने वाले को संक्रमण होने का जोखिम रहेगा। अत: हम सभी को वे सावधानियां बरतते रहना होगा जो हम पिछले 10 माह से लेते आ रहे हैं। डा. चटर्जी ने कहा कि हमें उपरोक्त व्यवस्था को उस समय तक चलाना होगा जब तक या तो हम सभी में वायरस के प्रति हर्ड इम्यूनिटी विकसित हो जाए या फिर वायरस का पूरी तरह से उन्मूलन ही हो जाए, जो वर्तमान में संभव नहीं दिख रही।' फोर्टिस हॉस्पिटल शालीमार बाग के पल्मोनॉलजी विभाग के निदेषक और विभागाध्यक्ष डा. विकास मौर्य ने भी उपरोक्तवर्णित राय से सहमति जताई और बताया कि हमें अभी जानना शेष है कि टीका दीर्घकाल में किस प्रकार से काम करेगा। एक महत्वपूर्ण पहलू ये भी है कि कोई भी टीका लेते ही तुरंत प्रभावी नहीं हो जाता। यूनिमास्क के सीईओ कपिल भाटिया का कहना है, 'हमारे शरीर की प्रतिरोधक प्रणाली द्वारा वायरल संक्रमण से लड़ने वाली एंटीबॉडी का बनना ही टीका लेने के दो सप्ताह बाद प्रारंभ होता है। लेकिन ये टीका दूसरे टीकों से अधिक समय ले सकता है क्योंकि इसको दो डोज़ में विकसित किया गया है और दूसरी डोज़ लेने के लिए ही लगभग तीन से चार सप्ताह का समय लग सकता है। आप मान कर चल सकते हैं कि कोविड-19 वायरस के विरुद्ध पूर्ण प्रतिरोधक शक्ति विकसित होने में पहली डोज़ के बाद पांच से छ: सप्ताह का समय लग सकता है।' भाटिया ने आगे बताया, 'अधिकांष श्वसनतंत्र के संक्रमणों में जिनमें कोरोना वायरस भी सम्मिलित है, नासिका ही प्रमुख प्रवेश द्वार होता है। वायरस भी वहीं पर अधिकतर बढ़ता रहता हैऔर ये प्रतिरोधक शक्ति को हिला देता है जिससे वो ऐसे एंटीबॉडीज़ बनाने लगता है जो म्यूकोसा जैसे ही होते हैं, म्यूकोसा नासिका, मुख, फेफड़े तथा पेट की भीतरी सतह पर चढ़ी एक नम टिष्यू लाइनिंग होती है। अब यदि वही व्यक्ति वायरस की चपेट में दुबारा आता है तो उन्हीं एंटीबॉडीज़ तथा प्रतिरोधक कोषिकाएं जो वायरस को स्मरण रखती हैं, वायरस को नासिका में ही बंद कर देती हैं और ये शरीर के दूसरे अंगों तक नहीं पहुंच पाता। इन एंडीबॉडीज़ में से कुछ नसिका के म्यूकोसा तक भी पहुंचकर उसकी रक्षा करने लगती हैं। लेकिन अभी तक ये नहीं पता चल सका है कि इन एंटीबॉडीज़ में से कितना और कितना शीघ्र इस कार्य में लगाया जा सकेगा। ये भी संभव है कि वायरस केवल नासिका में ही विकसित हो सकें और ये छींकने और खांसने से दूसरों को संक्रमित कर दें।'

हमें ये भी विस्मृत नहीं करना चाहिये कि टीका लोगों तक पहुंचने और अधिकतम लोगों को लगाने की योजना बनाते समय ये तथ्य ध्यान में रखा जाना होगा कि पूरी जनसंख्या को लगाने के लिए पर्याप्त डोज़ेज़ अभी उपलब्ध भी नहीं हैं। एक पर्याप्त जनसंख्या को टीका लगने के लिए अभी लंबी प्रतीक्षा करनी होगी। अत: हमें सही गुणवत्ता वाला मास्क अभी पहने रखना होगा। डा. चटर्जी का कहना है, 'एन 95 और सर्जिकल तीन परत वाला मास्क वायरस से बचाव के लिए पहनना परम आवष्यक है। लेकिन एन95 मास्क उन चिकित्सा कर्मियों के लिए माना जाता है जो कोविड-19 संक्रमितों और उनके संपर्क में आने वाले फ्रंटलाइन वर्कर्स के लिए होते हैं लेकिन ध्यान रखने की बात है कि इनमें वॉल्व नहीं होने चाहिये। यदि कोविड-19 से संक्रमित व्यक्ति वाल्वयुक्त एन 95 मास्क पहनता है तो उसके द्वारा ये संक्रमण आस पास के दूसरे लोगों तक पहुंचने का जोखिम बढ़ जाता है। मास्क पहने रहने से एक समस्या ये आती है कि हमारे चष्में में फॉग आ जाता है जबकि कान में दूसरी समस्याएं सामने आने लगती हैं। इससे बचने के लिए हमें मास्क को सही ढंग से लगाना आना चाहिये। डा. चटर्जी के अनुसार मास्क को सही फिटिंग वाला होना चाहिये और इससे आपकी नासिका, मुख तथा ठोढ़ी कवर रहनी चाहिये। इसे न अधिक टाइट और न अधिक ढीला होना चाहिये। यदि आपका मास्क कपड़े का बना है तो हर बार उसे उतारने के बाद कवर्ड डिब्बे में रखना चाहिये और दुबारा प्रयोग से पहले उसे साबुन से धोकर ही ऐसा करना चाहिये।'

एचसीएमसीटी मनिपाल हॉस्पिटल्स, द्वारका के विभागाध्यक्ष तथा परामर्षदाता डा. पुनीत खन्ना का कहना है कि हम एन 95 रेस्पिरेटर्स का उपयोग भी कर सकते हैं जो एक विषेष पदार्थ का बना होता है जो हमारे खांसने या छींकने या बात करने पर आने वाली 95 प्रतिषत छोटी बूंदों को रिमूव कर देता है।

### सभी को ध्यान रखना है:

- सामाजिक दूरी
- अल्कोहल आधारित सैनिटाइज़र्स का प्रयोग
- सही मास्क का पहनना



## सुशांत की बहन ने बनाया एसएसआर मेमोरियल फंड



**बॉलिवुड** के अभिनेता सुशांत की जयंती पर उनकी बहन श्वेता सिंह कीर्ति ने सोशल मीडिया पर बताया कि यूसीबर्कले में स्वर्गीय अभिनेता की याद में फिजिक्स के छात्रों के लिए एक छात्रवृत्ति कोष बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस कोष के बनाए जाने के बाद सुषांत के एक सपने को पूरा करने के लिए जरूरी कदम उठा लिया गया है। कीर्ति ने आगे कहा, 'मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि भाई की 35वें जन्मदिन पर एक उनके एक सपने को पूरा करने की दिषा में एक कदम उठाया गया है। यूसी बर्कले में 35 हजार डालर्स की धनराषि से सुशांत सिंह राजपूत मेमोरियल फंड स्थापित किया गया है।' उन्होंने बताया, 'जो भी छात्र यूसी बर्कले में एस्ट्रोफिजिक्स का अध्ययन करना चाहे वो इस फंड से सहायता के लिए आवेदन कर सकता है।'

## 'मारीच' में पुलिस की भूमिका में दिखेंगे तुषार

**अभिनेता तुषार** कपूर का कहना है कि 'मैं मारीच में एक पुलिस वाले की भूमिका कर रहा हूं जो वरिष्ठ तो नहीं है लेकिन वो उतना नया भी नहीं है। वो एक परिपक्व पुलिसवाला है जो हर चीज के बारे में अपनी राय रखता है और व्यावहारिक व्यक्ति है। उसे एक हत्या का वाद सुलझाने के लिए मिलता है जो उसके जीवन और विचारों को बदल कर रख देता है। ये ऐसा चरित्र है जो ग्रे भी है। आशा करता हूं कि ये फिल्म थियेटरों में लग सकेगी।'



## बाफ्टा ब्रेकथ्रू को मिली प्रतिक्रिया से बहुत गदगद हैं एआर रहमान



**ऑस्कर और** ग्रैमी विजेता संगीतकार ए आर रहमान बाफ्टा ब्रेकथ्रू इनिशियेटिव के प्रति भारत में मिल रही प्रतिक्रिया पर गौरव का अनुभव करते हैं। उनका कहना है कि वो फिल्म, खेलों और टेलीविज़न के कुछ लोगों को इस परियोजना से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित करना चाहते हैं।' बृहस्पतिवार को इस पहल की घोषणा की गई थी कि ब्रिटिष अकादमी ऑफ फिल्म एंड टेलिविज़न आर्ट्स, बाफ्टा, ने बाफ्टा ब्रेकथ्रू इंडिया, के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि को दो सप्ताह बढ़ा दिया है। अब इसे 25 जनवरी से 8 फरवरी कर दिया गया है। रहमान ने बताया, 'हमें हर क्षेत्र से आवेदन मिल रहे हैं जिससे साबित होता है कि भारत के हर कोने में प्रतिभा मिल सकती है।'

## दर्शकों के समक्ष लाइव शूटिंग से विचलित हैं एलिजाबेथ ऑल्सेन

**हॉलिवुड स्टार** एलिज़ाबेथ ऑल्सेन का कहना है कि लाइव दर्षकों के समक्ष शूटिंग करने के कारण उनका मस्तिष्क प्रभावित होता है। ऑल्सेन ने पॉल बेटनी के साथ अपनी वेब सीरीज़ वांडाविज़न, के पहले एपिसोड को स्टूडियो में उपस्थित लाइव ऑडियंष के सामने शूट किया है। इस अनुभव को याद करते हुए उनका कहना था, 'ये मेरे लिए अत्यंत थकाऊ अनुभव था। इसके अलावा वहां लोगों में बहुत उत्तेजना थी। वहां निरंतर परिवर्तन हो रहे थे और इनसे मैं अत्यंत भ्रमित हो गई थी।'



## जन सेना पार्टी प्रमुख पवन कल्याण ने राम मंदिर निर्माण में 30 लाख रुपए का दान दिया



**भाषा।** अमरावती

**तेलुगु फिल्मों** के अभिनेता और जन सेना पार्टी के प्रमुख पवन कल्याण ने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए शुक्रवार को 30 लाख रुपए दान में दिए। कल्याण ने पूर्व मंत्री के. श्रीनिवास की उपस्थिति में 30 लाख रुपए का चेक राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की आंध्र प्रदेश शाखा के प्रमुख भारत को सौंपा। कल्याण ने अपने निजी कर्मचारियों द्वारा जमा की गई 11,000 रुपए की राशि का एक अन्य चेक भी सौंपा। जन सेना प्रमुख के राजनीतिक सचिव पी. हरि ने कहा कि कल्याण के कर्मचारियों में कुछ मुसलमान और ईसाई भी हैं। उन्होंने भी राम मंदिर निर्माण में योगदान दिया है।

## भजन गायक नरेंद्र चंचल का निधन

**भाषा।** नई दिल्ली

**चलो बुलावा** आया है और तुने मुझे बुलाया शेरा वाली जैसी भक्ति गीतों के लिए लोकप्रिय भजन गायक नरेंद्र चंचल का शुक्रवार को एक निजी अस्पताल में स्वास्थ्य संबंधी जटिलताओं के कारण निधन हो गया।सूत्रों ने बताया कि चंचल ने दिल्ली के अपोलो अस्पताल में दोपहर 12:15 बजे अंतिम सांस ली। गायक के मृत्यु पर शोक व्यक्त करते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि चंचल ने अपनी आवाज के साथ भक्ति संगीत के क्षेत्र में अपने लिए एक अनूठी जगह बनाई थी। उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने भी चंचल के निधन पर गहरा दुख जताया है। एक ट्वीट में प्रधानमंत्री ने गायक के परिवार और प्रशंसकों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। गायक दलेर मेहंदी, अभिनेता मनोज बाजपेई, अभिनेता रणवीर शौरी, संगीतकार विशाल डडलानी समेत कई जानी मानी हस्तियों ने चंचल की मृत्यु पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि 27 नवंबर को उन्हें दक्षिणी दिल्ली के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मस्तिष्क संबंधी बीमाारियों से पीड़ित होने के बाद उनका निधन हो गया। देश की आजादी से पहले अमृतसर के नमक मंडी में एक पंजाबी परिवार में जन्मे चंचल एक



धार्मिक माहौल में पले-बढ़े, जिन्होंने उन्हें बहुत ही कम उम्र से ही भजन और आरती गाना शुरू करने के लिए प्रेरित किया। हिंदी सिनेमा में, उन्हें प्रसिद्धि तब मिली जब उन्होंने 1973 में आई ऋषि कपूर और डिंपल कपाड़िया की पहली फ़िल्म ैबॉबी के लिए ैबेशक मंदिर मस्जिदै नामक एक गीत गाया। इस गाने के लिए, चंचल ने 1974 में फिल्मफेयर का सर्वश्रेष्ठ पुरुष पार्श्व गायक का पुरस्कार जीता था। उनके सबसे लोकप्रिय गानों में से एक 1983 में आई राजेश खन्ना की फिल्म ैअवतारै का ैचलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है है। चंचल ने 2009 में अपनी आत्मकथा ैमिडनाइट सिंगरै जारी की थी, जिसमें उन्होंने अपने जीवन के शुरुआती संघर्षों और कठिनाइयों से लेकर अपनी उपलब्धियों तक का वर्णन किया है। गायक की मृत्यु पर शोक व्यक्त करते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि चंचल ने अपनी आवाज के साथ भक्ति संगीत के क्षेत्र में अपने लिए एक अनूठी जगह बनाई थी।

## भारतीय गणितज्ञ निखिल श्रीवास्तव माइकल व शीला हेल्ड पुरस्कार के संयुक्त विजेता घोषित किए गए

**भाषा।** वाशिंगटन



**कै डिसन-सिंगर समस्या** और रामानुज ग्राफ पर लंबे समय तक अनुत्तरित सवालों को हल करने के लिए एक युवा भारतीय गणितज्ञ निखिल श्रीवास्तव को दो अन्य लोगों के साथ 2021 के प्रतिष्ठित माइकल एवं शीला हेल्ड पुरस्कार का संयुक्त विजेता घोषित किया गया है। नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज ने एक बयान में कहा कि कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, बर्कले के निखिल श्रीवास्तव, इकोल पॉलिटेक्निक फेडरल डी लॉसाने (ईपीएफएल) के एडम मार्कस और एल विश्वविद्यालय के डैनियल एलन स्पीलमैन को 2021 का माइकल एवं शीला हेल्ड पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। पुरस्कार में पदक और।,00,000 अमेरिकी डॉलर शामिल हैं। श्रीवास्तव, मार्कस और स्पीलमैन ने कैडिसन-सिंगर समस्या और रामानुजन ग्राफ से जुड़े लंबे समय से अनुत्तरित सवालों को हल किया है। इस प्रक्रिया में रैखिक बीजगणित, बहुपदीय ज्यामिति और ग्राफ सिद्धांत के बीच एक गहरे नए संबंध का पता लगाया गया है। श्रीवास्तव वर्तमान में कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय में गणित के एसोसिएट प्रोफेसर हैं।

पायनियर
लखनऊ, शनिवार, 23 जनवरी 2021



2500 किसान नेता कार्यकर्ताओं को भेजी जा चुकी हैं नोटिसें...

# किसान आंदोलन से निपटना सरकारी मशीनरी के लिए बना चुनौती

● सपा के तहसीलवार ट्रैक्टर रैली के ऐलान से बढ़ीं मुश्किलें

संवाददाता। सीतापुर



**कृषि के** तीन कानूनों के विरोध में किसान संगठनों के प्रदेश की राजधानी लखनऊ में 23 जनवरी को राजभवन घेराव और 26 जनवरी को देश की राजधानी दिल्ली में ट्रैक्टर रैली निकालने के अलावा सीतापुर जिला मुख्यालय पर इसी दिन ट्रैक्टर झांकी निकालने जाने के ऐलान से हलकान सरकार, शासन- प्रशासन ने इससे निपटने को ठोस रणनीति बनाई है। सीतापुर में अब तक ढाई हजार से ज्यादा आंदोलनकारी किसान संगठनों के नेताओं और कार्यकर्ताओं पर 149, 116 की नोटिसें भेजी जा चुकी हैं। किसान नेता किसी भी कीमत पर लखनऊ और दिल्ली कूच न कर पाएं, प्रत्येक थाना सीमा पर चेक पोस्ट लगा दिए गए हैं। निरंतर मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ और शासन स्तर के अधिकारी वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए ट्रैक्टर रैली किसी भी कीमत पर न निकालने के दिशा निर्देश दे रहे हैं, इतना ही नहीं, सीतापुर पहुंचकर आईजी रेंज लखनऊ लक्ष्मी सिंह ने प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के संग बैठक कर तैयारियों पर बारीकी से नजर बनाए हुए हैं। बड़े पैमाने पर नोटिसें भेजे जाने पर किसान नेता जरूर भूमिगत हो गए हैं, पर नई समस्या सपा के इस एलान से आ गई है, कि वो भी किसानों के समर्थन में तहसीलवार ट्रैक्टर रैली निकालने की घोषण कर दी है। बताते चलें कि पिछले करीब 60 दिन से किसानों का आंदोलन जारी है। वह तीनों बिलों को खत्म किए जाने से पहले किसी भी कीमत पर बात मनाने को तैयार नहीं हैं। सीतापुर में किसान धरना प्रदर्शन, ट्रैक्टर रैली निकालकर, थाली बजाकर और मानव श्रृंखला बनाकर अपना विरोध जता चुके हैं। करीब दो दर्जन किसान संगठनों का विरोध प्रदर्शन हो रहा है, महेंद्र सिंह टिकैत गुट ने 23 जनवरी को राज भवन घेरने का एलान कर दिया है, जिसे रोकने के लिए जिला और पुलिस प्रशासन ने भी आंदोलनकारियों को नोटिसें जारी कर नेताओं को नजरबंद कर और थानों की सीमा पर बैरियर लगाए हैं। ऐसे में सपा का तहसीलों में ट्रैक्टर रैली निकाले जाने के एलान किए जाने से प्रशासन के सामने नई चुनौती खड़ी हो गई हैं।

पंचायत चुनाव...

## एक संग होंगे पंचायत चुनाव, मतपत्र और रंग भी अलग-अलग




**सीतापुर।** उत्तर प्रदेश में इस बार प्रधानी, पंच, बीडीसी और जिला पंचायत सदस्य पदों के चुनाव एक संग कराए जाएंगे। इन पदों के लिए मतपत्र तो अलग-अलग होंगे ही, साथ ही उनका अलग-अलग रंग भी होगा। जिन पर मतदान करने के बाद मतदाता मत पेटिका में मतपत्र डालेंगे। इस चुनाव में सीतापुर में करीब सवा करोड़ मत पत्रों का इस्तेमाल किया जाएगा। आपको बता दें कि सीतापुर में 1601 ग्राम पंचायतें हैं। इन ग्राम पंचायतों में नए पंच वर्षीय गठन के लिए चुनावी प्रक्रिया की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। प्रधान, ग्राम पंचायत सदस्य, क्षेत्र पंचायत सदस्य और जिला पंचायत सदस्य पदों के चुनाव में जिले में करीब एक करोड़ 22 लाख 32 हजार मतपत्रों का प्रयोग होगा। प्रधान के लिए 26 लाख 47 हजार 9 सौ मतपत्रों का इस्तेमाल किया जाएगा। जबकि ग्राम पंचायत सदस्य के लिए 32 लाख चार सौ, बीडीसी के लिए 31 लाख 98 हजार एवं जिला पंचायत सदस्य के 31 लाख 85 हजार 7 सौ मतपत्रों का प्रयोग किया जाएगा। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत-निकाय सुरेश प्रसाद के मुताबिक सभी पदों के लिए अलग-अलग मतपत्र होंगे, साथ ही उनका रंग भी अलग होगा। उन्होंने बताया कि प्रधान का हरा, ग्राम पंचायत सदस्य का सफेद, क्षेत्र पंचायत सदस्य का नीला और जिला पंचायत सदस्य पद का मतपत्र गुलाबी रंग का होगा।

## क्विक न्यूज

### देश दुनिया में रोशन होगा सीतापुर का नाम, 12 हजार फिट ऊंची पहाड़ी पर शिवम फहराएंगे तिरंगा



**सीतापुर।** पहला ब्लॉक के गांव ताजपुर निवासी शिवम मौर्य आगामी 26 जनवरी को देश दुनिया में सीतापुर का नाम रोशन करेंगे। इस दिन वो उत्तराखण्ड की 12 हजार फिट ऊंची पहाड़ी केदारकंठ पर तिरंगा फहराएंगे। जिला संगठन कमिश्नर स्काउट अवनीश कुमार ने शिवम मौर्या को किसान इंटर कॉलेज से तिरंगा के साथ ही भारत स्काउट झंडा देकर रवाना किया। इस मौके पर शिवम मौर्य के पिता दिनेश कुमार मौर्या भी मौजूद थे।

### एएनएम ने सौंपा एसडीएम को ज्ञापन

**बिसवां सीतापुर।** एएनएम संविदा संघ ने विभिन्न मांगों के समर्थन में सीएम को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम बिसवां आरडी राम को सौंपा। इसमें कहा गया कि एनएनएम की बार-बार परीक्षा न कराई जाए, क्योंकि सभी एएनएम सरकार की मानक परीक्षा पास करके चयनित होकर संविदा पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत काम कर रही हैं। इस मौके पर ज्योति मिश्रा, शालनी सैनी, स्नेहलता, प्रेमलता शैलबाला, शोभावती, प्रियंका शुक्ला, रवीना, दीपाली रावत, रचना कुमारी, किरन आदि मौजूद थे।

### बीआरसी पर हुई बैठक

**सिधौली सीतापुर।** बीआरसी सिधौली प्रधानाध्यापकों की मासिक बैठक हुई। मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षाधिकारी पुष्पेंद्र जैन ने मिशन प्रेरणा, रीडिंग कॉर्नर, ई पाठशाला, मानव संपदा आदि की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि आफलाइन अवकाश की व्यवस्था को पूरी तरह खत्म कर दिया गया है, अब सिर्फ आनलाइन आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। इस मौके पर समीर श्रीवास्तव, मदनेश, प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष उमेश कुमार सिंह, जूनियर हाईस्कूल संघ अध्यक्ष सुरेश मिश्र ,उदय प्रताप सिंह, प्रदीप यादव,संतोष कुमार सिंह, सलाउद्दीन खान, कमल किशोर शुक्ला, रजनीश सिंह, दिनेश सिंह ,सुधाकर सिंह आदि मौजूद थे।

### खेत के तार में फंसने से हुई मौत

**थानगांव सीतापुर।** थाना क्षेत्र के सिमरा गांव के पास नकटा पुलिया के अली रजा के गेहूं के खेत के तार में फंस जाने के कारण रुद्रपुर सेमरा निवासी राम सागर पुत्र चंदू उम्र 45 वर्ष की मौत हो गई। सुचना पाकर मौके पर पहुंचे रेउसा थाना अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार राय ने बताया कि मृतक अपनी ससुराल हरिहरपुर जा रहा था नकटा पुलिया के पास मोड़ पर बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई जिसमें रामसागर की मौत हो गई। परिजनों ने किसी प्रकार का कोई आरोप अभी तक नहीं लगाया है। वहीं शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया है।

### हाईटेंशन लाइन से महिला की मौत

**संदना सीतापुर।** सीतापुर के संदना कस्बे में घर के ऊपर निकली हाईटेंशन लाइन 45 वर्षीया लल्जावती के लिए काल बन गई। लाइन के चपेट में आने से उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### राममंदिर के लिए हुआ समर्पण निधि का आयोजन


सीतापुर- सम्बोधित करते विधायक ज्ञान तिवारी

● विधायक ज्ञान तिवारी ने कहा कि हर आदमी करे सहयोग

**रेउसा सीतापुर।** भगवान श्री मंदिर निर्माण के लिए चल रहे धन संग्रह अभियान में कौमी एकता का रंग भी देखने को मिल रहा है। विधायक ज्ञान तिवारी की पहल पर रेउसा में आयोजित समर्पण निधि कार्यक्रम में मुस्लिम समाज के लोगों ने राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के नाम सहयोग दिया है। विधायक के प्रतिनिधि ओपी मिश्र ने बताया कि हसीब, नसीम, शफीक, जबिदा, अय्यूब खां, जलील अहमद, हासिमा, इसरत अली आदि ने समर्पण राशि दी है। उधर रामपुर मथुरा ग्राम सभा की निवर्तमान प्रधान अर्चना प्रताप सिंह ने राम मंदिर निर्माण के लिए बड़ी धनराशि दी है। उन्होंने एक लाख रुपये की सपपर्ण राशि दी है। उनके इस कार्य की क्षेत्र में चर्चा हो रही है।

### भाजपा जिला महामंत्री बने रमेश भार्गव

● जिलाध्यक्ष सहित तमाम कार्यकर्ताओं ने दी बधाई


रमेश भार्गव

**सीतापुर।** भाजपा सरकार किसानों की आय दोगुना करने के लिए कटिबद्ध है। यह बात भाजपा जिला महामंत्री बनने के बाद 'पायनियर' से रमेश भार्गव 'दीपू' ने कही। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार भ्रष्टाचार मुक्त करने का जो वादा किया है वह पूर कर रही है। उन्होंने कहा कि संगठन ही सर्वोपरि है और लोगो की समस्याओं को सुलझाना हमारी प्राथमिकता रहेगी। उनके मनोनयन पर जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, संजय मिश्रा, विधायक सुनील वर्मा, महेन्द्र यादव, सुरेश राही, विश्राम सागर राठौर, ज्ञान तिवारी, सत्यप्रकाश, रितेश सिंह, उदित बाजपेयी, रोहित सिंह आदि ने बधाई दी।

## गुरुगोविन्द सिंह के 354वें जन्मोत्सव पर निकली यात्रा


सिधौली-शोभायात्रा निकालते सिख समुदाय के लोग

● नगरवासियों ने श्रद्धापूर्वक लिया हिस्सा

संवाददाता। सिधौली सीतापुर

**गुरुसिंह सभा** और सिक्ख सेवा सोसायटी की ओर से गुरुगोविंद सिंह के 354वें जन्मोत्सव पर षुक्रवार को सिधौली नगर में शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा मोहल्ला गोविन्द नगर स्थित गुरूद्वारे से प्रारम्भ होकर नगर के विभिन्न मार्गों का भ्रमण पुन: गुरूद्वारा पर सम्पन्न हुई। शोभा यात्रा के दौरान हैरतअंगेज करतब भी दिखाए गए। धार्मिक कार्यक्रम में विधायक हरगोविंद भार्गव, पूर्व विधायक मनीष रावत, नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष गंगाराम, राजपूत, पत्रकार एसोसिएशन के अध्यक्ष मुन्नन शुक्ला, सरदार गुरमीत सिंह, सरदार रघुवीर सिंह, सरदार अवतार सिंह, जाग्रत मिश्र, उमेश बाजपेई, उद्देश्य निगम, लवलेश पाण्डेय, सरदार हरजीत सिंह आदि ने भी हिस्सा लिया।

सपा कार्यालय में स्व. जनेश्वर मिश्र की पुण्य तिथि पर आयोजित हुई गोष्ठी...

## एक बार फिर 2022 में बनेगी अखिलेश सरकार

● भाजपा से सपा में शामिल हुए आशीष मिश्रा का हुआ कार्यालय पर स्वागत

संवाददाता। सीतापुर


सीतापुर-बैठक को सम्बोधित करते अफजाल कौसर, मौजूद जिलाध्यक्ष छत्रपाल सिंह यादव, पूर्व विधायक मनीष रावत, आशीष मिश्रा व अन्य

**जिला समाजवादी** पार्टी कार्यालय शुक्रवार को स्व. जनेश्वर मिश्र की यादों में डूबा रहा। उनकी 11वीं पुण्यतिथि पर आयोजित गोष्ठी में जिलाध्यक्ष क्षत्रपाल सिंह यादव ने विचार रखे। इस मौके पर भाजपा से सपा में शामिल हुए युवा नेता आशीष मिश्रा भी कार्यालय पहुंचे जहां पर प्रेसवार्ता करते हुए कहा कि किसानों के उत्पीड़न को देखते हुए सपा में शामिल हुआ हूं। इस मौके पर विधायक नरेंद्र सिंह वर्मा, पूर्व विधायक अनूप गुप्ता, अनिल वर्मा, मनीष रावत, पूर्व प्रत्याशी अफजाल कौसर, आशीष मिश्रा, कार्यालय प्रभारी जयसिंह यादव, कौशलेंद्र सिंह, श्रीपाल वर्मा, प्रवीण सैनी, अंकित त्रिवेदी, महेंद्र यादव, मनोज भारती, चन्द्रशेखर यादव, जयकरन यादव, रमेश चन्द्र शुक्ल, सुनील यादव, विजय बहादुर यादव, विजय यादव, ऋषिराज सिंह, अनिल मिश्र, सुधीर शर्मा, शमीम बानो, सीताराम यादव, रामप्रकाश यादव, चंद्रभाल भार्गव, प्रदीप यादव, असद अराफात, पुष्कर शुक्ला, करुनेश मिश्र, राजकुमार अवस्थी, राहुल तिवारी आदि ने स्व. जनेश्वर मिश्र के व्यक्तित्व व .तित्व पर प्रकाश डाला।

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को लेकर...

# जिलाधिकारी ने कन्या माताओं को दी बेबी किट

● कन्या सुमंगला योजना एवं अन्य योजनाओं की जानकारी दी

संवाददाता। सीतापुर


सीतापुर-बेबी किट वितरित करते डीएम विशाल भारद्वाज

**बेटी बचाओ** बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत जिला महिला चिकित्सालय में शुक्रवार को कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने ममता दीक्षित, पूजा, विमल, लक्ष्मी देवी, गीता, कल्पना, सुमन तिवारी, प्रीती, रीतू शुक्ला आदि माताओं की नवजात कन्याओं को उपहार भेंट कर सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने माताओं को कन्या सुमंगला योजना एवं अन्य योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी अश्वनी कुमार, मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका डॉ. सुषमा कर्णवाल आदि मौजूद थे।

**पोषण समिति की हुई बैठक-** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पोषण समिति की बैठक हुई। इस दौरान जिलाधिकारी ने ड्राई राशन, देशी घी और स्किम्ड मिल्क पाउडर वितरण की समीक्षा की। डीएम ने ऐसे केन्द्रों का विवरण तलब किया, जिनमें अभी तक वितरण नही हुआ है। डीएम ने कुपोषण के खिलाफ लड़ाई में किसी तरह की लापरवाही न बर्दाश्त करने की चेतावनी भी दी। इस मौके पर सीडीओ संदीप कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजकपूर, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अजीत कुमार आदि मौजूद थे।

**डीएम ने की मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की समीक्षा-** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की भी समीक्षा की है। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना से सभी पात्रों को लाभान्वित किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी श्रेणी में आवेदनों की संख्या गत वर्ष से कम न रहे। बैठक में सीडीओ संदीप कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी अश्वनी कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अजीत कुमार आदि मौजूद थे।

**राष्ट्रीय मतदाता दिवस को लेकर डीएम ने की बैठक-** चुनाव आयोग के निर्देश पर आगामी 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाएगा। इस दौरान युवाओं और महिलाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिये विद्यालयों और महाविद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। जनपद स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन राजकीय इण्टर कालेज के मैदान में होगा। इसे लेकर जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अधीनस्थों के साथ बैठक की है। बैठक में एडीएम विनय कुमार पाठक, उपजिलाधिकारी सदर अमित भट्ट आदि मौजूद थे।

बोले चिकित्सक-महामारी से बचाव का एकमात्र उपाय टीकाकरण...

# दूसरे चरण में 1700 लोगों को लगी कोरोना वैक्सीन

● टीकाकरण के बाद बोले करोना योद्धा, साइड इफेक्ट न कोई परेशानी

संवाददाता। सीतापुर


सीतापुर-कोरोना वैक्सीन लगाती महिला चिकित्सक


हरगांव-सीएचसी में जांच करते नोडल अधिकारी डा. रवि भार्गव


सीतापुर-वैक्सीन का महिला अस्पताल में जायजा लेते डीएम विशाल भारद्वाज

**केंद्र सरकार** स्वास्थ्य कर्मियों के साथ ही फ्रंट लाइन वर्कर्स को कोरोना वायरस से बचाने के अभियान में जुट गई है। टीकाकरण की बढ़ती रफ्तार के साथ ही कोरोना योद्धा में भी नए उत्साह का संचार हो रहा है। शुक्रवार को जिले के 14 केंद्रों पर चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टाफ, आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को कोरोना से बचाव का टीका लगाया गया। कोरोना प्रतिरक्षण टीका लगवाने के बाद हर किसी के चेहरे पर गर्वीली मुस्कान देखी गई। ऐसे में कई कोरोना योद्धाओं से टीकाकरण के बाद उनकी प्रतिक्रया भी जानी गई। पेश हैं उसी के कुछ अंश। मिश्रिख सीएचसी की डॉ. राखी शुक्ला का कहना है कि भारत सरकार द्वारा कोविड-19 टीकाकरण अभियान प्रारंभ किया गया है। मुझे टीका लगाया गया और पता भी नहीं चला, बहुत अच्छे से टीकाकरण किया गया। मुझे कोई साइड इफेक्ट भी नहीं है। मैं हर किसी से कहना चाहती हूं कि अपनी बारी आने पर वह इसे अवश्य लगवाएं। मिश्रिख सीएचसी की अर्श काउंसलर लक्ष्मी गुप्ता का कहना है कि मुझे रात में मोबाइल पर मैसेज मिला कि शुक्रवार को सुबह सीएचसी पर टीका लगना है। मुझे और परिवार के सभी सदस्यों को बहुत खुशी हुई कि अब कोरोना से बचाव होगा। रात भर हम लोग टीके को लेकर उत्सुक रहे। सुबह टीका लगाया गया, टीके के बाद मुझे कोई परेशानी नहीं हुई है। स्टाफ नर्स विभा मिश्रा का कहना है कि कोविड टीकाकरण एक ऐतिहासिक क्षण है। कोरोना के खिलाफ लड़ाई में यह विजय का क्षण है। इस वैक्सीन से हम खुद को अपने परिवार व समाज को कोरोना वायरस से सुरक्षित रख सकेंगे। इस महामारी से बचाव का एकमात्र उपाय टीकाकरण ही है। हर किसी को अपनी बारी पर टीका लगवाना चाहिए। डाटा इंट्री ऑपरेटर कीर्ती सिंह का कहना है कि मैंने कोरोना से बचाव का टीका लगवाया और मैं खुद को सहज महसूस कर रही हूं। भ्रम व भ्रांतियों पर लोग ध्यान न दें, लोग आगे आएं और टीका लगवाएं यह टीका पूरी तरह से सुरक्षित है। टीका लगने के बाद मेरा भ्रम दूर हो गया है। अब मैं पहले से ज्यादा उर्जा के साथ काम कर सकूंगी। ऐलिया सीएचसी के सीएचओ अमित वर्मा का कहना है कि मैं बहुत ही भाग्यशाली हूं कि मेरी सीएचसी पर सबसे पहला टीका मुझे ही लगाया गया है। हालांकि टीकाकरण के बाद भी मुझे कोविड प्रोटोकाल का पालन करना होगा। देश के वैज्ञानिकों ने जिस विश्वास से टीका बनाया है, उसमें हमें किसी भी तरह का शक नहीं करना चाहिए। एएनएम अमिता वर्मा का कहना है कि वैक्सीन और वैक्सीनेशन को लेकर घबराने की कतई जरूरत नहीं है। सभी लोग टीका लगवाएं, वैक्सीन पूरी तरह से सुरक्षित है, इसको लेकर किसी भी प्रकार का भ्रम न पालें।

# जिले के नौ केंद्रों पर लगा कोरोनारोधी टीका

## 1180 स्वास्थ्य कर्मियों का हुआ टीकाकरण

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी





**शुक्रवार को** जिले भर में द्वितीय चरण में नौ स्वास्थ्य केंद्रों में कोविड-19 वैक्सीन के टीके लगाए गए। जिला चिकित्सालय में 115, जिला महिला चिकित्सालय में 100, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेहजम में 142, सीएचसी नकहा में 146, सीएचसी फरधान में 234, सीएचसी कुंभी में 150, सीएचसी मोहम्मदी में 105, एसीएचसी पसगवा में 66 व सीएचसी बांकेगंज में 122 स्वास्थ्य कर्मियों का टीकाकरण हुआ। समाचार लिखे जाने तक 1180 स्वास्थ्य कर्मियों का टीकाकरण हुआ। इसमें टीकाकृत किसी भी स्वास्थ्य कर्मियों में कोई भी प्रतिकूल असर देखने को नहीं मिला। सभी नौ केंद्रों पर 20 सत्रों का आयोजन किया गया। इन 20 टीमों में कुल 120 सदस्य रहे जिनमें 40 वैक्सीनेटर शामिल हैं।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. मनोज अग्रवाल ने सीएचसी नकहा सहित विभिन्न टीकाकरण केंद्रों पर पहुंचकर सूरत-ए-हाल जाना। संबंधितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने प्रत्येक टीकाकरण केंद्र स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्धारित प्रोटोकाल का अनुपालन करते हुए टीकाकरण कराएं। उन्होंने कोविड-19 टीकाकरण का अपडेट पोर्टल पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। टीकाकरण केंद्रों पर मास्क, सेनाटाइजर व दो गज की सामाजिक दूरी का पालन करते हेतु टीकाकरण अभियान को सफल बनाए। प्रथम चरण के द्वितीय दिन में 1964 लोगों का टीकाकरण किया जाना था। **बेहजम संवाददाता के अनुसार,** बेहजम सीएचसी के सैकड़ों आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व स्वास्थ्य कर्मचारियों को वैक्सीन लगने के लिए दो काउंटर बनाए गए। प्रत्येक काउंटर पर तीन-तीन स्वास्थ्य कर्मचारियों को चयनित कर 100-100 लाभार्थियों के टीकाकरण का लक्ष्य रखा गया। नोडल अधिकारी एसीएमओ, खंड विकास अधिकारी के साथ-साथ सुरक्षा व्यवस्था के लिए नीमगांव पुलिस मौजूद रही। बेहजम सीएचसी के 200 स्वास्थ्य कर्मचारी, आशा संगिनी, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को कोरोना वैक्सीन लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। सबसे पहले आशा कार्यकत्री रिंकी देवी निवासी रायपुर को वैक्सीन लगाई गई। स्वास्थ्य विभाग की ओर से चयनित 200 स्वास्थ्य कर्मचारियों व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को एसएमएस व दूरभाष के माध्यम से सूचना दी गई। सुबह 10 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक टीकाकरण का अभियान चला। स्वास्थ्य केन्द्र में दो टेबिल बनाई गईं जिसमें प्रथम टेबिल पर पूनम रानी, माधुरी दीक्षित, नूपुर मिश्रा, व द्वितीय टेबिल पर ज्योति भारती, श्रद्धा अनुज, अनीता वर्मा के द्वारा 146 में 134 महिलाओं तथा 12 पुरुषों का टीकाकरण किया गया। यहां 73% टीकाकरण का लक्ष्य हासिल किया गया। यह जानकारी एसीएमओ डा. बीसी पंत ने दी। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी देवेंद्र प्रताप सिंह, इंस्पेक्टर नीमगांव गजेंद्र सिंह, बेहजम पुलिस चौकी प्रभारी अनिल कुमार पाण्डेय, स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डा. अनिल वर्मा, बीसीपीएम संदीप मिश्रा व स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी संतोष शुक्ला सहित सैकड़ों स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

## वैक्सीन टीकाकरण के दूसरे चरण का शुभारंभ



**मोहम्मदी-खीरी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर कोरोना वैक्सीन टीकाकरण के लिए दूसरे चरण का शुभारंभ उपजिलाधिकारी स्वाति शुक्ला के द्वारा किया गया। टीकाकरण में 85 लोगों को कोविड का टीका लगाया गया। इस दौरान पहला टीका सीएचसी अधीक्षक डा. सुरेंद्र कुमार को लगाया गया। सीएचसी अधीक्षक डा. सुरेंद्र कुमार ने बताया कि आज 200 लोगों को टीका लगाया जाना है जिनमें अभी तक 85 लोगों को ही टीका लग पाया है। टीकाकरण के दौरान पुरुषों की अपेक्षा सबसे ज्यादा महिलाओं मे आंगनबाड़ी व आशाओं ने टीके लगवाए हैं। किसी भी महिला या पुरुष को किसी प्रकार का साइड इफेक्ट देखने को नहीं मिला है। उन्होंने बताया कि टीकाकरण के लिए डॉक्टरों की दो टीमें बनी थीं। इस दौरान सुबह से ही अस्पताल परिसर पर पुलिस बल भी मौजूद रही।

## क्विक न्यूज

### होमगार्ड के भूमि अतिक्रमण को प्रशासन ने हटवाया

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** ग्राम कौधवा में उपजिलाधिकारी गोला व तहसीलदार ने अवैध अतिक्रमण मिलने पर अतिक्रमणकारी दबंग होमगार्ड रामसिंह का मकान व खाली नवीन परती भूमि पर अवैध कब्जा हटाने का निर्देश दिया था। जिसके बाद कुछ भाग से अवैध अतिक्रमण हटा दिया गया है। होमगार्ड रामसिंह थाना हैदराबाद के ग्राम का रहने वाला है। यह अपनी ससुराल कौधवा में आकर बस गया। यहां उसने इंदिरा आवास बनवाया। बाद में अधिकारियों से मिलकर प्रधानमंत्री आवास योजना में भी आवास बनवा लिया। जिस भूमि पर प्रधानमंत्री आवास बनवाया है वह भूमि नवीन परती के रूप में सरकारी अभिलेखों में दर्ज है। शिकायत पर एसडीएम गोला अखिलेश यादव ने मौका मुआयना करते हुए होमगार्ड को समझाया और भूमि पर कब्जा न करने को कहा। आश्वासन दिया कि प्रधानमंत्री आवास उसके नाम करा दिया जाएगा। इसके बावजूद रामसिंह ने नवीन परती खाली भूमि पर कब्जे का प्रयास किया। खबर पाकर तहसीलदार गोला विपिन कुमार द्विवेदी ने मौका मुआइना कर कब्जा का मामला सत्य पाया था। उन्होंने अवैध कब्जा हटाने का निर्देश हल्का लेखपाल जेपी वर्मा को दिया। इसके बाद लेखपाल ने अवैध अतिक्रमण को जेसीबी मशीन से हटवाने का काम शुक्रवार को किया है। लेखपाल जेपी वर्मा ने बताया कि अवैध अतिक्रमण पर कार्रवाई जारी है। इससे पहले गुजराल ईट उद्योग के मालिकानों ने सरकारी भूमि पर कब्जा कर मिट्टी खनन किया है। उसकी पटाई होगी और मिट्टी निकालने पर जुर्माना देना होगा। एक अवैध कब्जेदार का नाम जोतवाया गया है जो पर मरघट व मंदिर तथा गोला बाहर कौरैया के बीच का चकमार्ग की पैमाइश होनी रह गई है वह भी जल्दी होगी। इसके अलावा कौधवा व गुजराल ईट उद्योग के कब्जे वाले चकमार्गों पर से अवैध कब्जा हटाना तथा इन चकमार्गों की पटाई के लिए खंड विकास अधिकारी गोला को चकमार्गों की सूची भी उपलब्ध कराई है जिनकी पटाई मनरेगा से होगी।

### कोरोना टीकाकरण के द्वितीय चरण में दो सैकड़ा लोगों का वैक्सिनेशन



**संडीला(हरदोई)।** कोरोना वैक्सिनेशन के द्वितीय चरण में 214 लोगों को कोविड-19 के टीके लगाए गए। सीएचसी पर आयोजित द्वितीय चरण में एसडीएम मनोज कुमार श्रीवास्तव की उपस्थिति में इस वैक्सिनेशन कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। सबसे पहले ग्राम गोंगावां उमराव की आशा बहू, सोनकली एवं सीएचसी प्रभारी डॉ० मसूद आलम ने कोरोना वैक्सीन लगवाई। इस अवसर पर तीन बूथों का संचालन किया गया जिसमें कुल 214 लोगों का वैक्सिनेशन किया गया।

### कॉलेज गया छात्र लापता

**संडीला(हरदोई)।** घर से कॉलेज गया छात्र रहस्मयी परिस्थितियों में लापता हो गया। थाना अतरौली के अंतर्गत ग्राम गोनी निवासी सुधाकर सिंह का 19 वर्षीय पुत्र अंकित सिंह साइकिल से रामपाल डिग्री कॉलेज गया था। इस डिग्री कॉलेज में वह बीएससी कृषि प्रथम वर्ष का छात्र था। कॉलेज जाने के बाद फिर अंकित सिंह घर नहीं लौटा। दूसरे दिन उसका बैग संडीला रेलवे स्टेशन पर मिला जबकि उसकी साइकिल का कोई पता नहीं चला। अंकित सिंह के परिजन ने इस घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने इस घटना की गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अज्ञात कारणों के चलते वृद्धा की मौत

**खखरेरू-फतेहपुर।** खखरेरू थाना क्षेत्र के ग्राम घरवासीपुर में गुरूवार की रात 75 वर्षीय महिला छिमनी देवी पत्नी रंगमा की मौत हो गई। मृतक के पुत्र दुज्जा ने थानाध्यक्ष को तहरीर देकर बताया कि मां का पोस्टमार्टम करवाया जाए। थानाध्यक्ष जय प्रकाश उपाध्याय ने तहरीर मिलते ही एसएसआई नाहर सिंह, एसआई अनिरुद्ध कुमार दुबे को हमराहियों के साथ घटनास्थल पर भेजा। मौके पर पहुंचकर एसएसआई नाहर सिंह ने पंचनामा करके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के नाती उमेश ने बताया कि गांव के ही हनुमंत नाम के व्यक्ति ने आजी को 20 जनवरी 2021 को आपसी झगड़े को लेकर गाली गलौच किया था। उसी सदमे में आजी की मौत हुई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि पीएम रिपोर्ट के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### तालाब में डूबकर युवक की जान गई

**फतेहपुर।** थरियांव थाना क्षेत्र के ग्राम लतीफपुर में तालाब में डूबकर लगभग 22 वर्षीय एक युवक की मौत हो गयी। हादसे के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार लतीफपुर गांव निवासी राधेश्याम का पुत्र राहुल उर्फ सेहित गुरूवार की शाम अपने दोस्तों के साथ गांव के समीप स्थित तालाब में नहाने गया था। बताते हैं कि अचानक नहाते समय गहरे पानी में चले जाने से वह डूबने लगा जब तक उसके साथी कुछ समझ पाते तब तक राहुल की डूबकर मौत हो गयी। सूचना पाकर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### रोडवेज बस से उतरे युवक की मौत

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के रोडवेज बस स्टाप में गुरूवार की देर रात बस से उतरते ही लगभग 23 वर्षीय एक युवक अचानक चक्कर खाकर गिर गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। पुलिस ने युवक को तत्काल प्राइवेट एम्बुलेन्स के जरिये जिला चिकित्सालय भेजा जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार देर रात लगभग दस बजे कानपुर से इलाहाबाद को जा रही रोडवेज बस जैसे ही बस स्टाप पर पहुंची तभी सवारियां उतरते समय जब एक युवक उतरा और चक्कर खाकर मौके पर गिर गया। जिससे उसकी मौत हो गयी। यह देख आस-पास के लोगों को आश्चर्य हुआ। तभी सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को प्राइवेट एम्बुलेन्स द्वारा सदर अस्पताल भेजा। जहां चिकित्सक ने उसे अज्ञात में इन्ट्री करके शव को मार्च्युरी हाउस में रखवा दिया। जिसकी पहचान आज परिजनों ने दिनेश पुत्र शिरोमणि निषाद निवासी गढ़ी थाना गाजीपुर के रूप में करते हुए बताया कि उसका पुत्र गैर प्रान्त में रहकर नौकरी करता था। छुट्टी पर घर आते समय यह हादसा हो गया।

### 20 पर शांति भंग की कार्रवाई

**फतेहपुर।** जनपद के अलग-अलग आधा दर्जन से अधिक थानों की पुलिस ने शुक्रवार की सुबह अपने-अपने क्षेत्र में आतंक व अशांति फैलाने वाले डेढ़ दर्जन से अधिक लोगों के विरूद्ध 151 के तहत कार्रवाई की है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार सदर कोतवाली प्रभारी एक, बिन्दकी कोतवाली प्रभारी तीन, जहानाबाद एक, बकेवर चार, चांदपुर तीन, थरियांव चार, हथगांव तीन तथा असोथर थानाध्यक्ष ने एक पर शांति भंग के तहत कार्रवाई की है।

### गांजे के साथ युवक गिरफ्तार

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के दिशा-निर्देशन में चलाये जा रहे धर पकड़ अभियान के तहत चांदपुर पुलिस ने गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर मादक पदार्थ के साथ युवक को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय भेजा है। जानकारी के अनुसार चांदपुर थाने के उपनिरीक्षक विवेक यादव अपने हमराही कांस्टेबल अमित कुमार यादव के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। तभी मुखबिर की सूचना पर एक किलो तीन सौ पचास ग्राम गांजा के साथ लल्लू सोनकर पुत्र रामचरन सोनकर निवासी कुंवरपुर थाना चांदपुर को गिरफ्तार किया है।

## सपाइयों ने दी छोटे लोहिया को श्रद्धांजलि



**गोकर्णनाथ-खीरी।** छोटे लोहिया समाजवाद के प्रेरणास्रोत जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि पर समाजवादी पार्टी के नगर अध्यक्ष व सपा नेता वारिस अली अंसारी के आवास पर जनेश्वर मिश्र की प्रतिमा पर फूल माला अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। जनेश्वर मिश्र के जीवन पर प्रकाश डाला गया। जनेश्वर मिश्र समाजवादी विचारधारा के प्रति धर्मनिष्ठा के कारण छोटे लोहिया के नाम से भी प्रसिद्ध थे। कई बार लोकसभा व राज्यसभा के सदस्य भी रहे। उन्होंने सारा जीवन समाजवाद के रास्ते पर गरीब किसान मजदूरों मजलूमों के लिए लड़ाई लड़ते रहे। इस मौके पर आसिफ अली अंसारी, नंद किशोर भार्गव, जलीस अंसारी, आरिफ मंसूरी, मुन्ना अंसारी, राजू भार्गव, सोमचंद्र प्रजापति, अमित अर्कवंशी, मुकेश भार्गव, मोहन भार्गव, पूर्व प्रधान श्रीराम, नईम खान और बहुत से लोग उपस्थित रहे।

## तीन दिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी का समापन

### डाइट प्राचार्य ने किया विजेताओं को सम्मानित

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी




**शुक्रवार** को समग्र शिक्षा अभियान उत्तर प्रदेश के तहत जिला स्तरीय तीन दिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी का समापन हुआ। समापन के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डायट के प्राचार्य डा. ओम प्रकाश गुप्ता ने जिला विद्यालय निरीक्षक ओपी त्रिपाठी व जीआईसी प्रधानाचार्य डा. आरके आर्य के साथ स्टालों का अवलोकन कर मौजूद छात्र-छात्राओं से उनके प्रोजेक्ट से संबंधित जानकारी ली।

मुख्य अतिथि प्राचार्य डायट डा. ओम प्रकाश गुप्ता ने संबोधित करते हुए कहा कि बचपन से ही बच्चों को विज्ञान के क्षेत्र में अभिरुचि पैदा करें। ताकि वह आगे चलकर भारत के सुनहरा भविष्य बने। आज के बच्चे कल का भविष्य है। इसलिए उन्हें विज्ञान प्रदर्शनी के माध्यम से विज्ञान के जोड़कर उनका भविष्य संवारे। सीनियर व जूनियर संवर्ग को नकद पुरस्कार व प्रमाण पत्र दिया। डीआईओएस ओपी त्रिपाठी ने विज्ञान प्रदर्शनी के विजेता प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि अन्य प्रतिभागी छात्र-छात्राओं जिन्हें पुरस्कार नहीं मिला है उन्हें हताश होने की आवश्यकता नहीं है बल्कि मेहनत करके एवं विजेता प्रतिभागियों से प्रेरणा लेकर आगामी विज्ञान प्रदर्शनी में विजेता बनने का अभी से संकल्प लें।

तीन दिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी में सीनियर वर्ग में राजकीय इंटर कालेज लखीमपुर के इंटरमीडिएट के छात्र अभिषेक पाल प्रथम, भगवानदीन आर्य कन्या इंटर कालेज लखीमपुर की छात्रा शैली शुक्ला द्वितीय व अबुल कलाम आजाद इंटर कॉलेज लखीमपुर की कक्षा 11 की छात्रा महविश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वही जूनियर वर्ग में कृषक समाज इंटर कालेज गोला के हाई स्कूल के छात्र अभिषेक सिंह ने प्रथम सनातन धर्म सरस्वती बालिका इंटर कालेज की कक्षा नौ की छात्रा सुरभि दीक्षित द्वितीय व राजकीय हाईस्कूल लाखुन की कक्षा नौ की छात्र शीतल सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विजेता को पांच हजार, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को तीन हजार एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को दो हजार की नगद राशि देकर पुरस्कृत किया। वहीं सीनियर वर्ग व जूनियर वर्ग में पांच-पांच छात्र-छात्राओं को एक-एक हजार की नगद धनराशि देकर पुरस्कृत किया गया।

## सफाई कर्मचारियों से चंदा न देने पर सफाई निरीक्षक की गैर हाजिर करने की धमकी

**शाहजहांपुर।** अयोध्या में बन रहे राम मंदिर के लिए जिले की एक नगर पालिका में सफाई कर्मचारियों से चंदा ना देने पर सफाई निरीक्षक ने उन्हें गैर हाजिर करने की धमकी दी तो सफाई कर्मियों ने प्रदर्शन किया है । इस आशय का वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें सफाई कर्मचारियों के नेता प्रेम प्रकाश वाल्मीकि तमाम आरोप लगाते हुए दिख रहे हैं उत्तर प्रदेश प्रदेशीय सफाई कर्मचारी संघ के प्रांतीय महासचिव प्रेम प्रकाश वाल्मीकि ने बताया कि नगरपालिका जलालाबाद में गुरुवार को सफाई निरीक्षक नितिन कुमार शर्मा ने सफाई कर्मचारियों को हाजिरी लगाने से पहले अयोध्या में बन रहे राम मंदिर के लिए प्रति व्यक्ति 100 रुपए देने को कहा था। इस संबंध में अधिशासी अधिकारी दयाशंकर वर्मा से जब फोन पर पूछा गया तो उन्होंने कहा कि हाजिरी सबकी लगाई गई है जिसको मर्जी हो वह चंदा दे जिसकी मर्जी ना हो वह ना दे सरकारी तौर पर कोई चंदा वसूली नहीं हो रही है।

## शहीद ठाकुर रोशन सिंह का जन्मदिवस



**शाहजहांपुर ।** काकोरी कांड के अमर षहीद ठाकुर रोषन सिंह के जन्मदिन के अवसर पर नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने ठाकुर रोषन सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया । इस अवसर पर नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने कहा देश के महान क्रान्तिकारी वीर सपूत अमर षहीद ठाकुर रोषन सिंह ने शहीद अशफाकउल्लाह व पंडित रामप्रसाद बिस्मिल के साथ मिलकर काकोरी में अंग्रेजों का खजाना लूटकर उसके धन को देश की आजादी के लिए समर्पित कर अपने

### देश काकोरी के महानायकों को सदा रखेगा: संतोष शर्मा

प्राणों को देश पर निछावर कर हम सबको गुलामी के चुंगल से आजाद करने का काम किया । उन्होंने कहा देश उनकी कुरबानी को सदा याद रखेगा । देश प्रेमी उनके जन्मदिवस को पुरे जोश के साथ मनाकर षहीद ठाकुर रोषन सिंह के प्रति अपनी भावनाओं का प्रेम पूर्वक इजहार करते रहेंगे । इस अवसर पर नगर आयुक्त संतोश कुमार षर्मा, अपर नगर आयुक्त एस0के0सिंह , उप नगर आयुक्त आषुतोश कुमार दुबे,सहायक नगर आयुक्त श्रीमती रष्मि भारती अंगद गुप्ता एवं नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा0 ओ0पी गौतम एवं नगर निगम अन्य अधिकारी एवं कर्मचारियो द्वारा नगर निगम प्रांगण एवं षहीद पार्क में स्थापित ठाकुर रोषन सिंह की प्रतिमा एवं अन्य अमर षहीदो की प्रतिमाओ पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया गया।

## क्षेत्र का विकास कराने में रहा पूर्ण रूप से सफल: कुंवर वीरेन्द्र सिंह



**संडीला( हरदोई )।** क्षेत्र पंचायत संडीला की बैठक में कई विकास योजनाओं की स्वीकृति प्रदान की गयी। क्षेत्र पंचायत की कार्यकाल की इस अंतिम बैठक में बोलते हुए ब्लाक प्रमुख कुंवर वीरेन्द्र सिंह ने कहा कि जिस विकास के एजंडा को सामने रखकर वे चुनाव में उतरे और क्षेत्र पंचायत सदस्यों तथा ग्राम प्रधानों ने उन्हें विजयी बनाया उसके प्रति वे आभारी हैं और अपने सारे कार्यकाल में वे ब्लाक के समस्त क्षेत्रों का विकास कराने के लिए लगातार सक्रीय रहे, जिसमें उन्हें काफी सफलता भी मिली। उन्होंनें कहा कि वे ब्लाक के समस्त कर्मचारियों, अधिकारियों, क्षेत्र पंचायत सदस्यों के पूर्ण आभारी हैं कि उनका पूर्ण सहयोग और कार्य के प्रति समर्पण की भावना उन्हें प्राप्त हुई। इस बैठक में एडीओ आवास की मरम्मत एवं सौंदर्यीकरण, मेन गेट से मीटिंग हॉल तक इंटर लॉकिंग एवं निर्माण, एडीओ पंचायत कक्ष से गैराज तक इंटर लॉकिंग, आजीविका मिशन कार्यालय भवन की मरम्मत और सौंदर्यीकरण, प्रा0वी0 मसूढ़ा से शिव मंदिर तक खंड़ंजा निर्माण, जमसारा, जामू, जाजमऊ, अटवा डांडा, गोसवा डोंगा, भरिगहना, मलेहरा, कल्लीखेड़ा में सड़क निर्माण। संडीला बेनीगंज रोड पर दुर्गा मंदिर के स्थल विकास एवं इंटर लॉकिंग, ब्लाक कार्यालय के मुख्य द्वार का निर्माण और बीडीओ आवास की मरम्मत की स्वीकृति प्रदान की गयी। इस अवसर पर बीडीओं, क्षेत्र पंचायत सदस्य, ब्लाक के कर्मचारीगण, एपीओ आलोक अस्थाना एवं सामाजिक कार्यकर्ता अब्दुल वली उपस्थित रहे।

### क्षेत्र पंचायत की अंतिम बैठक संपन्न

## जैव विविधता पार्क में पौधों के रख-रखाव व साफ-सफाई का फरमान



संवाददाता। शाहजहांपुर

**नगर आयुक्त** संतोष शर्मा ने ककरा काकर कुडं में जैव विविधता पार्क का निरीक्षण किया गया। इस मौके पर नगर आयुक्त ने जैव विविधता पार्क में नगर निगम के द्वारा लगाये गये पौधों एव उपहार उपवन योजना के अन्तर्गत नगरवासियों के द्वारा लगाये गये पौधों के रख-रखाव के लिए उनकी देखभाल किये जाने तथा पौधों में नियमित रुप से पानी डाले जाने के लिए कर्मचारियों को निर्देश दिए । इसके साथ ही पार्क में साफ-सफाई का फरमान सुनाया । इसके उपरांत ककरा कलां में निर्माणाधीन एम0आर0एफ0 सेन्टर का निरीक्षण कर निर्माणाधीन एम0आर0एफ0 सेन्टर के निर्माण कार्य की तथा निर्माण कार्य में उपयोग हो रही सामग्री की गुणवत्ता को चेक किया किया नगर आयुक्त ने निर्माणाधीन कार्य का नियमित निरीक्षण करने एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिष्चित करने के लिए मुख्य अभियन्ता (सिविल) एवं महाप्रबन्धक (जल) को निर्देश दिया।

## मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना से रोजगार के अवसर

**शाहजहांपुर।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने बताया है कि उप्र खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड/उप्र माटीकला बोर्ड द्वारा द्वारा माटी कला कार्य में लगे कुम्हार परम्परागत कारीगरों, उद्यमियों षिल्पियों के समन्वित विकास हेतु मुख्य मंत्री माटीकला रोजगार योजना संचालित की जा रही है। योजनान्तर्गत अधिकतम रूपये 10 लाख तक के प्रोजेक्ट पर 95 प्रतिषत तक की धनराषि ऋण के रूप में बैंक द्वारा स्वीकृत होगी तथा पूॅजीगत ऋण धनराषि की 25 प्रतिषत तक की धनराषि लाभार्थियों को विभाग द्वारा अनुदान स्वरूप प्रदान की जायेगी। इस योजना के अन्तर्गत माटीकला से सम्बन्धित व्यवसायिक गतिविधियां यथा-खिलौना निर्माण, घरेलू उपयोग के उत्पाद (प्रेषर कूकर, घडा, सुराही, जग, कुल्हड़, गिलास, कटोरी, अचारदानी, कप, प्लेट्स, डोंगे इत्यादि) भवन निर्माण सामग्री (फ्लोर टाइल्स, रूफटाइल्स, लैट्रिन पैन, पाइप, वॉष बेसिन इत्यादि) सजावटी सामान (गुलदस्ता, गार्डन पॉट्स, बोनसाई पॉट्स, लैम्पस इत्यादि) बनाने हेतु उद्योग स्थापित करने के उदेष्य से प्रषिक्षित अभ्यार्थियों को बैंक से ऋण स्वीकृत कराये जायेंगे। योजनान्तर्गत व्यक्तिगत इकाईयां ही स्थापित करायी जायेंगी। यह योजना उत्तर प्रदेष में माटीकला से सम्बन्धित कारीगरों को वित्तीय सहायता प्रदान कर व्यावसायिक दृष्टिकोण से समर्थ होने में मदद करेगी। इससे माटीकला से सम्बन्धित कारीगरों एवं षिल्पियों की तात्कालिक वित्तीय आवष्यकता दूर हो सकेगी तथा उन्हें मार्जिनमनी उपादान प्राप्त होने से उन पर पड़ने वाला वित्तीय भार कम होगा। योजना हेतु पात्र युवकोंध्युवतियों के लिए माटीकला रोजगार योजना के आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते है। योजना के आवेदन पत्र जिला ग्रामोद्योग कार्यालय 48 बाडूजई पेषावरी तेल टंकी रोड शाहजहॉपुर से प्राप्त किये जा सकते है। आवेदक की आयु 18 वर्ष से 55 वर्ष हो तथा माटी कलाध्माटी षिल्पकला की किसी विधा के तहत प्रषिक्षणध्प्रमाण पत्र प्राप्त होध्अथवा माटीकला की परम्परागत जानकारी हो।

## नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर पोस्टर प्रतियोगिता



**शाहजहांपुर।** स्वामी शुकदेवानंद महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया गया । महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा पोस्टर प्रतियोगिता ,ऑनलाइन क्विज ,निबंध प्रतियोगिता तथा पौधरोपण कार्यक्रम का संपादन किया गया । पराक्रम दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अवनीश कुमार मिश्रा ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियो को सम्बोधित करते हुए कहा कि वर्तमान परिवेश में आज हमें नेताजी सुभाष चंद्र बोस जैसे व्यक्तित्व की आवश्यकता है। जिन्होंने अपनी तरुणाई को राष्ट्र सेवा में समर्पित कर दिया ।आज के युवा क्रांतिकारी सोच तो रखते हैं ,उनकी इस सकारात्मक सोच और ऊर्जा को राष्ट्रीय विचारधारा के साथ जोड़कर देश को प्रगति के पथ पर अग्रसर किया जा सकता है।

इस अवसर पर कला संकाय अध्यक्ष डॉ आलोक मिश्र ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रवाद एक आंतरिक गुण है, जिसे आज के पीढ़ी के हर युवाओं में विकसित करना शिक्षण संस्थानों का महत्वपूर्ण दायित्व है। इस अवसर पर डॉ आदित्य कुमार सिंह ,डॉ शालीन कुमार सिंह , डॉ आदर्श पांडे ,डॉ अर्चना गर्ग, डॉ राम शंकर पांडे सहित समस्त आचार्य गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रमोद यादव ने सभी का आभार आभार प्रकट किया।

पायनियर
लखनऊ, शनिवार, 23 जनवरी 2021



# कंप्यूटर संचालकों से आईडी मांगने पर हंगामा

- संचालकों के साथ किसान यूनियन नेता ने किया हंगामा, अधिकारी उल्टे पांव लौटे
- तहसीलदार ने दुकान बन्द कराने के साथ मांगी थी आईडी
- तहसील के सामने जिला परिषद मार्केट का है मामला



संवाददाता घाटमपुर

**तहसील** के सामने स्थित जिला परिषद मार्केट के कंम्प्यूटर संचालकों से आईडी मांगने को लेकर नायब तहसीलदार व कम्प्यूटर संचालकों के साथ भारतीय किसान यूनियन नेता से विवाद हो गया, बिवाद बढ़ता देख नायब तहसीलदार ने घटना की जानकारी उप जिलाधिकारी अरुण कुमार श्रीवास्तव को दी, सूचना पर पंहुचे तो उप जिलाधिकारी अरुण कुमार श्रीवास्तव के सामने भाजपा नेता डा0 दिलीप पटेल और भारतीय किसान यूनियन ( भानू गुट ) के पूर्वांचल प्रभारी इन्द्रजीत सिंह फौजी ने दूकानदारों का पक्ष रखा और कहा कि बेगार न करने से दूकानदारों को परेशान किया जा रहा। कम्प्यूटर सेंटर संचालकों ने बताया कि बीते गुरुवार को नायब तहसीलदार अतुल हर्ष बरासत के कुछ अभिलेख लेकर कम्प्यूटर संचालका से फीड करने के लिये फाइले दी थी लेकिन संचालकों ने फीड़ नही किया इसी खुन्नस के चलते आज दोपहर तहसील दार बिनीत कुमार अपने सुरक्षा गार्डो के करने के साथ मार्केड पंहुचे और कई दुकानों को बन्द करा उनसे आई डी माँगी थी दुकानदारों ने बताया कि इसके बाद कई लेखपालों व होमगार्डो को साथ लेकर नायब तहसीलदार अतुल हर्ष जिला परिषद मार्केट आ धमके तो कंम्प्यूटर संचालको के साथ भाजपा नेता डा0 दिलीप पटेल से नायब तहसीलदार से तीखी झड़प होने लगी तभी भारतीय किसान यूनियन भानू गूट के पूर्बाअंचल प्रभारी इन्द्रजीतसिंह फौजी आ पंहुचे और नायब तहसील दार से आईडी माँगने का बिरोध किया हंगाम बढ़ता देख नायब तहसीलदार ने एसडीएम को जानकारी दी। तहसीलदार बिनीत कुमार ने बताया कि शिकायतें मिली थी कि दूसरी जगह के लिये स्वीकृत जनसेवा केन्द्र है लेकिन आय जाति यहाँ से आनलाइन कर रहे हैं जनसेवा केंद्र संचालकों को नोटिस दी गयी है।

# प्रदेश सरकार युवाओं को तकनीकी प्रशिक्षण दिलाकर उपलब्ध करा रही है रोजगार

संवाददाता। कानपुर देहात

**प्रदेश** सरकार की नीति है कि युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध कराया जाएं। सरकार द्वारा युवाओं को प्रदेश में स्थापित विभिन्न व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थानों से उनमें अभूतपूर्व गुणात्मक सुधार लाकर उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। सरकार द्वारा प्रदेश में स्थापित विभिन्न प्रकृति के उद्योगों, औद्योगिक इकाईयों तथा सेवा क्षेत्र से सम्बंधित प्रतिष्ठानों के संचालन हेतु कुशल कर्मकार तैयार करने और उन्हें व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण प्रदान कराकर रोजगार/स्वरोजगार से जोड़कर उच्च गुणवत्ता के जीवनयापन को सुनिश्चित कराने का कार्य सफलता पूर्वक कराया जा रहा हैं।प्रदेश सरकार द्वारा व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास मिशन के अर्न्तगत प्रदेश में सेवा क्षेत्र में बढ़ते हुए दायरें को दृष्टिगत रखते हुए दीर्घकालीन एवं अल्पकालीन कौशल प्रशिक्षण प्रदान कराये जाते है। दीर्घकालीन प्रशिक्षण एक व दो वर्षीय अवधि के अभियान्त्रिकी तथा गैर-अभियान्त्रिकी विषयों पाठ्यक्रमों का औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षण देते हुए रोजगार से लगाया जाता है। युवाओं/युवतियों को कौशल विकास मिशन के अर्न्तगत अल्पकालीन विभिन्न ट्रेड्स में निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाता हैं। मिशन द्वारा संचालित कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों के अर्न्तगत 14 से 35 वर्ष आयु के युवाओं जिनमें महिलाएं, अल्पसंख्यक, अनुसूचित जाति/ जनजाति, शारीरिक रूप अक्षम, गरीब और कम पढ़े लोगों को प्रशिक्षित कर सेवायोजित कराने के लिए विभिन्न योजनाओं को एकीकृत रूप से मानकीकृत व्यवस्था के अर्न्तगत कार्यक्रम संचालित किया गया हैं। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा सम्पूर्ण प्रदेश में आबद्ध किये गये प्रशिक्षण केन्द्रों के माध्यम से रोजगारपरक 32 सेक्टर्स के 709 पाठ्यक्रमों में अल्पकालीन कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों को संचालित किया जा रहा है। अल्पकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रमों की अवधि 3 दिवस से 6 माह तक व कतिपय कार्यक्रमों एक वर्ष तक का प्रशिक्षण दिया जाता है।

प्रदेश में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में कुशल अनुदेशकों की कमी को पूर्ण करने के उद्देश्य से एन0सी0वी0टी0 द्वारा शिल्पकार अनुदेशक प्रशिक्षण योजना प्रारम्भ किया गया है। जिसके अर्न्तगत एक वर्षीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। प्रदेश में कुल 305 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान है जिनमें 1,72,352 प्रशिक्षणार्थियों के लिए प्रशिक्षण की क्षमता हैं। प्रदेश में 48 महिला राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मुख्य संस्थान के भाग के रूप में संचालित है। प्रदेश में कुल 2931 निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान हैं। जिनमें 4,58,243 प्रशिक्षणार्थियों के प्रशिक्षण देने की क्षमता है। सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण करने के उपरान्त प्रशिक्षित युवाओं को भारत सरकार के स्तर से प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराया जाता हैं। प्रदेश के इन प्रशिक्षण संस्थानों द्वारा प्रशिक्षित होने के बाद प्रशिक्षणार्थियों को विभिन्न उद्योगों व अधिष्ठानों में सेवायोजित कराने के लिए कार्यवाही की जाती हैं।

प्रदेश में उ0प्र0 कौशल विकास मिशन के अर्न्तगत विभिन्न ट्रेड्र्स में अबतक कुल 9 लाख से अधिक युवाओं को प्रशिक्षण दिया गया है। तथा 3 लाख से अधिक युवाओं को रोजगार/ सेवायोजित कराया गया हैं। मिशन द्वारा प्रदेश के युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार दिलाने के लिए विशिष्ट प्लेसमेंट एजेंसीज को भी अनुबंधित किया गया है। युवाओं को उच्च गुणवत्तायुक्त प्रशिक्षण प्रदान करने तथा उन्हें बेहतर रोजगार उपलब्ध कराने की दृष्टि से देश के प्रमुख औद्योगिक प्रतिष्ठानों जैसे- रेमण्ड्स राजस्थान स्पिनिंग एवं वीविंग मिल्स, भीलवाड़ा (राजस्थान) यूपी होटल्स, लावा मोबाइल तथा विप्रो इत्यादि को फ्लैक्सी प्रशिक्षण प्रदाता के रूप में अनुबंधित किया गया है। इसके अतिरिक्त इस वर्ष प्रदेश के 50,000 युवाओं का अमेरिका फर्म-कोर्सेरा आनलाईन लर्निंग प्लेटफार्म के माध्यम से अन्तर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप निःशुल्क प्रशिक्षण की सुविधा भी उपलब्ध करायी जा रही हैं, जोकि किसी भी प्रदेश द्वारा इस दिशा में किया गया प्रथम प्रयास है।

# तांडव के निर्माता व अभिनेताओं का फूंका पुतला

संवाददाता। औरैया



**शुक्रवार** को शाम 5 बजे स्थानीय सुभाष चौकए औरैया पर एक विचित्र पहल सेवा समिति द्वारा तांडव वेब सीरीज में सनातन धर्म की आस्था से जुड़े हुए हिंदुओं की भावनाओं को आहत कर देवी.देवताओं पर अपमानजनक टिप्पणी व आपत्तिजनक चित्रण करने वाले करने वाले सीरीज के निर्माता व प्रमुख अभिनेताओं का पुतला दहन किया गयाए समिति के संस्थापक आनन्द नाथ गुप्ता एडवोकेट ने बताया कि विगत 15 जनवरी को अमेजॉन प्राइम द्वारा रिलीज की गई तांडव वेब सीरीज में हिंदू देवी देवताओं का रोल कर रहे किरदारों को अजीब ढंग से और अशिष्ट भाषा का इस्तेमाल करते हुए दर्शाया गया हैए जिससे धार्मिक भावनाएं आहत हो रही हैंए उन्होंने बताया कि समिति का उद्देश्य किसी जाति.धर्म व संप्रदाय के लोगों का विरोध करना नहीं है। लेकिन किसी व्यक्ति या संस्था द्वारा किए गए क्रियाकलापों द्वारा देवी देवताओं की मर्यादा का अपमान स्वीकार नहीं किया जाएगा। सभासद छैया त्रिपाठी ने कहा कि सीरीज में प्रधानमंत्री की तरह गरिमामय पद रखने वाले व्यक्ति को भी बहुत अपमानजनक ढंग से दिखाया गया हैए जिसके अंतर्गत हिंदू धर्म और उनकी संस्कृति को आघात पहुंचाने की कोशिश की गई है। सभासद पंकज मिश्रा ने कहा कि यह हिंदू धर्म की आस्था पर सीधा प्रहार हैंए उन्होंने सीरीज में प्रस्तुत विवादित दृश्यों को तत्काल हटाने की मांग की हैं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सभासद पंकज मिश्राए रानू पोरवालए सभासद छैया त्रिपाठीए मनीष पुरवार ;हीरूद्धए व्यापारी नेता नीरज पोरवालए हरमिंदर सिंह कोहलीए आनन्द गुप्ता ;डाबरद्धए कपिल गुप्ताए गुरमीत सिंहए अभिषेक गोयलए आदित्य पोरवाल आदि सदस्य मौजूद रहे।

# सफाई कर्मियों को पांच महीने से नहीं मिला वेतन

**कायमगंज /फर्रुखाबाद।** कभी प्रदेश में आदर्श नगर पालिका परिषद के रूप में कहीं जाने वाली नगर पालिका परिषद कायमगंज का हाल इस समय अनियमितताओं के घेरे में आता दिखाई दे रहा है। क्योंकि आज राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य कमल सिंह बाल्मीकि व उनके साथ आए उत्तर प्रदेश स्थानीय नगर निकाय कर्मचारी संघ के उपाध्यक्ष विनोद इलाहाबादी ने कायमगंज पहुंच कर नगरपालिका का निरीक्षण किया। निरीक्षण के उपरांत मीडिया से बात करते हुए विनोद इलाहाबादी ने कहा कि वे आयोग के सदस्य के साथ प्रदेश की नगर पालिका सहित अन्य स्थानीय नगर निकायों में कार्यरत सफाई कर्मचारियों एवं मजदूरों की समस्याओं को समझने तथा उनकी स्थिति की जानकारी करने के लिए भ्रमण पर निकले हैं। विनोद इलाहाबादी ने बताया कि कायमगंज से पहले वे लगभग 13 नगर पालिकाओं का भ्रमण कर चुके हैं। कायमगंज की नगर पालिका परिषद की स्थिति सबसे ज्यादा खराब मिली है। उन्होंने कहा कि यहां अनियमितताओं तथा अव्यवस्थाओं का बोलबाला है। इलाहाबादी ने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि इस नगर पालिका में मजदूरी बेस पर कार्यरत सफाई कर्मचारियों को पिछले 5 महीने से वेतन तक नहीं दिया गया है। वहीं राज्य सरकार द्वारा निर्धारित 318 प्रतिदिन के स्थान पर मात्र 259 रुपया दिहाड़ी के हिसाब से मजदूरों को भुगतान किया जा रहा है।

# दो चचेरे भाइयों के शव पेड़ से लटके मिले

संवाददाता। अमृतपुर/फर्रुखाबाद

**खेत** में गेहूं की फसल को अन्ना गोवंश से बचाने के लिए रखवाली करने गए दो चचेरे भाइयों के शव खेत में खड़े बबूल के पेड़ों पर फंदों से देर रात लटके मिले। इससे परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है। न ही आत्महत्या की वजह स्पष्ट कर पा रहे हैं। महिलाओं ने रोते हुए हत्या का आरोप लगाया।

अमृतपुर थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत पिथनापुर के मजरा कोटियापुर निवासी सुरेश चंद्र व उनके छोटे भाई रमेश चंद्र खेती करते हैं। दोनों के खेत पास-पास हैं। इनमें गेहूं की फसल खड़ी है। गुरुवार शाम को सुरेश चंद्र का 18 वर्षीय बेटा मंगली व रमेश चंद्र का 19 वर्षीय बेटा विनय प्रताप अन्ना गोवंश से गेहूं की फसल बचाने के लिए रखवाली करने खेत पर गए थे। रात करीब साढ़े दस बजे उनके खेत के पास से गांव के ही सुंदर लाल गुजर रहे थे। तो उनकी नजर वहां खड़े बबूल के पेड़ों पर गई।

उन्हें लगा कि पेड़ों पर कोई लटका है। टार्च की रोशनी से देखा तो मंगली व विनय के शव अलग-अलग पेड़ों पर फंदों से लटके थे। सूचना पर रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंच गए। जानकारी मिलने पर थाना पुलिस पहुंच गई। फोरेंसिक टीम व डॉग स्क्वायड को बुलाया गया। फोरेंसिक टीम ने नमूने लिए। दोनों युवकों की चप्पलें पेड़ों के पास ही पड़ी थीं। शव फंदों से उतारकर लोहिया अस्पताल की मोर्चरी भेज दिए गए।

एसपी अशोक कुमार मीणा ने रात में ही घटनास्थल का जायजा लिया। परिजनों ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया। वह आत्महत्या करने की वजह भी स्पष्ट नहीं कर सके। दोनों ही भाइयों की अभी शादी नहीं हुई थी। थानाध्यक्ष जसवंत सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। घटना की वजह अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा कि दोनों की मौत कैसे हुई है। परिजनों के तहरीर देने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

### रोती बिलखती महिलाएं लगाती रहीं हत्या का आरोप

**लोहिया** अस्पताल में दोनों युवकों के पिता व भाइयों ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया। पर वहां रोती बिलखती परिवार की महिलाएं हत्या कर शव लटकाए जाने का आरोप लगा रही थीं।

मंगली तीन भाइयों में सबसे छोटा था। संदीप व भूरे उसके बड़े भाई हैं। इसके अलावा रोजी व सुमति बहनें हैं। मां सुखरानी रो-रोकर बेहाल हो गईं। विनय दो भाइयों में छोटा था। उसका बड़ा भाई अभिषेक है। संध्या, दिव्या, रिंकी व निशा बहनें हैं। मां सुनीता देवी जवान बेटे की मौत होने से बिलखती रहीं।

अन्ना गोवंश से फसलों को बचाने के लिए किसान खेत की मेड़ों पर पुरानी धोती (साड़ी) को रस्सी तरह बांध देते हैं। इससे अन्ना गोवंश खेत में नहीं घुस पाते हैं। खेत की मेड़ पर बांधी गई धोती के फंदों से ही दोनों के शव लटके थे।

गांव के लोगों का कहना है कि दोनों चचेरे भाई जरूर थे। पर दोनों साथ रहते थे। कहीं रिश्तेदारी आदि जगह भी दोनों साथ ही जाते थे। उनका कभी किसी पर बात विवाद भी नहीं होता था। एक साथ दोनों के शव फंदे पर लटके मिलने से लोग सवाल उठा रहे हैं कि आखिर ऐसी क्या बात हो गई कि जो दोनों ने एक साथ आत्महत्या कर ली या किसी ने दोनों की हत्या कर शव फंदों पर लटका दिए हैं। पुलिस के लिए भी यही सवाल हैं।

लोहिया अस्पताल में मिले सुरेश चंद्र व रमेश चंद्र ने बताया कि उनकी गांव में किसी से कोई रंजिश नहीं है। वह खेती व मेहनत मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करते हैं। सुरेश चंद्र ने बताया कि उनके बाकी दोनों बेटे अपने परिवार के साथ दिल्ली में रहकर प्राइवेट कंपनी में काम करते हैं। इससे परिवार में कोई विवाद नहीं था।

# घाटमपुर के साथ पतारा-भीतरगांव सीएचसी में 394 हेल्थ वर्करों को लगे कारोना टीके



संवाददाता घाटमपुर

**कोरोना** वायरस से बचाय के लिये लगने वाला टीका आज जिले के अन्य सेन्टरों की तरह घाटमपुर सीएचसी के अलावा दो अन्य सीएचसी पतारा व भीतरगांव में हेल्थ वर्करों का टीकाकरण किया गया। क्षेत्र की तीनों सीएचसियों में वहाँ के चिकित्साधीक्षक ने सबसे पहले टीका लगवाया इसके बाद अन्य हेल्थ वर्करों के टीका लगाया गया। 10 से 4 बजे तक चलने वाले टीकाकरण के इस अभियान में 394 हेल्थ वर्करों के टीके लगे। जबकि तीनों सीएचसियों में 200-200 का लक्ष था। घाटमपुर सीएचसी के चिकित्साधीक्षक डा0 कैलाश चंद्रा ने बताया कि दो सौ के लक्ष्य के सापेक्ष 150 हेल्थ वर्कर के टीका लगाया गया बाकी लोगों के किन्ही कारणों से नही लगाया गया। क्षेत्र की पतारा सीएचसी के चिकित्साधीक्षक डा0 नीरज सचान ने बताया कि टीकाकरण के पहले चरण में यहाँ 118 हेल्थ वर्करों का टीकाकरण हुआ जबकि कुछ हेल्थ वर्करों के बुखार या अन्य कारणों से टीका नही लगाया गया। उधर भीतरगांव सीएचसी में भी सबेरे 10 बजे से शुरु हुए टीकाकरण में 126 लोगों के को-वैक्सीन का टीका लगाया गया जिसमें 34 महिला हेल्थ वर्कर थीं, 24 लोग आईडी नही लेकर पंहुचे थे तथा इतने ही बीमारी के कारण टीके नही लगे यहाँ भी सबसे पहले टीका चिकित्साधीक्षक डा0 अजय मौर्या के टीका लगाया गया।

# सपाइयों ने मनाई छोटे लोहिया की पुण्यतिथि



संवाददाता। फर्रुखाबाद

**शहर** के आवास विकास स्थित समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय में छोटे लोहिया के नाम से प्रख्यात जनेश्वर मिश्र की 12वीं पुण्यतिथि पर सपाईयों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धाजंलि दी। यहां कार्यक्रम में निवर्तमान पूर्व जिला महासचिव मंदीप यादव के नेतृत्व में सपाईयों ने छोटे लोहिया के चित्र पर माल्यार्पण किया। इसके बाद नेताओं ने श्री मिश्र के जीवन पर प्रकाश डालते हुए अपने-अपने विचार व्यक्त किये।इस दौरान निवर्तमान जिला महासचिव मंदीप यादव ने श्री मिश्र के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जन्म बलिया जिले के एक साधारण परिवार में हुआ था। वे छात्र जीवन से ही गरीबों की आवाज बन गये। वह एक बार जो ठान लेते थे उसे वह करके ही रहते थे। उन्होने बताया कि जनेश्वर मिश्र कई बार मंत्री बने परन्तु उनके पास न ही खुद का बंगला था और न ही खुद की गाड़ी। तत्कालीन समाजवादी सरकार ने उनके नाम से कई ग्रामीण योजनाएं चलाई गई और लखनऊ में सबसे बड़ा पार्क जेनेश्वर मिश्र पार्क की स्थापना करने का काम किया। वरिष्ठ सपा नेता महेन्द्र कटियार ने उनकी पुण्यतिथि पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद कहा कि हम समाजवादी लोग यह संकल्प लें कि छोटे लोहिया के नाम से मशहूर जनेश्वर मिश्र ने समाजवाद का जो रास्ता दिखाया है हम सब उस रास्ते पर चलने का काम करेगें। यही उनके लिए सच्ची श्रद्धाजंलि होगी। इस मौके पर तोषित प्रीत सिंह, विवेक यादव, राघव दत्त मिश्रा, शंशाक सक्सेना, ओमप्रकाश शर्मा, कुलदीप पाल, आनन्द गिहार, राहुल भाटिया आदि ने अपने विचार व्यक्त किये एवं दर्जनों सपाई मौजूद रहे।

## गोष्ठी का आयोजन

**कानपुर देहात।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के दिशा निर्देशों के अनुपालन में तथा जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष साधनारानी (ठाकुर) के मार्गदर्शन में एडीआर भवन कानपुर देहात में विभिन्न वैकल्पिक विवाद निराकरण प्रक्रियाओं व मध्यस्थता संबंधित विषय पर गोष्टी का आयोजन किया गया। जिसमें सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कानपुर देहात सोनाली पूनिया द्वारा सभी वादकारियों को उनके मुकदमें के निवारण हेतु उचित सलाह दी गयी तथा मध्यस्थता द्वारा अपने झगडों को सुलझाने के फायदों से अवगत कराया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव सोनाली पूनिया द्वारा उपस्थित वादकारियों को वैकल्पिक वाद निराकरण के लाभ बताए गये तथा उन्हें पक्षकारों के मध्य मध्यस्था के माध्यम से विवादों के निस्तारण करवाए जाने हेतु प्रोत्साहित किया गया। गोष्ठी में मध्यस्थ अधिवक्ता वन्दना गुप्ता व सिद्धार्थ शंकर सिंह तथा सुबोध कुमार कटियार, अंकुर मिश्रा, कृष्णानन्द आदि उपस्थित रहे।

# गणतन्त्र दिवस पर आयोजित होंगे विभिन्न कार्यक्रम

संवाददाता। कानपुर देहात

**जनपद** में गणतन्त्र दिवस 26 जनवरी को हर्षोल्लास व सादगी के साथ मनाये जाने के निर्देश जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र ने देते हुए कहा कि कोविड-19 गाइडलाइन का पालन करते हुए राष्ट्रीय पर्व पर अधिक से अधिक लोग सभी कार्यक्रमों में भाग लेकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। बच्चों द्वारा प्रभातफेरी का आयोजन 7:30 बजे तथा प्रात: 8.30 बजे सभी सरकारी कार्यालयों में राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाये तथा राष्ट्रगान व संकल्प लिया जायेगा। पुलिस लाइन में परेड का आयोजन के साथ ही तहसील, ब्लाक, गांव में भी कार्यक्रमों का आयोजन हो। स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों को भी याद किया जाये। 26 जनवरी गणतन्त्र दिवस समारोह को सफलतापूर्वक गरिमापूर्ण ढंग से मनाया जायेगा। गणतन्त्र दिवस के अवसर पर प्रात: 7.00 कलेक्टेªट परिसर एवं जनपद के समस्त सरकारी, गैर सरकारी स्थानो में देश भक्ति गीतो की रिकार्डिग, प्रात: 8.30 बजे समस्त सरकारी भवनों पर झण्डा अभिवादन होगा और इस अवसर संविधान में उल्लिखित संकल्प का स्मरण तथा राष्ट्रगान का गायन किया जायेगा। जिलाधिकारी द्वारा 8:45 बजे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों/सैन्य बल कर्मियों की विधवाओं का सम्मान एवं तत्पश्चात सम्बोधन किया जायेगा। पुलिस लाइन में 9.30 बजे पुलिस परेड का कार्यक्रम आयोजित होगा। 10 बजे शिक्षण संस्थाओं में राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाये एवं खेलकूद तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। इसके अलावा स्टेडियम परिसर से रेस का भी कार्यक्रम 11:30 बजे रखा गया है जिसका समापन कलेक्टेªट के पास होगा। 12 बजे जिला अस्पताल महिला में मुख्य विकास अधिकारी व पुरूष में जिलाधिकारी द्वारा रोगियो को फल आदि वितरण किया जायेगा। 12:30 बजे वृद्धा आश्रम में उप जिलाधिकारी अकबरपुर द्वारा वृद्धों को फल आदि वितरण किया जायेगा।

## परचून खोखे से हजारों की चोरी

**नवाबगंज/फर्रुखाबाद।** चोरों ने पुठरी गांव में परचून का खोखा तोड़कर हजारों रुपए का सामान पार कर दिया। सुबह दुकान मालिक को जानकारी होने पर थाना पुलिस को घटना की तहरीर दी। मौके पर हल्का प्रभारी थानाध्यक्ष ने भी जांच कर कार्यवाही की बात कही।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पुठरी निवासी रामविलास सक्सेना का परचून का खोखा गांव में पुठरी मंदिर के पास रखा हुआ है। बीती रात अज्ञात चोरों ने खोखे का ताला तोड़कर खोखे में रखा परचून का सामान तथा ?1000 की रेजगारी निकाल ले गए। सुबह जब लोग खेतों की तरफ जा रहे थे। तो उन्होंने खोखा टूटा देखा तो रामविलास को घटना की सूचना फोन पर दी। मौके पर पहुंचे रामविलास को टूटा खोखा देख वह अचेत हो गए। लोगों ने पानी डालकर उसे होश में लाए। इस घटना की सूचना थाना पुलिस को दी गई। घटनास्थल पर सबइंस्पेक्टर विद्यासागर तिवारी मौके पर पहुॅचे और जांच पड़ताल की।

# ठंड ने दिखाए तेवर, सूर्यदेव भी नहीं आए नजर

**फर्रुखाबाद/कायमगंज।** ठंड ने शुक्रवार को अपने तेवर दिखाए तो सूर्यदेव भी पूरे दिन नजर नहीं आए। रात से शुरू हुआ घना कोहरा दोपहर तक छाया रहा। दिन भर बर्फीली हवाएं चलने से जनजीवन प्रभावित रहा। वाहनों की रफ्तार धीमी रही। कड़ाके की सर्दी से बचने के लिए लोग अलाव और हीटर का सहारा लिए रहे। सुबह बाजार भी देर से खुले। शाम को दुकानों के शटर जल्द ही गिर गए। हालांकि अधिकतम तापमान 21 और न्यूनतम 11 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।बुधवार और गुरुवार को धूप निकलने से लोगों को ठंड से राहत मिली, मगर शुक्रवार सुबह लोग जागे तो घर के आंगन व सड़कों पर कोहरे की सफेद चादर देख कंपकंपी छूट गई। दिन में कुछ देर सूर्य दिखने की उम्मीद भी धरी रह गई। पूरे दिन सूरज नहीं मिकला। दिन भर शीतलहर चलने से हर कोई ठिठुरता नजर आया। शहर से लेकर गांव तक ठंड का असर दिखा। कोई लकड़ी तो कोई कूड़ा जलाकर राहत पाने की कोशिश करते दिखा। इसके बाद भी ठिठुरन से निजात नहीं मिल रही थी। बच्चे और बुजुर्गों को परिजन घरों से निकलने से रोकते रहे। उधर, बरेली-इटावा राजमार्ग पर वाहन रेंगते दिखाई दिए। शहर के बाजार में दुकानदार हीटर, अंगीठी के पास दिन भर बैठे रहे। शाम ढलते ही लोग घरों में दुबकने को मजबूर हो गए।

कोहरे के साथ ठंड बढ़ने से किसान खुश हैं। गांव नरैनामऊ के किसान मनोज व लालबाग के हम्माद ने बताया कि कोहरा और कम तापमान तंबाकू के लिए संजीवनी है। ऐसे मौसम में तंबाकू के साथ गेहूं की फसल को फायदा है। नवंबर व दिसंबर में ठंड कम होने से किसान चिंतित थे। अब फसलों में सिंचाई होने के बाद नई जान पड़ जाएगी।ठिठुरन बढ़ते ही कोयला कारोबारियों की लाटरी निकल आई है।

पायनियर
लखनऊ, शनिवार, 23 जनवरी 2021



# किशोरी समेत दो की हत्या के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को दबोचा, पूछताछ जारी

● सीएम योगी ने किया पीड़ित परिवार को पांच लाख की आर्थिक सहायता देने का ऐलान


मौसी व भतीजे की हत्या से गमगीन परिजन

**चित्रकूट।** जिले के मानिकपुर थाना क्षेत्र के निही चिरैया गांव में गुरुवार की देर शाम हुई किशोरी और उसके मासूम भतीजे की कुल्हाड़ी से काट कर हत्या के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में लिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीड़ित परिवार को पांच लाख की आर्थिक सहायता देने का ऐलान करने के साथ-साथ पुलिस को जल्द से जल्द हत्यारों को गिरफ्तार कर घटना का अनावरण करने के आदेश दिए है।सीएम की सख्ती के बाद प्रयागराज के एडीजी प्रेम प्रकाश समेत चित्रकूट मंडल के आला अधिकारी मौके पर पहुंच घटना स्थल का मुआयना किया। देर रात फोरेंसिक व डॉग स्क्वॉड को भी बुलाकर घटना से जुड़े साक्ष्य एकत्रित किये गये। आपको बता दे कि यूपी के चित्रकूट जिले के मानिकपुर थाना क्षेत्र के निही चिरैया गांव निवासी 15 वर्षीय किशोरी पार्वती कोल गुरुवार की खेत मे काम कर रहे अपने पिता राजाराम कोल को खाना देने जा रही थी। उसके साथ उसकी बड़ी बहन का चार वर्षीय लड़का ब्रजेन्द्र भी था। रास्ते मे पहले से घात लगाए बैठे अज्ञात हमलावर ने कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। जिससे पार्वती और ब्रजेंद्र की मौत हो गई।किशोरी की रेप के बाद हत्या की आंशका जताई जा रही है। किशोरी के पिता राजाराम कोल ने बताया कि किशोरी की गर्दन में धारदार हथियार से वार के निशान और चोट हैं। बालक के शरीर में भी कई जगह गंभीर चोट के निशान हैं। एसपी अंकित मित्तल, एएसपी शैलेंद्र कुमार राय, सीओ मऊ सुबोध गौतम व मानिकपुर थाना प्रभारी सुभाष चौरसिया मय फोर्स मौके पर पहुंचे। घटना से जुड़े साक्ष्य एकत्रित करने के लिए फोरेंसिक टीम व डॉग स्क्वॉड को भी घटना स्थल बुलाया गया था। एसपी ने बताया कि परिजनों की तहरीर मिली है। चार टीमें लगाई गई है। पीड़ित की तहरीर में आरोपित चिल्हू कोल पुत्र बब्बू कोल निवासी भौंटी पुरवा मजरा ग्राम निही चिरैहा को हिरासत में लेकर पूछतांछ की जा रही है। मुख्यमंत्री योगी ने गंभीरता से लिया है। पीड़ित परिवार को पांच लाख की आर्थिक सहायता देने के साथ साथ पुलिस को जल्द से जल्द हत्यारो की गिरफ्तारी कर घटना का खुलासा करने के आदेश दिए है। सीएम की सख्ती के बाद प्रयागराज के एडीजी प्रेम प्रकाश, चित्रकूट धाम मंडल बाँदा के आयुक्त, डीएम और एसपी अंकित मित्तल देर रात निही चिरैया गांव पहुंच कर पीड़ित परिवार को हत्यारो की जल्द से जल्द गिरफ्तारी और हर सम्भव मदद करने की सांत्वना दी।

# यूपी-एमपी सीमा में टैम्पो-टैक्सी को कराएं टैक्स फ्रीः सांसद


बैठक में निर्देश देते सांसद व डीएम।

**चित्रकूट।** सांसद आरके सिंह पटेल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा को संसदीय क्षेत्र समिति की बैठक में सांसद ने एआरटीओ सुरेशचन्द्र यादव को निर्देश दिये कि परिवहन विभाग की उन्नति की गरज से पार्किंग व्यवस्था, टैक्स फ्री जोन व अर्न्तराज्जीय सीमा क्षेत्र में टैम्पो, टैक्सी आदि के टैक्स को फ्री करायें। शुक्रवार को हुई बैठक में सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा कि मध्य प्रदेश के अधिकारियों से भी वार्ताकर व्यवस्था करायें। डीएम शेषमणि पाण्डेय ने एआरटीओ को निर्देश दिये कि पूरे तीर्थक्षेत्र को टैक्स फ्री की व्यवस्था करायें। सांसद ने जिले में सड़क सुरक्षा गतिविधियों की निगरानी, सड़क हादसों के आंकडों की निगरानी, सड़क हादसों के कारणों की पहचान एवं अध्ययन, राष्ट्रीय राज्य सड़क सुरक्षा परिषद के सुझाव व प्रोटोकॉल के अनुसार ब्लैक स्पाटों की पहचान करने के निर्देश दिये। यातायात पार्क को सह प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना सड़क सुरक्षा अभियान को प्रोत्साहित कर अन्य बिन्दुओं पर शासन के निर्देशों का पालन करायें। सांसद ने अधिकारियों को कोरोना से बचाव व सड़क सुरक्षा की शपथ भी दिलाई। बैठक में एडीएम जीपी सिंह, डीडीओ आरके त्रिपाठी, सीएमओ डॉ विनोद कुमार, सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर, भाजपा नेता राजकुमार त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## पांच दारोगा व पांच सिपाहियों के खिलाफ कोर्ट ने दिये एफआइआर के आदेश

**हमीरपुर।** मौदहा निवासी बीएसएफके जवान से मारपीट करने के आरोप में अदालत ने थाने में तैनात रहे पांच दारोगा व पांच सिपाहियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विवेचना करने के आदेश दिए हैं। वादी पक्ष के अधिवक्ता प्रेम प्रकाश शुक्ला व महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मौदहा निवासी मोहम्मद शाहिद उर्फ छोटू फौजी 19 सितंबर को एक सप्ताह के अवकाश पर आया था। वह बीएसएफमें काम करता है। उसके ट्रक संचालन करने वाले दोस्तों ने अवैध चेकिंग कर वसूली करने के आरोप लगाए। मोहम्मद शाहिद ने 24 सितंबर को सीओ मौदहा व तहसीलदार को फोन किया। दोनों ने उसे डांट दिया। नाराज शाहिद ने मामले की शिकायत उच्चाधिकारियों से की। जिस पर तैनात दारोगा गुलाब सिंह उस पर पक्ष में आने का दबाव बनाने लगे। न मानने पर 25 सितंबर की रात मौदहा कोतवाली पुलिस उसे जबरन जीप में डालकर कोतवाली ले गई।

# छिमौली धांधली के मामले की रिपोर्ट तलब की शासन ने

**मौदहा( हमीरपुर )।** क्षेत्र के छिमौली गांव में पीएम आवास योजना में हुयी लाखों की धांधली को शासन ने गंभीरता से लेते हुये प्रशासन से मामले की पूरी रिपोर्ट तलब की है, वही अन्य ब्लाकों में भी हुई धांधली को लेकर बीडीओ व सचिवों के चेहरो से हवाइयां उड़ना शुरु हो गयी है यदि बारीकी से जांच करा ली जाये तो कई उच्चाधिकारी जेल की सीखचों में जा सकते है।

योजना में छिमौली गांव में 18 आवासों में हुयी करीब चालिस लाख की हुई धांधली तो एक बानगी है, यदि पूरे जिले में जांच करा ली जाये करोड़ो का गोलमाल सामने आ सकता है, ग्रामीण क्षेत्र में आवास योजना में लाखों की धांधली पूरे प्रदेश में एक चर्चा का विषय बनी हुई है, प्रमुख सचिव ग्राम्य विकास ने इस मामले की पूरी रिपोर्ट तलब की है ताकि इसकी बारीकी से जांच करायी जा सके बताया जाता है कि पीएम आवास योजना को लेकर मौदहा राठ, सरीला के कई गांवों की शिकायत संबंधित एसडीएम से की जा रही थी मगर किसी ने ध्यान नही दिया जिससे यह भ्रष्टाचार की बेल बराबर पनपती रही छिमौली मामले में बीडीओ का पूरा हाथ बताया जाता है कंप्यूटर आपरेटर ने अपात्रों के खाते में जो धनराशि स्थानान्तरित किया है वह उच्चाधिकारियों की शह पर ही किया है ब्लाक स्तरीय अधिकारियों पर गाज गिरने के बाद अब जिला स्तरीय अधिकारियों पर गांज गिरना बाकी है हालाकि शासन इस मामले से बहुत ज्यादा नाराज है,एक सप्ताह के अन्दर किसी न किसी अधिकारी पर गाज गिरना तय माना जा रहा है। यदि समय से सत्यापन हो जाता तो लाखों की धांधली की नौबत नही आती। इस मामले में डीआरडीए के परियोजना निदेशक चित्रसेन सिंह का कहना है कि प्रमुख सचिव ग्राम विकास ने रिपोर्ट मांगी थी वह भिजवा दी गयी है।

# वैक्सीन लगवाने से कोरोना का भय होगा खत्म

**संवाददाता।** उरई (जालौन)

**कोविड**-19 टीकाकरण के क्रम में शुक्रवार को सीएमओ दफ्तर परिसर में नेत्र चिकित्सालय में टीकाकरण की शुरूआत की गयी जिसमें स्वास्थ्य कर्मियों को टीका लगाये गये। इस तरह से देखा जाये तो अब तक जनपद में लगभग 850 से ज्यादा स्वास्थ्य कर्मियों को टीका लगाया जा चुका है। इस संबंध में एसीएमओ डा. सत्यप्रकाश से जब दूरभाष पर जानकारी चाही तो उन्होंने स्पष्ट किया कि 16 जनवरी से जनपद में कोविड-19 के टीकाकरण की शुरूआत हुई और निरंतर स्वास्थ्य कर्मियों का टीकाकरण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जो भी स्वास्थ्य कर्मी टीकाकरण के लिए बनाये गये केंद्र पर आता है तो उसके कागजातों का सत्यापन उपरांत उसे टीका लगाया जा रहा है।

शुक्रवार को सीएमओ दफ्तर के लगभग सभी कर्मचारियों व अधिकारियों ने टीका लगाया है और


वैक्सीनेशन के बाद अनुभव साझा करते स्वास्थ्य कर्मचारी।

समूचे जनपद में अब तक 850 से ज्यादा स्वास्थ्य कर्मियों का टीकाकरण किया जा चुका है। आने वाले दिनों में भी यह क्रम जारी रहेगा। नेत्र चिकित्सालय में डा. अभिलाष पटेल की देखरेख में टीकाकरण का कार्य किया जा रहा है। सीएमओ दफ्तर पहुंची मीडिया टीम ने टीकाकरण कराने वाले शशिकुमार त्रिपाठी, स्टैनो, कौशलेंद्र प्रताप सिंह ईओ, कैलाश नारायण, राघवेंद्र भदौरिया हैड क्लर्क, देवेंद्र कुमार, सतीश कुमार वरिष्ठ सहायक, मानसिंह कुशवाहा आदि ने अपने विचार साझा करते हुये कहा कि इससे घबराने की जरूरत नहीं है। वैक्सीन लगवाने के आधे घंटे बाद ही हम सभी लोगों ने अपने-अपने पटलों पर पहुंचकर कार्य भी किया। वैक्सीन लगने के बाद किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत महसूस नहीं हुई। सभी ने संयुक्त रूप से कहा कि वैक्सीन को लेकर किसी भी प्रकार का भ्रम पालने की जरूरत नहीं है। वैक्सीन लगने के बाद अब कोरोना का भय भी खत्म हो जायेगा।

# कोरोना का टीका अवश्य लगवाएं और सुरक्षित रहें


कोविड 19 टीकाकरण की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते डीएम।

**कन्नौज।** कोरोना टीकाकरण पूर्ण सुरक्षित। दवाई भी और कड़ाई भी। दो गज की दूरी व साफ सफाई कोरोना टीकाकरण के बाद भी अति महत्वपूर्ण। टीकाकरण अवश्य लगवाएं और सुरक्षित रहें। डीएम ने मेडिकल कालेज तिर्वा, सीएचसी तिर्वा एवं जिला अस्पताल में आयोजित टीकाकरण की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए उपस्थित चिकित्सक एवं टीकाकरण हेतु आये कर्मचारियों व स्वास्थ्य कर्मियों को दिए। टीकाकरण पूर्ण सुरक्षित है, इस हेतु फैलाई जा रहीं भ्रांतियां पूर्ण गलत है। इन भ्रांतियों पर जनता व कोई अधिकारी व कर्मचारी न ध्यान दें। ऑब्जर्वेशन रूम में 30 मिनट रहे चुके व उपस्थित व्यक्तियों से जानकारी की जिसमें सभी की तबियत सही पाई गई, एवं पूर्ण सफल टीकाकरण रहा। कोविड 19 टीकाकरण में 04 केंद्रों पर आयोजित 13 सेशन में 1100 स्वास्थ्य एवं आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों का सफल टीकाकरण किया गया।

# मंगरौल में सौ वर्ष पुराने मंदिर का प्राचीन शिवलिंग उखाड़ा

● सूचना देने के सात घंटे बाद गांव पहुंची पुलिस

● ग्रामीणों ने आरोपी को पकड़कर पुलिस को सौंपा

● पुलिस आरोपी को बता रही मानसिक रोगी

**कालपी (जालौन)।** कोतवाली कालपी के हल्का मंगरौल गांव में स्थित सौ वर्ष पुराना मंदिर में स्थापित भगवान शंकर के शिवलिंग को अराजकतत्व उखाड़ कर ले जाने की सूचना मिलने पर ग्रामीणों ने शिवलिंग उखाड़ने बाले को पकड़कर बैठा लिया और पुलिस को घटना की जानकारी जिस पर पुलिस दौड़ी-दौड़ी गांव पहुंची जहां पुलिस ने मंदिर का निरीक्षण कर आरोपी को अपने कब्जे में लिया। घटना के बाद से ग्रामीणों में आक्रोश देखा जा रहा है।

घटना के अनुसार ग्राम मंगरौल में जमीदार ठाकुर मुकुंद सिंह ने लगभग सौ बर्ष पहले खुद की कचेहरी के सामने एक विशाल शिव मंदिर बनवाकर शिवलिंग की स्थापना कराई थी जिसकी देखरेख के लिये 300 बीघा जमीन लगा दी थी तभी से प्रति वर्ष शिव रात्रि के दिन मंदिर प्रांगण में रामलीला का आयोजन बड़े धूम धाम से होता है।

ग्रामीणों ने बताया कि करतलापुर कुठौंद थाना निवासी बादशाह पुत्र रामदयाल उम्र 30 वर्ष अपनी ससुराल बलराम पुत्र मंगली के यहां आया था। ग्रमीणों का आरोप है कि कई दिनों से वह मंदिर के चक्कर लगा रहा था मंदिर में निर्माणाधीन कार्य चल रहा है। इसी कारण मौका नहीं लग रहा था शुक्रवार सुबह 7 बजे मंदिर में घुसकर शिव लिंग को उखाड़ कर ले जा रहा था तभी मंदिर के पुजारी अमित मिश्रा पहुंच गये और उन्होंने उसे पकड़ लिया और देखते ही देखते यह खबर पूरे गांव में आग की तरह फैल गई जिससे मौके पर सैकड़ों लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई घटना की सूचना पुलिस को दी लेकिन सूचना मिलने पर भी 7 घण्टे बाद पुलिस घटना स्थल पर पहुंची। इस मामले मे कोतवाल आरके सिंह ने बताया की आरोपित मानसिक रोगी है जिसकी दवा चल रही है आरोपित बाहुबली फिल्म देखकर खुद को बाहुबली साबित करने के लिए शिवलिंग उखाड़ने गया था लेकिन उसके इस कृत्य से लोगों को ठेस पहुंची है कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### ग्रामीणों व पुलिस के बीच हुई नोंकझोंक

पुलिस के पहुंचने के बाद ग्रामीणों ने दबाव बनाया कि आरोपित को कड़ी सजा दिलाई जाये जिससे पुलिस और जनता के बीच नोक झोंक हो गई लेकिन गांव के बुद्ध जीवियों ने मामले को शांत कराया इसके बाद इंस्पेक्टर आरके सिंह एस आई अशोक कुमार आरोपित को हिरासत में लेकर थाने ले गये।ग्रामीणों के अनुसार मंदिर की जगह पर भी अराजकतत्वों की नजर है क्योंकि गांव के किनारे मंदिर की भूमि पर आरोपित का ससुर कब्जा किये हुए हैं। कही मूर्ति के नीचे सोना चांदी दबे होने के संदेह में इसने शिवलिंग तो नहीं उखाड़ा। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है आखिर शिवलिंग उखाड़ने के पीछे आरोपित का क्या इरादा था यह संदेह बना हुआ है इस घटना से गांव में रोष व्याप्त है समाचार लिखे जाने तक तहरीर दी जा चुकी थी।

### घटना की सूचना पर हिन्दू संगठन पदाधिकारी पहुंचे मौके पर

घटना की सूचना मिलते ही विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के जिला सह संयोजक दीपक शर्मा व युवा वाहिनी के नगर अध्यक्ष कन्हैया मिश्रा आदि हिन्दू संगठन के कार्यकर्ता भी गांव पहुंच गए जिन्होंने भी आरोपित पर कड़ी कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

## क्विक न्यूज

### कक्षा दो की छात्रा से दुष्कर्म के आरोपित को उम्रकैद

**हमीरपुर।** मौदहा कस्वे में कक्षा दो की छात्रा को घर ले जाकर दुष्कर्म करने के मामले में अदालत ने आज आरोपित को कठोर आजीवन कारावास व पांच लाख रुपये का जुर्माना सुनाया है। जुर्माने की धनराशि चिकित्सीय व्यय व पुनर्वास के लिए पीड़िता को दिलाने के आदेश दिए हैं। अभियोजन पक्ष के अनुसार कस्बा निवासी एक व्यक्ति ने 19 अगस्त 2018 को मौदहा कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करायी कि उसकी आठ वर्षीय बेटी 18 अगस्त की दोपहर पड़ोसी नरेश सोनी के घर में खेल रही थी। घर लौटने पर उसके ब्लड आ रहा था। उसने नरेश सोनी द्वारा दुष्कर्म किए जाने की बात कही। बताया कि उसकी बेटी कक्षा दो में पढ़ती है। जिस पर कोतवाली पुलिस ने पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की। वहीं बाद में पीड़िता के हुए बयान में नरेश द्वारा दुष्कर्म किए जाने की बात स्पष्ट रूप से सामने आ गई। मामले की सुनवाई करते हुए विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट प्रवीण सोनकर ने नरेश सोनी को लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम की धारा 6(1) के अंतर्गत दंडनीय अपराध का दोषी मानते हुए कठोर आजीवन (शेष जीवन) कारावास व पांच लाख रुपये का जुर्माना सुनाया है। वहीं जुर्माने की धनराशि पीड़िता को दिलाने के आदेश दिए हैं। यह जानकारी विशेष लोक अदालत अभियोजक पाक्सो एक्ट रुद्र प्रताप सिंह ने दी।

### दबंगों ने घर में घुसकर युवक को फरसा मार जखमी किया

**हमीरपुर।** कुरारा थाना क्षेत्र के उमराहट गाँव में बीती शाम दबंगो ने घर में घुसकर लाठी डंडे व फरसा से हमला कर जख्मी कर दिया। क्षेत्र के उमराहट गाँव निवासी अनिल कुमार ने पुलिस को बताया कि बीती शाम गाँव के दबंग शोभित सिंह व भल्लू सिंह पुत्र गण बाबू सिंहलाठी डंडे व फरसा लेकर दरवाजे पर आकर हम लोगो को गाली गलौज करने लगे जब हमने मना किया। तो दोनों ने मिलकर हमला कर दिया। जब हम लोग भागकर घर के अंदर गए । तो दोनों ने घर में घुसकर मारा पीटा तथा धारदार हथियार फरसा से हमला कर दिया। जिससे चोट आई है।

### यूरिया व डीएपी खाद के नमूने लिये

**हमीरपुर।** कस्बा कुरारा में संचालित खाद विक्रेताओं के यहाँ तहसील दार सदर व जिला ऋषि अधिकारी ने छापा मारकर कर यूरिया तथा डीएपी के नमूने लिए कस्बे में आधा दर्जन से अधिक निजी खाद की दुकानें संचालित है। इनसे यूरिया तथा डीएपी खाद की बिक्री किसानों को की जाती है। आज सदर तहसील दार व जिला कृषि अधिकारी ने कस्बा की खाद की दुकानों का औचक निरीक्षण किया। मंडी के सामने हमीरदेव फार्मर प्रोड्यूसर दुकान व बेरी रोड के कन्हया खाद की दुकान से यूरिया तथा डी ए पी खाद के नमूने लिए गए तथा निर्धारित दर पर खाद बिक्री के निर्देश दिए। तथा किसानों से बिक्री दर के सम्बंध मेंजानकारी ली। इस अवसर पर जिला कृषि अधिकारी सरस् कुमार तिवारी , तहसीलदार सदर राघवेन्द्र शर्मा , तथा राजकीय बीज भंडार के विषय वस्तु विशेषज्ञ मृतुन्जय सिह आदि मौजूद रहे।

### किसान ने फांसी लगाकर जान दी

**राठ (हमीरपुर)।** चिकासी थाना क्षेत्र के बड़ा खरका गांव में शुक्रवार की तड़के किसान ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने बिना पोस्टमार्टम कराये शव का अंतिम संस्कार कर दिया। बड़ा खरका गांव निवासी रामकिशोर (45) के पास करीब 35 बीघा जमीन थी। खेती कर वह अपने परिवार का भरण पोषण करता था। बीते कुछ दिन पहले पुत्रों से विवाद होने पर रामकिशोर दिल्ली भाग गया था। शुक्रवार की सुबह रामकिशोर दिल्ली से आया था। तभी उसने कमरे में जाकर रस्सी से फांसी लगा ली। जब सुबह परिजनों ने फांसी पर लटका देखा तो आनन फानन में इलाज के लिये सीएचसी ले गये। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। डा.भरत राजपूत ने बताया कि परिजन बिना पोस्टमार्टम कराये शव को अपने साथ ले गये। मृतक अपने पीछे दो पुत्र मोहित और सोहित छोड़ गया है।

### दुकान में तोड़फोड़ कर 80 हजार रुपये लूटने का आरोप

**राठ (हमीरपुर)।** फोटो कापी कराने का रूपया मांगने पर एक दबंग युवक ने दुकान की तोड़फोड़ कर गोलक में रहे 80 हजार रूपये लूट लिये। पीड़ित दुकानदार ने कोतवाली में लिखित शिकायत की है। दुकानदारों में रोष व्याप्त हो गया है। कस्बे के डुमरियापुरा मोहल्ला निवासी संदीप अहिरवार ने बताया कि वह संदीप मोबाइल शॉप एवं पेनियर वाई से आईडी से पैसा निकालने का काम करता है। 10 जनवरी को उसने 80 हजार रूपये का लोन लिया था सुबह उसके मोहल्ले का दबंग दीपू पुत्र अशोक पासवान आया और उसकी दुकान पर फोटो कापी कराने लगा। जब उसने फोटो कापी के पैसे मांगे तो दबंग दीपू ने गाली गलौज करते हुए दुकान में तोड़फोड़ शुरू कर दी। दीपू ने दुकान का काउंटर नाली में फेंक दिया। जिससे उसके ऊपर रखा लैपटाप नाली में गिरकर पानी में डूब गया। दुकान की गोलक में रखे 80 हजार रूपये, मोबाइल, फोटो कापी मशीन लूट कर फरार हो गया। दीपू के साथ चार अन्य युवक भी साथ थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी। कोतवाल केके पांडेय ने बताया कि घटना की जांच कराई जा रही है।

### दुकानदार ने साथियों के साथ मिलकर परिचालक को पीटा

**राठ (हमीरपुर)।** रोडवेज बस को दुकान के पास खड़ी करने पर दुकानदार ने अपने साथियों के साथ मिलकर परिचालक को जमकर मारापीटा। पीडित ने थाने में तहरीर दी है। परिचालक की पिटाई से रोडवेज कर्मियों में रोष व्याप्त है। कस्बे के चौबटटा मोहल्ला निवासी विवेक सोनी पुत्र राकेश सोनी ने बताया कि वह रोडवेज परिसर में परिचालक के पद पर कार्यरत है। शुक्रवार की सुबह रोडवेज बस राठ-हमीरपुर के लिये रवाना हो रही थी। तभी चालक ने बस को रोडवेज के पास एक दुकान के सामने खड़ी कर दी। आरोप लगाया कि आक्रोशित दुकानदार उसके साथ गाली गलौज करने लगा। जब उसने मना किया तो दुकानदार ने अपने तीन साथियों के साथ उसे जमकर मारापीटा। जिससे उसके चेहरे पर चोटें आईं है। परिचालक और दुकानदार के बीच हो रहे विवाद में वहां यात्रियों व लोगों में हड़कंप मच गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### उप जिलाधिकारी के समक्ष गल्ला मंडी में अनाज की लगी बोली

**कालपी (जालौन)।** तहसील परगना के एसडीएम जयेन्द्र कुमार ने नेशनल हाईवे स्थित गल्ला मंडी पर पहुंचकर किसानों की मौजूदगी में अपने समक्ष अनाज की नियमित रुप से बोली लगवाई गई। नियमित रूप से बोली न लगाने की किसानो की शिकायत पर शुक्रवार को एसडीएम जयेन्द्र कुमार आईएएस ने गल्ला मंडी पहुंचकर किसानों की मौजूदगी पर व्यापारियों द्वारा एसडीएम के समक्ष अनाज की बोली लगाई गई जिससे किसानों ने एसडीएम जयेन्द्र कुमार की सराहना की।

### सरकार बनी तो अनुदेशक शिक्षकों को पूरा मानदेयः अखिलेश

**चित्रकूट।** उच्च प्राथमिक अनुदेशक शिक्षक बेलफेयर एसोसियेशन के जिलाध्यक्ष श्यामसुन्दर यादव ने जनपद भ्रमण के दौरान 8 जनवरी 2021 को राष्ट्रीय अध्यक्ष सपा एवं पूर्व मुख्यमंत्री उ0प्र0 अखिलेश यादव को ज्ञापन सौपकर प्रदेश भर के अनुदेशकों के सम्बन्ध में उसी पद पर स्थायीकरण की बात की थी। इसी क्रम में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने पत्र भेजकर कहा कि आपका पत्र हमने पढ लिया है । समाजवादी पार्टी की सरकार में अनुदेशक शिक्षकों के हितों को ध्यान में रखकर काम किया गया है। जब प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी तब समाजवादी पार्टी की सरकार में दिया गया अनुदेशक शिक्षकों को पूरा मानदेय दिया जायेगा एवं अनुदेशकों को स्थायी किया जायेगा।

# डीएम-सीएमओ ने कोरोना का टीका लगवा रहे स्वास्थ्य कर्मियों के साथ फोटो खिंचवा कर बढ़ाया हौसला

**चित्रकूट।** संयुक्त जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानिकपुर, रामनगर और मऊ में शुक्रवार को कोविड-19 टीकाकरण सत्र आयोजित किया गया। आज पांच बजे तक 359 स्वाथ्य कर्मियों ने टीका लगवाया। जिला अस्पताल में सबसे पहले वार्ड बॉय मुनेश्वर सिंह ने टीका लगवाया। डीएम और सीएमओ डा. विनोद कुमार यादव ने संयुक्त जिला अस्पताल का दौरा कर टीका लगवा चुके लोगों का उत्साह वर्धन किया। संयुक्त जिला अस्पताल सहित अन्य टीकाकरण सत्र स्थल पर सबसे पहले स्वास्थ्य कर्मियों की आईडी चेक करते हुए उन्हें टीकाकरण के लिए प्रवेश दिया गया। वहां पर वेटिंग रूम में इंतजार करने के बाद अपनी बारी आने पर हैंडवाशिंग करने के बाद टीकाकरण कक्ष में दाखिल किया गया। टीकाकरण होने के बाद उन्हें निगरानी कक्ष में आधा घंटे तक बिताने के लिए कहा गया। आधा घंटे बैठने के बाद किसी प्रकार की दिक्कत न होने पर उन्हें घर जाने के लिए कहा गया।


जायजा लेते डीएम शेषमणि पांडेय।

संयुक्त जिला अस्पताल में पहुंचकर के डीएम एवं सीएमओ डॉ विनोद कुमार यादव ने टीकाकरण के कार्य का जायजा लिया और वहां लगे अधिकारियों का स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश दिए। डीएम ने कोरोना का टीका लगवा चुके लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए उनके साथ तस्वीरें भी उतरवाई। सीएमओ डॉ विनोद कुमार यादव ने बताया कि शुक्रवार को संयुक्त जिला अस्पताल में 100 लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानिकपुर में 200 लोगों को और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर में 100 लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मऊ में 200 लोगों सहित कुल 600 लोगों को कोरोना का टीका लगाया जाना है।

आज पांच बजे कुल 359 स्वास्थ्य कर्मियों ने कोरोना का टीका लगवाया। इसमे 213 महिला और 146 पुरुष शामिल हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मऊ में डा शेखर वैश्य ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानिकपुर में आंगनवाडी कार्यकर्ता मंजू देवी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राम नगर में आंगनवाडी कार्यकर्ता अरुंधती देवी देवी ने सबसे पहले टीका लगवाया।

# पिता की डांट से क्षुब्ध युवक का शव कुएं में उतराता मिला

**संवाददाता।** जालौन (उरई)

**तीन दिन** पूर्व पिता की डांट से क्षुब्ध होकर घर से निकले युवक ने कुएं में कूदकर जान दे दी। तीन दिन बाद युवक का शव कुएं में तैरता मिलने पर ग्रामीणों ने सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जगतपुरा बुजुर्ग निवासी शिवकुमार का 20 वर्षीय पुत्र आलोक कुमार उर्फ छोटू बीती 16 जनवरी को घर पर ही था। शाम लगभग 6 बजे घर के काम करने को लेकर पिता पुत्र के बीच विवाद हो गया। पिता शिवकुमार ने छोटू को डांट दिया। पिता की डांट से क्षुब्ध होकर छोटू शाम को ही घर से गुस्से में निकल गया।

देर रात तक जब वह वापस नहीं लौटा तो पिता ने उसकी तलाश शुरू की। दो दिन तक नाते रिश्तेदारों और यार दोस्तों के यहां तलाश करने के बाद भी छोटू का कहीं पता नहीं चला। पिता ने सोचा गुस्सा शांत होने पर वह वापस लौट आएगा। ऐसा नहीं हुआ। शुक्रवार की दोपहर लगभग 2 बजे खेत पर काम कर रहे किसानों ने गांव के बाहर भूपेंद्र सिंह के खेत में स्थित ट्यूबबैल के पास पुराने कुंऐ में आलोक के शव को उतराता हुआ देखा। जिसके बाद यह खबर आग की तरह फैल गई। मौके पर पिता शिवकुमार व अन्य परिजन भी पहुंच गए। जिसके बाद कोतवाली पुलिस को सूचना दी गई। कोतवाल रमेशचंद्र मिश्र व एसएसआई आनंद सिंह मौके पर पहुंच गए। जहां पिता ने बताया कि उन्होंने बेटे को डांट दिया था। पिता का रो रोकर एक ही बात कह रहे थे यदि उन्होंने बेटे को डांटा न होता तो उनका बेटा आज जीवित होता। वहीं, पुलिस ने आलोक के शव को कुंए से निकलवाकर उसका पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

# समाजवादी विचारक जनेश्वर मिश्र के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया नमन

● स्व. कप्तान सिंह मेमोरियल बालीवाल टूर्नामेंट में हुआ रोमांचक मुकाबला

**संवाददाता।** गुरसहायगज (कन्नौज)

**सपा** कार्यकर्ताओं के साथ पूर्व सपा विद्यायक अरबिन्द सिंह यादव ने समाजवादी विचारक स्वर्गीय जनेश्वर मिश्र के चित्र पर पुष्प अर्पित कर जयंती को मनाते हुये नमन किया। इसके पश्चात स्व0 कप्तान सिंह यादव मेमोरियल वालीबाल प्रतियोगिता में दूर दराज से आई टीमों के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ।

शुक्रवार को ग्राम निजापुर में पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव ने समाजवादी विचारक और चिंतक जनेश्वर मिश्र के चित्र पर माल्यापर्ण कर याद किया। कहा कि जनेश्वर मिश्र ने हमेशा सर्व समाज को एकजुट करने के साथ-साथ सर्व समाज को एक साथ रहने का संदेश दिया। लोहिया जी के साथ काम करके अपनी पहचान छोटे लोहिया के रूप में बनाने का काम किया। पूर्व विधायक एटा अजय यादव ने कहा कि छोटे लोहिया से हमें प्रेरणा लेकर समाजवाद को मजबूत करने का समय आ चुका है। सभी को एक साथ आकर सर्व समाज को एकजुट करना ही हमारा आपका लक्ष होना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन आदिल परवेज ने किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष संजू कटियार, विधायक पुष्पराज उर्फ पंपी जैन, कक्कू चौहान, ब्लाक प्रमुख शालू यादव, महेंद्र दिवाकर कैप्टन, रविंद्र सिंह, डॉ धमेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ सुमित राजन गुप्ता, तौहीन सिद्दीकी, डॉ जैनेन्द्र, रवि गुप्ता, रवि यादव, टिल्लू यादव, रिपु सिंह यादव, पिंटू यादव, कौशल सिंह, शिक्षक महासभा के जिलाध्यक्ष अमित यादव, अंकित यादव, शेखर गौर, रोविन सिंह, लालू ठेकेदार, अंकित यादव, बंटू सिंह, बब्बा यादव, जितेंद्र पाल, भोला सिंह यादव, गफ्फार अली, जय यादव आदि मौजूद रहे।


जनेश्वर मिश्र की जयंती मनाते पूर्व विधायक व खिलाडी का परिचय लेते सपाई।

# दूसरे चरण का कोरोना वैक्सीन टीकाकरण शुरू

● चिकित्सा अधिकारियों की मौजूदगी में डीएम ने की शुरूआत

संवाददाता। सुलतानपुर

**जिलाधिकारी** रवीश गुप्ता की उपस्थिति में शुक्रवार को जिला चिकित्सालय पुरुष, जिला महिला चिकित्सालय से कोविड-19 वैक्सीन टीकाकरण के दूसरे चरण की शुरुआत की गयी। डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि लाभार्थियों को कोई असुविधा न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.डीके त्रिपाठी ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अखंडनगर, बल्दीराय, धनपतगंज, दोस्तपुर, मोतिगरपुर, दूबेपुर, पीपी कमैचा एवं सुलतानपुर अर्बन में आज कोविड-19 वैक्सीन टीकाकरण के कुल 23 बूथ बनाए गए हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी के साथ ही डॉ.आदित्य कुमार दुबे, महिला रोग विशेषज्ञ डॉ.सरोज दुबे, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राम आसरे, एसएमओ, डब्ल्यूएचओ डॉ.वरुण, डब्ल्यूएचओ से अशोक सिंह, एआरओ ओपी सिंह, डीपीएम संतोष यादव, डॉ. बद्री अग्रवाल, डॉ. गोयल, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला महिला चिकित्सालय डॉ. वीके सोनकर, अध्यक्ष मिनिस्ट्रियल स्वास्थ्य विभाग सुल्तानपुर जितेंद्र तिवारी, मंत्री मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन स्वास्थ्य विभाग सुलतानपुर राकेश श्रीवास्तव आदि के द्वारा कोविड-19 वैक्सीन टीकाकरण शहरी क्षेत्र में कराया गया।

## सीएचसी बेलाभेला में हुआ करोना का टीकाकरण



**रायबरेली।** बेलभेला सीएचसी अधीक्षक डा. संजीव कुमार ने बताया की 141 स्वास्थ्य कर्मियों का टीकाकरण आज किया गया है बचे हुए स्वास्थ्य कर्मियों का टीकाकरण 28 को किया जाएगा कोविड 19 टीकाकरण बेलभेला सीएचसी स्थल पर पहुँच कर डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन रायबरेली के संयुक्त मंत्री दिवाकर सिंह ने अपना टीकाकरण दिवाकर सिंह कारवाया सीएचसी अधीक्षक डा .संजीव कुमार ने बताया ने भारत सरकार के यशस्वी प्रधानमंत्री और देश के श्रेष्ठ वैज्ञानिकों को धन्यवाद ज्ञापित किया। साथ ही साथ देशवासियों से अपील भी की, कि अफ्वाहों से बचे और अपनी बारी आने पर टीकाकरण अवश्य करवाएं। यह पूरी तरह से सुरक्षित है किसी को घबराने की आवश्यकता नहीं है।

# नौकरी दिलाने के नाम पर ठगो साढ़े इक्कीस लाख रुपये

● पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा

**तिलोई, अमेठी।** थाना शिवरतनगंज पुलिस ने ब्लाक में ग्राम विकास अधिकारी की नौकरी दिलाने के नाम पर साढ़े इक्कीस लाख रुपये की ठगी करने वाले तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।पुलिस मामले की जांच पड़ताल करते हुये धोखाधड़ी करने वाले लोगों की तलाश तेज कर दी है।थाना क्षेत्र के गांव खेखरुआ निवासी शिवम शुक्ला पुत्र दया शंकरएविजय कुमारी पत्नी ज्ञान चन्द्र शुक्ला निवासी ग्राम पूरे हरिलाल तिवारी पलिया पश्चिम कमरौलीए शंकर बख्श सिंह उर्फरमेश सिंह पुत्र राम सिंह निवासी संसारपुर थाना शुकुल बाजारएदेवेन्द्र प्रताप सिंह पुत्र अशोक सिंह निवासी ग्राम पनही मांझगांव शुकुलबाजार व राजेश सिंह पुत्र राम बहादुर सिंह निवासी ग्राम शिव नगर हरगांव जामों द्वारा संयुक्त रुप से पुलिस अधीक्षक से अपने साथ धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई और ग्राम विकास अधिकारी के पद पर नौकरी दिलाने के नाम पर साढ़े इक्कीस लाख रुपया लेने का आरोप लगाया है।पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह ने मामले को गम्भीरता से लेते हुये शिवरतनगंज पुलिस को कार्यवाही किये जाने का निर्देश दिया।इंस्पेक्टर धीरेन्द्र कुमार सिंह ने मामले की जांच पड़ताल शुरु की और संयुक्त रुप से मिली तहरीर पर मुकदमा दर्जकर लिया है।पुलिस ने थाना क्षेत्र के गांव पन्हौना निवासिनी उर्मिला तिवारी व उनके बेटे अंकित उर्फ सत्यम तिवारी तथा मनीष पाठक निवासी ग्राम जरौली थाना असंदरा जनपद बाराबंकी के खिलाफ जालसाजी व धोखाधड़ी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।इस सम्बन्ध में इंस्पेक्टर धीरेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि मामले की विवेचना के साथ आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## क्विक न्यूज

### तांडव वेब सीरीज के विरोध में पुतला दहन कर जताया विरोध

**ऊँचाहार,रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के छिपिया मजरे इटौरा बुजुर्ग स्थित संगठन कार्यालय पर करणी सेना भारत के कार्यकर्ताओं ने तांडव वेब सीरीज के विरोध में पुतला दहन कर अपना विरोध जाहिर किया।शुक्रवार को कार्यालय पर करणी सेना भारत युवा प्रकोष्ठ के जिला प्रभारी सूरज सिंह भदौरिया की अगुवाई में दर्जनों कार्यकर्ताओं ने अभी हाल ही में आयी तांडव वेब सीरीज के निर्माता निर्देशक का पुतला दहन करके अपना विरोध जाहिर किया।वहीं जिला प्रभारी सूरज सिंह भदौरिया ने कहा कि इस वेब सीरीज में देवी देवताओं पर की गई अमर्यादित सीन को हटाया जाये इसमें शामिल सभी पर कड़ी कार्यवाही की जाये नहीं तो करणी सेना भारत तांडव करने को बाध्य होगी।इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष रजवंत सिंह, श्याम सिंह, राजकुमार सिंह, अभिषेक सिंह, अरविंद सिंह, अजय पांडे समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद. रहे।

### नौकरी लगवाने के नाम पर रूपये ऐंठने का आरोप

**लालगंज,रायबरेली।** वन रक्षक पर नाबालिक से काम कराने तथा उसकी नौकरी लगवाने के नाम पर धन ऐंठने का आरोप लगाते हुए मामले का शिकायती पत्र जिलाधिकारी को दिया गया है। वहीं वन रक्षक ने सभी शिकायतों को मनगढ़ंत व झूठा बताया है। खीरों विकास खंड के मेरूई गांव निवासी इंद्र बहादुर सिंह ने डीएम को दिए शिकायती पत्र में उल्लेख किया है कि उसकी पत्नी सुमन सिंह व पुत्र विशाल सिंह वन विभाग में मनरेगा जाब कार्ड के आधार पर काम करते थे जिसका भुगतान उनके बैंक खातों में जाता था। आरोप है कि एक वन रक्षक ने विशाल की नौकरी लगवाने के नाम पर उससे वर्ष 2017 में दो लाख रूपये व अभिलेख लिए थे।वह लगातार उसे टरकाता रहा, काफी समय हो जाने पर उसने मामले की शिकायत वनक्षेत्राधिकारी से की तो वनरक्षक ने कहा कि उसका पुत्र नाबालिक है जिसकी वजह से उसकी नौकरी नहीं लग सकती है। वहीं वन रक्षक का कहना है कि जाबकार्ड सेक्रेटरी व पंचायत मित्र द्वारा बनाया जाता है। नाबालिक का जाब कार्ड बनाए जाने के लिए वह सब जिम्मेदार हैं। उनपर लगाए गए सभी आरोप निराधार हैं। जितने दिन सुमन व विशाल ने काम किया है उसका भुगतान उनके बैंक खातों में भेजा गया है। नौकरी के नाम पर रूपये लेने का आरोप गलत है।

### प्रदर्शन करने जा रहे किसानों को पुलिस ने हिरासत में लिया

**लालगंज,रायबरेली।** किसान बिल के विरोध में लखनऊ में होने वाले धरना प्रदर्शन में शामिल होने जा रहे किसानों को पुलिस ने पकड़ कर कोतवाली पहुंचा दिया है। भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी व किसान शनिवार को होने वाले धरने में शामिल होने के लिए शुक्रवार को ही लखनऊ जा रहे थे। रास्ते में पुलिस ने उन्हें पकड़ कर कोतवाली में बैठा दिया। पकड़े गए लोगों में भाकियू ब्लाक अध्यक्ष योगेंद्र सिंह, तहसील अध्यक्ष अनिल सिंह, राममनोहर पाल, शिव मोहन, हीरालाल, अशोक कुमार, राधेलाल आदि मौजूद रहे।

### बेखौफ बदमाशों ने लूटा नकदी और जेवरात

**सुलतानपुर।** बेखौफबदमाशों ने पांच दिन पूर्व कुड़वार थानाक्षेत्र अंतर्गत माधवपुर आचार्य गांव के निकट एक बाइक सवार युवक पर हमला बोल दिया। लाठी-डंडों से पीट-पीटकर उसे लहूलुहान कर नकदी और जेवरात लूट लिए। वहीं पीडित की तहरीर पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर लकीर पीट रही है। खबर लिखे जाने तक पुलिस के हाथ बदमाशों के गिरेबान तक नहीं पहुंच सके हैं। कुड़वार थानाक्षेत्र अंतर्गत माधोपुर आचार्य निवासी सुरेंद्र प्रताप यादव के मुताबिक वे 17 जनवरी को शहर से अपने घर कुड़वार के माधोपुर आचार्य जा रहे थे। आरोप है कि रास्ते में गोविंदपुर के पास लाल रंग की कार पर सवार आधा दर्जन लोगों ने रोक लिया। जब तक वह कुछ समझ पाता बदमाशों ने लाठी-डंडों से हमला बोल दिया। 16,000 की नकदी, घड़ी व सोने की चेन लूट लिया। हल्ला गुहार लगाने पर आस पड़ोसियों के आ जाने से बदमाश जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पीड़ित ने मन्नू यादव और अमित यादव को पहचानने की बात बताई है। पीडित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। बावजूद इसके अभी तक पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया है। थानाध्यक्ष अरविंद पाण्डेय ने बताया कि घटना के संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। दबिश दी जा रही है। आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

### 30 दिवसीय वूमैन टेलर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन



**श्रावस्ती।** इण्डियन बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान श्रावस्ती के तत्वाधान में आरसेटी कार्यालय में आयोजित 30 दिवसीय वूमैन टेलर्स के प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन आज आरसेटी निदेशक बृजेश श्रीवास्तव के द्वारा किया गया। इस अवसर पर संस्थान में प्रशिक्षण कर रही 30 महिलाओं का मूल्यांकन नेशनल एकेडमी आफरूडसेटी बैंग्लोर से आए एम0पी0नायक एवं श्रीमती इन्दू द्वारा किया गया। संस्थान द्वारा प्रशिक्षण ले रही प्रशिक्षार्थियों को संविधान की शपथ भी दिलाई गई। इस मौके पर संस्थान के संकाय सदस्य अशोक कुमार पाठकए अतिथि संकाय अंजुम एवं समस्त स्टाफमौजूद रहें। इस दौरान बृजेश श्रीवास्तव जी के द्वारा वूमैन टेलर्स सीखकर अपने व्यवसाय को शूरू करने के लिए प्रेरित किया और भविष्य में वित्तीय समस्या आने पर बैंक से ऋण के माध्यम से वित्तीय सहायता दिलाने का आश्वासन भी दिया।

### नाजायज देसी तमंचे के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती अरविंद कुमार मौर्य द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे प्रभावी नियंत्रण व कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक बी0सी0 दूबे व क्षेत्राधिकारी नगर हौसला प्रसाद के नेतृत्व में थाना प्रभारी विक्रमादित्य थाना मल्हीपुर द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान अभियुक्त प्रभु वर्मा पुत्र प्रहलाद वर्मा निवासी चमर पुरवा श्रीनगर थाना मल्हीपुर जनपद श्रावस्ती को एक अदद नाजायज देसी तमंचा 12 बोर व दो अदद जिंदा कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार कर थाना मल्हीपुर पर मुकदमा अपराध संख्या 013/2021 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट में अभियोग पंजीकृत कर जेल रवाना रवाना किया गया।

### हर्षोल्लास से मनाई गई सुभाषचंद्र बोस जयंती

**सुलतानपुर।** नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती शनिवार को जिलेभर में धूमधाम से मनाई जाएगी। जिला मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्रों में विविध आयोजन किए जाने की तैयारियां चल रही हैं। वहीं गोमती मित्र मंडल के पदाधिकारी रक्तदान करने की तैयारी में हैं। गोमती मित्रमंडल के संरक्षक डॉ.सुधाकर सिंह, रतन कसौधन एवं प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह ने कहाकि नेताजी की जयंती पर रक्तदान से अच्छा और कोई कार्यक्रम नहीं हो सकता। नेताजी का नारा था तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा गोमती मित्रों का नारा है। हमारा आपका रक्तदान बहुतों को जीवनदान। मीडिया प्रभारी रमेश माहेश्वरी, वरिष्ठ पदाधिकारी डॉ.कुंवर दिनकर प्रताप सिंह, युवा मंडल प्रदेश अध्यक्ष अजय वर्मा ने नगर वासियों विशेषकर युवाओं से रक्तदान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की है।

# जनेश्वर मिश्रा के विचारों से प्रेरणा लेनी चाहिए: इं. वीरेन्द्र यादव



**रायबरेली।** महान समाजवादी चिन्तक छोटे लोहिया जनेश्वर मिश्र की पुण्य तिथि पर समाजवादी पार्टी कार्यालय सुपर मार्केट में एक विचार गोष्ठी का आयोजन पार्टी के जिलाध्यक्ष इं. वीरेन्द्र यादव की अध्यक्षता में किया गया। जनेश्वर मिश्र जी को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए जिलाध्यक्ष ने सम्बोधित करते हुए कहा कि समाजवादी विचारों से ओत-प्रोत जनेश्वर जी समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्यों में एक थे, जिन्होनें आजीवन समाजवाद एवं पार्टी की मजबूती के लिए काम किया, नेता जी के साथ संघर्षो में कदम से कदम मिलाकर हमेशा सफल प्रयास किया था। आज हम सबको जनेश्वर जी के विचारों से प्रेरणा लेकर समाज में जाना है और पार्टी की रीति-नीति को मजबूत बनाकर 2022 में अखिलेश यादव के नेतृत्व में प्रदेश में सरकार बनाना है। समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष रामदेव यादव एडवोकेट ने कहा कि जनेश्वर जी सामाजिक गैर बराबरी के खिलाफ आजीवन लड़े तथा व्यवस्था परिवर्तन की लड़ाई में समाजवादी नेता मुलायम सिंह यादव जी के साथ खड़े रहे। पूर्व विधायक रामलाल अकेला ने कहा कि जनेश्वर मिश्र जी के विचार हमें ऊर्जा प्रदान करते थे,समाजवादी मूल्यों को आधार मानकर सामन्ती जुल्मों, दबे कुचलों, कमजोर वगो को छुटकारा दिलाना चाहते थे। पूर्व विधायक आशा किशोर ने कहा कि कई बार जनेश्वर मिश्रा जी का आर्शीवाद मिला और पहले विधान सभा चुनाव में सलोन की एक जनसभा में आवाहन किया कि इनको दस हजार मतों से जिता देना और ठीक वही हुआ कि मैं उनके आर्शीवाद से उतने ही मतों से जीतकर विधान सभा गयी। पूर्व विधायक श्याम सुन्दर भारती ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि जनेश्वर मिश्रा जी छात्र जीवन से ही समाजवादी थे। इन्होनें मरते दम तक समाजवादी पार्टी का साथ दिया।

# ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**ऊंचाहार,रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के राम सांडा गांव निवासी युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। घर का चिराग बुझाने से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। क्षेत्र के राम सांडा गांव निवासी नीरज श्रीवास्तव पुत्र बिंदेश्वरी प्रसाद श्रीवास्तव उर्फ बच्चन लाल मुजफ्फरनगर में सिविल जज के यहां स्टेनों के पद पर तैनात था। पिता की तबीयत खराब होने पर बुधवार की दोपहर न्यायालय से अवकाश लेकर नौचंदी एक्सप्रेस ट्रेन से घर आने के लिए स्टेशन पहुंचा। टिकट लेने में समय लग गया तब तक रेलगाड़ी धीरे धीरे चलने लगी। युवक ने धोकर ट्रेन पकड़नी चाहिए उसी बीच पैर फिसल जाने से ट्रेन की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे कर्मचारियों व अधिकारियों ने शव का पोस्टमार्टम करा कर एंबुलेंस से घर भेजा। मृतक का शव घर पहुंचते ही परिजनों ने में कोहराम मच गया। पिता बिंदेश्वरी प्रसाद श्रीवास्तव ने बताया कि घर का अकेला चिराग था जिसकी शादी अभी 3 वर्ष पूर्व हुई थी। बेटे की मृत्यु के बाद बुढ़ापे का सहारा भी छिन गया। घर में चिराग जलाने वाला कोई नहीं बचा।

# मिशन प्रेरणा के अंतर्गत आयोजित की गई प्रधानाध्यापकों की मासिक बैठक



**बछरावां, रायबरेली।** बछरावां नगर के दयानंद पीजी कॉलेज में परिषदीय प्रधानाध्यापकों की बैठक खंड शिक्षा अधिकारी पद्म शेखर मौर्य की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा अभियान के तहत मिशन प्रेरणा के अंतर्गत प्रेरक प्रदेश अभियान हेतु प्रेरक ब्लॉक एवं प्रेरणा लक्ष्य प्राप्ति हेतु परिचर्चा की गई एवं बैठक के अंतर्गत महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए गए कि विद्यालय कायाकल्प योजना की प्रगति एवं चौदह पैरामीटर से विद्यालयों को संतृप्त करने के निर्देश दिए गए, विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के आधार नामांकन, दीक्षा एप में समस्त शिक्षकों को प्रशिक्षण के निर्देश, निशुल्क पाठ्य पुस्तक, यूनिफार्म वितरण, स्वेटर वितरण एवं जूता मोजा और बैग वितरण की समीक्षा, कोविड-19 के मद्देनजर ई पाठशाला पर परिचर्चा, मिशन प्रेरणा के लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु कार्य योजना पर विशेष परिचर्चा, नवनिर्वाचित विद्यालय प्रबंध समिति की नियमित बैठक सुनिश्चित करने हेतु दिशा निर्देश, उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस 24 जनवरी को मनाए जाने के दिशा निर्देश व प्रदेश की उपलब्धियों को छात्रों को बताने का निर्देश, मतदाता दिवस 25 जनवरी को मनाए जाने व मतदान के लिए मतदाताओं को प्रेरित करने के निर्देश के साथ ही साथ गत वर्षों के विद्यालय प्रबंध समिति से उपभोग की गई धनराशि मदवार उपभोग कार्यालय में उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए गए। वहीं इस बैठक में मंजू यादव, प्रियंका प्रजापति, तान्या, अमिता सिंह, सुशीला यादव, प्रतिभा, शिल्पी वर्मा, अशोक कुमार, मायावती देवी, सुनीता वर्मा, सुनीता देवी, कामिनी, पुष्पा कुमारी, मंजू व चंद्र प्रकाश वर्मा सहित विकास क्षेत्र के समस्त प्रधानाध्यापकों ने प्रतिभाग किया।

# 'देहि शिवा बर मोहि इहे-शुभ करमन ते कबहूं न टरो'



**रायबरेली।** श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के 354 वे प्रकाश पर्व आज श्री गुरु नानक देव जी गुरुद्वारा फ्रिोज गांधी नगर में बहुत हर्षोल्लास उत्साह व श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है।

आज सुबह अमृतवेला से ही नितनेमएसुखमनी साहब के पाठ व कीर्तन मुख्य ग्रंथी ज्ञानी जनक सिंह जीएभाई इश्मीत सिंह जी ने किया उपरांत अमृतसर से आए देश के प्रसिद्ध साहब भाई सतवंत सिंह जी ने अपनी कथा द्वारा संगत को निहाल किया अपनी कथा में श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि गुरु गोविंद सिंह जी का जन्म पटना शहर में हुआ था और कथा द्वारा श्री गुरु गोविंद सिंह जी द्वारा उच्चारण वाहेगुरु जी का खालसा. वाहेगुरु जी की फ्तेह का अनुवाद कर बताया की जैसे समुद्र है तो लहरें हैंए सूरज है तो किरण हैंए टहनी है तो फूल हैए ठीक उसी तरह वाहेगुरु है तो खालसा है यानी बिना ईश्वर के इंसान नहीं है आप सभी को गुरु जी के बताएं सच्चे मार्ग पर चलना है। और वाहेगुरु जी की फ्तेह का अनुवाद कर बताया कि गुरु गोविंद सिंह जी ने सदैव बुराइयों के खिलाफआवाज उठाई और जंग लड़ी। गुरु जी ने कभी भी जंग में पहला वार नहीं किया। एक राजा द्वारा पहले वार ; हमलाद्ध करने के लिए उकसाया तो मुस्कुरा कर कहा पहले तुम वार कर लो उसने पहला वार कियाए गुरु जी ने अपनी पराक्रम द्वारा वार को विफ्ल कर दिया फ्रि उन्होंने मुस्कुरा कर कहा कि दूसरा वार फ्रि तुम करो इसी तरीके से तीसरा वार भी करवाया लेकिन वह क्षति पहुंचाने में कामयाब नहीं हो पाया तब गुरुजी के पहले वार में ही ढेर हो गया तब दुश्मन मुगलों की सेना के साथ लगे राजा भाग खड़े हुए तब गुरु जी की सेना ने गुरु जी से कहा गुरु जी आपकी जीत हुई गुरु जी ने कहा कि नहींए वाहेगुरु जी की फ्तेह हुई यानि ईश्वर की कृपा से सच्चाई की जीत हुई। ज्ञानी सतवंत सिंह जी ने बताया कि गुरु जी ने हम लोगों को अमृत पान कर कृपाण धारण कराई थीए ना की तलवार क्योंकि तलवार मतलब तल (धरती) वार (हमला), यानि गरीबों मजदूरों पर वार करनाएपर कृपाण मतलब (कृपा आन) इंसानियत की, समाज कीए सच्चाईयों की रक्षा के लिए कृपाण धारण कर गरीबों परए इंसानियत पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ कृपाण उठानाएगुरु जी ने कभी भी भेदभाव नहीं किया गरीबों के ऊपर हो रहे अत्याचार के खिलाफ हमेशा आवाज उठाई। उपरांत अरदास प्रसाद वितरण हुआ। गुरुद्वारा साहिब में प्रमुख रूप से अध्यक्ष जोगिंदर सिंह अरोड़ा, अवतार सिंह छाबड़ा, परमजीत सिंह गांधी सभासद, जसवंत सिंह मोगा, गुरजीत सिंह तनेजा, दलजीत सिंह अरोड़ा, अमरीक सिंह अरोड़ा, हरमहेंद्र सिंह मोंगा, गुरबचन सिंह सलूजा, हरभजन सिंह छाबड़ा, रतन सिंह सलूजा, जसपाल सिंह खनूजा, भूपेंद्र सिंह गांधी, कुलदीप सिंह अरोड़ा, सुरेंद्र सिंह बल्लू, कुलप्रीत सिंह सलूजा, सोनी सलूजा उपस्थित रहे।

# लापता बच्ची का कुंए से मिला शव, जांच में जुटी पुलिस



**सुलतानपुर।** तीन दिन पूर्व संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हुई बच्ची का शव का घर के बगल स्थित कुएं से बरामद कर लिया गया हैं। बच्ची के परिजनों ने अगवा किए जाने की आशंका जताते हुए पुलिस को तहरीर दी थी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, सभी पहलुओं पर पुलिस जांच-पडताल में जुटी है।

गोसाईंगंज थानाक्षेत्र अंतर्गत जासापारा गांव निवासी इस्माइल की छह वर्षीया पुत्री फ्लक बुधवार की शाम करीब पांच खेलते समय अचानक गायब हो गई थी। परिवारीजनों ने आस-पडोस एवं गांव में उसकी खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका था। देररात गोसाईंगंज पुलिस को बच्ची की गुमशुदगी की सूचना दी गई, जिसके बाद पुलिस भी बच्ची की बरामदगी के लिए सक्रिय हुई। तीन दिन तक पुलिस बच्ची की बरामदगी के लिए लकीर पीटती रही। इलाके में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई थी। इसी बीच गुरूवार को आशंका के आधार पर घर के बगल स्थित पुराने कुंए में बच्ची की तलाश शुरू हो गई। पंपिंग सेट लगाकर पानी निकाला गया तो बच्ची का शव उतराता हुआ मिला। आशंका जताई जा रही है कि खेलते समय बच्ची की कुंए में गिरकर मौत हो गई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कुएं से बाहर निकाला। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# 26 जनवरी की तैयारियों को लेकर डीएम ने की बैठक



**श्रावस्ती।** कलेक्ट्रेट सभागार में अगामी गणतन्त्र दिवस की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी टी0के0 शिबु ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथएक बैठक की जिसमें गणतन्त्र दिवस को सुव्यस्थित ढ़ग से सम्पन्न कराने के लिए जिलाधिकारी ने सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने बताया की गणतन्त्र दिवस पर प्रात: 10 किमी0 साइकिल रेस कलेक्ट्रेट मुख्य गेट से पाण्डेपुरवा व वापस कलेक्ट्रेट मुख्य गेट तक बालकों के लिए। स्टेडियम के अन्दर बालिकाओं के लिए दौड़ सुबह 8 बजे प्रभातफेरी व विभागीय झांकी शुबह 8 बजकर 30 मिनट पर समस्त सरकारी कार्यालय व भवनों पर राष्ट्रीय ध्वजारोहण झण्डा अभिवादन एवं राष्ट्रगान तथा संविधान में उल्लिखित संकल्प का स्मरण तत्पश्चात साइकिल रेस में विजयी प्रतिभागियों को कलेक्ट्रेट में पुरस्कार वितरण प्रात: 9 बजे पुलिस परेड तत्पश्चात स्वतंत्रता संग्राम सेनानियो की बिधिवाओ अभिभावकों का सम्मान प्रात: 10 बजे समस्त शिक्षण संस्थाओं में ध्वजारोहण राष्ट्रीय एकता अखण्डता धर्म निरपेक्षता एवं साम्प्रदायिक सौहार्द पर आधारित कार्यक्रम नाटक विचारगोष्ठी एवं वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन तथा साक्षरता दौड़ अपरान्ह 1 बजे से साक्षरता गोष्ठी एवं साक्षरता सम्बन्धी सांस्कृतिक कार्यक्रम विकासखण्डवार सभी विकास खण्डों पर हरिहरपुररानी का जिला मुख्यालय जू0हा0स्कूल भिनगा में अपरान्ह 3 बजे से.खेलकूद प्रतियोगिता स्टेडियम भिनगा में आयोजित किया जाएगा।

# एसडीएम ने दिया अवैध कब्जा हटवाने का आदेश

**तिलोई,अमेठी।** शिवरतनगंज थाना क्षेत्र के पूरे जयलाल दुबे का पुरवा निवासी युवक ने उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर तालाब की जमीन पर अवैध कब्जा रोकवाने की गुहार लगाई थी। उपजिलाधिकारी ने शिकायत को संज्ञान में लेते हुए शिवरतनगंज पुलिस व राजस्व टीम को तत्काल तालाब की जमीन पर हो रहे अवैध कब्जे को रोकवाने का निर्देश दिया। शिवरतनगंज थाना क्षेत्र के पूरे जयलाल दुबे का पुरवा मजरे चिलौली निवासी अनूप कुमार ने उपजिलाधिकारी तिलोई को शिकायती पत्र देकर लखनऊ सुल्तानपुर राजमार्ग के किनारे स्थित तालाब की जमीन पर गांव के ही अमित कुमार प्रजापति पुत्र मल्हु पर मिट्टी डालकर टीन शेड रखकर कब्जा करने की शिकायत की थी।उपजिलाधिकारी तिलोई योगेंद्र सिंह ने शिकायत को तत्काल संज्ञान में लेकर थानाध्यक्ष शिवरतनगंज व राजस्व टीम को तालाब की जमीन से अवैध कब्जा हटवाने का निर्देश दिया।

# उर्वरक की 42 दुकानों में छापेमारी चार के लाइसेंस निरस्त

**करनैलगंज ( गोंडा )।** उर्वरक की 42 दुकानों पर शुक्रवार को छापेमारी की गई। अलग अलग दुकानों से 28 नमूने लिए गए तथा गड़बड़ी पाए जाने पर 4 दुकानों के लाइसेंस निलंबित किये गए। शुक्रवार को जिलाधिकारी मार्कंडेय शाही द्वारा उर्वरक निरीक्षकों की टीम का गठन करते हुए पूरे जिले में एक साथ उर्वरक के प्रतिष्ठानों पर छापेमारी कराई गई। छापेमारी के दौरान पूरे जिले से 28 नमूने ग्रहण करते हुए 42 दुकानों पर छापेमारी के साथ.साथ 4 दुकानदारों के उर्वरक प्राधिकार पत्र निलंबित करते हुए 5 को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। डीएम ने उप कृषि निदेशक डॉण् मुकुल तिवारी को मनकापुर तहसील एवं भूमि संरक्षण अधिकारी सदानंद चौधरी को तरबगंज एवं जिला कृषि अधिकारी जेपी यादव को सदर एवम करनैलगंज में उर्वरक निरीक्षक नियुक्त करते हुए छापेमारी की कार्यवाही कराई। जिसमें उप कृषि निदेशक द्वारा मनकापुर में 12 दुकानों पर छापेमारी करते हुए तीन नमूने लिए गए तथा पांडेय खाद भंडार झिलाही एवं आईएफ्एफ्डीसी कृषक सेवा केंद्र झिलाही को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। तरबगंज तहसील में भूमि संरक्षण अधिकारी सदानंद चौधरी द्वारा चार नमूने लेते हुए 8 दुकानों पर छापेमारी की गई जिसमें 2 दुकानदारों के लाइसेंस निलंबित तथा एक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया निलंबन में श्री बालाजी खाद भंडार एवं पवन खान बंदर भंडार तरबगंज सामिल हैं। इसी क्रम में जिला कृषि अधिकारी द्वारा सदर एवं करनैलगंज तहसील में 22 दुकानों पर छापेमारी किया गया। जिसमें 21नमूना ग्रहित किया गया एवं दो दुकानदार साईं ट्रेडर्स परसपुर एवं शिव बाबू तिवारी पुरवा परसपुर को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए राजेंद्र ट्रेडर्स परसपुर एवं गायत्री ट्रेडर्स गौरीगंज के लाइसेंस को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने बताया कि यह कार्रवाई निरन्तर चलती रहेगी।

# जुलाई से आधा दर्जन से अधिक विषयों में संचालित होंगी कक्षाएं



**गोंडा।** मंडल के ख्यातिलब्ध महाविद्यालय श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज में जुलाई माह से आधा दर्जन से अधिक विषयों में स्नातक व परास्नातक की कक्षाएं संचालित की जाएंगी। इसमें जिन विषयों का चयन किया गया है उसमें ज्यादातर रोजगार परक हैं। यह जानकारी देते हुए प्राचार्य डॉण् श्रीमती वंदना सारस्वत ने पत्रकार वार्ता में बताया कि जंतु व वनस्पति विज्ञान में परास्नातक कक्षाओं के साथ ही बीबीएए बीसीएए बीएससी होम साइंसए बीएससी एग्रीकल्चर आदि विषयों के लिए एनओसी ली जा रही है। इसके लिए प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है तथा जरूरी संसाधन जुटाए जा रहे हैं। इस मौके पर मुख्य नियंता व विभागाध्यक्ष भौतिकी डॉण् जितेंद्र सिंह ने बताया कि उनका प्रयास है कि महाविद्यालय में अनुशासन व्यवस्था सुदृढ़ होने के साथ ही गुणवत्तापूर्ण व व्यवसायिक शिक्षा के सशक्त केंद्र यहां स्थापित किए जाएं। इसके लिए प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष व जिलाधिकारी मारकंडेय शाही तथा सचिव उमेश साह ने भी जरूरी दिशा निर्देश प्रदान किए हैंए जिनका अक्षरशरू पालन किया जा रहा है। यह भी बताया कि गोंडा बलरामपुर मार्ग पर इटियाथोक के निकट ताड़ी पर्सोइया स्थित महाविद्यालय की भूमि पर कृषि संकाय की स्थापना की जाएगी। यहां कृषि के साथ ही पशुपालन व मत्स्य पालन आदि विषयों की शिक्षा प्रदान की जाएगी। इस मौके पर मीडिया प्रभारी व हिंदी विभागाध्यक्ष डॉण् शैलेंद्र नाथ मिश्र ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि यह सही है कि नए विषयों के संचालन की शुरुआत करने में काफी कठिनाई आती हैए किंतु महाविद्यालय प्रबंधन और प्रशासन ने इस बार ठान लिया है कि नए कोर्सेज आगामी सत्र से जरूर शुरू कर दिए जाएं। उन्होंने महाविद्यालय में स्थापित शोधकेंद्र की उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला। इस मौके पर डा. मंसाराम वर्मा, डॉ. ामसमुझ सिंह, डा. पुष्यमित्र मिश्र, डॉ. चमन कौर, डा. शिशिर त्रिपाठी, अर्जुन वर्मा, शरद पाठक बबलू आदि मौजूद थे।

# चार सगे भाईयों को कृषि यंत्रों पर मिला लाखों का अनुदान

**संवाददाता।** बस्ती

**उप निदेशक** कृषि भवन कृषि यंत्रों पर अनुदान देने के मामले में सवालों के घेरे में है। विभाग पर कस्टम हायरिगं योजना के तहत चार सगे भाईयों को आठ से दस लाख सहित कुल 40 लाख का अनुदान देने का आरोप लग रहा है। मजे की बात यह है कि इन भाईयों ने अपने ही शोरुम से ट्रैक्टर की खरीद कर डाली, यानि दोहरा लाभ, एक तो अनुदान का और दूसरा टेक्टर बेचने का लाभ ले लिया। मामला संज्ञान में आने के बाद कमिश्नर ने पूरे मामले की जांच कराने की बात कही है। इस पूरे मामले में उप निदेशक कृषि डा.संजय कुमार त्रिपाठी का कहना है कि योजना का लाभ मंत्री और उनके परिवार तक के लोग भी उठा सकते हैं, बषर्त वह किसान हों और उन्होंने नियमानुसार आवेदन और डाफ्ट जमा किया हो, इस योजना में पहले आओ और पहले पाओ का फार्मूला सरकार की ओर से बनाया गया। जिन चारों भाईयों को योजना का लाभ देने की बात कही जा रही है, उन्हें नियम से योजना का लाभ दिया गया है। चूंकि किसानों कहीं से भी यंत्र खरीद सकता है, यहां तक कि अपने दुकान से भी वह खरीद सकता है। चारों भाईयों के यंत्रों की जीओ टैगिंग भारत सरकार के पोर्टल पर स्थापित होना दिखाई दे रहा है। कहा कि अनुदान देने में किसी तरह की कोई न तो लापरवाही हुई और न नियत विरुद्ध किसी को अनुदान दिया गया।

- भाईयों ने खरीद डाली अपने शोरुम से ट्रैक्टर, 40 लाख का दिया अनुदान
- फर्जी बिल लगाकर लाखों का अनुदान देने का मामला सामने आया
- कमिश्नर ने दिए जांच के आदेश
- नियम के मुताबिक दिया गया अनुदान का लाभ:डीडी

### कृषि मंत्री के पुत्र को भी मिल चुका अनुदान

**प्रदेश** के कृषि मंत्री और पडरौना निवासी सूर्यप्रताप शाही के पुत्र सुब्रत शाही को भी एक किसान के रुप में कृषि यंत्र पर अनुदान का लाभ मिल चुका है। होहल्ला होने पर जब इसकी जांच हुई तो अनुदान नियमानुसार देना मिला। यह मामला कई दिनों तक अखबार की सुर्खियां बनी। अनुदान पाने वालों में 17 लाभार्थियों में से मंत्री पुत्र का स्थान चौथे स्थान पर रहा है। उप निदेशक कृषि ने बताया कि योजना की गाइड के अनुसार कोई भी व्यक्ति किसान के रुप में कृषि यंत्रों पर मिलने वाले अनुदान का लाभ पा सकता है। नई व्यवस्था के तहत अब लाभार्थी अपने मोबाइल के जरिए खुद टोकन जनरेट करता है।

### ट्रैक्टर खरीदा ही नहीं और मिल गया अनुदान

**ट्रैक्टर** के बड़े कारोबारी सुनील मिश्र ने बताया कि कुछ दिन पहले शिवसहाय नामक किसान उनके यहां से टैक्टर खरीदने का बिल ले गया, मगर ट्रैक्टर नहीं खरीदा, बाद में पता चला कि उस व्यक्ति ने उसी बिल के आधार पर विभाग से ट्रैक्टर पर भारी अनुदान ले लिया, इसपर उन्होंने विभाग को लिखकर दिया है कि उसके बिल को निरस्त कर दिया जाए। इस पर उप निदेशक कृषि डा. संजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि इसकी जांच कराई जाएगी, और गलत पाए जाने पर रिकवरी के साथ कार्रवाई भी होगी। वहीं कारोबारी का कहना है कि इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है, कि किसान फर्जी बिल और बाउचर का इस्तेमाल करके सरकारी अनुदान का लाभ ले रहे हैं, यह देखना विभाग का काम है कि कौन लोग सरकारी धन का दुरुपयोग करने में लगे हुए है।

## डोड़हर की विस्थापित महिला समूह को दी गयी दुकान

**बीजपुर/सोनभद्र।** एनटीपीसी रिहंद स्टेशन के सी एस आर विभाग नें नैगम सामाजिक दायित्व निर्वहन के तहत परियोजना के समीपवर्ती ग्रामसभा डोड़हर के विस्थापित महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु उन्हे राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत प्रशिक्षण दे कर मिलन शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में दुकान का आवंटन किया गया इस दुकान को डोड़हर के विस्थापित महिलाओं की एक स्वयंसेवी समूह द्वारा संचालित किया जाएगा दुकान का उद्घाटन शुक्रवार को महिलाओं की स्वयंसेवी संस्था वर्तिका महिला मण्डल की अध्यक्षा पद्मा आयंगर ने अन्य सहअतिथियों के साथ दुकान का फीता काटकर व नारियल फोड़ कर किया इस दुकान में महिलाओं द्वारा जहां हस्त निर्मित वस्तुओं का विक्रय किया जाएगा वही पर जैविक खाद सब्जी फल मसाला अचार आदि वस्तुएँ भी महिलाओं के समूह द्वारा बेची जाएंगी इस अवसर पर मुख्य रूप से उपायुक्त स्वरोजगार अरुण जौहरी खंड विकास अधिकारी म्योरपुर निरंकार मिश्रा वर्तिका महिला मण्डल की उपाध्यक्षा रत्ना कुमारी व माधवी रमेश मानव संसाधन विभाग के प्रबन्धक संतोष कुमार विश्वकर्मा सहायक प्रबन्धक सी एस आर अरविंद कुमार शुक्ला मतीन अहमद मोक्षिदा जोगी ग्राम विकास पंचायत अधिकारी अखिलेश दुबे व दीपक सिंह आदि के साथ साथ समूह की महिलाएं उपस्थित थीं।

# बस्ती पुलिस के दामन पर एक बार फिर लगा दाग

**संवाददाता।** बस्ती

- लुटेरों का सरगना निकला पुरानी बस्ती थाने का एसआई
- 12 पुलिस कर्मियों के सस्पेंशन के बाद छह थाना प्रभारी बदले गए
- आम जनमानस का सवाल,जब रक्षक ही बन जाए भक्षक तो किस पर करें भरोसा

**रक्षक** ही भक्षक बन जाए तो फिर भरोसा किस पर करें, यह सवाल आम जनमानस की जुबान पर है। गोरखपुर में सर्राफा कारोबारी से हुए लूट के खुलासे में बस्ती पुलिस के दामन पर जो दाग लगा है उसने 'पुलिसिंग' को ही सवालिया बना दिया है। जिस दुस्साहसिक तरीके से पुरानी बस्ती थाने के एसआई और दो सिपाहियों ने मुख्यमंत्री के कर्म क्षेत्र गोरखपुर में लूट की घटना को अंजाम दिया उससे लोग हतप्रभ है। पुलिस के दामन पर पहले से ही अनेक दाग लगते रहे हैं, लेकिन बावर्दी असली पुलिस के लुटेरा होने के सच ने लोगों का भरोसा तोड़ा है। लोगों का कहना है कि अपनी सुरक्षा और न्याय पाने के लिए पुलिस पर भरोसा किया जाता है लेकिन जब पुलिस ही लुटेरी निकल जाए तो वे कहां जाएं। लूट की घटना में पुलिस वालों के शामिल होने के बाद दामन पर पड़े दाग के छीटे को धोने के लिए एसपी हेमराज मीणा ने भले ही लूट की वारदात में संलिप्त एसआई धर्मेन्द्र यादव, कांस्टेबल संतोष यादव, महेन्द्र यादव को सस्पेंड कर दिया, उनकी बर्खास्तगी की कार्रवाई की बात की जा रही है। लेकिन बस्ती पुलिस के दामन पर लगे दाग को मिटा पाने में यह कार्रवाई कितनी कारगर होगी यह सवाल बना हुआ है। गोरखपुर में महराजगंज जिले के सर्राफा व्यवसायी से मारपीट कर सोना, चांदी और नगदी की लूट करने वाले लुटेरों का सरगना पुरानी बस्ती थाने का एसआई धर्मेन्द्र यादव निकला। लूट को चुनौती के रूप में लेते हुए जब पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाला और उसके सहारे बस्ती पहुंची तो न केवल लूट में प्रयुक्त वाहन, लूट के रूपए, सोने, चांदी बरामद हो गए बल्कि लुटेरा दारोगा और लूट में शामिल दो सिपाही भी गिरफ्त में आ गए। इसके साथ एक अन्य लूट का भी खुलासा हो गया जिसमें संलिप्त एक अन्य सिपाही की भी पहचान हुई। दामन दागदार होने के बाद अपनी साख बचाने के लिए एसपी बस्ती ने न केवल दागी एसआई, दो सिपाहियों को सस्पेंड करने की कार्रवाई की बल्कि पुरानी बस्ती थाने के प्रभारी समेत 9 अन्य को भी सस्पेंड कर दिया। इस कार्रवाई के दूसरे दिन छह इंस्पेक्टरों के भी कार्य क्षेत्र बदल दिए गए। लूट की घटना में किरकिरी के बाद हटाए गए पुरानी बस्ती थाना प्रभारी अवधेषराज सिंह की जगह डीसीआरबी प्रभारी ब्रजेन्द्र प्रसाद पटेल को थाना प्रभारी पद पर तैनाती दी गई, वहीं चार को थाना प्रभारी का पद गंवाना पड़ा। एक थाना प्रभारी का कार्यक्षेत्र बदला गया। फेरबदल में आईजीआरएस प्रभारी सत्येन्द्र कुंवर को थाना प्रभारी लालगंज, सोनहा थाना प्रभारी अटल बिहारी ठाकुर को डीसीआरबी प्रभारी, एसओजी प्रभारी राजेष मिश्र को थाना परसरामपुर प्रभारी, लालगंज थाना प्रभारी ब्रहमा गौड़ को आईजीआरएस प्रभारी, अशोक कुमार सिंह को परसरामपुर थाना प्रभारी से सोनहा थाना प्रभारी के पद पर भेजा गया है।

## कृष्ण मुरारी गुप्ता बने भाजपा के महामंत्री

**संवाददाता।** सोनभद्र



**भारतीय** जनता पार्टी सोनभद्र में रिक्त चल रहे जिला पदाधिकारियों की घोषणा शुक्रवार को कर दी गई। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अजीत चौबे ने जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व की सहमति व क्षेत्रीय अध्यक्ष की संस्तुति पर नगर पालिका परिषद सोनभद्र में पूर्व अध्यक्ष कृष्ण मुरारी गुप्ता को जिला महामंत्री व दिलीप पांडे व गुड़िया वर्मा को जिला मंत्री बनाया गया है। नगर पालिका परिषद में पूर्व अध्यक्ष श्री गुप्ता को जिला महामंत्री दिलीप पांडे व गुड़िया वर्मा को जिला मंत्री बनाया बनाए जाने पर भाजपा नेता दयाशंकर पाण्डेय अनूप तिवारी हर्ष केशरी रिशू केसरी चंदन केसरी अभिषेक गुप्ता समेत अन्य लोगों ने बधाई देते हुए हर्ष व्याप्त किया है।

### 25 लाख की हेरोइन के साथ दो तस्कर हुये गिरफ्तार

**सोनभद्र।** पुलिस ने एक बार फिर साबित कर दिया कि नशा फैला कर युवाओं को बरगलाना जिले में इतना आसान नहीं। बड़ें से बड़ा नशे का सौदागर लाख बचने का कितना भी प्रयास क्यों न कर ले कानून के हाथ इतने लबे है कि मुजरिमों तक पहुँच ही जाती है। पुलिस ने तस्करी के खिलाफ अभियान छेड़ कर एक बार फिर बेहतरीन काम किया है। मुखबिर की सूचना के बाद हरकत में आई पुलिस ने करीब 25 लाख रुपए की हेरोइन के साथ दो तस्करों को पकड़ने में कामयाबी हासिल की है। पुलिस को तस्करों के पास से एक बाइक भी बरामद की है। मुखबिर की सूचना पर एसओजी, स्वाट टीम और राबर्ट्सगंज कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने दो तस्करों को धर दबोचा है। राबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के पास घुवास खुर्द के पास से तस्करों को 250 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया गया है। बताया जा रहा है कि हेरोइन की कीमत करीब 25 लाख रुपए है। पुलिस ने संजीव मौर्य और विवेक कुमार सिंह को गिरफ्तार किया है और उनके पास से मोटरसाइकिल भी बरामद की है।

### पांच आरोपियों का किया गया चालान

**बीजपुर/सोनभद्र।** स्थानीय पुलिस ने ग्राम सभा जरहां में बंधी व नाले पर मेढ़बंदी मामले में दो पक्षों में कहासुनी होने पर दोनों पक्षों के कुल पांच आरोपियों को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया गिरफ्तार किए गए पांचों आरोपियों को पुलिस ने शांतिभंग करने के आरोप में सी आर पी सी की धारा 151, 107 व 116 के तहत चालान कर अग्रीम कार्रवाई हेतु संबंधित न्यायालय में पेश किया।

आरोपियों में प्रथम पक्ष के ग्राम सभा जरहां निवासी प्रविन्द यादव पुत्र स्व0 शोभा यादव तथा द्वितीय पक्ष के ग्राम सभा जरहां के टोला राजो निवासी तरब्बुल शेख व काबिल शेख पुत्रगण अजहम शेख एवं वकालत शेख व बबलू शेख पुत्रगण स्व0 बुधन के नाम शामिल है।

## 12 केंद्रों पर 738 स्वास्थ्यकर्मियों को लगाया गया कोरोना टीका

**संवाददाता।** सोनभद्र



**कोविड-19** संक्रमण को मात देने के लिए कोरोना वैक्सीन टीकाकरण के प्रथम चरण में दूसरी बार शुक्रवार को जनपद के 12 केंद्रों पर टीकाकरण का शुभारंभ प्रात: 9:00 बजे से शुरू हुआ। इस बार 12 स्थानों पर 1204 लोगों के टीकाकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। जिसके सापेक्ष 738 हेल्थ वर्करों को टीकाकरण से प्रतिरक्षित किया गया।जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ राम कुंवर ने बताया कि टीकाकरण के प्रथम चरण के अभियान में 16 जनवरी को पहली बार जिले के चार केंद्रों पर टीकाकरण की सफल शुरुआत की गई थी। इस दौरान 400 स्वास्थ्य कर्मियों को टीका लगाए जाने का लक्ष्य निर्धारित था जिसके सापेक्ष 232 स्वास्थ्य कर्मियों को टीका लगाया गया। जबकि प्रथम चरण में 7111 स्वास्थ्य कर्मियों को टीका लगाया जाना था।उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत दूसरी बार 22 जनवरी को जिले के 12 स्वास्थ्य केंद्रों पर 1204 स्वास्थ्य कर्मियों को कोरोना टीका लगाए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। जिसके सापेक्ष 738 लोगों को टीकाकरण से आच्छादित किया गया है ।जिला प्रतिरक्षण अधिकारी के मुताबिक जनपद के चयनित 12 केंद्रों में रावर्टसगंज स्थित मिशन अस्पताल में 60, जिला संयुक्त चिकित्सालय लोढी में 65, साईनाथ हेलोस्टिक अस्पताल हिंदूवारी में 28 ,प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चतरा में 87, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगवा में 65, बभनी में 67,म्योरपुर में 38, एनटीपीसी शक्तिनगर अस्पताल में 64, हिंडाल्को अस्पताल रेणुकूट में 76, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र केकराही में 49, धन्वंतरी चिकित्सालय बीजपुर में 79, अनपरा हॉस्पिटल में 60 लोगों का टीकाकरण किया गया।

### टीकाकरण का नहीं है कोई साइड इफेक्ट

**टीका** लगवाने के बाद अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर प्रेमनाथ ने बताया कि कोरोना टीका लगवाने से किसी प्रकार कि कोई दिक्कत महसूस नहीं हुई। वैक्सीन पूरी तरह से सुरक्षित है, यह टीका सभी लोग लगवाए। जिला अस्पताल के बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर प्रशांत शुक्ला ने टीका लगवाने के बाद बताया कि इस टीके से कोई साइड इफेक्ट नहीं है। बाकी लोग भी करोना टीका लगवाएं। इससे किसी तरह की कोई परेशानी नहीं है। जिला अस्पताल के चिकित्सक डॉ एसके चतुर्वेदी ने टीका लगवाने के बाद बताया कि यह टीका सामान्य टीके की ही तरह है इससे कोई साइड इफेक्ट नहीं है। सभी लोग टीका लगवा कर सुरक्षित रहें। जिला अस्पताल के डॉक्टर ऋषि मुनि त्रिपाठी ने टीका लगवाने के बाद बताया कि पहले जैसा ही महसूस हो रहा है। कोई परेशानी महसूस नहीं हुई और न ही कोई दुष्प्रभाव दिखाई दिया है। इससे डरने की जरूरत नहीं है सभी लोग अपनी बारी का इंतजार करते हुए टीका लगवाएं।

## दूसरे चरण में डाक्टरों व स्वास्थ्यकर्मियो को मिला टीका



**सेमरियावां (संतकबीरनगर)।** डॉक्टरों, नर्सों और फ्रंटलाइन के अन्य स्वास्थकर्मियों का टीकाकरण जारी है जिसमें सबसे पहले कोविड-19 की वैक्सीन स्वास्थ्यकर्मियों को दी जा रही है जिसके तहत शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सेमरियावां के अधीक्षक डा.जगदीश पटेल सहित लगभग सौ स्वास्थ्य कर्मियों को कोरोना का टीकाकरण जिले के कोविड-19 नोडल अधिकारी डा.एसडी ओझा की देख रेख में लगाया गया। लगभग 11 बजें अधीक्षक डा.जगदीश पटेल ने सीएचसी परिसर में कोरोना टीकाकरण के नियमों का पालन करते हुए। वेरिफिकेशन प्वाइंट पर पहुंचे उसके बाद उन्होंने इंट्री प्वाइंट से टोकन लिया फिर प्रतीक्षालय कक्ष में गये जहाँ से टीकाकरण रुम में लगी दो टीमों मे से टीम-1 के पास गये जहां वैक्सीनेटर एएनएम अनीता गौड़ और अंजू शर्मा ने अधीक्षक को कोरोना का पहला टीका लगाया इस दौरान सामुदायिक केन्द्र पर पहले टीकाकरण की शुरुआत होने पर स्वास्थ्य कर्मियों ने तालियां बजाकर खुशी का इजहार किया। टीकाकरण के पश्चात अधीक्षक को आबजर्वेशन रूम में आधे घंटे के आराम के लिए भेज दिया गया। अधीक्षक डा. जगदीश पटेल ने बताया कि वैक्सीन लेने के बाद फिलहाल किसी तरह की कोई दिक्कत नहीं हो रही हैं वैक्सीन लगाते हुए उन्हें किसी तरह का कोई दर्द नहीं हुआ। हर देशवासी जागरूक नागरिक होने का परिचय दें कोरोना का टीका जरूर लगवाएं वैज्ञानिकों पर भरोसा रखें यह टीका पूरी तरह सुरक्षित है उन्होंने कहा कि आधे घंटे तक इंतेजार के दौरान किसी प्रकार का प्रतिकूल लक्षण नहीं दिखा। उन्होंने कहा टीका पूरी तरह सुरक्षित हैं,सभी लोग कोविड-19 को खत्म करने के लिए टीका जरूर लगवाये। इस दौरान खबर लिखे जाने तक जिला क्षय रोग अधिकारी एवं कोविड ( नोडल अधिकारी) डा.एसडी ओझा की मौजूदगी में लगभग 160 स्वास्थ्य कर्मियों का टीकाकरण हुआ। इस मौके पर डा. हिमांशु, सुरेन्द्र कुमार एलए, बीपीएम राजेश पाण्डेय, आईओ इंचार्ज कौसर खान, डा.इश्तियाक अहमद, फार्मासिस्ट राम सजीवन सहित सभी स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

## दिव्यांग बच्चों की सुविधा के लिए शिविर का हुआ आयोजन, मिला लाभ



- राज्य परियोजना निदेशक के निर्देश पर दिव्यांग बच्चों की जांच एवं उपकरण के लिए चिन्हित

**संवाददाता।** संतकबीरनगर

**राज्य** परियोजना निदेशक के निर्देशन पालन क्रम में समग्र शिक्षा अभियान समिति शिक्षा मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं एलिम्को कानपुर के संयुक्त तत्वाधान में उच्च प्राथमिक विद्यालय जूनियर हाई स्कूल सेमरियावां पर कक्षा 1 से 8 तक विद्यालयों में अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों कासहायक उपकरण हेतु पंजीकरण किया गया एलिम्को कानपुर की तरफ से इंजीनियर नीरज एवं ऑडियोलॉजिस्ट राम सिंह द्वारा विकलांग बच्चों का परीक्षण किया गया। 180 बच्चों का पंजीकरण किया गया है। जिसमें से 100 से अधिक दिव्यांगों को उपकरण हेतु चिन्हित भी किया गया है। कार्यक्रम में ब्लॉक संसाधन केंद्र सेमरियावां पर दिव्यांग बच्चों का निशुल्क आधार शिविर भी लगाया गया। जिसमें 25 बच्चों का नि:शुल्क आधार कार्ड भी बनाया गया। जिला समन्वयक समेकित शिक्षा रजनीश बैद्यनाथ ने बताया कि शासन द्वारा उन्हें जनपद हेतु एक कैंप आयोजन की अनुमति दी गई थी। जिसमें कोविड-19 के समस्त मांगों को पूरा करते हुए बच्चों अभिभावकों को सैनिटाइज कराया गया। तदुपरांत उपस्थित समस्त बच्चों को मास्क वितरित कर कैंप की कार्यवाही पूरे प्रोटोकॉल में संपन्न कराई गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापिका सहायक अध्यापिका सहित जफर अली का विशेष योगदान रहा। डॉ सुशील कुमार फिजियोथैरेपिस्ट समग्र शिक्षा अभियान द्वारा दिव्यांग बच्चों को फिजियोथैरेपी हेतु प्रेरित भी किया गया तथा खलीलाबाद प्राथमिक विद्यालय प्रथम पर रिसोर्ट सेंटर में आकर अथवा मेहदावल बीआरसी पर आकर फिजियोथेरेपिस्ट की निशुल्क सेवाएं प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया गया। स्पेशल एजुकेटर बृजेंद्र कुमार सिंह एवं दुर्गेश यादव द्वारा बच्चों को स्पीच थेरेपी हेतु बताया गया तथा अभिभावकों से स्पीच थेरेपी नियमित रूप से कराने हेतु अभ्यास भी कराया गया। इस कैंप में चिन्हित बच्चों को आगामी 24 फरवरी 2021 को उच्च प्राथमिक, प्राथमिक विद्यालय सेमरियावां पर उनके अनुरूप उपकरण उपलब्ध कराया जाएगा।

# स्व. जनेश्वर मिश्र की 11 वीं पुण्यतिथि लोहिया ट्रस्ट पर बड़े ही धूमधाम से मनाई गई

**संवाददाता।** मिर्जापुर



**छोटे** लोहिया नाम से प्रख्यात व समाजवादी चिंतक स्व 0 जनेश्वर मिश्र की 11 वीं पुण्यतिथि समाजवादी पार्टी के कार्यालय लोहिया ट्रस्ट पर बड़े ही धूमधाम से मनाई गई । इस अवसर पर पार्टी कार्यालय पर आयोजित समारोह में नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जनेश्वर जी चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्वाजंलि अर्पित की ।जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष श्री चौधरी ने कहा कि जनेश्वर मिश्र का जन्म 5 अगस्त 1933 को बलिया के शुभनथहीं के गाँव में हुआ था । इनके पिता रंजीत मिश्रा किसान थे । बलिया में प्राथमिक शिक्षा पूरी करने के बाद 1953 में इलाहाबाद पहुंचे जो उनका कार्यक्षेत्र रहा जनेश्वर को आजाद भारत के विकास की राह समाजवादी सपनों के साथ आगे बढ़ने में दिखी और समाजवादी आन्दोलन में इतना आगे बढ़े कि लोग उन्हें छोटे लोहिया के नाम से जानने लगे। उन्होने पार्टी कार्यकर्ताओ से कहा की स्व 0 जनेश्वर मिश्र के पदचिन्हो पर चल कर समाजवाद का पताका फहराने का काम करे। श्री चौधरी ने कहा की 1972 के कमला बहुगुणा को और 1974 के चुनाव इंदिरा गाँधी के अधिवक्ता रहे सतीश चंद्र खरे को भी हराया। इसके बाद 1978 में जनता पार्टी के टिकट से इलाहाबाद संसदीय क्षेत्र से चुनाव मैदान में उतरे और पूर्व प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह को भी पराजित किया उसी समय पहली बार केन्द्रीय मंत्री भी बने। 1992 से 2010 तक वह राज्यसभा के सदस्य भी रहें। इस अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री गुलाबचंद यादव (मुन्नी यादव) ने कहा की जनेश्वर मिश्र कुशल राजनेता एवं समाजवादी चिंतक एवं दबे कुचले,गरीबों, वंचितों के मसीहा थे और उनके कथनी करनी में कोई अन्तर नहीं था जो कहते थे वो करते थे। कार्यक्रम मे जवाहर लाल मौर्या, रामगोपाल बिंद, गिरधारीपाल, आनन्द त्रिपाठी, डा. अरविन्द श्रीवास्तव,सुनील पाण्डेय, रमेश कुमार गौड़,सलीम बादशाह, श्याम मोहन यादव, अंकित दूबे, मुकेश साहू, धनश्याम साहू, राकेश यादव, इलियास खॉ, रामजी यादव, नागेन्द्र तिवारी, श्याम सुन्दर सोनकर, दुर्गाप्रसाद सिंह, उपेन्द्र तिवारी, अतीक खॉ, सरफराज अहमद, राजकुमार यादवएरणजीत यादव, आकाश यादव, अनुराग तिवारी, श्याम अचल यादव, सुरेश यादव, ई. मनीष यादव, विजय शंकर प्रजापती,शशांक यादव, रामनरेश यादव, शिवकुमार यादव, घनश्याम यादव, रमेश यादव, सुनील यादव, पतलू यादव आदि लोग मौजूद रहे।

## अभियान का मुख्य उद्देश पार्टी को मजबूत करना है : भगवती प्रसाद चौधरी

**संवाददाता।** मिर्जापुर



संगठन सूजन अभियान पार्ट 2 के तहत मझवा विधानसभा रामपुर न्याय पंचायत कछवा में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव एवं उत्तर प्रदेश के प्रभारी बाजीराव खरे ने कहा कि संगठन सूजन अभियान के तहत उत्तर प्रदेश में कांग्रेस पार्टी को मजबूत करना है एवं किसान कृषि काला कानून के खिलाफ हम सब लोग किसानों के साथ हैं उत्तर प्रदेश में जब से गैर कांग्रेसी सरकारें आई है उत्तर प्रदेश का विकास ठप हो गया है युवा बेरोजगार हुआ है मजदूरों के पास काम नहीं किसान परेशान है भ्रष्टाचार एवं महंगाई चरम पर है श्री खरे ने कहा कि भारतीय अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव श्रीमती प्रियंका गांधी जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश मैं कांग्रेस पार्टी की सरकार बनेगी। पूर्व विधायक भगवती प्रसाद चौधरी ने जनता से अपील करते हुए कहा कि जाति धर्म से ऊपर उठकर कांग्रेस पार्टी की सरकार बनवाए तभी विकास होगा तभी उत्तर प्रदेश खुशहाल प्रदेश होगा। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं मिर्जापुर के प्रभारी विवेक प्रताप सिंह ने भी जनता एवं कांग्रेस को लोगों को शपथ दिलाते हुए कहां की संगठन सूजन अभियान के तहत कांग्रेस पार्टी मजबूत होगी जब कांग्रेस पार्टी मजबूत होगी तभी उत्तर प्रदेश मजबूत होगा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिव कुमार पटेल ने कहा कि उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू जी के नेतृत्व में लगातार कई महीनों से जनता के बीच में जाकर संगठन सूजन अभियान के तहत कांग्रेस पार्टी को मजबूत किया जा रहा है इस कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजन उपाध्याय एवं संचालन राज धर दुबे ने किया।

## पुण्यतिथि पर सपाइयों ने याद किया छोटे लोहिया को

- स्व. जनेश्वर मिश्र के मार्गदर्शन को अमल कर 2022 में सपा को मिलेगी सफलता : जयराम

**संवाददाता।** संतकबीरनगर



जनेश्वर मिश्र के चित्र पर पुष्प अर्पित करते सपाई — पायनियर

**छोटे लोहिया** जनेश्वर मिश्र की 11 वीं पुण्यतिथि शुक्रवार को जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय पुरानी सब्जी मंडी खलीलाबाद जनपद संत कबीर नगर जिलाध्यक्ष गौहर अली खान की अध्यक्षता में मनाई गई तथा संचालन जिला महासचिव राजमन यादव ने किया। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आवाहन पर आगामी 26, जनवरी 2021 को किसानों के समर्थन में ट्रैक्टर रैली बहुत जोरदार तरीके से निकालने की रणनीति तैयार की गई। इस अवसर पर पूर्व सांसद सुरेंद्र यादव, पूर्व विधायक अलगू प्रसाद चौहान, पूर्व जिलाध्यक्ष लोरिक यादव, वरिष्ठ नेता रामदरस यादव, कोमल यादव, पूर्व प्रत्याशी जयराम पांडेय, जावेद अहमद, आलोक यादव सोनू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष यादव, जिला उपाध्यक्ष के डी यादव, मोहम्मद अहमद, कौशल चौधरी, जिला कोषाध्यक्ष रामनाथ चौरसिया, जिला सचिव शैलेंद्र यादव, सैयद फिरोज अशरफ रामनिवास यादव, जवाहिर चौधरी, राजकिशोर यादव, विधानसभा अध्यक्ष खलीलाबाद रमेश चंद यादव, विधानसभा अध्यक्ष मेहदावल वारिस अली अंसारी, चंद्र भूषण पांडेय, अविनाश कनौजिया, शकुंतला यादव, शेषमणि यादव, राहुल यादव बादल, वकील अहमद अंसारी, इफ्तेखार अहमद, अनिल यादव, रामभरोसे वारसी, हनुमान कनौजिया, प्रमोद पूर्वांचल, अखिलेश चौधरी, अजय यादव, अवधेश यादव, प्रिया पाठक, विमला सिंह,श्याम दुलारी, सुनीता, शोनू चौरसिया, बालेन्दु यादव, अशोक यादव, सर्वेश यादव, सजन लाल गौतम, शैलेंद्र यादव, बबलू यादव, शिवसरन यादव, परमवीर पासवान, राजेश यादव, राधेश्याम चौहान, संतोष निषाद, मोहम्मद हुसैन, उमेश गुप्ता, अशोक गौड़, विजय यादव, अंबिका राय, भोला यादव, जवाहर प्रसाद, प्रेम राव आदि नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# दूसरे चरण के दौरान 64 प्रतिशत लोगों ने कराया टीकाकरण

## पूरे दिन सीएमओ समेत उच्चाधिकारियों ने भ्रमण करके लिया जायजा

## दूसरे चरण के दौरान काफी उत्साहित दिखाई दिए लाभार्थी

संवाददाता। मऊ



**कोरोना** से बचाव के लिए बहु प्रतीक्षित टीकाकरण अभियान के दूसरे चरण के दौरान जिले के सात केन्द्रों पर टीकाकरण किया गया। जिले के सभी सातों केन्द्रों पर निर्धारित लक्ष्य 1600 के मुकाबले 1016 लोगों ने टीकाकरण कराया। इस प्रकार दूसरे चरण के दौरान कुल 64 प्रतिशत लोगों ने टीकाकरण कराया। दूसरे चरण के टीकाकरण के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी समेत अन्य उच्चाधिकारी भ्रमण करके सभी केन्द्रों का जायजा लेते हुए दिखाई दिए। उल्लेखनीय है कि 16 जनवरी को कोरोना वैक्सीनेशन के प्रथम चरण की शुरुआत किया गया था। प्रथम चरण में मिली ऐतिहासिक सफलता के बाद दूसरे चरण के तहत शुक्रवार को टीकाकरण किया गया। शुक्रवार को मौसम खराब होने के बावजूद लोगों में काफी उत्साह देखा गया। प्रदेश सरकार द्वारा जारी फरमान के अनुसार दूसरे चरण के वैक्सीनेशन की प्रक्रिया 22 जनवरी से शुरु किया गया। दूसरे चरण के वैक्सीनेशन के लिए जिला प्रशासन की टीम व स्वास्थ्य विभाग की टीम पूरी तरह से कमर कसी रही। दूसरे चरण के दौरान जिले के सात केन्द्रों जिला महिला अस्पताल, जिला संयुक्त चिकित्सालय, परदहां, कोपागंज, घोसी, रतनपुरा, फतेहपुर मंडाव पर टीकाकरण किया जाना था। शुक्रवार को हुए टीकाकरण के दौरान जिला संयुक्त चिकित्सालय में 200 लक्ष्य के मुकाबले 75 लोगों ने वैक्सीनेशन कराया। वहीं जिला महिला अस्पताल में 200 लक्ष्य के मुकाबले 125 लोगों नेए फ तहपुर मंडाव स्वास्थ्य केन्द्र में 200 लक्ष्य के सापेक्ष 181 लोगों ने टीकाकरण कराया। वहीं घोसी स्वास्थ्य केन्द्र में 200 लक्ष्य के अनुरुप 109 लोगों ने कोपागंज स्वास्थ्य केन्द्र पर 300 के सापेक्ष 211 लोगों ने परदहां स्वास्थ्य केन्द्र पर 200 के मुकाबले 130 लोगों ने टीकाकरण कराया। जबकि रतनपुरा स्वास्थ्य केन्द्र पर 300 लक्ष्य के अनुरुप 185 स्वास्थ्य कर्मियों ने अपना टीकाकरण कराया।

### सिरकोनी में कोविड–19 टीकाकरण का हुआ शुभारम्भ

**जफराबाद, जौनपुर**। सिरकोनी विकास क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नेहरू नगर में कोविड.19 का टीकाकरण का शुभारंभ भाजपा मंडल अध्यक्ष रमेश चंद्र जायसवाल ने फीता काटकर किया। कोविड.19 टीकाकरण के लिए पहुंचे आशा व एएनएम केंद्र पर समय के पहले पहुंच गए। केंद्र पर सबसे पहले जांच के बाद कोविड–19 का टीकाकरण किया जा रहा है। टीकाकरण सर्वप्रथम डाण् अभिषेक भारद्वाज को लगायी गयी जिसके बाद अन्य लोगों के लिये शुरुआत की गई। उसके बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डाण् पंकज कुमारए आनंद मिश्राए अरविंद कुमारए अर्चना सिंह सहित आशा रेनू यादवए कंचन श्रीवास्तव सहित लगभग दो सौ लोगों को लगाया गया। उसी दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डाण् राकेश कुमार एवं जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डाण् एनके सिंह मौके पर पहुंचकर लोगों से जानकारी लिये। इस अवसर पर तमाम लोग उपस्थित रहे।



### कोरोना से जंग जीतने को 1729 लोगों ने लगवाया टीका

**सिद्धार्थनगर**। कोरोना से जंग जीतने के लिए प्रथम चरण के टीकाकरण का शुक्रवार को विधिवत रूप से शुभारंभ किया गया। आठ केंद्रों पर आयोजित टीकाकरण सुबह शाम तक चलता रहा। टीकाकरण के प्रथम दिन 1823 लाभार्थियों में 1729 लोगों ने केंद्र पहुंच कर कोविड का टीका लगवाया। सुबह ठंड के बाद जैसे.जैसे मौसम साफहोता गया केंद्रों पर टीका लगवाने वालों की संख्या भी बढ़ती गई। दोपहर तक निकली गुनगुनी धूप के बाद हर घंटे टीकाकरण की संख्या बढ़ती गई। दिन भर के अभियान में 95 फीसदी टीकाकरण हुआ।स्वास्थ्य विभाग ने प्रथम चरण में टीकाकरण कराने के लिए जिले भर में 9347 फ्रंट लाइन वर्कर, सरकारी व निजी चिकित्सकों को चयनित किया है। ,आठ केंद्रों पर आयोजित टीकाकरण में जिला अस्पातलए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उसका बाजार, बर्डपुर, बंसतपुर बांसी, मिठवल व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भनवापुर, खुनियांव व नौगढ़ शामिल रहा। इन केंद्रों पर टीकाकरण कराने वालों की संख्या ठंड के चलते सुबह में कम रही। लेकिन दोपहर तक बढ़ गई।

# उप्र स्थापना दिवस पर आयोजित होगी तीन दिवसीय कार्यशाला व प्रदर्शनी

संवाददाता। देवरिया

आगामी 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस को उत्तर प्रदेश दिवस के रुप में मनाया जायेगा। जनपद में 24 से 26 जनवरी की अवधि में विभिन्न विभागो द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों के अन्तर्गत प्रदर्शनी,पुरस्कार,सम्मान, बेबीनार सेमिनार सहित विविध कार्यक्रम आयोजित होगे। यह कार्यक्रम जनपद स्तर पर टाउनहाल आडिटोरियम में आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रमों के सफ ल क्रियान्वयन हेतु संबंधित सभी अधिकारियों को निर्देश दिये गये है कि वे अपने कार्यो से संबंधित तैयारियां सुनिश्चित कर सफलतम आयोजन सुनिश्चित करायें। जिलाधिकारी अमित किशोर ने बताया कि इस वर्ष 'उत्तर प्रदेश दिवस' आयोजन की थीम 'आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश महिला, युवा, किसान, सबका विकास सबका सम्मान' विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा। आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के आधार बनाकर सभी विभाग विशेष कार्ययोजना संचालित करे तथा संबंधित विभागों में रोजगार के अवसर के साथ क्रियान्वयन की पूरी रुपरेखा प्रस्तुत करना होगा। कोविड के दृष्टिगत विभिन्न विभागो द्वारा लाभार्थीपरक योजनाओं के लिये चयनित लाभार्थियों को सीमित व प्रतीकात्मक रुप में किया जाये। आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के लिये सभी विभागो द्वारा जो कार्य योजनाये बनायी गयीए उन सभी को आमजन के समक्ष प्रस्तुत करते हुए लाभ प्रदान किया जाये। कलाकार,शिल्पकार किसान,श्रमिक,महिलाये, युवा सभी क्षेत्र के उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को प्रतिनिधित्व प्रदान किया जाये। प्रदेश की कृषि व्यवस्था को आत्मनिर्भर बनाये जाने के लिये कई क्षेत्रो में किये गये कार्यो एवं योजनाओं के संबंध में समस्त कार्य योजनाओं का प्रस्तुतिकरण तथा लाभार्थियों के लिये विशेष अभियान संचालित किये जाये। उन्नत कृषि, पशुपालन, दुग्ध व्यवसाय, मत्स्य पालन आदि कृषि से जुड़े हुए समस्त क्षेत्रो में जनपद स्तर पर विशिष्ट कार्य करने वाले कृषकों, समूहो को विशेष रुप से आमंत्रित करते हुए उन्हे सम्मानित किया जाये तथा उनके द्वारा आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यो को प्रचारित भी किया जाये। जनपद के जिन क्षेत्रो मे उत्कृष्ट कार्य किये गये हैए उन्हे प्राथमिकता से प्रस्तुत किये जाये। 24 जनवरी को आयोजत होने वाले आरोग्य मेले के औचित्यों, उपयोगिताओ का भी व्यापक प्रचार प्रसार कराया जाये। आयोजित कार्यक्रमो में स्थानीय विद्या व कला को प्रोत्साहित किया जाये।

### बार एसोशिएशन का शपथ ग्रहण समारोह आज

**सकलडीहा,चन्दौली**। सकलडीहा बार एसोसिएशन का शपथ ग्रहण समारोह शनिवार को दोपहर दो बजे तहसील सभागार में आयोजित किया गया है। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि जिलधिकारी संजीव कुमार सिंह और विशिष्ट अतिथि अपर जिलाधिकारी अतुल कुमार होगें। उक्त आशय की जानकारी नवनिर्वाचित बार अध्यक्ष राजकुमार सिंह ने दी।

### डीएम से मिला भीम आर्मी का प्रतिनिधिमण्डल

**जौनपुर**। भीम आर्मी भारत एकता मिशन का प्रतिनिधिमण्डल जनपद के नवागत जिलाधिकारी मनीष वर्मा से शिष्टाचार मुलाकात किया। इस दौरान मिशन से जुड़े लोगों ने जिलाधिकारी को संविधान बुक और बुकें भेंट किया। वहीं जिलाधिकारी ने जनपद में बेहतर कानून व्यवस्था के प्रति भीम आर्मी के साथ जनपदवासियों को आश्वस्त किया। प्रतिनिधिमंडल में मिशन के मण्डल अध्यक्ष डाण् एके गौतमए जिलाध्यक्ष एसपी मानवए उपाध्यक्ष जितेंद्र भारतीए सुधीर सोनकरए भानु भारतीए अमरजीत गौतम एडवोकेट सहित तमाम पदाधिकारी शामिल रहे।

### चौकियां धाम में तीन दिवसीय श्रृंगार महोत्सव 23 से, तैयारियां पूर्ण

**चौकियां धाम, जौनपुर**। जिला मुख्यालय से सटे पूर्वांचल के आस्था की केन्द्र मां शीतला चौकियां धाम में 3 दिवसीय श्रृंगार महोत्सव 23 जनवरी से शुरू होगी। उक्त आयोजन को लेकर तैयारियां जोरों पर हो रही हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को मन्दिर परिसर को आकर्षण रूप से विभिन्न प्रकार के फूलों विद्युत झालरों आदि से सजाया जा रहा है। वहीं मन्दिर के अगल बगल स्थित काली माता मन्दिर व काल भैरवनाथ मन्दिर को भी आकर्षण रूप से सजाया जा रहा है। इस आशय की जानकारी मन्दिर के प्रबंधक अजय पंडा ने देते हुये समस्त भक्तों से उक्त 3 दिवसीय अनुष्ठान में पहुंचकर जीवन को पुण्य के भागी बनाने की अपील किया है।

### समाजवादी कुटिया के बच्चों ने मनायी छोटे लोहिया की पुण्यतिथि

**धर्मापुर,जौनपुर**। स्थानीय क्षेत्र के गजना के पास स्थित समाजवादी कुटिया पर शुक्रवार को समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य एवं समाजवाद के प्रेरणास्रोत छोटे लोहिया जनेश्वर मिश्रा की पुण्यतिथि मनायी गयी। कुटिया के बच्चों द्वारा उनके चित्र पर माल्यार्पण करके शत.शत नमन करते हुये विनम्र श्रद्धांजलि दी गयी। साथ ही कुटिया के संचालक ऋषि यादव ने श्री मिश्र के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर श्री चंद्र यादवए पूर्व सैनिक ठाकुरदीनए शुभमए अशोक गौड़ सहित तमाम सपाजनए कुटिया के बच्चे आदि उपस्थित रहे।

## सीवेज ट्रीटमेंट प्लाण्ट व अमृत योजना के सीवर लाइन कार्य में गड़बड़ी

### भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर गौतम गुप्ता ने पीएम.सीएम को लिखा पत्र

संवाददाता। जौनपुर

स्वच्छ गोमती अभियान ने जौनपुर में नमामि गंगे योजना तहत 206 करोड़ रूपये की लागत से बन रहे सीवेज ट्रीटमेंट प्लाण्ट व अमृत योजना तहत 264 करोड़ की लागत से हो रहे सीवर लाइन कार्य में व्याप्त गम्भीर गड़बड़ी व भ्रष्टाचार के मामले पर देश के प्रधानमंत्री एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र लिखा। अभियान के अगुवा गौतम गुप्ता के अनुसार जौनपुर में अमृत योजना तहत हो रहे रहे सीवर लाइन कार्य में व्याप्त गम्भीर गड़बड़ी, अनियमितता व भ्रष्टाचार है। जल निगम के उच्चाधिकारियों, कार्यदायी फर्म टेक्नोक्राफ्ट व प्रभावशाली लोगों द्वारा साठ–गांठ करके पहली ही रनिंग बिल के 4 करोड़ रूपये के भुगतान में लगभग 75 लाख रुपये बैरिकेटिंग व टिम्बरिंग के नाम पर ले लिये गये जबकि मौके पर न बैरिकेटिंग थी और न ही टिम्बरिंग। साथ ही वर्तमान अमृत योजना के डीपीआर में गोमती के दक्षिणी छोर ;ट्रांस गोमतीद्ध में सीवर लाइन कार्य के समूचे कार्य के दौरान केवल 850 मीटर बैरिकेटिंग ही अनुमन्य थी जबकि पहली ही बिल में मात्र 15 किमी के कार्य में 10 हजार मीटर बैरिकेटिंग का भुगतान हो गया।

### बीडीओ ने विद्यालय में हो रहे कार्यों का किया निरीक्षण

**सिद्धार्थ नगर**। खण्ड विकास अधिकारी नीरज जायसवाल ने क्षेत्र के ग्राम पंचायत बर्डपुर नंबर 10 में स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय देवरा चौधरी में महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत बच्चों के लिए बन रहे खेल का मैदान का आकस्मिक निरीक्षण कियाए निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय के आकर्षक परिवेश को देखकर प्रशंसा करते हुए इसे और आकर्षक बनाने हेतु जरूरी आवश्यक कार्यवाही व सहयोग करने का आश्वासन दिया।

श्री जायसवाल ने कहा कि शिक्षाए शासन की प्राथमिकता में शामिल हैए विद्यालय में आवश्यक आवश्यकताओं को उपलब्ध करानाए तथा शैक्षिक दृष्टिकोण से आकर्षक वातावरण का सृजन करना हम सबकी जिम्मेदारी है।

## पूर्वांचल विद्यालय परिषद ने स्कूल खोलने की मांग के साथ डीएम को सौंपा पत्रक



**देवरिया**। पूर्वांचल विद्यालय परिषद के कार्यकर्ताओं ने शुकरवार को राज्यपाल के नाम का ज्ञापन जिला अधिकारी को सौंपा । जिसमें कहा कि कोरोना महामारी के कारण 11 माह से बंद पड़े निजी विद्यालयों को पुनः खोले जाने तथा अन्य समस्याएं को हल करने की मांग को लेकर पूर्वांचल विद्यालय परिषद के अध्यक्ष शब्बीर आलम के नेतृत्व में पहुंचे थे । जहा जिलाधिकारी को अपनी चार सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा । जिसमें कहा कि 11 माह से स्कूल बंद पड़े हैं जिसमें निजी विद्यालय संचालकों के सामने काफी दिक्कतें आ रही हैं वही शिक्षकों और शिक्षा उत्तर कर्मचारियों एवं प्रबंधकों की दयनीय दशा हो गई है। खोलने की गाइडलाइन जारी करने के लिए स्कूलों को 1 फरवरी से 2021 तक खोल दिया जाए जिसमें क्लास 6 से 8 तक हो वही नर्सरी से 5 तक 15 फरवरी तक स्कूल खोलने के आदेश जारी किए जाए।

### अराजक तत्वों ने तोड़ी सुभाष प्रतिमा की ग्रिल



**देवरिया** । अराजक तत्वों ने गुरुवार की देर रात को जहां नेताजी तिराहा पर सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा में लगे ग्रिल को तोड़ दिया । जिसको लेकर आजाद हिंद सेना वाहिनी के संस्थापक सदस्य ऋषि पांडे ने धरने पर बैठ गए जहां धरने की सूचना पर एसडीएम सौरभ सिंह सीओ निष्ठा उपाध्याय और कोतवाल सहित पुलिस पहुंच गयी । एसडीएम को ज्ञापन सौंपा । ऋषि पांडे ने दिए गए ज्ञापन में कहा की अराजक तत्वों की गिरफ्तारी हो क्योंकि कुछ दिन पहले ही सुभाष चंद्र बोस की मूर्ति पर कालिख पोती गई थी और जूते फेंके गए थे पुलिस की समुचित इस तिराहे पर व्यवस्था की जाए और जो नुकसान हुआ है उसको को तुरंत अविलंब पूरा कराया जाए इस दौरान राजेश एसोनू एसकलेन एनर्वदेश्वर मणि सहित आदि लोग उपस्थित थे ।

### हुनर विकास के तहत 270 किशोरी बनी आत्मनिर्भर

**सकलडीहा,चन्दौली**। केन्द्र और प्रदेश सरकार महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने को लेकर तरह तरह की योजनायें संचालित कर रही है। इसी क्रम में मनिहरा अमर ज्योति केन्द्र के द्वारा किशोरी हुनर विकास के तहत विभिन्न प्रकार की हुनर का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस दौरान 270 किशोरियों को आत्मनिर्भर के तहत प्रशिक्षित किया गया। वही 95 किशोरियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कोरोना महामारी के कारण ग्रामीण अंचल में काफी परेशानी हुई। इस क्रम में अमर ज्योति केन्द्र के निदेशक फादर ज्ञान प्रकाश द्वारा गांव गांव में जागरूकता अभियान चलाकर किशोरियों को निरूशुल्क प्रशिक्षण देकर हुनरमंद बनाने की मुहिम शुरू किया है। इस क्रम में 270 किशोरियों को प्रशिक्षण देकर कुशनए कढ़ाईए बुनाईए सिलाई दर्पणए चूड़ीकेशए द्वार गेटए डोलचीए सिंगारदानए गिफ्ट आइटम आदि का प्रशिक्षण देकर हुनर मंद बनाया। यही नही इनके द्वारा तैयार सामाग्री बाजारों में खरीदारी शुरू होने से किशोरी आत्मनिर्भर हो रही है। इस बाबत फादर ज्ञान प्रकाश ने बताया कि किशोरियों को हुनर मंद बनाकर सरकार की मंशा के अनरूप आत्म निर्भर बनाया जा रहा है। इस मौके पर प्रशिक्षक पूनमए सविताए अनिताए प्रोग्राम कोऑडिनेटर सुजीत कुमारए संदीप कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

### कक्षा एक से आठ तक के दिव्यांग बच्चों को जांच करके दिया जायेगा उपकरण : बीएसए

**जौनपुर**। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी ने बताया कि राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा अभियान लखनऊ के अनुपालन में समेकित शिक्षा के अन्तर्गत 6 से 14 वर्ष कक्षा 1 से 8तक के दिव्यांग सीडब्ल्यूएसएन बच्चों को एलिम्को, कानपुर से आये विशेषज्ञ द्वारा जॉच कर उपस्करध्उपकरण के लिए पंजीकृत कर परीक्षण के उपरान्त रसीद दी जायेगी। परीक्षण एवं पंजीकरण 5 फरवरी दिन शुक्रवार को, उपकरण वितरण 10 मार्च दिन बुधवार को बीआरसी मुफ्तीगंज एवं परीक्षण एवं पंजीकरण 6 फरवरी दिन शनिवार उपकरण वितरण 12 मार्च दिन शुक्रवार को बीआरसी सिकरारा में प्रातः 9 बजे से कैम्प समाप्त होने तक किया जायेगा। शिविर में दी जाने वाली सुविधायें,शारीरिक दिव्यांग बच्चों हेतु बैशाखी, वाकिंग स्टिक व्हील चेयर ट्राई साइकिल आदि के लिए पंजीकरण एवं वितरण दृष्टि दिव्यांग बच्चों हेतु व्हाइट केन,स्मार्ट केन नेत्रहीन की छड़ी एवं ब्रेल किट नेत्रहीनों के लिखने.पढ़ने सम्बन्धी उपरकण के लिए पंजीकृत एवं वितरण, वाक् श्रवण दिव्यांग ,मूक,बधिर, बच्चों हेतु कान की जॉच एवं हियरिंग ऐड ,कान की मशीन, के लिए पंजीकरण एवं वितरण, बौद्धिक दिव्यांग बच्चों हेतु एमआर किट, पढ़ने–लिखने एवं अभ्यास सामग्रीद्ध हेतु पंजीकरण एवं वितरण किया जायेगा।

### गोपनीय आख्या के खिलाफ 7 से होगी आंदोलन की शुरूआतः अमित सिंह

**जौनपुर**। बीते 8 जनवरी को बेसिक शिक्षा परिषद विभाग द्वारा निर्देश दिया गया कि परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों का मूल्यांकन कर वार्षिक गोपनीय आख्या ब्लाक व जनपद के अधिकारियों द्वारा विभाग को प्रेषित की जाएगी। गोपनीय आख्या के आधार पर ही शिक्षकों की वेतन वृद्धि व पदोन्नति की जाएगी। इस संदर्भ में प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय संगठन मंत्री व जिलाध्यक्ष अमित सिंह ने उपरोक्त आदेश को पूर्ण रूप से अव्यवहारिक एवं शिक्षकों का शोषण करने वाला बताया। विभाग द्वारा जारी निर्देशनुसार विद्यालय में कायाकल्प के तहत होने वाले कार्यों हेतु भी अंक तय कर उनका उल्लेख शिक्षकों की गोपनीय आख्या में करने की व्यवस्था की गई है।

## 25 जनवरी को समाजवादी प्रबुद्ध प्रकोष्ठ की होगी बैठक : विजय

संवाददाता। देवरिया



25 जनवरी को समाजवादी प्रबुद्ध प्रकोष्ठ की होगी बैठक उक्त बातें जलपान गृह में पत्रकार वार्ता के दौरान सपा के वरिष्ठ नेता विजय प्रताप मणि त्रिपाठी और डब्लू मणि नहीं कहीं ।

उन्होंने आगे कहा कि इसकी अध्यक्षता विधायक मनोज पांडे वाह पूर्व विधानसभा अध्यक्ष माता प्रसाद पांडे मुख्य अतिथि होंगे यह बैठक एग्जाम के पास कैंप कार्यालय पर आयोजित की जाएगी उन्होंने आगे कहा कि केंद्र सरकार को काले कानून जो किसानों के विरुद्ध है उनको शीघ्र वापस लेना चाहिए और किसानों की मांगों को मान ली चाहिए क्योंकि किसान जो है वह आनंद आता है और समाजवादी पार्टी किसानों के साथ खड़ी है किसानों के समर्थन में समाजवादी पार्टी हमेशा खड़ी रहेगी वहीं प्रदेश सरकार में कानून व्यवस्था गिरती जा रही है जहां अधिकारी निरंकुश होते जा रहे हैं जनता भाजपा सरकार से प्रताड़ित हो चुकी है चुनाव में इसका जवाब देगी। वहीं सपा के वरिष्ठ नेता विजय रावत ने कहा कि किसानों के ट्रैक्टर रैली के समर्थन में देवरिया में भी ट्रैक्टर रैली का आयोजन समाजवादी पार्टी करेगी इस दौरान मनोज यादव सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने का एसडीएम ने दिया निर्देश

संवाददाता। सकलडीहा,चन्दौली

शासन के निर्देश पर आगामी 31 जनवरी को पल्स पोलियो अभियान बूथ स्तर पर चलाया जायेगा। इसे लेकर उपजिलाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्रवार को सीएचसी पर अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। वही अभियान को सफल बनाने के लिये स्वास्थ्य कर्मी और अधिकारियों को जुट जाने को बताया। पल्स पोलियो अभियान को गति देने के लिये शासन स्तर पर तैयारी शुरू है। इस क्रम में 31 जनवरी को 120 बूथ पर अभियान चलाकर पोलियों ड्राप पिलाया जायेगा।

इसके बाद 1 फरवरी से 5 फरवरी तक 79 टीम द्वारा डोर टू डोर जाकर पोलियों की खुराक दिया जायेगा। जिसकी निगरानी चार सेक्टर एएमओ और 24 सुपरवाईजर को दिया गया है। इसके लिये आशाए एएनएम आगनाबाड़ी व एनजीओ को अभियान को सफल बनाने का निर्देश दिया गया। अंत में सीएचसी का एसडीएम ने मुआयना कर कोरोना वायरस टीकाकरण के बारे में विस्तार से जानकारी लिया। सीएचसी को साफसफाई व वार्ड को बेहतर रखने का निर्देश दिया। इस मौके पर सीएचसी अधीक्षक डा योगेन्द्र , डा कुमार विमल, डा बीके प्रसाद, डा पूजा सिंह, एचईओ रजनीकांत रायए जयनारायण यादव, संतोष सिंहए उपेन्द्र कुमार, शाहिद आलम सहित अन्य मौजूद रहे।

## पत्रकार इलेवन ने एंबीशन को दस विकेट से हराया

संवाददाता। मुगलसराय,चन्दौली



पड़ाव स्थित एंबीशन इंस्टीच्यूट परिसर में इंस्टीच्यूट की प्रशासनिक टीम व पत्रकार इलेवन के बीच बृहस्पतिवार को एक मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। जिसमें पत्रकार इलेवन ने दस विकेट से मैच जीतकर ट्राफी पर कब्जा किया। बल्ले और गेंद से अच्छा प्रदर्शन के लिए मोण्सैफ को मैन ऑफ द मैच मिला। मैच का शुभारंभ इंस्ट ीच्यूट के प्रधानाचार्य डा.एसके उपाध्याय ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी एंबीशन इंस्टीच्यूट की टीम निर्धारित 12 ओवर में पांच विकेट खोकर 141 रन बनाए। पत्रकार इलेवन की ओर से महेंद्र पटेल ने किफायती गेंदबाजी करते हुए तीन विकेट झटके। बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी पत्रकार इलेवन की ओर से मोण्सैफऔर महेंद्र पटेल ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 20 गेंद शेष रहते टीम को दस विकेट से जीता दिया। मोण्सैफने मात्र 32 गेंद पर 102 रन बनाए। मैच फिनिशर के रूप में आए पत्रकार इलेवन के कप्तान नितिन गोस्वामी ने चौका मारकर अपनी टीम को आसान जीत दिला दी जबकि एंपायर आशुतोष दुबे हिमांशु सिंह स्कोरर साचेत शुक्ला रहे । पत्रकार इलेवन के कप्तान नितिन गोस्वामी और खिलाड़ी अजय रायए, कमलेश गिरी,चंद्रमौली केशरी, राजेंद्र प्रकाश, सुनील सिंह,ए सुनील कुमार, शमशेर, अभिषेक, धर्मेंद्र सिंह, सुनील यादव, आदि मौजूद रहे। वहीं इंस्टीच्यूट के कप्तान ओपी गौतम, एसपी सिंह, तनुज,ज्ञानचंद, आशीष,विकास पांडेय,चंद्रेश, मनोज, हरेराम आदि मौजूद रहे।

### अहमदपुर को आदर्श गांव बनाना ही मुख्य उद्देश्यः चन्द्र प्रकाश शुक्ला

**जौनपुर**। युवा उद्यमी एवं समाजसेवक चंद्र प्रकाश शुक्ला ष्रिंकू पंडितष् ने कहा कि ग्रामसभा अहमदपुर विकास खंड सिरकोनी आज तक विकास की मुख्य धारा से नहीं जुड़ा है। गांव में चकबंदी प्रक्रिया न हो पाना इसका मुख्य कारण है। ब्राह्मण जाति के लोग आज भी अपने दरवाजे तक पगडंडी पकड़कर जाने को विवश हैं जबकि गांव की दूरी जिला मुख्यालय से मात्र 3 किलोमीटर है। उन्होंने कहा कि ग्राम प्रधान सहित अन्य जनप्रतिनिधि द्वारा अदूरदर्शिता के चलते ग्रामसभा के प्रजापति बस्ती के लिये रास्ता नहीं है। ऐसे में बरसात में कीचड़ और पानी से गुजरकर घर जाने को लोग विवश हैं।

# समाजवादी नेता अंजनी सिंह ने मनाया छोटे लोहिया की पुण्यतिथि

## जनेश्वर मिश्रा छात्रों युवाओं गरीबों के प्रेरणाश्रोत हैं : अंजनी

सवांददाता। धानापुर,चन्दौली



**क्षेत्र** के खड़ान कांधरपुर गाँव में समाजवादी नेता पूर्व सैनिक अंजनी सिंह ने शुक्रवार को ग्रामीण किसानों युवाओं संग छोटे लोहिया के नाम से विख्यात जनेश्वर मिश्रा की पुण्यतिथि मनाई। सपा नेता ने कहा छोटे लोहिया गरीबों छात्र नौजवानों के लिए प्रेरणास्रोत हैं उन्होंने छात्र जीवन से ही संघर्षों की शुरुवात की थीए उनके जीवन पर डा राममनोहर लोहिया जयप्रकाश नारायण एवं राजनारायण का बहुत बड़ा प्रभाव था वो अपने जीवन में कभी भी संघर्षों से घबराते नहीं थे उनके प्रभाव से विपक्ष इस कदर घबराया था कि उन्हें ठीक चुनाव के दौरान जेल भेज दिया। माननीय नेता जी मुलायम सिंह यादव उन्हें बहुत सम्मान करते थे और जनेश्वर मिश्रा ने नेता जी की बातों को कभी नहीं काटा इतना ही नहीं नेता जी के जेल जानें की सूचना पाकर छोटे लोहिया ने समाजवादी आंदोलन की बागडोर अपने हाँथ में सम्हाला और पत्नी की बिमारी के बावजूद भी वो जेल गए उनके पत्नी के मृत्यु की खबर भी उन्हें जेल में ही मिली फिर भी वो जमानत की दया नहीं लिए इस दौरान सतीश सेठ आका अजीत सिंह प्रदीप सिंह अरुण सिंह भोलू सिंह विवेक सिंह विपुल सिंह अभिषेक सिंह ऋषभ सिंह तुलसी राम धनंजय रामए जयशंकर खरवार सहित अन्य ग्रामीण किसान मौजूद रहे।

### उप्र लेखपाल संघ नौगढ़ तहसील इकाई का द्विवार्षिक चुनाव

**सिद्धार्थनगर**। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ नौगढ़ तहसील इकाई का चुनाव संपन्न हुआ। अध्यक्ष पद पर सुधीर श्रीवास्तव पुनः अध्यक्ष निर्वाचित हुए। उपाध्यक्ष पद पर शशांक और मंत्री पद पर देवानंद ने सफलता हासिल की। अन्य पदों पर भी विजयी उम्मीदवारों की घोषणा हुई।सदर तहसील में चुनाव अधिकारी राजेश कुमार एवं सुनील सिंह के देखरेख में लेखपाल संघ के द्विवार्षिक चुनाव में अध्यक्ष पद पर सर्वाधिक 58 मत पाकर सुधीर श्रीवास्तव दूसरी बार अध्यक्ष बनने में सफलता हासिल की। प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवार कृष्ण भूषण द्विवेदी को मात्र 53 मतों पर ही संतोष करना पड़ा। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर शशांक गौतम आनंद ने जीत दर्ज की। शशांक को 62 मत मिले तो निकटतम प्रत्याशी हसन तमीम को सिर्फ 48 वोट ही प्राप्त हुए। कनिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए विंदुसार मौर्या निर्वाचित घोषित किए गए। इन्हें 62 मत प्राप्त हुआ। जबकि प्रतिद्वंद्वी प्रत्याशी अर्जुन कुमार यादव को 49 मतों पर संतोष करना पड़ा। सबसे अहम पद मंत्री के लिए हुए चुनाव में देवानंद ने सर्वाधिक 57 मत पाकर जीत का सेहरा बांधा।

# शाखा प्रबंधक समेत चार के खिलाफ जालसाजी का केस, हड़कंप

संवाददाता। लालगंज, प्रतापगढ़

**कोतवाली** पुलिस ने जालसाजी तथा धोखाधड़ी को लेकर बैंक मैनेजर समेत चार आरोपियों के खिलाफ गुरूवार की रात केस दर्ज किया है। कोतवाली के मुल्तानीपुर निवासी सचिन कुमार विश्वकर्मा ने दी गई तहरीर मे कहा है कि एसबीआई की लीलापुर शाखा मे उसका बचत खाता संचालित है। पीड़ित का कहना है कि बीते वर्ष तीन जनवरी को वह शाखा मे केवाईसी अपडेट कराने गया। तब शाखा प्रबंधक राममोहन जायसवाल ने कहा कि दो लाख से अधिक रूपया रखकर क्या करोगे और उसे झांसे में लेकर दो लाख रूपये म्युचुअल फण्ड में जमा करा दिया। प्रबंधक ने पीड़ित से क्रेडिट कार्ड भी बनवाने को कहा। तब वहां उनके साथ मौजूद एजेण्ट रूपा सिंह को उसका क्रेडिट कार्ड बनवाये जाने को कहा। इसके बाद रूपा व एजेण्ट रवि यादव ने उसे धोखे मे रखकर क्रेडिट कार्ड निर्गत कराया।

बीते वर्ष सत्ताईस मार्च को उसके मोबाइल पर पैसे कटने का संदेश आया। इस बीच आरोपियो ने फोन से पीड़ित के क्रेडिट कार्ड से एक लाख सैंतीस हजार सात सौ छाछठ रूपये निकाल लिया। वहीं फोन के जरिए ही क्रेडिट कार्ड से सत्ताईस हजार चार सौ तेरह रूपये काट भी लिया। जानकारी होने पर वह बैंक पहुंचा तो धनराशि की जालसाजी से हस्तांतरण होने से आवाक रह गया।

शाखा प्रबंधक से शिकायत की तो आरोप है कि प्रबंधक ने कस्टूमर केयर से बात करने की सलाह देकर पल्ला झाड़ लिया। इसके बाद उसने एएसपी पश्चिमी से मिलकर शिकायती पत्र दिया। लीलापुर पुलिस चौकी जांच के बाद भी कार्रवाई करने मे हीलाहवाली कर रही थी। तब पीड़ित ने घटना के बाबत सीओ जगमोहन से मिलकर तहरीर सौंपी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने गुरूवार की रात आरोपी शाखा प्रबंधक समेत तीन के खिलाफ धोखाधड़ी व जालसाजी का केस दर्ज किया है। इस बाबत प्रभारी कोतवाल रामअधार का कहना है केस दर्ज किया गया है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी। इधर आरोपी शाखा प्रबंधक से बात करने का प्रयास किया गया किंतु फोन पर संपर्क नही हो सका। वहीं शाखा प्रबंधक के खिलाफ जालसाजी का केस दर्ज होने की जानकारी होने पर इलाके मे हडकंप दिखा।

# वर्चुअल बैठक में विकास से जुड़े सभी मुद्दों पर बिंदुवार चर्चा हुई



**अमेठी।** शुक्रवार को जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सांसद स्मृति जुबिन इरानी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से आयोजित की गई। वर्चुअल मीटिंग में जनपद के माननीय जनप्रतिनिधि गण व अधिकारीगण जुड़े रहे। बैठक में जिले के विकास से जुडे सभी मुददों पर बिंदुवार चर्चा हुई। बैठक में जिलाधिकारी अरुण कुमार ने जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति से संबंधित समस्त योजनाओं का बिंदुवार प्रस्तुतीकरण किया। सांसद ने मनरेगा, दीनदयाल अंत्योदय योजनाए दीनदयाल उपाध्याय योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रमए प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण/शहरी), स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण/शहरी), डिजिटल भारत भू.अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रमए डिजिटल इंडिया पब्लिक इंटरनेट एक्सेस प्रोग्राम, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण ज्योति योजना, उज्जवला योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, सर्व शिक्षा अभियान, बाल विकास सहित अन्य योजनाओं पर गम्भीरता से चर्चा की। जिलाधिकारी ने बिंदुवार समीक्षा के दौरान सांसद को अवगत कराया कि मनरेगा योजना अंतर्गत जनपद के चिन्हित 2100 तालाबों के सापेक्ष 1591 तालाबों का कार्य पूर्ण कराया गया है शेष 509 तालाबों पर कार्य प्रगति पर हैए लॉकडाउन की अवधि में 18591 प्रवासी श्रमिकों में से 14716 प्रवासी श्रमिकों को रोजगार प्रदान किया जाए किया गया है। उन्होंने बताया कि कन्वर्जंस विभाग द्वारा श्रमांश पर रुपए 203.40 लाख व्यय करते हुए 101194 मानव दिवस सृजित किए गए हैं। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन मैं वार्षिक लक्ष्य 2324 के सापेक्ष 1156 समूहों का गठन करते हुए 768 समूहों को रिवाल्विंग फंड उपलब्ध कराया गया है, समूह बैंक लिंकेज के वार्षिक लक्ष्य 619 के सापेक्ष 78 समूहों को सीसीएल बैंक से ऋण लिंक की सुविधा उपलब्ध कराई गई है तथा 38 समूहों को बैंक ऋण लिंक स्वीकृत कराया गया हैए स्कूल ड्रेस लक्ष्य 76721 तैयार कर समूह द्वारा जनपद के विद्यालयों में वितरण कराया गया है। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत कुल 1278 अभ्यर्थियों को सेवायोजित किया गया। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत विकासखंड भेटुआ में स्वीकृत हारीपुर से रसवादा मार्ग लंबाई 7.90 किमी का कार्य पूर्ण हो गया है। बैठक के दौरान जनप्रतिनिधियों ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत क्षतिग्रस्त सड़कों का मुद्दा उठायाए इसके साथ ही पेयजल योजना अंतर्गत पाइपलाइनए बोरिंग की गुणवत्ता खराब होने की शिकायत कियाए जनपद में निस्प्रयोज्य विद्यालयों के ध्वस्तीकरण को लेकर शिकायत किया। जिस पर सांसद ने जिलाधिकारी को उक्त कार्यों की जांच कराने के निर्देश दिए।

## क्विक न्यूज

### मोबाइल फोन व कीमती सामान चोरी

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने अज्ञात के खिलाफमोबाइल तथा कीमती सामान की चोरी का केस दर्ज किया है। नेताजीपुरम् के रामचंद्र शुक्ल ने दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती बीस जनवरी की रात्रि अज्ञात चोर उसके बरामदे से मोबाइल फोन व कुछ कीमती सामान चुरा ले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने गुरूवार की रात चोरी का केस दर्ज किया है।

### वकीलों ने न्यायिक कामकाज का किया बहिष्कार

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सिविल न्यायालय मे कोर्ट के संचालन मे मनमानी समयावधि तथा अधिवक्ताओं की गैरमौजूदगी मे पत्रावलियों के निस्तारण का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को वकीलों ने न्यायिक कामकाज का बहिष्कार किया। वकीलों ने जिला जज को ज्ञापन भेजवाकर स्थानीय न्यायालय के संचालन मे उत्पन्न समस्याओं के निस्तारण कराये जाने की मांग भी की है। वहीं संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश की अध्यक्षता मे हुई बैठक के बाद कई मांगो को लेकर न्यायिक कामकाज से विरत रहने का निर्णय लिया गया। बैठक का संचालन वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिनेश सिंह ने किया। इस मौके पर टीपी यादव, पवन पाण्डेय, संजय ओझा, वीरेन्द्र सिंह, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, जीतेन्द्र सिंह, आशुतोष सिंह, आद्या प्रसाद शुक्ल, शहजाद अंसारी, पवन गौतम, ओमप्रकाश जायसवाल, आरबी सिंह, जान्हवी प्रताप सिंह आदि अधिवक्ता रहे।

### मांगों को लेकर पांचवें दिन जारी रहा धरना

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय पीडब्लूडी गेट के समीप भारतीय किसान यूनियन अ का पांचवे दिन शुक्रवार को भी धरना प्रदर्शन जारी रहा। प्रदेश सचिव लक्ष्मीकांत पाण्डेय ने कहा कि किसानो से जुडी पांच सूत्रीय मांग के समाधान मे प्रशासन रूचि नही ले रहा है। उन्होनें कहा कि ठण्ड मे किसान परेशान है किंतु प्रशासनिक लालफीताशाही मे सुनवाई नही हो रही है। उन्होनें नगर के जंगली वीर बाबा मे जाने के लिए सरकारी तालाब से लगे पुराने रास्ते को बाधित करने का भी आरोप लगाया है। बैठक की अध्यक्षता नंदलाल तिवारी ने किया। संचालन राकेश गिरि ने किया। इस मौके पर अनीता गौतम, मालती मौर्या, गुलाबा देवी, सुखरानी, रवि वर्मा आदि रहे।

### अनुपस्थित 7 कार्मिकों से डीएम ने स्पष्टीकरण प्राप्त करने के दिये निर्देश

**प्रतापगढ़ ।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित पंजिका का अवलोकन किया तो उसमें प्रधान सहायक उमाशंकर मिश्र व कौशल कुमार पाण्डेय, वरिष्ठ सहायक अतुल कुमार विश्वकर्मा, दफ्तरी रामदेव एवं परिचारक के रूप में मीना तिवारी, श्याम शंकर सरोज व सुरेन्द्र कुमार दूबे अनुपस्थित पाये गये, जिस पर जिलाधिकारी अनुपस्थित 07 कार्मिकों से स्पष्टीकरण प्राप्त करने हेतु जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया कि सभी कार्मिक निर्धारित समय पर कार्यालय में उपस्थित रहे और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये।

### सपाइयों ने छोटे लोहिया को किया याद



**मुसाफिरखाना, अमेठी।** शुक्रवार को स्थानीय कस्बा स्थित राम लीला मैदान में जनेश्वर मिश्र की पुण्य तिथि पर सपा नेता राकेश तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सपा प्रबुद्ध सभा के प्रदेश सचिव राकेश तिवारी की अध्यक्षता में जाने माने समाजवादी नेता छोटे लोहिया जनेश्वर मिश्र की 22 वीं पुण्यतिथि पर कार्यक्रम आयोजित कर सपाइयों ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की ।सपा नेता राकेश तिवारी ने उनके व्यक्तित्व के साथ ही उनके जीवन संघर्षों पर विस्तार से चर्चा करते कर्मयोगी बताया ।उन्होंने समाजवादी आंदोलन में डॉ लोहिया के साथ मिलकर आजीवन समता मूलक समाज की स्थापना के लिए प्रयास रत रहे।कार्यक्रम में दर्जनों सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कुपोषण से मुक्ति के लिए जागरूकता मिशन की सबसे बड़ी आवश्यकता, अति कुपोषितों को भेंट की गईं गायें



स्थानीय ब्लाक मुख्यालय पर आईसीडीएस द्वारा अति कुपोषित नौनिहालों के लिए गाय भेंट करते एसडीएम व अन्य

**लालगंज, प्रतापगढ़।** गरीब तपके के नौनिहालों को कुपोषण से बचाव के लिए नौनिहालो के अभिवावको को शासकीय योजना के तहत निशुल्क गायें प्रदान की गई। जिले की रामपुरखास बाल विकास परियोजना ने इस महाभियान की शुरुवात की है। स्थानीय बाल विकास परियोजना कार्यालय परिसर में सीडीपीओ अनुपम मिश्रा के संयोजन में आयोजित सुपोषण के तहत एसडीएम रामनारायण ने दो अतिकुपोषित चिन्हित बच्चों के लिये गो शाला की गायें इनके अभिवावको को भेंट की। लालगंज ब्लाक के पूरे वंशी गाँव की नाजिया व लवी के लिये पहाड़पुर स्थित गो शाला से मंगायी गयी गायें पाल्यों को भेंट की गयीं। सीडीपीओ सुश्री अनुपम मिश्रा ने अभियान की जानकारी देते हुये कहा कि कुपोषण के खिलाफछिड़ी जंग में अब अतिकुपोषित बच्चों को पौष्टिक आहार के साथ गाय का शुद्ध दूध उपलब्ध हो सकेगा। बतौर मुख्य अतिथि एसडीएम रामनारायण ने कहा कि भावी पीढ़ी को कुपोषण से बचाना आज सबसे बड़ी सामाजिक व राष्ट्रीय जिम्मेदारी है। उन्होने अभियान की सफलता के लिये जागरुकता पर जोर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीडीओ मुनौव्वर खांन ने व संचालन कार्यकत्री नीरा पाल ने किया। कार्यक्रम के दौरान गो माता का पूजन व पौष्टिक भोग भी लगाया गया। इस मौके पर एडीओ पंचायत राजेश तिवारी, पशुचिकित्साधिकारी डा. सूरज नारायण, आशा शुक्ला, निरंजन प्रकाश तिवारी आदि रहे।

## छोटे लोहिया की पुण्यतिथि पर सम्मानित हुये कलमकार

**ललितपुर।** महान समाजवादी विचारक पं जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि पर समाजवादी पार्टी के तत्वाधान में जिला कार्यालय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी के दौरान जिले के वरिष्ठ पत्रकारों को सम्मानित किया गया। तो वहीं कार्यकर्ताओं से छोटे लोहिया के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया गया। संगोष्ठी की अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष तिलक यादव एड ने की जबकि संचालन जिला महासचिव कृष्ण स्वरूप निरंजन ने किया। संगोष्ठी के दौरान कृषि बिल के खिलाफ देश में चल रहे किसान आंदोलन से जिले के किसानों को भी जागरूक करने का आह्वान किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक रमेश कुशवाहा पूर्व विधायक फेरन लाल पूर्व जिला अध्यक्ष सपा ज्योति लोधी विजय सिंह यादव शिक्षक प्रवक्ता खुशाल चंद साहू के अलावा अन्य समाजवादी कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में चालक का शव ट्रक के केबिन से बरामद

**बाराबंकी।** संदिग्ध परिस्थितियों में ट्रक चालक का शव मिलने से हड़कम्प मच गया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा है और छानबीन में जुटी है।

विवरण के अनुसार कोतवाली नगर क्षेत्र के हाईवे पर हुजूरपुर बहराइच का एक ट्रक जो कुर्सी थाने के अनवारी में प्लाई फैक्ट्री से लकडी के चिप्स लादकर तिवारी गंज लखनऊ में छोड़ा था और उसके बाद पोल्ट्री फार्म से मुर्गी का दाना लेकर आया और अपने ट्रक मालिक को फोन करके बताया कि मेरे पास पैसे नही तो मालिक रिज़वान पुत्र इमरान निवासी जरवल रोड ने चालक को 500 सौ रुपये पेटीएम के माध्यम से भेजे तो वह ट्रक में 500 का डीजल डलवाकर वापस तिवारी गंज चला गया और वहां उसने ट्रक में डीजल भरवाया फिर उसका फोन स्वीच आफ हो गया उसके ट्रक की खड़े के होने की सूचना दूसरे ट्रक चालक ने ट्रक मालिक रिज़वान को फोन पर जानकारी दी तो मालिक मौके पर पंहुचे और पुलिस को सूचना दी मौके पर पँहुची पुलिस ने देखा तो ट्रक सही सलामत खड़ा था और ट्रक के केबिन में चालक राजाराम(52) पुत्र मुक्तनाथ ओझा निवासी छतरपुर सकरौरा थाना कर्नलगंज गोण्डा मृत अवस्था मे पड़ा था और उसके पास में शराब खाली बोतले पड़ी हुई थी और जाहिरा चोट न होने से ठंडक में शराब का अत्यधिक सेवन के बाद मौत होने की आशंका जता रही है।कोतवाली नगर प्रभारी निरीक्षक पंकज सिंह ने बताया कि किसी प्रकार की कोई तहरीर नही मिली शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाई की जाएगी।

# मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड ने राज्यपाल को संबोधित अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन



**बाराबंकी।** मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर रामपुर स्थित मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी पर सरकार द्वारा अवैध कब्जे के विरुद्ध कार्यवाही को लेकर महामहिम राज्यपाल महोदय को संबोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन जिला अधिकारी द्वारा अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा ।

मांग पत्र यूथ बिग्रेड जिला अध्यक्ष शाफे जुबेरी ने महामहिम राज्यपाल महोदय को पांच मांगे जोन सिर्फ उत्तर प्रदेश बल्कि पूरे हिंदुस्तान और हिंदुस्तान के बाहर भी अज़ीम पहचान रखने वाली शैक्षणिक संस्था मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी पिछले कई महीनों से नफरत और द्वेष भावना तथा राजनीति का शिकार हो रही है कभी इस शैक्षणिक संस्था के मुख्य द्वार को ध्वस्त करने के सरकारी आदेश आते हैं कभी यहां स्थित अजीम लाइब्रेरी को अपनी नफरत का अड्डा सरकार बनाती है तो कभी इसकी दीवारों पर सरकारी बुलडोजर चलाया जाता है और अब तमाम हदों को पार कर सरकार एक हिटलरी फरमान जारी करती है और उस फरमान के आधार पर इस महान शैक्षणिक संस्था पर अपनी मिल्कियत का दावा करते हुए यूनिवर्सिटी बंद कर उन पूंजीपतियों को मजबूत करना चाहती है जिन्होंने शिक्षा को मात्र व्यापार के रूप में स्थापित कर लिया है और पूरे उप्र सहित तमाम हिन्दोस्तान को यह मालूम है कि प्रायवेट यूनिवर्सिटी के रूप में पूरे उप्र में सबसे सस्ती शिक्षा मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी द्वारा प्रदान की जा रही ।शिक्षा को कमज़ोर लोगों से दूर रखने की मंशा और शिक्षा को व्यापार की शक्ल में स्थापित करने वाले पूंजीपतियों की मदद की मंशा से ही इस शिक्षा के मंदिर को तबाह करने के मक़सद से सरकार इस तरह के फरमान जारी कर रही है।

## किसान नेताओं को पुलिस ने घर में किया नजरबंद



**बाराबंकी।** किसान विरोधी कृषि कानून के विरोध में होने वाले ट्रैक्टर रैली को लेकर जिला प्रशासन काफी सख्त रुख अख्तियार कर रहा है किसान संगठनों के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की सूची तैयार कर उन्हें घर में नजरबंद रखने का सिलसिला जारी है बीती रात ऐसा ही एक मामला तब संज्ञान में आया है जब भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुटके नेता मोहम्मद इस्माइल एवं मोहम्मद अशफाक सिद्दीकी को बाहर न निकलने की चेतावनी दी है जिसके बाद से उक्त दोनों नेता घर में ही नजर बंद हो गए हैं विदित हो कि इससे पूर्व भी कई संगठन के किसान नेताओं को शांति भंग की धाराओं में जेल भेजा जा चुका है जिससे किसानों में आक्रोश है उल्लेखनीय है कि कृषि कानून के विरोध में किसान दिल्ली बॉर्डर पर धरना दे रहे हैं तथा 26 जनवरी को ट्रैक्टर परेड का ऐलान भी किया है इसे रोकने के लिए प्रशासन ने पूरी तरह से कमर कस लिया है और संगठन नेताओं पर पूरी तरह से नजर गड़ाए हुए हैं ।

# गणतंत्र दिवस समारोह को गरिमापूर्ण एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जाये: डीएम

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में गणतंत्र दिवस समारोह मनाये जाने के सम्बन्ध में बैठक की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि गणतंत्र दिवस गरिमापूर्ण एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जाये। गणतंत्र दिवस के अवसर पर सभी कार्यालयाध्यक्ष एवं कर्मचारी की उपस्थिति अनिवार्य रूप से रहेगी, किसी भी अधिकारी एवं कर्मचारी की छुट्टी स्वीकृत नही की जायेगी और सभी अपने-अपने कार्यालयों में उपस्थित रहकर ध्वजारोहण कार्यक्रम में सम्मिलित होगें, राष्ट्रगान करेगे तथा भारतीय गणतंत्र दिवस एवं स्वच्छता की शपथ भी लेगें। जिलाधिकारी ने कहा कि कोविड-19 को दृष्टिगत रखते हुये कोरोना वायरस से बचाव हेतु भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों का अनुपालन करते हुये गणतंत्र दिवस समारोह सुव्यवस्थित एवं सादगी के साथ मनाया जाये। इस अवसर पर राष्ट्रीय एकता, अखण्डता, धर्म-निरपेक्षता और साम्प्रदायिक सौहार्द की भावना को मजबूत बनाने पर बल दिया जाये। उन्होने कहा कि चौराहों पर जो महापुरूषों की प्रतिमायें स्थापित की गयी है उनकी साफ-सफाई करायी जाये तथा माल्यार्पण किया जाये। प्रदेश सरकार द्वारा समाज के विभिन्न वर्गो के हित तथा विकास के लिये संचालित महत्वपूर्ण योजनाओं एवं कार्यक्रमों के सम्बन्ध में जनसाधारण को बताया जाये। सभी धर्मो और सम्प्रदायों के लोग भारत के नागरिक है और उनमें शांति, पारस्परिक सद्भाव व एकता से ही राष्ट्र उन्नति कर सकता है इसके लिये लोगों को प्रेरित और तैयार किया जाये, इसके साथ ही उन्हें कर्तव्यों के प्रति भी जागरूक करके अच्छा वातावरण बनाया जाये। गणतंत्र दिवस पर विविध कार्यक्रम आयोजित किये जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय, मुख्य राजस्व अधिकारी इन्द्र भूषण वर्मा, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 अरविन्द कुमार श्रीवास्तव, समस्त उपजिलाधिकारी सहित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# झूठ बोलने और समाज में नफरत फैलाने वाली पार्टी है भाजपा



**बाराबंकी ।** भाजपा झूठ बोलने और समाज में नफरत फैलाने वाली पार्टी है। भाजपा से किसान नौजवान सभी दुखी है भाजपा ने रंग बदलने और नाम बदलने के अलावा कोई काम नहीं किया।

उक्त विचार शुक्रवार को जैदपुर विधायक गौरव कुमार रावत के आवास पर विधानसभा जैदपुर व हैदरगढ़ के दो दर्जन से अधिक बसपा व भाजपा व कांग्रेस के लोगों को सपा की सदस्यता दिलाने के बाद पूर्व कारागार मंत्री राकेश कुमार वर्मा ने व्यक्त किये।

श्री राकेश वर्मा ने आगे कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में उत्तर प्रदेश अपराध, भ्रष्टाचार, साम्प्रदायिकता, बेरोजगारी, खराब शिक्षा, चौपट स्वास्थ्य आदि में नम्बर एक पर है भाजपा प्रदेश को जाने किस दिशा में ले जा रही है भाजपा किसान विरोधी तीनों बिल वापस ले ले और किसानों की माँगे मान ले। समाजवादी कार्यकर्ताओं के पास खेती है, सब किसान आन्दोलन के साथ है सपा हमेशा से ही किसानों की लड़ाई लड़ती रही है और सपा सरकार में किसान हित में अनेको कार्य किए गए है।

जैदपुर विधायक गौरव कुमार रावत ने कहॉ कि युवा वर्ग बहुत तेजी के साथ सपा से जुड रहा है आने वाले 2022 के चुनाव में युवा वर्ग उत्तर प्रदेश मे विराजमान भाजपा की जुल्मी सरकार को जड से उखाड फेकने का काम करेगें और अखिलेश यादव के नेतृत्व वाली समाजवादी पार्टी की सरकार बनायेगें।

उक्त अवसर पर मुख्य रूप से इकबाल मेहन्दी फैजी, बृजेश वर्मा, पूर्व जिलापंचायत सदस्य विनोद रावत, मनोज वर्मा अम्सेरूवा, शिव कुमार वर्मा, प्रतिनिधि संजय रिजवान, अमित कुमार, शिव कुमार वर्मा, अंकित वर्मा बादल, अभिषेक यादव, मोहित यादव, क्षितिज वर्मा ज्ञानेष, आशीष कुमार, आलोक कुमार वर्मा, प्रदीप कुमार वर्मा, राजेश कुमार वर्मा, पृथ्वी लाल, हर्षित पटेल, सुशील पटेल, आशीष कुमार, राम धीरज, सत्य नारायन, विजय सिंह वर्मा, कुलदीप वर्मा, धनजंय, अरविन्द, संजय, देश राज वर्मा समेत आदि लोग उपस्थित थे।

## सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा का टोल प्लाजा कर्मियों ने दिया संदेश

**मसौली बाराबंकी।** यातायात नियमो के प्रति वाहन चालकों को जागरूक करने के लिए शुक्रवार को एनएच 28 सी पर स्थित शहाबपुर टोल प्लाजा पर सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा का संदेश देते हुए टोल कर्मियों ने दो पहिया एव चार पहिया वाहन चालकों को मास्क भेंट कर गांधीगीरी दिखाते हुए सुरक्षित यातायात नियमों की जानकारी दी।क्षेत्रीय टोल प्लाजा प्रबन्धक प्रवीण राठौर ने वाहन चालको से कहा कि निर्धारित गति सीमा पर ही वाहन चलायें साथ ही अपनी व अपने परिवार के लिए हेलमेट का प्रयोग करें उन्होंने चार पहिया में चलने वाले लोगो से सीट बेल्ट के प्रयोग की अपील की। श्री राठौर ने कहा कि जरा सी लापरवाही या असावधानी किसी की जान ले सकती है। इसलिए लोग अपने जीवन में रोमांच एवं अति उत्साह की जगह सतर्कता सावधानी बरतें। सड़क पर चलते समय सदैव सतर्क रहें। यातायात के नियमों के प्रति प्रतिबद्धता दिखाकर स्वयं भी सुरक्षित रहे और दूसरे के जीवन को भी सुरक्षित रखे।सहायक टोल प्रबन्धक राजप्रताप ठाकुर ने वाहन चालकों को मास्क देते हुए कहा कि छोटी सी असावधानी दुर्घटना का कारण बनती है और लोग असमय काल के गाल में समा जाते है।

# तिगैला सरकार को हराकर गंगा झिरिया ने सेमीफाइनल में बनाई जगह

**ललितपुर।** भारतीय जनता पार्टी मंडल बार द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की स्मृति में चल रहे बार प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट में गंगा झिरिया क्रिकेट क्लब ने तिगैला सरकार इलेवन को हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली।टूर्नामेंट में मुख्य अतिथि के रूप में बानपुर प्रधान प्रतिनिधि साहवेन्द्र सिंह एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पूराकलां मंडल अध्यक्ष मुलायम सिंह राजपूत उपस्थित रहे।शुक्रवार को गंगा झिरिया क्रिकेट क्लब एवं तिगैला सरकार इलेवन के मध्य खेले गए मैच में गंगा झिरिया क्रिकेट क्लब ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया।टॉस हारकर मैदान में उतरे तिगैला सरकार इलेवन की शुरुआत अच्छी नहीं रही।कप्तान विक्की राजा बिना खाता खोले आउट हो गए।बल्लेबाज सचिन जैन 15 गैंदों में 27 रन एवं रवि राजा ने 21 गेंदों में 30 रन बनाकर टीम को संभाला।लेकिन गेंदबाज नन्नी इलाहाबाद की घातक गेंदबाजी के कारण बल्लेबाज जल्दी आउट हो गए।नन्नी ने पांच ओवर में आठ रन देकर पांच विकेट अपने नाम किए।तिगैला सरकार इलेवन ने गंगा झिरिया को 103 रनों का लक्ष्य दिया।जबाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरे गंगा झिरिया क्रिकेट क्लब के बल्लेबाज नन्नी इलाहाबाद 9 गेंदों में 26 रनएआकाश 11गेंदों में 31 रन व एम डी एजाज 9 रन की बदौलत गंगा झिरिया क्रिकेट क्लब ने तिगैला सरकार इलेवन को 5 विकेट से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली।टूर्नामेंट के आयोजक हरपाल सिंह सिसोदिया एवं गुड्डे राजा ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया।अंपायरिंग बब्बू राजा बुंदेलाएभूपेंद्र राजा ने कमेंट्री राम लखन यादव व लाइव स्कोरिंग शुभम यादव ने की इस दौरान प्रमुख रुप से रणवीर राजा देवी सिंह बुंदेला हन्नू कुशवाहा केपी राजा लड़वारी वीर सिंह राजपूत अनिल लोधी का सहयोग रहा।

## गैस रिसाव से चपेट में आयी मासूम की मौत, मां की हालत नाजुक

**बाराबंकी।** अपने मायके आयी एक महिला व उसकी मासूम बेटी शुक्रवार को ठंड में घर के बाथरूम में नहाने गई के दौरान गीज़र की गैस लीक होने के बाद चपेट में आई 4 वर्षीय मासूम बच्ची की मौत हो गई और माँ का इलाज लखनऊ के निजी अस्पताल में चल रहा है। प्राप्त विवरण के अनुसार सफ्दरगंज थानाक्षेत्र प्रतापगंज में शुक्रवार को नहाने के लिये बाथरूम में गई गई मां बेटी अचानक से गीजर की गैस की चपेट में आ गई और हालत खराब होने लगी आनन.फानन दोनो को ही परिजन जिला अस्पताल आये यहां चपेट में आई मासूम आराध्या;4द्ध की दर्दनाक मौत हो गई और माँ वंदना पत्नी मोनू गुप्ता निवासी बेलहरा थानां मोहम्मद पुर खाला की हालत खराब होने पर परिजन लखनऊ के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया है वहीं मृत मासूम के शव को बिना पोस्टमार्टम कराये ही उसके परिजन चले गए।

# अन्तर्राज्यीय वाहन चोर गिरफ्तार

संवाददाता। ललितपुर

**पुलिस** अधीक्षक प्रमोद कुमार के आदेशानुसार अपर पुलिस अधीक्षक गिरजेश कुमार के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी सदर केशवनाथ के निकट पर्यवेक्षण में ललितपुर शहर मे चोरी गये वाहनो के अनावरण हेतु एस ओ जी टीम का लगाया गया जिस पर आज मुखबिर के सूचना पर वाहन चोरी में कोतवाली ललितपुर से पूर्व से वांछित अभियुक्त जितेन्द्र उर्फ डब्बा पुत्र नरसिंह कबूतरा निवासी मऊमाफी थाना कोतवाली ललितपुर को कैलगुवा चौराहे पर मोटर साइकिल एच एफ डीलक्स बिना नंबर की चलाते हुए पकडा गया पूछताछ करने पर यह बताया कि ये मोटर साइकिल मैने व मेरे साथी करन कुशवाहा पुत्र ताराचन्द्र कुशवाहा निवासी मुहल्ला चौकाबाग थाना कोतवाली ललितपुर व निहाल सिंह पुत्र सत्यपाल सिंह निवासी रावतयाना ढुरा बाजार थाना कोतवाली ललितपुर ने मिलकर एलआईसी ललितपुर के पीछे से चोरी की गयी थी। सख्ती से पूछताछ करने पर बताया कि इस मोटर साइकिल के अलावा हम तीनो ने पांच और मोटर साइकिल ललितपुर से एवं एक इन्दौर से चोरी की थी। पांच मोटर साइकिल मेरे गांव में मैने अपने घर के अन्दर छिपाकर रखी है अभियुक्त को लेकर उसके घर गये तो अभियुक्त के घर के अन्दर से पांच मोटर साइकिल बरामद हुई जिसमें बरामद मोटर साइकिल के सम्बन्ध में तीन मोटर साइकिल के चोरी के मुकदमे थाना कोतवाली ललितपुर मे पंजीकृत है।

## खोये हुये मोबाइल पाकर खिले लोगों के चेहरे

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार के निर्देशन में सर्विलांस टीम द्वारा नागरिकों के खोये हुये विभिन्न कम्पनियों के कीमती बत्तीस मोबाइलों को सकुशल बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा बरामद किये गये मोबाइल फोन सम्बन्धित धारकों को वितरित किये गये। अपने खोये हुए मोबाइल फोन को पाकर लोगों के चेहरे खिल गए उन लोगों द्वारा पुलिस के कार्य की सराहना की गयी।

# 24 से 26 जनवरी तक मनाया जायेगा उत्तर प्रदेश दिवस

**अमेठी।** जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में 24 से 26 जनवरी तक उत्तर प्रदेश दिवस मनाये जाने के संबंध में बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि इस आयोजन के माध्यम से आधुनिक उत्तर प्रदेश की संस्कृति के साथ आर्थिक विकास को केन्द्र में रखकर शासन की विभिन्न योजनाओं का आमजन तक लाभ पहुचाने के उद्देश्य से विभिन्न सेमिनारध्प्रदर्शनीध्गोष्ठियां आदि आयोजित किये जायेगें। इस वर्ष उत्तर प्रदेश दिवस का आयोजन ष्आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेशए महिला.युवा.किसानए सबका विकास सबका सम्मानष् की विषयवस्तु पर किया जायेगा। ष्उत्तर प्रदेश गौरव सम्मानष् सहित सभी क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य किये जाने वाले महानुभावों को पुरस्कृतध्सम्मानित किया जायेगा। आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के लिए जनपद में सभी विभागों द्वारा जो कार्ययोजनाएं बनायी गयी है उन सभी को आमजन के समक्ष प्रस्तुत करते हुए लाभ प्रदान किया जाना है। उन्होंने बताया कि कलाकारध् शिल्पकारध्किसानध्मजदूरध्महिलाएंध्युवा आदि सभी क्षेत्रों के उत्कृष्ट कार्य करने वाले महानुभावों को प्रतिनिधित्व प्रदान किया जाना है। जनपद में उत्तर प्रदेश का स्थापना दिवस समारोहपूर्वक आयोजित किया जायेगा।